
दैनिक सच्चाई की जंग
# लोकमित्र
वर्ष : 31 | अंक :84
प्रतापगढ़ | शनिवार , 25 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये
प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94
संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी बैठक में हंगामा

## ● विपक्ष के 10 सदस्य एक दिन के लिए निलंबित

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** वक्फ संशोधन विधेयक पर शुक्रवार को हुई संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक में एक बार फिर हंगामा हुआ। हंगामा के चलते विपक्ष के 10 सदस्यों को समिति की कार्यवाही से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। विपक्ष के सदस्यों ने समिति पर उनका पक्ष न सुनने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा ने विपक्ष के इनसांसदों के व्यवहार को संसदीय परंपराओं के खिलाफ बताया।दरअसल, वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में आज और कल प्रस्तावित संशोधनों पर खंड-दर-खंड चर्चा होनी थी। इसके बाद संसद के बजट सत्र के दौरान अंतिम रिपोर्ट पेश होने की उम्मीद है। इसी बीच आज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक समिति से प्रतिनिधिमंडल के साथ मिले।जेपीसी की बैठक में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य में जमकर कहासुनी हुई। समिति की कार्यवाही को हंगामे के चलते दो बार जबरन स्थगित करना पड़ा।विपक्ष के सांसदों के हंगामा और नारेबाजी करने पर विपक्ष के 10 सदस्यों को आज की शेषकार्यवाही के लिए निलंबित कर दिया गया। समिति की कार्यवाही से निलंबित सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक और इमरान मसूद शामिल हैं।विपक्षी सदस्यों का आरोप है कि उन्हें वक्फ में संशोधन से जुड़े सुझावों पर अपनी बात रखने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला है। उन्होंने इसके लिए विशेष रूप से सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के सांसदों पर निशाना साधा। बैठक के दौरान कांग्रेस नेता नासिर हुसैन और बनर्जी समिति की बैठक से बाहर आए और समिति के बारे में पत्रकारों से शिकायती लहजे में बात की।

पत्रकार वार्ता के दौरान तृणमूल नेता कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल विपक्षी सदस्यों के पक्ष को नहीं सुन रहे हैं और बैठक अघोषित आपातकाल की तरह चलाई जा रही है। अध्यक्ष बैठक को किसी की सुने बिना ही आगे बढ़ा रहे हैं।बैठक में विपक्ष के हंगामा पर समिति के सदस्य व भारतीय जनता पार्टी नेता निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि विपक्ष के इन सांसदों का व्यवहार संसदीय परंपराओं के खिलाफ है। असल में वे बहुमत के पक्ष को दबाना चाहते हैं।

# भंडारा के आयुध कारखाने में विस्फोट होने से 8 लोगों की मौत, 10 घायल



**मुंबई, (हि.स.)।** भंडारा जिले के जवाहर नगर इलाके में स्थित आयुध कारखाने में शुक्रवार को सुबह अचानक विस्फोट हो जाने से 8 लोगों की मौत हो गई है। इस घटना में करीब 10 लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें भंडारा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य कर रही है।पुलिस के अनुसार जवाहर नगर में स्थित आयुध कारखाने के आरके खंड में आज करीब बीस से अधिक लोग काम कर रहे थे। सुबह करीब 11 बजे इस खंड में जोरदार विस्फोट हुआ, जिसके बाद कारखाने छत ढह गई है। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी के सहयोग से छत का मलबा हटाने का कार्य शुरू किया है। भंडारा जिला कलेक्टर संजय कोल्टे के अनुसार कुल बारह लोग घटनास्थल पर फंसे हुए थे, जिनमें से दो को अब तक बचा लिया गया है। मौके पर बचाव कार्य जारी है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र के भंडारा में आयुध कारखाने में हुए विस्फोट के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर बचाव दल तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।भंडारा में आयुध फैक्ट्री में विस्फोट पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, ÷भंडारा में आयुध फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 7 लोग घायल हैं। उन्होंने भंडारा में आयुध फैक्ट्री में हुए विस्फोट में जान गंवाने वालों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, ÷भंडारा जिले में आयुध फैक्ट्री में हुए विस्फोट में छत गिरने से 13 से 14 मजदूरों के फंसे होने की खबर है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर हैं और हर तरह की मदद की जा रही है। बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी।

# संभल में बिना नोटिस बुलडोजर एक्शन को लेकर अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के संभल में बिना नोटिस के बुलडोजर एक्शन पर दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई टाल दिया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता के वकील की अनुपलब्धता की वजह से सुनवाई एक हफ्ते के लिए टालने का आदेश दिया।याचिका संभल के मोहम्मद घयूर ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि 10 एवं 11 जनवरी के बीच संभल के बेहजोल रोड स्थित तिवारी सराय की उसकी संपत्ति को बिना कोई नोटिस दिए ही ढाह दिया गया। ऐसा करना सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। 13 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा था कि अगर कानून की प्रक्रिया का पालन किए बिना किसी आरोपी या दोषी के घर को ध्वस्त कर दिया जाता है तो उसका परिवार मुआवजे का हकदार होगा और साथ ही मनमाने ढंग से या अवैध तरीके से काम करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कार्यपालिका न्यायाधीश बनकर किसी आरोपी की संपत्ति को ध्वस्त करने का निर्णय नहीं ले सकती। न्याय करने का काम न्यायपालिका का है। कार्यपालिका न्यायपालिका की जगह नहीं ले सकती है। कोर्ट ने कहा था कि किसी का घर उसकी उम्मीदें हैं। हर किसी का सपना होता है कि उसका आश्रय कभी न छीने और हर एक का सपना होता है कि उसके पास आश्रय हो।

## सुप्रीम कोर्ट ने टीडीएस से संबंधित याचिका खारिज की

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने आज अहम फैसला लेते हुए टैक्स वसूली के सिस्टम टीडीएस के प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करने की इजाजत दे दी है।सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा कि कई मामलों मे टीडीएस के प्रावधान को अदालतों ने सही माना है। यह याचिका भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की थी। याचिका में मौजूदा टैक्स वसूली के टीडीएस सिस्टम को मनमाना, अतार्किक और मौलिक अधिकारों का हनन करने वाला बताया गया था। याचिका में टीडीएस सिस्टम को निरस्त करने की मांग की गई थी।

## अमूल ने दूध की कीमत एक रुपये प्रति लीटर घटाई, नई दरें लागू



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अमूल कंपनी ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए दूध की कीमतों में एक रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इसके साथ ही देशभर में अमूल का दूध एक रुपये सस्ता हो गया है। नई दरें शुक्रवार से प्रभावी हो गई है।गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ के प्रबंध निदेशक (एमडी) जयेन मेहता ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अमूल गोल्ड, अमूल ताजा और अमूल टी स्पेशल एक लीटर पैक दूध की कीमत 1 रुपये घटा दी गई है। इस कटौती के बाद अब अमूल गोल्ड का एक लीटर पैक 66 रुपये में उपलब्ध होगा, जबकि आधे लीटर का पैक 33 रुपये का होगा। अमूल ताजा दूध अब 54 रुपये प्रति लीटर मिलेगा, जबकि आधे लीटर का पैक 27 रुपये में मिलेगा।

# सेना की तीसरी आंख बनेगी संजय युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली

▶▶ राजनाथ ने दिखाई हरी झंडी
▶▶ जमीनी और हवाई युद्ध क्षेत्र में खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा सिस्टम



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली %संजय% भारतीय सेना के लिए तीसरी आंख का काम करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को साउथ ब्लॉक से हरी झंडी दिखाई, जिससे इसके सेना में शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है। अत्याधुनिक सेंसर और अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस यह सिस्टम भूमि सीमाओं की निगरानी करेगा, घुसपैठ को रोकेगा, अद्वितीय सटीकता के साथ स्थितियों का आकलन करके खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा।स्वचालित युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली %संजय% को भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह स्वचालित प्रणाली सभी जमीनी और हवाई युद्ध क्षेत्र की जानकारी सेंसर से एकीकृत करती है।

उनकी सत्यता की पुष्टि कर दोहराव रोकने के साथ ही उन्हें सुरक्षित सेना डेटा नेटवर्क और सैटेलाइट संचार नेटवर्क पर युद्धक्षेत्र की निगरानी परिदृश्य बनाने के लिए संबद्ध करती है। इससे युद्धक्षेत्र की पारदर्शिता बढ़ेगी और केंद्रीकृत वेब एप्लिकेशन के माध्यम से भविष्य के युद्धक्षेत्र में बदलाव होगा, जो कमांड, सेना मुख्यालय और भारतीय सेना को निर्णय लेने में मदद करेगा।रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह प्रणाली अत्याधुनिक सेंसर और अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस है। यह सिस्टम भूमि सीमाओं की निगरानी करेगा, घुसपैठ को रोकेगा, अद्वितीय सटीकता के साथ स्थितियों का आकलन करने के साथ ही खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा। यह सिस्टम कमांडरों को नेटवर्क केंद्रित वातावरण में पारंपरिक और उप-पारंपरिक दोनों तरह के ऑपरेशन में काम करने में सक्षम बनाएगा। इसका शामिल होना भारतीय सेना में डेटा और नेटवर्क केंद्रितता की दिशा में एक बड़ी छलांग होगी।

मंत्रालय के अनुसार मार्च से अक्टूबर तक तीन चरणों में इन प्रणालियों को भारतीय सेना के सभी परिचालन ब्रिगेड, डिवीजनों और कोर में शामिल किया जाएगा, जिसे रक्षा मंत्रालय में %सुधारों का वर्ष% घोषित किया गया है। 2,402 करोड़ रुपये की लागत से इस प्रणाली को खरीदें (भारतीय) श्रेणी के तहत विकसित किया गया है। इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, बीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन तथा रक्षा मंत्रालय और बीईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# धार्मिक स्थल प्रार्थना के लिए है, लाउडस्पीकर का उपयोग अधिकार नहीं - हाईकोर्ट



**प्रयागराज, (हि.स.)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि धार्मिक स्थल मुख्यतः ईश्वर की प्रार्थना के लिए होते हैं। इसलिए लाउडस्पीकरों के प्रयोग को अधिकार नहीं कहा जा सकता, विशेषकर तब जब ऐसा प्रयोग अक्सर निवासियों के लिए परेशानी का कारण बनता हो।न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति दोनादी रमेश की पीठ ने पीलीभीत के मुख्तियार अहमद द्वारा दायर रिट याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में राज्य के प्राधिकारियों को एक मस्जिद पर लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की गई थी।सरकारी वकील ने इस आधार पर याचिका का विरोध किया कि याची न तो मुतवल्ली है और न ही उसकी मस्जिद है। राज्य की आपत्ति में तथ्य पाते हुए न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता के पास याचिका दायर करने का अधिकार नहीं है।न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि चूंकि धार्मिक स्थल ईश्वर की पूजा-अर्चना के लिए होते हैं। इसलिए लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को अधिकार नहीं माना जा सकता। इसलिए याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि मई 2022 में हाई कोर्ट ने कहा था कि अब कानून में यह प्रावधान हो गया है कि मस्जिदों से लाउडस्पीकर बजाना मौलिक अधिकार नहीं है।

# मोइन खान को सिर पर बैठाने और आंखों में बसाने वाले लोग बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं - योगी आदित्यनाथ

● योगी का मिल्कीपुर विधानसभा की चुनाव सभा में विपक्ष पर कड़ा हमला



**अयोध्या,(हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रामनगरी अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए हैरिंग्टनगंज के पलिया चौराहे एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोइन खान के भक्तों को चुनाव नहीं जीतने देना है। मोइन खान को सिर पर बैठाने और आंखों में बसाने वाले ये लोग बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं।मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या धाम का एक ही संदेश है। एकता से ही अखंड रहेगा ये देश। महाकुम्भ का भी एक ही संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा ये देश। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने प्रयागराज महाकुम्भ में स्नान करके पुण्य लाभ लिया। वहां पर देश-दुनिया से लगातार श्रद्धालुओं केआने का क्रम जारी है। इन 10 दिन में महाकुम्भ में 10 करोड़ लोगों ने स्नान किया है। कई देशों की आबादी ही 10 करोड़ नही है। अगले 35 दिन में 45 करोड़ लोग, श्रद्धालु और भक्त वहां पहुचेंगे और पुण्य लाभ लेंगे। दुनिया के 200 देशों की आबादी 45 करोड़ नही है। हम उत्तर प्रदेश वासी भारतवासी सौभाग्यशाली हैं। उन्होंने कहा कि वेदों में लिखा है कि भारत में जन्म लेना दुर्लभ है। हर जाति हर, वर्ग का व्यक्ति महाकुम्भ में पुण्य लाभ ले रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बांटने की राजनीति ने आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। परिवारवाद की राजनीति करके इन्होंने सिर्फ अपने परिवार के लिए सोचा, जनता जनार्दन की सुध नहीं ली। इसी जनपद में पहले आम्बेडकर नगर होता था। वहां जन्मे थे डॉक्टर लोहिया। उन्होंने कहा था सम्पत्ति संतति के चक्कर में जो पड़े, वो समाजवादी नही है।आज के समाजवादी तो सम्पत्ति के ही चक्कर में पड़े हैं जो खाली प्लाट है वो हमारा है। वहां ये कब्जे करके झंडे लगा लेते रहे हैं।

इनका झंडा अपराधी माफिया को बचाने के लिए था। इनकी सहानुभूति किसी गरीब के लिए नहीं होती।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष रोज महाकुम्भ का दुष्प्रचार कर रहे हैं। ये दुष्प्रचार भारत की आस्था पर चोट है। 22 जनवरी 2024 को जब रामलला विराजमान हुए तब भी समाजवादी पार्टी ने उसका विरोध किया था। इस समाजवादी पार्टी के हाथ निर्दोष कारसेवकों के खून सने हुए हैं।

# पापा विधायक हैं, लाइसेंस की जरूरत नहीं

▶▶ अमानतुल्लाह खान के बेटे ने पुलिस को दिखाई धौंस; बुलेट जब्त




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस ने गश्त के दौरान बुलेट के मॉडिफाई साइलेंसर से तेज आवाज निकाल रहे दो युवकों को पकड़ा है। इनमें एक युवक आप विधायक अमानतुल्ला खान का बेटा है। पुलिस के अनुसार, दो लड़के मोटरसाइकिल पर नजर आए, जो गलत साइड से आ रहे थे और बुलेट के मॉडिफाई साइलेंसर से तेज आवाज कर रहे थे। इतना ही नहीं वे बाइक को टेढ़े-मेढ़े तरीके से चला रहे थे।इस दौरान पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और एक लड़के ने बताया कि वह आप (क्क) विधायक अमानतुल्ला खान का बेटा है। उन्होंने पुलिस पर यह आरोप लगाते हुए दुर्व्यवहार किया कि वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वह आप विधायक का बेटा है।इसके बाद पुलिस ने उनसे ड्राइविंग लाइसेंस और आईडी मांगी तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी जरूरत नहीं है। उनमें से एक लड़के ने अमानतुल्लाह खान को फोन किया और उनकी बात एसएचओ (सा्ह्र) से कराई। बाद में लड़के अपना नाम-पता बताए बगैर चले गए।दिल्ली पुलिस के एएसआई के अनुसार, उनकी बुलेट थाने ले आए। मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया है। उनकी बाइक को कानून के तहत जब्त कर लिया गया है।

▶▶ ▶▶ आप का बड़ा आरोप


# रची जा रही केजरीवाल की हत्या की साजिश

● चुनाव आयोग से की शिकायत



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल पर कई हमलों का आरोप लगाते हुए भारत चुनाव आयोग से शिकायत की है। सीएम आतिशी ने कहा कि इस साजिश के पीछे दो खिलाड़ी हैं- एक हैं बीजेपी के कार्यकर्ता जो दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हैं और उन पर पथराव करते हैं, दूसरा खिलाड़ी दिल्ली पुलिस है जो बीजेपी और अमित शाह के अधीन आती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी और दिल्ली पुलिस की मिलीभगत से अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश रची जा रही है। दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग के निर्देशों के बाद उनकी सुरक्षा में तैनात पंजाब पुलिस के जवानों को वापस लेने पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह शुद्ध राजनीति है। यह खेदजनक है कि व्यक्तिगत सुरक्षा का राजनीतिकरण किया जा रहा है। कम से कम सुरक्षा और संरक्षा पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।% पंजाब पुलिस प्रमुख ने गुरुवार को घोषणा की कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में तैनात पंजाब पुलिस कर्मियों को वापस ले लिया गया है। यह फैसला उन खबरों के बाद लिया गया है कि दिल्ली पुलिस ने इस मामले को लेकर चुनाव आयोग से संपर्क किया था। केजरीवाल की सुरक्षा का जिम्मा अब दिल्ली पुलिस संभालेगी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने पटियाला में संवाददाताओं को बताया कि समय-समय पर हमें मुख्यमंत्री भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल को धमकियों की खबरें मिलती रहती हैं और हम उन्हें संबंधित एजेंसियों के साथ साझा करते हैं।

## जितेंद्र पाल सिंह होंगे इज़राइल में भारत के राजदूत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय विदेश सेवा के 2002 बैच के अधिकारी जितेंद्र पाल सिंह को इज़राइल में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे कार्यभार ग्रहण करेंगे।उल्लेखनीय है कि जेपी सिंह मंत्रालय में महत्वपूर्ण पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान डेस्क को संभालते थे।

# भारत अवैध प्रवासन के पूरी तरह खिलाफः विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत का कहना है कि देश अवैध प्रवासन के पूरी तरह से खिलाफ है। इसका एक कारण यह भी है कि इससे कई तरह के संगठित अपराध जुड़े हुए हैं।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत अवैध प्रवासन की पूरी तरह से खिलाफ है। भारतीय दुनिया में कहीं भी अगर समयावधि से अधिक रह रहे हैं या उनके पास पूरे दस्तावेज नहीं है तो भारत उन्हें वापस लेने के लिए तैयार है। शर्त है कि उनके भारतीय नागरिक होने से जुड़े दस्तावेज हमें मुहैया कराए जाएं।उल्लेखनीय है कि हाल ही में ट्रम्प प्रशासन के आने के बाद अमेरिका में अवैध प्रवासन को लेकर सख्ती की जारही है। इसके अलावा दिल्ली चुनाव के दौरान भी बांग्लादेश से भारत में हो रहे अवैध प्रवासन से जुड़ा मुद्दा राजनीतिक रंग लिए हुए है। बांग्लादेश की सीमा से लगते हिस्सों में बॉर्डर फेंसिंग किए जाने के प्रश्न के उत्तर में जायसवाल ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच में कई समझौते हुए हैं। सीमा क्षेत्र में फेंसिंग करने का भारत का उद्देश्य सीमा पार से चल रही अवैध गतिविधियों को रोकना है। भारत उम्मीद करता है कि बांग्लादेश सीमा को अपराध मुक्त करने में भारत के साथ वह सकारात्मक तौर पर सहयोग करेगा।

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच बढ़ती निकटता के प्रश्न पर जायसवाल ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि तीसरे देश के साथ किसी देश के संबंध से भारत का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत पड़ोसी होने के नाते बांग्लादेश से एक मित्रतापूर्ण संबंध चाहता है।वहीं पाकिस्तान से जुड़े प्रश्न का उत्तर देते हुए जायसवाल ने कहा कि दुनिया जानती है कि आतंकवाद को दुनियाभर में प्रमोट कौन कर रहा है।

## अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे दूसरे देशों के नागरिकों की धरपकड़ तेज, 538 गिरफ्तार

**वाशिंगटन, (हि.स.)।** संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे दूसरे देशों के नागरिकों की धरपकड़ तेज हो गई है। कुछ दिन पहले देश की दूसरी बार बागडोर संभालने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कह चुके हैं कि देश में एक भी व्यक्ति को अवैध रूप से रहने नहीं दिया जाएगा। राष्ट्रपति की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि आज 538 अवैध आप्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक्स पर लिखा है, आज ट्रंप प्रशासन ने एक संदिग्ध आतंकवादी ट्रेन डी अरागुआ गिरोह के चार सदस्यों और नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के दोषी कई लोगों सहित 538 अवैध आप्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

# भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर भव्य समारोह आयोजित







**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर मुख्यालय स्थित बीजेपी कार्यालय के सामने में शुक्रवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में सेन, शर्मा, सविता समाज के लोग एकत्रित हुए। और इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के योगदान और उनके संघर्ष को याद किया। समारोह की शुरुआत कर्पूरी ठाकुर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने उनके जीवन, कार्यों और समाज के प्रति उनके योगदान पर गहरी चर्चा की। भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर, जिन्होंने सामाजिक न्याय और गरीबों के अधिकार के लिए निरंतर संघर्ष किया, एवं श्रद्धांजलि देने के लिए विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक सुधारों और उनकी नीतियों की सराहना की। उनके योगदान के कारण ही बिहार राज्य के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव आए थे, इस बात को सभी ने माना। समारोह में मुख्य रूप से सतीश सेन, रवि सेन, दिलीप सेन, डॉ. वीरेंद्र सेन, महेंद्र सेन पत्रकार, नितेश सेन, राहुल सेन, दीपक सेन, सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कर्पूरी ठाकुर जी की समाज सेवा की भावना और उनके द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा की। समारोह के दौरान आयोजकों ने कर्पूरी ठाकुर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और उनके विचारों को जीवित रखने कासंकल्प लिया। समारोह के अंत में एक अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मंझनपुर स्थित वृद्धाश्रम में फल और मिष्ठान वितरित किए गए। यह आयोजन कर्पूरी ठाकुर के समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग के प्रति प्रेम और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को फल और मिष्ठान देने से उनका हौसला बढ़ा और आयोजकों द्वारा इस नेक कार्य को बहुत सराहा गया। समारोह का समापन कर्पूरी ठाकुर के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लेकर हुआ। आयोजकों ने इस अवसर पर अपने सभी शुभचिंतकों और समाज के अन्य लोगों से अपील की कि वे कर्पूरी ठाकुर के विचारों का पालन करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करें।

भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर आयोजित यह भव्य समारोह न केवल उनकी याद दिलाने के लिए था, बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास भी था, जिससे समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दिया जा सके। उधर सपा कार्यालय में भी आयोजित कार्यक्रम हुआ।

कौशाम्बी मंझनपुर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में भारत रत्न बिहार के मुख्यमंत्री रहे जननायक समाजवादी चिंतक कपूरी ठाकुर की जयंती पार्टी कार्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव की अध्यक्षता में मनाई गई जिसमें उनके जीवनी पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सराय अकिल कस्बे से होकर कुंभ स्नान के लिए भोपाल मध्य प्रदेश से निकले श्रद्धालु



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सरायअकिल, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में भोपाल मध्य प्रदेश के श्रद्धालु पहुंचे, जो एक श्रद्धालु की तबीयत खराब होने से निजी अस्पताल में दिखाया गया, जो दवा लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हुए बता दे, भोपाल मध्य प्रदेश से दर्जनों की तादाद में महाकुंभ स्नान करने के लिए दर्जनों से ज्यादा श्रद्धालु पैदल पदयात्रा करके आज शुक्रवार को सराय अकिल पहुंचे, जो एक श्रद्धालु की तबीयत खराब होने पर करन चौराहा स्थित निजी अस्पताल में दिखाया गया तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने दवा लेकर पैदल पदयात्रा प्रयागराज के लिए निकले, श्रद्धालुओं ने बताया, कि पिछले कई दिनों से हम लोग पैदल भोपाल मध्य प्रदेश से महाकुंभ प्रयागराज के लिए निकले हैं जो आज 28 दिन में सराय अकिल कस्बे मे पहुंचे, साथ ही साथ श्रद्धालुओं ने बताया कि हम लोगों के साथ एक पालतू बेजुबान जानवर उनके साथ निकाला, जो आज शुक्रवार को प्रयागराज के लिए रवाना हुए

# कौशाम्बी थाना क्षेत्र के बिदांव में युवती का शव कुएं में उतराता मिला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**विजिया चौराहा, कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के बिदांव गांव के पश्चिम कुएं में युवती का उतराता शव मिला कौशाम्बी पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्वाती देवी पुत्री केशव प्रजापति निवासी विदांव उम्र लगभग 19 वर्ष की बिदांव गांव के पश्चिम कुम्हारन के कुएं में एक उतारती शव ग्रामीणों ने देखा ग्रामीणों से पुलिस को सूचना मिली तो कौशाम्बी थाना प्रभारी उर्मिला सिंह ने स्थानीय लोगों से शव की शिनाख्त करवाई जिसमें ग्रामीणों ने गांव के युवती को बताया थाना प्रभारी ने बताया कि युवती 16जनवरी को घर से गायब हुई दो दिन परिजनों ने खोजबीन किया परन्तु पता नहीं चला 18 जनवरी को पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई ग्रामीणों ने शुक्रवार को खेत की तरफ गए ग्रामीणों ने कुएं में शव उतराने की जानकारी दिया।वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद कि जांच कर कारवाही की जाएगी।

# जमीनी विवाद में भाई ने पत्नी संग मिलकर भाई के साथ की मारपीट

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नरसिंह पुर कछुआ गांव में जमीनी विवाद को भाई ने अपनी पत्नी संग मिलकर भाई के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया, पीड़ित भाई ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहपुर कछुआ के रहने वाले राजकुमार पुत्र शीतल प्रसाद ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि जमीनी विवाद को लेकर उसका भाई गाली गलौच करने लगा जिसका विरोध करने पर भाई अपनी पत्नी के संग मिलकर उसके साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

# कोखराज में दो बाइक सवारों के बीच आमने-सामने टक्कर, दो गंभीर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज में बड़ोदा यु पी बैंक के सामने दो बाइक सवारों के बीच आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गयी है। इस दुर्घटना में दोनों बाइक सवारों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना में शामिल दोनों बाइक सवारों की पहचान विक्की दिवाकर पुत्र सुरेश दिवाकर (25) और आर्यन (20) के रूप में हुई है। विक्की दिवाकर अपनी पत्नी को बैठा कर चाकवान से घर वापस आ रहा था, जबकि आर्यन लचीपुर निवासी था और कोखराज चौराहे से चाकवान की तरफ जा रहा था। पुलिस की मदद से दोनों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

# परिषदीय स्कूलों में द्वितीय सत्र परीक्षाएं आज से

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में संचालित परिषदीय विद्यालयों में शनिवार से द्वितीय सत्र परीक्षा प्रारंभ होगी। यह परीक्षा 30 तारीख को समाप्त होगी। इस परीक्षा में बीते दिसंबर 2024 तक पूर्ण कराए गए पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं। जबकि ध्यान देने योग्य बात यह है कि शीतावकाश के पहले बच्चों ने अर्धवार्षिक परीक्षा पहले ही दी हुई है। जिले के 1089 विद्यालयों में अध्ययनरत एक लाख साठ हजार से अधिक बच्चे परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा की तैयारी को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने तैयारी पूर्ण कर ली है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने सत्र परीक्षा आयोजित कराने के संदर्भ में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है। सर्दियों की छुट्टियां समाप्त होने के बाद परिषदीय विद्यालय खुलने पर हो रही बच्चों की यह सत्र परीक्षा उनके अवकाश में पढ़ाई के स्तर के मूल्यांकन का आधार बनेगी । विद्यालय स्तर पर तैयार संबंधित प्रश्नपत्रों से प्रधानाध्यापक या प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ यह भी निर्देश दिए गए हैं कि दिसंबर तक पढ़ाए गए पाठ्यक्रम के आधार पर दूसरी सत्रीय परीक्षाओं का आयोजन किया जाए। परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली की परीक्षा प्रातः साढ़े नौ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक व दूसरी पाली की परीक्षा साढ़े बारह बजे से ढाई बजे तक आयोजित कराई जाएगी। परीक्षाएं 10 नंबर की होंगी एवं परीक्षा पश्चात अभिभावकों को बुलाकर छात्रों की प्रगति की चर्चा की जायेगी।

## क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन कल

**कौशाम्बी।** खेल विभाग द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशांबी में 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पुरुष एवं महिला वर्ग की क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशांबी में किया जा रहा है प्रतियोगिता में दोनों वर्ग में 6 विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा यह प्रतियोगिता सुबह 7:00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशांबी में आयोजित होगी प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन जिला खेल कार्यालय में निशुल्क करा सकते हैं।

# नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार फौजी ने सभासदो के साथ बाटे कम्बल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री व नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ व जिलाधिकारी, कौशाम्बी के आदेश के क्रम में तथा नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी) के अथक प्रयास से निकाय के 25 वार्डो में शीत लहर एवं ठंड से बचाव हेतु निराश्रित एवं असहाय, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग महिला/पुरूष नागरिकों को ऊनी कम्बल वितरण करने हेतु वार्डवार/मोहल्लो में कैम्प/चौपाल लगाकर पात्र लाभार्थियों को चयनित कराते हुए मा0 अध्यक्ष महोदय के आदेश के क्रम में वार्ड नम्बर-25, संत रविदास नगर (कोड़र, ओसा पश्चिम (आंशिक), अहिरन का पुरा, नेम का पुरा, डूडी बाग) एवं पूर्व में वितरण किये गये वार्ड नम्बर-16, चन्द्र गुप्त मौर्य नगर (भेलखा) व वार्ड नम्बर-21, सावित्री बाई फुले नगर (चक बाजापुर) के अवशेष बचे हुए पात्र लाभार्थियों एवं नागरिकगणों को अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी), प्रतिभा सिंह (अधिशासी अधिकारी), ओमकार पटेल (अवर अभियन्ता), संजय कुमार गुप्ता (लिपिक), विजय तिवारी अध्यक्ष प्रतिनिधि, अशुल केसरवानी, सलमान हैदर, रामयश लोधी, खुशनसीब अहमद, निरंजन चौधरी, शमीम अहमद, मान सिंह, दुर्गा प्रसाद, हरिशचन्द्र पाल सभासदगण तथा निकाय के दीपक पाण्डेय, प्रकाश कुमार, मयंक केशरवानी, फूल सिंह (रज्जन) व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

इस शीत लहर में निराश्रित एवं असहाय नागरिकगण को आज कुल 975 ऊनी कम्बल जैसे ही प्राप्त हुआ उनके चेहरे पर मुस्कान/खुशी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा एवं नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी) जय जय कार का गुणगान सभी लाभान्वित नागरिकगणों के द्वारा किया गया है।

# किसी को भी उसकी इच्छा के खिलाफ काम करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता- पूर्णिमा प्रांजल

## ▶▶ शोषण के विरुद्ध अधिकारों व डीएलएसए द्वारा प्रदत्त सेवाएं विषय पर साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्त्वावधान में डी. एन. इंटर कॉलेज चपरी आम, ओसा मंझनपुर कौशाम्बी में शोषण के विरुद्ध अधिकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त सेवाएं विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपर जिला जज सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राष्ट्रीय पूर्णिमा प्रांजल ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा राष्ट्रीय बालिका दिवस लड़कियों के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण दिन है। यह हमें याद दिलाता है कि समाज में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और लड़कियों को समान अवसर देने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए। इस दिवस की शुरुआत भारत सरकार ने 2008 में की। इसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया। बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य लड़कियों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 24 जनवरी 1966 को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है। साल 2024 बालिका दिवस की थीम भविष्य के लिए लड़कियों का दृष्टिकोण था। वहीं राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है, 'सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तीकरण' है। मुख्य अतिथि ने शोषण के विरुद्ध अधिकारों के बारे में बताते हुए कहा कि शोषण के विरुद्ध अधिकारों के बारे में जानने से पहले शोषण क्या है यह जानना जरूरी है। शोषण शब्द का अर्थ किसी चीज का गलत या अनुचित तरीके से उपयोग करना, किसी व्यक्ति के श्रम का लाभ उठाने के लिए उसके साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार करने के कार्य आदि है। शोषण के विरुद्ध अधिकार, भारत के संविधान में निहित एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार, लोगों को शोषण से बचाता है और उन्हें जबरन काम करने, करवाने से रोकता है। इस अधिकार का उद्देश्य लोगों की गरिमा और स्वतंत्रता को सुरक्षित बनाए रखना है।



शोषण के विरुद्ध अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 और 24 में दिया गया है। इस अधिकार का उद्देश्य, लोगों को गुलामी, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी आदि जैसी प्रथाओं से बचाना है। इस अधिकार के तहत, किसी भी व्यक्ति को उसकी इच्छा के खिलाफ काम करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। यह अधिकार, मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराधों से भी निपटता है। शोषण के खिलाफ बालकों के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार अधिवेशन, किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम और राष्ट्रीय बाल नीति आदि के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक बच्चे को बालक माना गया है। बच्चों को मारना, चिढ़ाना, मजाक करना, मजदूरी करवाना, उनके साथ छल करना, उनकी बात अनसुनी करना, अश्लील चित्र या किताब दिखाना, भद्दे इशारे करना, गाली-गलौच करना, डराना-धमकाना, तंग करना व बलात्कार आदि जैसे कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं। बाल अधिकारों के हनन को रोकने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 और 24 में शोषण के खिलाफ अधिकारों का प्रावधान है। अनुच्छेद 45 में बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान है। बाल मजदूरी (निषेध एवं नियमन) अधिनियम, 1986 के मुताबिक, 14 साल से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने या खदान में काम नहीं लगाया जा सकता। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के तहत, बालक के लिए मित्रतापूर्ण वातावरण बनाए रखने का प्रावधान है। अगर आपको शोषण का सामना करना पड़े तो आप स्थानीय पुलिस स्टेशन या राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व तहसीलों में बने विधिक सहायता केन्द्रों में (कार्यरत पीएलवी से) शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बेगार, बाल श्रम, मानव तस्करी, बंधुआ मजदूरी, खराब कामकाजी परिस्थितियां, कम वेतन आदि शोषण के कुछ उदाहरण हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित को क्षतिपूर्ति योजना, आपदाग्रस्त लोगों की मदद आदि से संबंधित प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शिल्पी सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शशि त्रिपाठी, पीएलवी अनन्त प्रताप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र मौजूद रहें।

# शिक्षा से ही खत्म होगी बाल विवाह की बुराई- शंकर दयाल






**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** शिक्षा से ही खत्म होगी बाल विवाह की बुराई राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शंकर दयाल सचिव जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने कहा कि सरकार ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत 14 साल की उम्र तक बच्चों के लिए शिक्षा को मुफ्त कर रखा है पर इसके बाद गरीब परिवारों की बेटियां आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहीं हैं क्योंकि उनका बाल विवाह कर दिया जाता है। बाल विवाह की सामाजिक बुराई लंबे समय से हमारे समाज का हिस्सा रही है आजादी से पहले और उसके बाद भी इसके खात्मे के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं लेकिन यह बुराई आज भी हमारे समाज में बदस्तूर जारी है इसके समूचे उन्मूलन के लिए जस्ट राइट बार चिल्ड्रेन अलायन्स जो कि 250 गैर सरकारी संस्थाओं का संगठन है और जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति चित्रकूट जिले में इसका प्रतिनिधित्व करती है का मानना है की बच्चों को और खासकर लड़कियों को शिक्षित किया जाए और उनका कौशल विकास किया जाए शिक्षा से ही बाल विवाह जैसी बुराइयों का खात्मा किया जा सकता है और कम उम्र की लड़कियों को बाल विवाह की शारीरिक एवं मानसिक पीड़ा से बचाया जा सकता है भारत सरकार द्वारा समय-समय में बाल विवाह के खिलाफ सख्त कदम उठाया जाता है उसके बाद भी एक बार फिर से मुद्दा सुर्खियों में आ गया है सरकार ने कानूनी तौर पर बाल विवाह रोकने की मुहिम छेड़ी है जो की सराहनीय है बाल विवाह देश के हर राज्य प्रदेश में अपने पैर पसारे हुए हैं बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा कारगर हथियार है इस सामाजिक बुराई के खात्मे के लिए पूरे देश में 18 साल की उम्र तक शिक्षा को मुफ्त अनिवार्य किया जाना ब्रह्मास्त्र साबित होगा इस बुराई के पीछे सामाजिक असमानता परंपराएं और महिलाओं की घर में निर्णायक भूमिका न होना भी शामिल है इसके साथ ही जेंडर असमानता लड़कियों के साथ भेदभाव भी एक बड़ा कारण है अधिकांश जगह पर महिलाओं की भूमिका घर संभालते तक ही सीमित रहती है आंकड़े बताते हैं कि आज भी हमारे समाज में लड़कियों की शिक्षा व स्वास्थ्य पर लड़कों की तुलना में कम ध्यान दिया जाता है शिक्षा हासिल करना बच्चों का मौलिक अधिकार है और सभी राज्य सरकारी व केंद्र सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चों को 18 साल की उम्र तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा दी जाए साथ ही ऐसा प्रशासनिक तंत्र स्थापित करना चाहिए जिससे बच्चों का कौशल विकास हो और वह रोजगार हासिल कर सकें जिससे बच्चे सशक्त होंगे और अपने को रोजगार से जोड़ते हुए गौरवपूर्ण जीवन जी सकेंगे देश में लड़कियों की बाल विवाह दर ज्यादा है और वह बहुत ही कम शिक्षा हासिल कर पाती है अधिकांश मामले में कम उम्र में गर्भवती हो जाती है और बच्चों को संभालती हैं यदि उन्हें सशक्त बनाना है तो उन्हें 18 साल की उम्र तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा देना जरूरी है इस तरह बाल विवाह से बचा जा सकता है बाल विवाह बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य और सुरक्षा पर विपरीत प्रभाव डालती है बाल विवाह उन्मूलन से सतत विकास लक्ष्य एसडीजी गोल भी हासिल करने में मदद मिलेगी बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के उन्मूलन के लिए हमें कई स्तरों पर एक साथ कदम उठाने की जरूरत है शोध पत्र भारत भर के विभिन्न क्षेत्र के उदाहरण का हवाला देते हुए महिला साक्षरता दर और बाल विवाह की व्यापकता के बीच विपरीत संबंध पर प्रकाश डालता है उदाहरण के लिए केरल में जहां महिला साक्षरता दर 96: तक है बाल विवाह का प्रचलन राष्ट्रीय औसत 23.3 के मुकाबले 6 है मिजोरम में महिला साक्षरता दर 93 की उच्च है और बाल विवाह का प्रचलन 8 अपेक्षाकृत कम है इसके विपरीत बिहार जैसे राज्यों में जहां महिलाओं की साक्षरता दर 61 है वहीं बाल विवाद दर आश्चर्यजनक रूप से 41 है मध्य प्रदेश में महिला साक्षरता दर 67.5 प्रतिशत है जबकि बाल विवाह पर 23.01 है इसी बीच हरियाणा में साक्षरता दर 73.8 प्रतिशत है जबकि बाल विवाह का प्रचलन 12.5 है उन्होंने कहा इस तरह अध्ययन से पता चला है कि शिक्षा तक पहुंच कर विस्तार लड़कियों के लिए शादी की उम्र बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है जिससे सकारात्मक सामाजिक आर्थिक परिणाम मिलेंगे और लैंगिक समानता में सुधार होगा हालांकि सर्वे आगे ऐसी उदाहरणों का हवाला देता है जहां यह संबंध कमजोर लगता है जैसे कि पश्चिम बंगाल में जहां महिला साक्षरता दर 77 अधिक है लेकिन फिर भी 42 पर बाल विवाह का उच्च प्रसार दिखता है इसी तरह त्रिपुरा में जहां महिलाओं के बीच साक्षरता 82 है वहीं बाल विवाह का प्रचलन 40: है असम जिसकी साक्षरता दर 78.2 है बाल विवाह का प्रचलन 31.8 प्रतिशत है।

संक्षिप्त खबरें

## भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के पूरे वंशी में हो रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के विश्राम के बाद शुक्रवार को हवन पूजन व भण्डारे का आयोजन हुआ। भण्डारे में उमड़े श्रद्धालुओं ने भगवान वासुदेव के पूजन का प्रसाद ग्रहण कर लोकमंगल की कामना किया। भण्डारे के दौरान महिलाओं के भजन संकीर्तन से माहौल और भक्तिमय बना दिखा। कथा आचार्य अतुल जी महराज ने कहा कि कई जन्मों के पुण्य प्रताप के बाद श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन और कथा के श्रवण का सुअवसर प्राप्त हुआ करता है। भण्डारे का आयोजन कुन्ती देवी पत्नी स्व. त्रिभुवन नाथ दुबे तथा संयोजन ज्योति प्रसाद दुबे ने किया। स्वागत कुलदीप दुबे एवं रामेन्द्र दुबे ने आभार जताया। भण्डारे में सुधीर मिश्र, आशीष दुबे, धर्मेन्द्र दुबे उर्फ बब्बू, विकास तिवारी, महेन्द्र तिवारी उर्फ कल्लू ने प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर राकेश कुमार शुक्ल, रामेन्द्र प्रसाद तिवारी, गंगेन्द्र प्रसाद तिवारी, श्रेयश तिवारी, अर्नव तिवारी, शुभ तिवारी, आदर्श दुबे आदि ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

## आधा दर्जन के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट, गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थानान्तर्गत कोड़रा मांदूपुर तेजगढ़ गांव की नीलम दुबे पत्नी बृजकिशोर दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पांच नवंबर को दोपहर में गांव के शिव नारायण की पत्नी अनीता तथा पुत्रियां रागिनी व शिवानी व सरिता पत्नी राकेश एवं पूजा पुत्री राकेश ने दरवाजे पर पहुंचकर उसके पति के साथ मारपीट किया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि इससे पूर्व सत्ताईस दिसंबर 2024 को सुबह भी आरोपी राकेश के पुत्र चंद्रप्रकाश, अनीता, सरिता ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जलवायु परिवर्तन को लेकर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जलवायु परिवर्तन विषय को लेकर शुक्रवार को क्षेत्र की ग्राम पंचायत मांदीपुर एवं अमावां में विचारगोष्ठी का आयोजन हुआ। लोकप्रिय जनहित सेवा संस्थान एवं पानी संस्थान के बैनरतले आयोजित कार्यक्रम में लोगों को जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक भी किया गया। वहीं गोष्ठी के जरिए जलवायु परिवर्तन के कारण और इसके संकट से उबरने के उपायों पर भी चर्चा हुई। गोष्ठी के बाद रैली निकालकर लोगों को जलवायु परिवर्तन व जल संरक्षण के बाबत जागरूक किया गया। लोकप्रिय जनहित सेवा संस्थान के सचिव निरंजन प्रकाश तिवारी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारणों की पहचान कर उस पर सही दिशा में अमल करने की जरूरत है। उन्होने लोगों से जल संरक्षण की अपील भी की। वहीं संस्थान की सुनीता एवं सरिता ने पौधरोपण एवं जल संरक्षण को जलवायु परिवर्तन मे कारगर बताया। इस मौके पर ग्राम पंचायत के तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## राजा भइया ने दूसरे दिन भी जनता की समस्याओं का किया निस्तारण



**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी प्रदेश भर से आए हुए लोगों की जनसमस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण किया। कुछ मामलों में संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष कुलदीप पटेल, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, दिव्यांशु गुप्ता बाबूगंज, अन्नू सिंह टिकरिया, पवन सिंह धनगढ, इंजिनियर राहुल तिवारी,अनिल तिवारी गुरूजी सकरदहा, प्रदीप शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुंडा शिव कुमार तिवारी भगवन, कमलेंद्र शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज प्रधान उतरार विनोद यादव, सूरज मिश्र, नीतीश पांडेय राज पटना सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## वारण्टी गिरफ्तार, गया जेल

**लीलापुर प्रतापगढ़।** मुकदमे में वांछित वारंटी आरोपी गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना लीलापुर के थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 गिरीशधर दुबे ने मय हमराह कांस्टेबल अनिल यादव द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0नं0 201ध्2002 अ0सं0 16ध्2000 427ध्452ध्323ध्504 भादवि से संबंधित एक वारण्टी अभियुक्त रामअधार वर्मा पुत्र नन्दू वर्मा निवासी गोसांई का पुरवा दादूपूरनसिंह थाना लीलापुर को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया।

## मन्दिर से घंटा व अन्य सामान चोरी

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के मुजाही बाजार स्थित मन्दिर में गुरूवार व शुक्रवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। सुबह जब ग्रामीण मन्दिर में पूजा करने पहुंचे तो देखा कि मंदिर से घंटा, साउंड मशीन गायब था और दान पेटी भी तोड़ कर उसमे से पैसे गायब थे। ग्रामीणों ने तुरंत ही डायल 112 पुलिस को सूचना दी। इस दौरान गांव के राजू सिंह, सुरेश सोनी व मोती मौर्या समेत तमाम ग्रामीण मौके पर मजूद थे। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## कमीशन का भुगतान न किया गया तो कर्मचारी करेंगे आंदोलन - देवेंद्र



**प्रतापगढ़।** डाक विभाग के रिटायर्ड कर्मचारियों ने डाक महानिदेशक को शिकायती पत्र देकर अपनी व्यथा बताई है। आक्रोश भी व्यक्त किया है। आरोप लगाया है कि डाक जीवन बीमा के व्यवसाय पर विभागीय एजेंटों को दिए जाने वाले इंसेंटिव के भुगतान को बंद कर दिया है, जो रिटायर्ड डाक कर्मचारियों के साथ अन्याय हो रहा है। विभागीय एजेंटों को भी रिटायर्ड होने के बाद 2020 तक उनके कोड पर इंसेंटिव का भुगतान किया गया, परंतु उसके पश्चात विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा उपरोक्त इंसेंटिव का भुगतान करने में आनाकानी की जाने लगी। रिटायर्ड फील्ड आफीसर, रिटायर्ड पोस्ट मास्टर देवेंद्र नाथ मिश्र के अनुसार नवंबर 2009 व जनवरी 2013 के आदेश का हवाला देते हुए कहा था जो व्यवसाय पीएलआई मेरे द्वारा विभाग में रहते हुए किया जाएगा, उसका इंसेंटिव रिटायर्ड होने के बाद भी मिलता रहेगा। इसका पालन विभाग के अफसर नहीं कर रहे हैं। इसके खिलाफ आवाज उठाई जा रही है। इसके लिए बड़ा आंदोलन भी छेड़ा जाएगा। कर्मचारियों ने अपनी कमर कस ली है। बेहतर होगा कि डाक विभाग इस समस्या का समाधान कर दे।

# तुलसीसदन में "उत्तर प्रदेश दिवस" समारोह को भव्य तरीके से किया गया आयोजन

- विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को किया गया सम्मानित,
- "विरासत एवं विकासः प्रगति पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश" थीम पर आधारित रहा उत्तर प्रदेश,
- विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टालों का किया गया अवलोकन









लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जनपद के तुलसीसदन (हादीहाल) में दिनांक 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले ''उत्तर प्रदेश दिवस-2025'' समारोह का भव्य तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवध शिल्पग्राम शहीद पथ लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का शुभारम्भ किया गया जिसका सजीव प्रसारण तुलसीसदन सभागार में आयोजित किया गया। सजीव प्रसारण का अवलोकन विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, शिक्षक विधायक के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव व अन्य अधिकारीगण, छात्र-छात्रायें, जनपद के सम्भ्रान्त नागरिक ने देखा एवं सुना। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर विधायक, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अतिथियों व भारी संख्या में तुलसीसदन परिसर में विभिन्न विभागों सहकारी समिति इफ्को, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, यूपी नेडा, पंचायती राज विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, खादी ग्रामोद्योग, समाज कल्याण, मत्स्य पालन, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, जिला उद्योग, महिला कल्याण, कृषि, नियोजन एवं अर्थ एवं संख्या प्रभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, सूचना विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया एवं सम्बन्धित से जानकारी भी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी में विभिन्न नवाचारों, योजनाओं और विभागीय उपलब्धियों को देखा और विभाग के प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास बच्चों के भविष्य निर्माण में सहायक होगे। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान विधायक सदर, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 03 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 03 बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति की गयी जिसका वहां पर उपस्थित अतिथियों ने खुब प्रशंसा की।

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के 05 लाभार्थियों को स्वीकृत 5-5 लाख रूपये का डेमा चेक का वितरण, स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट कार्य हेतु 05 चिकित्साधिकारियों को प्रशस्ति पत्र, आयुष्मान वय वन्दना योजना के चयनित 70 वर्ष से अधिक आयु वाले 05 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण, कृषि विभाग के 01 लाभार्थी को फार्म मशीनरी बैंक में अनुदान स्वरूप 8 लाख, कस्टम हायरिंग सेन्टर (ग्रामीण उद्यमी) के 02 लाभार्थियों को 24-24 लाख तथा 02 लाभार्थियों को 4-4 लाख के अनुदान का चाभी/प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होने कहा कि सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयास को लेकर केन्द्र व प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश का विकास हो इस संकल्प के साथ मुख्यमंत्री जी रात दिन एक करके विकास की गाथा को आगे बढ़ा रहे है। उन्होने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश दिवस नही मनाया जाता था लेकिन पूर्व राज्यपाल रामनाईक के नेतृत्व में स्थापना दिवस मनाने का कार्यक्रम सम्पादित हो रहा है। उन्होने कहा कि 22 से 26 जनवरी तक पखवाड़ा के रूप में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम भव्य मन्दिर में मूर्ति की स्थापना, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को देश व प्रदेश उत्सव की तरह मना रहा है जो धर्म और संस्कृति को संजोये हुये है। विधायक सदर ने कहा कि बेटियों द्वारा जो सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी वह काफी प्रशंसनीय है। उन्होने जनसामान्य से कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार सरकार की जो योजनायें चल रही है उसका लाभ जनसामान्य अवश्य प्राप्त करें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज हम अपने प्रदेश के स्थापना दिवस की वर्षगांठ मना रहे है और उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस की थीम ''विरासत एवं विकासः प्रगति पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश'' बहुत ही महत्वपूर्ण है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने नेतृत्व व निर्देशन में जिस प्रकार से संकल्पना की गयी है कि एक तरफ हमें विकास के पथ पर अग्रसर होना है और दूसरी तरफ धर्म और संस्कृति की जो वृहद परम्परा है उसको संरक्षित, संजोते हुये उसको पुष्पित और पल्लवित करते हुये हमे आगे बढ़ना है। उन्होने कहा कि आज का दिन एक संदेश है कि जहां हमें अपनी समृद्ध परम्परा को आगे बढ़ाना है उसको संरक्षित भी करना है और वहीं सामाजिक और आर्थिक उन्नति के माध्यम से अपने प्रदेश को नये ऊचाईयों की तरफ ले जाना है। हमारा देश बहुत सारी विविधताओं का देश है, हमारा धर्म और हमारी राष्ट्रीय संस्कृति यही वह दो मूल तत्व है जो इस देश को एक सूत्र में पिरोये हुये है। उन्होने कहा कि पिछले कई वर्षो में जिस प्रकार से हमारी समृद्धि, धार्मिक और सांस्कृतिक परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुये हमारी जो विरासत है उसके लिये जो काम हुये है वह निःसन्देह बहुत ही प्रशंसनीय है और समस्त प्रदेशवासियों ने उसको प्रशंसा की नजरो से देखा है। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर हम लोग आत्म मंथन करें कि वास्तव में कितनों दिनों में हम किस दिशा की तरफ अग्रसर हुये है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कल्याणकारी योजनाओं, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट के माध्यम से जिस तरीके से संकल्प लिया है कि हम प्रदेश को आगे बढ़ायेगें और ट्रिलियन डालर इकोनामी प्रदेश को बनायेगें, निःसन्देह हमें मुख्यमंत्री जी के सपने को साकार करने के लिये अपनी तरफ से जो प्रयास हो सकते है उनको करने के लिये कृतज्ञ रहना होगा और जब तक यह 25 करोड़ लोग एक शक्ति के माध्यम से एक दिशा में आगे प्रयास नही करेगें तब तक यह प्रयास सफल नही होगा। उन्होने कहा कि हमारे नेतृत्वकर्ताओ ने जो सपना देखा है उसको मूर्तरूप देने के लिये उस संकल्पना को साकार करने के लिये हम सभी का सहयोग बहुत ही महत्वपूर्ण है।

उत्तर प्रदेश भगवान श्रीराम व भगवान श्रीकृष्ण की धरती है, जब मानवता को मानव कल्याण और अपने उन्नयन का उपदेश देना होता है तो वह भी महात्मा बुद्ध के रूप इसी धरती पर अवतरित होते है। जब सत्य, हिंसा, ब्रम्हचर्य का उपदेश देना होता है तो महावीर स्वामी के रूप में इसी धरा पर अवतरित होते है। इतनी समृद्धि विरासत के हम लोग यहां पर सम्वाहक है। उन्होने कहा कि हम अपनी परम्पराओं, पुरानी संस्कृति, धर्म को संजोते हुये आधुनिकता के साथ ताल मिलाते आगे बढ़ेगें तब इस प्रदेश को आगे बढ़ायेगें। प्रदेश के कार्यो को लोग देख रहे कि यहां पर डिफेन्स कारीडोर आ रहा है, इन्वेस्टर्स समिट हो रहा है जिसके माध्यम से 34 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव इस प्रदेश में प्राप्त हुये है जो कि आज तक के इतिहास में ऐसा कभी नही हुआ है। उत्तर प्रदेश में चारो तरफ एक्सप्रेसवे का जाल बनाया जा रहा है, जगह-जगह पर इण्डस्ट्रियल कारीडोर खोले जा रहे है, हमारी 25 से ज्यादा पालिसीज है जो इन्वेस्टमेन्ट को अट्रैक्ट करने के लिये प्रदेश में लायी गयी है। लोगों को इस विकास यात्रा में सहभागी बनाने के लिये बहुत सारी जनकल्याणकारी नीतियां चलायी जा रही है। उन्होने कहा कि हम लोग बहुत सही दिशा में अग्रसर है और इसी तरह से सभी लोग प्रयास करेगें तो वह दिन दूर नही जब उत्तर प्रदेश इस देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में सामने उभरकर आयेगी। मानवता का सबसे बड़ा समागम महाकुम्भ प्रयागराज में हो रहा है जो लोग महाकुम्भ में स्नान करने न गये हो उनसे अपील है कि महाकुम्भ में अवश्य जाये, अपने रिश्तेदार, मित्रों, पड़ोसियों को भेजे और इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पल के साक्षी अवश्य बने।

कार्यक्रम में आये हुये अतिथियों का मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया।

# वॉयरल गर्ल मोनालिसा को मिला फिल्म का ऑफर

- डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने कुंभ मेला पहुंच की परिवार से मुलाकात



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** महाकुंभ प्रयाग में रुद्राक्ष की माला बेचने वाली लड़की मोनालिसा अपनी खूबसूरत आंखों को लेकर इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। लाखों की संख्या में लोग उसकी वीडियो देख रहें है। वहीं मेला में लोग उसके साथ एक सेल्फी लेने के लिए भीड़ लगाएं है। यहां तक कि उसको अब माला बेचने में भी मास्क लगाकर चलना पड़ रहा हैं।मोनालिसा की किस्मत ने ऐसी बाजी मारी कि माला बेचने वाली लड़की को देश के चर्चित फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने अपने नए प्रोजेक्ट फिल्म द डायरी ऑफमणिपुर के लिए लीड रोल करने का ऑफर दे दिया।शुक्रवार को मुंबई से सनोज मिश्रा कुंभ पहुंच गए, जहां संगम में स्नान करने के बाद सीधा मोनालिसा की खोज में निकल पड़े। जहां मोनालिसा के परिवार से मिलकर सनोज मिश्रा ने फिल्म में काम करने का ऑफर दिया।सनोज मिश्रा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि देश बदल रहा है। देश में सनातन का झंडा आसमान की बुलंदियों पर है। मै उन डायरेक्टरों में से नहीं हूं जो विदेशों से पोर्न स्टार को लाकर फिल्मों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को बदनाम करते हुए अश्लीलता परोसे। मैंने मोनालिसा की सभ्यता में भारतीय संस्कार देखे है, जो आज की महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है। जिस तरह आज रील और चर्चित होने के लिए कपड़े उतार कर नग्न प्रदर्शन किए जाते है, वहीं यह लड़की अपनी सादगी से देश में चर्चित हो गई। बंजारा समाज की इस लड़की के लिए लोग असभ्य भाषा का भी प्रयोग कर रहें हैं, लेकिन वह सादगी और मासूमियत से अपनी बात रखती है। मैंने उसे अपनी आने वाली फिल्म द डायरी ऑफमणिपुर में मुख्य अभिनय करने का ऑफर दिया है।मेरी टीम द्वारा मोनालिसा को एक्टिंग के साथ अन्य स्किल्स के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उसके बाद फिल्म में अभिनय के लिए तैयार किया जाएगा।सनोज ने कहा कि परिवार के लोग खुश है। वह विचार करके जल्दी ही निर्णय लेंगे। सनोज कुंभ मेले में कई विभिन्न स्थानों को अपने कैमरे में कैद करते हुए जगतगुरू योगेश्वराचार्य के पंडाल में जा कर आशीर्वाद लिया और कुंभ की व्यवस्था देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की।सनोज मिश्रा की पिछले वर्ष द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल फिल्म रिलीज हुई थी। जो काफी विवादों में भी रही, बंगाल की ममता सरकार ने इनपर कई मुकदमे दर्ज किए। इन्हें धमकियां भी मिली। इसके बावजूद भी फिल्म रिलीज हुई और चर्चा में रही। सनोज मिश्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर सुरक्षा की भी गुहार लगाई थी। इससे पहले भी गांधीगिरी,काशी टू कश्मीर जैसी दर्जनों फिल्म सनोज मिश्रा बना चुके है।

## जनसत्ता दल के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन शुक्रवार को कुंडा स्थित राजभवन बेंती में किया गया। इस विशेष अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह श्राजा भइयाश् ने कैलेंडर का अनावरण करते कहा कि पार्टी के लिए एकजुटता, जनसेवा और अनुशासन सर्वोपरि है।

जनसत्ता दल के वार्षिक कैलेंडर में पार्टी के कार्यकर्ताओं के जन्मदिन, प्रमुख त्योहारों और महत्वपूर्ण अवसरों को विशेष रूप से सम्मिलित किया गया है, ताकि सभी कार्यकर्ता और समर्थक इन तिथियों को याद रख सकें। यह कैलेंडर पार्टी की सक्रियता और संगठनात्मक मजबूती को दर्शाता है।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष व बाबागंज विधायक विनोद सरोज, इंजी. राहुल त्रिपाठी, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज विनोद यादव, राजेश सिंह सोमवंशी, सर्वेश सिंह मुंबई, भूपेंद्र पांडेय, नीतीश पांडेय, सोनू सिंह नरियावां,सुमित तिवारी व आकाश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## एक ही रात तीन गुमटी का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**रखहा प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के कांपा रामपुर में गुरुवार को रात गांव स्थित चाय पान की तीन गुमटी का ताला तोड़कर चोर नकदी सहित हजारों का सामान उठा ले गये । चोरी की जानकारी तब हुई जब ग्रामीण शुक्रवार को सुबह घर से बाहर निकले। सूचना पर मौके पर पहुंची विजहरा चौकी की पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। कांपा रामपुर निवासी बृजलाल धुरिया,राम अभिलाष प्रजापति एवं राम लखन प्रजापति मगरौरा दीवानगंज मार्ग पर गांव में ही चाय पान की गुमटी खोल रखी है। गुरुवार को देर शाम तीनों अपनी गुमटी बंद करके उसमें ताला लगाकर घर चले गये । रात में गुमटी का ताला तोड़कर चोर गुमटी में रखा गैस सिलेंडर,नकदी,पान मसाला एवं हजारों रूपये नकद लेकर फरार हो गये। कुछ दिन पूर्व भी चोर गांव निवासी रामकृष्ण उपाध्याय के किराना की दुकान एवं माडल प्राथमिक विद्यालय रामपुर कापा के कमरे का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर,अनाज सहित हजारों का सामान उठा ले गये थे ।एसओ कंधई अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि आरोपितों को चिन्हित करके कार्रवाई की जायेगी।

## व्यापारियों को मिली राहत, माफ होगा तीन साल का व्याज एवं अर्थदंड

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिलेगी छूट-राजेन्द्र कुमार केसरवानी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी को प्रदेश कार्यालय से जानकारी हुई कि माल एवं सेवा कर विभाग द्वारा विगत वर्षो से प्रदेश के व्यापारियों पर माल एवं सेवा कर पर ब्याज एवं अर्थ दंड वर्ष 2017 दृ 2018 एवं 2018दृ2019 एवं 2019दृ2020 के रिटर्न पर लगाया गया है। जबकि उस समय दो बार कोविड महामारी की लॉक डाउन लगा हुआ था। इसके बावजूद स्थानीय वाणिज्य कर विभाग द्वारा बार-बार व्यापारियों पर जमा करने का दबाव बनाया जा रहा था। इसकी जानकारी सभी जनपदों के व्यापारियों एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्षों एवं पदाधिकारीयो ने प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल एवं प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश चंद्र अग्रहरि को दी गई। अध्यक्ष जी को जानकारी प्राप्त होने पर प्रदेश व्यापर मंडल का प्रतिनिधि मंडल तत्कालीन उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर कमिश्नर जी को अवगत कराया,किंतु इसमें किसी भी तरह की कोई भी कारवाई न होने पर अध्यक्ष जी प्रदेश के सभी 84 जिले के सभी अध्यक्षों को वाणिज्य कर विभाग को ज्ञापन सौंपने के लिए कहा । इसमें सभी जिलों के साथ प्रतापगढ़ जिले ने भी समय समय पर विभाग को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष जी ने किसी भी तरह की संतुष्ट करवाई न होने पर मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ जी से मुलाकात करके अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिसपर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर व्यापारियों एवं बड़े और छोटे उद्यमियों को राहत देने के लिए उनका पिछले तीन साल का लगा ब्याज एवं अर्थदंड माफकर दिया गया है।

इसका लाभ 31मार्च तक उठाया जा सकता हैं, इसमें व्यापारियों को बयाज में राहत और सरकार का फंसा हुआ पैसा मिलेगा । प्रमुख सचिव राज्य कर एम देवराज ने उत्तर प्रदेश के व्यापारीयो , बड़े एवं छोटे उद्यमियों को ब्याज एवं अर्थदंड छूट देने की बात कही।

संक्षिप्त खबरें

## संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे पर लटकता मिला किशोरी का शव, कोहराम

**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के असरावल खुर्द गांव में गुरुवार शाम संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे पर किशोरी का शव लटकता मिला। शव फंदे पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। असरावल खुर्द गांव निवासी संतोष निषाद अप्पे चलाकर परिवार का गुजारा करता है। गुरुवार को वह अप्पे चलाने के लिए गया था। दोपहर को उसकी पत्नी खेत की तरफ जानवरों को चारा लेने के लिए गई थी। घर पर उसकी 14 वर्षीय बेटी अंजना अकेली थी। इसी दौरान संदिग्ध दशा में अंजना का शव दुपट्टे के सहारे चुल्ले में लटका मिला। जानवरों का चारा लेकर घर लौटी मां ने बेटी का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। चीख पुकार सुनकर मौके पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इस सम्बंध में परिजन कुछ भी बताने को तैयार नहीं हैं। इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह का कहना है कि शव पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर निर्माण में बाधक बन रही हाईटेंशन तार

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के सौरई बुजुर्ग गांव में प्राचीन महादेव मंदिर के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत तार निकली है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर मंदिर के ऊपर से निकली विद्युत तार को हटाए जाने की मांग की है। विकास खंड कड़ा के सौरई बुजुर्ग गांव के शशिपाल, राम मूरत शर्मा, फूलचंद्र पाल, बलराम पाल, लल्लन सोनकर, गब्बर सिंह, श्याम लाल, रघुराज, संतोष कुमार आदि लोगों ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में स्थित प्राचीन महादेव मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है, मंदिर के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत तार निकली है जिससे कभी भी हादसा हो सकता है, ग्रामीणों ने मंदिर के ऊपर से निकली हाईटेंशन तार को हटाए जाने की मांग की है। मामले में एसडीएम ने एसडीओ विद्युत को कार्यवाही के आदेश दिए है।

## विद्युत पावर हाउस निर्माण में लगे कर्मियों की लापरवाही से गिरी सरकारी अस्पताल की बाउंड्री वाल

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं तीन पर विद्युत पावर हाउस निर्माण का कार्य चल रहा है, खुदाई के समय निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों की लापरवाही के चलते खुदाई के समय सिराथू में स्थित सरकारी अस्पताल की बाउंड्री वाल गिर गई जिससे अस्पताल परिसर में आवारा मवेशियों का आवागमन बना रहता है साथ ही चोरी का खतरा रहता है। अस्पताल के अधीक्षक ने स्टेशन मास्टर को पत्र भेजकर अस्पताल की बाउंड्री वाल बनाए जाने की मांग की है। सीएचसी सिराथू के अधीक्षक डॉ औचित्य सिंह ने सिराथू स्टेशन मास्टर को पत्र भेजकर बताया कि सिराथू रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं तीन के पास विद्युत पावर हाउस निर्माण का कार्य चल रहा है। खुदाई के समय निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों की लापरवाही से अस्पताल की बाउंड्री वाल गिर गई जिससे अस्पताल परिसर में आवारा मवेशियों को आवागमन बना रहता है साथ ही अस्पताल में निवास करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के आवास में चोरी होने का खतरा बना रहता है। अधीक्षक ने स्टेशन मास्टर से बाउंड्री वाल निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## तेरहरा में खेल मैदान व पाठशाला की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग डीएम से

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के तेरहरा गांव में पाठशाला, खेल मैदान, चकमर्ग के नाम सुरक्षित भूमि पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया है, पीड़ित ने डीएम कौशांबी को शिकायती पत्र देकर सुरक्षित भूमि को खाली कराए जाने की मांग की है। सिराथू तहसील क्षेत्र के थूलगुला गांव के कृष्णमूर्ति तिवारी पुत्र राम सेवक तिवारी ने डीएम कौशाम्बी को शिकायती पत्र देकर बताया कि तहसील क्षेत्र के तेरहरा गांव में उसकी भूमिधरी जमीन है। कृष्णमूर्ति तिवारी का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने चकमार्ग, खेल का मैदान व पाठशाला के नाम सुरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया है। पीड़ित ने सार्वजनिक हित की सुरक्षित भूमि को खाली कराए जाने की मांग की है। मामले में डीएम ने एसडीएम सिराथू को कार्यवाही के आदेश दिए है।

## दबंग ने रोका नगर पंचायत में नाली निर्माण ,पुलिस से शिकायत

**सिराथू, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कडा धाम में मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत नाली निर्माण में अवरोध करने पर अधिशासी अधिकारी संजय तिवारी ने पुलिस से शिकायत कर दबंग पर कार्यवाही की मांग की है। नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के अधिशासी अधिकारी संजय तिवारी ने कड़ा धाम थाना अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह को पत्र देकर बताया कि नगर पंचायत में मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत वार्ड नंबर सात अंबेडकर नगर में सीसी रोड व नाली निर्माण का काम चल रहा है ।ऐसे में एक दबंग द्वारा काम रोक दिया गया। इसकी जानकारी होने पर मौके पर पहुंचने पर दबंग धमकी देते हुए काम न शुरू करने की चेतावनी दी है। ऐसे में 20 फीसदी निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। ईओ ने पुलिस के अलावा मामले की शिकायत एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह व क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## मकान में छत डालने पर दबंगों ने विधवा को दी धमकी

**सिराथू, कौशाम्बी।** पईसा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक विधवा कमरे में पड़े टीन शेड को हटाकर छत डालने जा रही थी, जिस पर पड़ोस के रहने वाले कुछ दबंगों ने विधवा को छत डालने से मना करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे, विधवा ने अनहोनी की आशंका जताते हुए एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पईसा थाना क्षेत्र के फाजीलपुर गोपालपुर की रहने वाली कौसर जहां पत्नी स्व इसरार अहमद ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसको आवासीय पट्टा मिला था जिस पर वह मकान बनाकर सात वर्ष पहले निर्माण कराकर परिवार सहित रहती है। कौसर जहां ने बताया कि चार कमरों में टीन शेड पड़ी होने के कारण छत डालने जा रही थी। विधवा का आरोप है कि पड़ोस के रहने वाले कुछ दबंग छत डालने से मना करने लगे जिसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता की शिकायत पर एसडीएम ने सीओ को जांचकर कार्यवाही के निर्देश दिए है।

## अज्ञात चोरों ने मंदिर से चांदी की आंखे व मुकुट किया पार



**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** कोतवाली के स्थानीय कस्बा स्थित मां झारखंडी मंदिर से बृहस्पतिवार रात को चांदी की आंखें मुकुट व घंटा चोरी हो गया जब शुक्रवार सुबह पूजा करने पहुंचे भक्त तो देखा कि मंदिर मे रखी प्रतिमा से चांदी की आंखें मुकुट व घंटा गायब मिला। जिसकी सूचना मंदिर समिति के प्रबंधक धीरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी। मौके पर पुलिस ने मौका मुवायना किया। थानाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ पाण्डेय ने बताया कि इस तरह की घटना अराजकतत्वों के द्वारा की गई है बाकी रात्रि में एक पिकेट लगा दी गई है जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# सॉलिटेयर वैली के पूल में उतराता मिला अधेड़ का शव

## ● एयरपोर्ट क्षेत्र के जलालपुर घोसी के समीप की घटना



लोकमित्र ब्यूरो

**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्रों के जलालपुर घोसी गांव के समीप सॉलिटेयर वैली कालोनी के बाहर बना पूल में शुक्रवार की सुबह एक अधेड़ का शव उतराता हुआ मिला। शव मिलने की जानकारी के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश की पहचान कराने का प्रयास किया। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

जलालपुर घोसी गांव के समीप स्थित ससुर खदेरी नदी के पुल के पास सॉलिटेयर वैली कालोनी की गेट के समीप डेकोरेशन के लिए एक पूल में फौवरा बनाया गया है। जिसमें पानी भरा है। सुबह गेट पर तैनात गार्ड ने पानी भरे पूल में एक 50 वर्षीय अधेड़ की लाश देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी। जिसके बाद कालोनी और स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लाश हरे रंग की शर्ट, लाल और काले रंग की जैकेट, नीला जींस पहने हुआ था। एक पैर में चप्पल थी। लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू किया। कालोनी के जीएम अभिनव वाजपेई ने बताया कि कालोनी में कुल 300 के करीब लोग रहते हैं। सुरक्षा में दिन और रात्रि को पांच-पांच गार्ड लगाए जाते हैं। जिसमें से दो कालोनी के अंदर एक गेट की इंट्री जबकि दो गार्ड रनिंग पर रहते हैं। गेट के बाहर लाइट धीमी रहती है ।

कैमरा भी बाहर की तरफनहीं लगा है। जिसके चलते गार्ड को अधेड़ के पानी भरे पूल में कैसे पहुंचा इसकी जानकारी नहीं है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह का कहना है कि लाश के पास कोई परिचय पत्र नहीं मिले। कहीं चोट के निशान भी नहीं है। जिसके चलते प्रथम दृष्टया पूल में गिरने से मौत हुई है। लिहाजा शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि पहचान नहीं होती तो नियमित कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उसके बाद रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## एबीएसए ने सिराथू क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू डॉ प्रज्ञा सिंह ने शुक्रवार को विकास खंड सिराथू क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एबीएसए सिराथू डॉ प्रज्ञा सिंह ने कक्षा के बच्चों से प्रश्न पूछे। मिड्डे-मील, बच्चों की किताबें व ड्रेस और स्कूल का लेखाजोखा, साफ-सफाई, शौचालय, पानी की व्यवस्था साज-सज्जा आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित पाए गए अध्यापकों को स्पष्टीकरण जारी करते हुए चेतावनी दी गई। साथ ही प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि जो कमियां हैं उसे अतिशीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अध्यापकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। यदि कोई अध्यापक सुबह 9 बजे तक न पहुंचे तो उसका उल्लेख पत्र व्यवहार में अवश्य किया जाए। एबीएसए सिराथू ने प्राथमिक विद्यालय रामपुर धमावा, उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर धमावा, कम्पोजिट विद्यालय तेरहरा, कंपोजिट विद्यालय कैमा, कंपोजिट विद्यालय उदीहीन खुर्द, प्राथमिक विद्यालय बडनपुर घाटमपुर, प्राथमिक विद्यालय अनेठा व प्राथमिक विद्यालय बिछौरा आदि स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान एबीएसए ने शिक्षा की गुणवत्ता हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## मामूली विवाद को लेकर आपस में भिड़े चाचा-भतीजा, दोनों घायल

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बा चायल के डीहा वार्ड में शुक्रवार शाम चाता और भतीजा आपस में भिड़ गए। मारपीट में दोनों को चोटें आई। डीसा वार्ड निवासी शनि के मुताबिक शुक्रवार की शाम उसका चाचा सुपास घर के सामने मवेशी बांधने के लिए खूंटा गाड़ रहा था।मना करने पर चाचा उसके साथ गाली गलौज करने लगाद्यआरोप है कि विरोध करने पर वह झगड़े पर आमादा हो गया। थोड़ी देर बाद दोनों आपस में डंडे से एक दूसरे पर प्रहार करने लगे। शनि के सिर पर डंडा लगने से वह लहूलुहान हो गया जबकि उसके चाचा को भी चोटें आई है। लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए पीएचसी चायल में भर्ती कराया है।

# साथियों के साथ बारात गये युवक की गोली मार कर हत्या

**● पुलिस ने दो नामजद समेत छः के खिलाफ किया रिपोर्ट दर्ज**





लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के लालापुर गांव में बारात आये युवक को गुरुवार की रात तमंचे से गोली मार दी। गोली युवक के पेट में लगी। गंभीर हालत मैं इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक के मौत की जानकारी पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन के तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत छः आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के बेगम बाजार पर चरवा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र नत्थूलाल के मुताबिक गुरुवार की राज लगभग आठ बजे गांव के ही सिराज पुत्र शबी अख्तर अपने साथी एयरपोर्ट कोतवाली के भगवतीपुर गांव निवासी अनिल दुबे के साथ घर पहुंचा और उसके छोटे भाई सुनकर कुमार (20) को कादिलपुर गांव बर्थडे में शामिल होने के लिए कहकर घर से बुला ले गया। रात करीब साढ़े दस बजे सिराज ने फोनकर बताया कि पिपरी कोतवाली के लालापुर गांव के निमंत्रण में उसके भाई सुनील को किसी ने गोली मार दी। है। गंभीर हालत में वह सभी उसे चारपहिया वाहन के इलाज के लिये प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल लेकर आ रहे हैं। भाई वीरेंद्र अपनी बाइक लेकर कादिलपुर पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा और कार में बैठ कर घायल को एसआरएफ अस्पताल लेकर पहुंचा। थोड़ी देर में इलाज के दौरान डाक्टरों ने बताया कि सुनील की मौत हो कई है। युवक की मौत की जानकारी पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। भाई वीरेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने सिराज, अनिल समेत चार अज्ञात युवकों के खिलाफहत्या समेत एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरु कर दिया है। इस संबंध में सीओ सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर शव पोस्टमार्टम लिए भेज घटना की जांच की जा रही है।

## आमने सामने भिड़ी दो बाइक में दो जख्मी

**शहजादपुर, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहा के पास आमने सामने दो बाईकों की जोरदार भिड़ंत हो गई हादसे में दोनों बाइक में सवार दो लोग जख्मी हो गए आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। कोखराज थाना क्षेत्र के कोखराज निवासी विक्की दिवाकर पुत्र सुरेश दिवाकर अपनी पत्नी को बाइक में बिठाकर चाकवन से घर लौट रहा था जैसे ही विक्की चाकवन चौराहा के नजदीक बैंक के पास पहुंचा शुक्रवार की दोपहर सामने से आ रहे लच्छीपुर निवासी आर्यन की बाइक से आमने सामने से भिड़ंत हो गई हादसे में विक्की 25 वर्ष व दूसरा बाइक सवार आर्यन 22 वर्ष जख्मी हो गए। आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती

# जोरावरपुर परिषदीय विद्यालय में पढ़ाई के बजाय बच्चों से कराया जा रहा काम



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों कि बेहतर शिक्षा को संवारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। शिक्षक भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं, जिससे स्कूल में लगातार बच्चों की दर्ज संख्या बढ़ने लगी है। बच्चे निजी स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूल में अपना दाखिला कर रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे स्कूल हैं, जहां पर शिक्षक बच्चों को पढ़ाने की बजाय उनके काम कराते हैं। ऐसा ही मामला विकास खंड कड़ा के कनवार का मजरा जोरावरपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई के बजाय बच्चों से काम कराया जा रहा है।

कड़ा के कनवार के जोरावर पुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक इंचार्ज प्रधानाध्यापक महेश प्रकाश के अलावा चार सहायक अध्यापक व एक शिक्षा मित्र की तैनाती है । विद्यालय के अध्यापकों द्वारा बच्चों से पौधों में पानी डलवाने व मैदान की सफाई कराते हैं। वहीं कुछ बच्चे विद्यालय परिसर में खेलने में मस्त है । अध्यापकों द्वारा सही तरीके से काम न करने वाले बच्चों को डांट भी लगाई जाती है। उनकी पढ़ाई की तरफशिक्षक कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

गांव के कुछ जागरूक लोगों का कहना है कि स्कूल में मजदूरों को न बुलवाकर बच्चों से काम कराते हैं। बच्चे भी खुशी-खुशी इस काम में लगे रहते हैं, क्योंकि इससे वह पढ़ाई से बचे रहते हैं। स्कूल की सफाई हो या अन्य काम बच्चों पर जिम्मा डाल दिया जाता है, खुद शिक्षक करा रहे हैं। बता दें कि स्कूल में शिक्षको द्वारा बच्चों से काम कराया जाने का मामला एक बार का नहीं है। इससे पूर्व भी बच्चों से काम कराए जाने का मामला सामने आया था।

## खुले में की जा रही है मांस की ब्रिकी, राहगीरो को हो रही कठिनाई



लोकमित्र ब्यूरो

**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के म्योहर बजार मे सड़क किनारे बेजुबान पक्षियों के मांस खुले रुप से बिक्रय किया जा रहा है बताया जाता है कि मंझनपुर तहसील के करारी थाना क्षेत्र के म्योहर बजार मे रविवार व बुधवार को यानि कि सपताह मे दो दिन सड़क के किनारे मछली तथा मुर्गा की मांस नियम कानून को ताक पर रखकर खुलेआम बिना ढके बिक्रय किया जा रहा है जिससे हर समय खून खच्चर का महौल बना देख कर कालेज से आने जाने वाले मासूम बालक तथा बालिकाये दुरगंध बदबू महसूस कर व मुह को रूमाल से ढक कर बिवश हो जाया करते हैं

तथा वही लोगों का कहना है कि अधिकतर मांस बिक्रेता नजदीक होने के चलते आसपास के लोग इनसे इस बिषय पर कुछ कहने की हिम्मत नहीं जुटा रहे हैं तथा कुछ बोलने पर ये मांस बिक्रेता लड़ाई झगड़ा एवं मारपीट पर अमादा हो जाया करते हैं तथा इससे लोग शांति रहने मे ही भलाई समझते हैं दूसरी ओर इससे संबंधित विभाग की उदासीनता एवं कानों में जू तक नहीं रेग रहीं हैं जिससे इन मांस बिक्रेता का मनोबल दिन दूना रात चौगुना बढ़ता जा रहा है दूसरी ओर कुछ लोगों का कहना है कि यदि इस संबंध में किसी तरह का भविष्य में झगड़ा फसाद होता है

# बोर्ड परीक्षा 2025 के हेतु सक्षम रणनीति बनाकर छात्र-छात्राऐं तैयारी करें- डॉ. प्रभु शंकर शुक्ला

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट 2025 की बोर्ड परीक्षाएं 24 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही है। पी.पी.एस. ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टिट्यूट के मैनेजमेंट डायरेक्टर एवं पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज (गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज) के प्रबंधक निदेशक जो की राष्ट्रीय स्तर के कैरियर काउंसलर भी है। डॉ. प्रभु शंकर शुक्ला ने बताया कि 2025 की बोर्ड परीक्षा हेतु छात्र-छात्राओं को अब एक विशेष सक्षम रणनीति बनाकर तैयारी करनी होगी। परीक्षा में कुछ ही दिन शेष हैं। सबसे पहली बात छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की घबराहट को दूर करना एवं किसी भी प्रकार की स्ट्रेस नहीं लेना है। बल्कि धैर्यपूर्वक उन्होंने जो पढ़ाई एक वर्ष भर तक की है। उसे अच्छे से विशेष रणनीति बनाकर के अध्ययन करते रहना हैं। छात्र-छात्राओं को विगत वर्षों के प्रश्न-पत्र तथा ज्यादा ज्यादा मॉडल पेपर हल करने चाहिए। फलस्वरुप बोर्ड परीक्षा के पेपर को समझने एवं हल करने में विशेष पारंगत हो जाएगे। हिंदी में निबंध पत्र, खंडकाव्य, व्याख्या, संस्कृत भाग, अंग्रेजी में आर्टिकल, पत्र, सेंट्रल आईडिया, तथा पाठ्य पुस्तक के प्रश्नों पर अधिक जोर दें। विज्ञान में न्यूमेरिकल तथा चित्रों पर विशेष ध्यान दें। सामाजिक विज्ञान, भूगोल, इतिहास में मानचित्र का अभ्यास करें एवं कॉमर्स के अध्यनरत छात्रध्छात्राएं बही खाता में प्रैक्टिकल कई बार दोहराएं व्यापारिक संगठन में मुख्य बिंदुओं को जरूर याद करें एवं लिखे। संस्कृत की छात्र-छात्राएं बिल्कुल साफ सुथरा एवं धैर्यपूर्वक लिखें क्योंकि संस्कृत में पूरे के पूरे नंबर प्राप्त होते हैं। छात्र-छात्राओं को समय सारणी बनाकर प्रश्नों के उत्तर लिखने का अभ्यास बार-बार करना चाहिए। जहां प्रश्नों में शब्द सीमा दी गई है वहां विशेष ध्यान देना होगा। परीक्षा में प्रश्नों को कम से कम दो बार पढ़कर समझकर उत्तर लिखने की आवश्यकता है। लेखन शैली सरल, साहित्यिक रूपी क्रमबद्ध, त्रुटिरहित, आकर्षक होनी चाहिए। जहां चित्रों की आवश्यकता हो वह चित्र नामांकित होने चाहिए। याद करने के लिए छात्र-छात्राओं को आपस में एक दूसरे के साथ समूह बनाकर मौखिक उत्तर देकर अभ्यास करें और अधिक से अधिक उत्तर लिखने के पश्चात उनकी अपने अध्यापक से या पुस्तकों से जांच करें कि मैंनें उत्तर कितना सही लिखा है। इससे छात्र-छात्राओं की सोचने समझने की शक्ति का विकास होगा। सभी विषयों के ब्लूप्रिंट के आधार पर अपने प्रश्नों का अभ्यास करें। जो सिलेबस बोर्ड द्वारा दिया गया है। उसे बार-बार अध्ययन करें कि परीक्षा में क्या आएगा? कितना आएगा? उतना ही पढ़े अधिक ना पढ़े। मुझे आशा है कि मेरी इस रणनीति के अनुसार छात्र-छात्राएं अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त कर सकते हैं सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की मनोकामना करता हूं।

## कुंभ से वापस लौटते समय अनियंत्रित कार पलटी



**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** महेवाघाट कोतवाली क्षेत्र के बैरागीपुर चौराहे के करीब कुंभ स्नान करके घर वापस लौटते समय अनियंत्रित होकर कार पलटने से पांच लोग घायल हो गए। मध्य प्रदेश के जबलपुर निवासी विद्यासागर शुक्ला अपने परिवार के साथ कुंभ गए थे शुक्रवार सुबह घर वापस लौटते समय बैरागीपुर चौराहे के करीब कार अनियंत्रित होकर खंभे से टकराकर बगल के गड्ढे में जा पलटी।कार में परिवार के पांच लोग थे जिन्हें हल्की चोटे आई है।जिन्हें प्रथमिक उपचार के बाद चले गए।

## अपना दल एस ने मनाई जन नायक कर्पूरी ठाकुर महाराज की जयंती



**कौशाम्बी।** अपना दल एस जनपद कौशाम्बी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष देवनारायण सिंह पटेल की अध्यक्षता में जन नायक कर्पूरी ठाकुर महाराज की जयंती बड़े ही धूमधाम से जिला कार्यालय मंझनपुर में मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव पंचायत मंच जवाहर लाल सिंह पटेल जी मौजूद रहे संचालन जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ल ने किया कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर जी के चरित्र चित्रण एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए 26 जनवरी को जिला कार्यालय मंझनपुर में ध्वजा रोहण करने के लिए अपील किए कार्यक्रम में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विधि मंच छेड़ी लाल सिंह पटेल जी जिला उपाध्यक्ष शिव सागर सिंह पटेल जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष व्यापार मंच नीरज सिंह पटेल, जिला सचिव संदीप सिंह पटेल, राकेश पटेल, जिला कोषाध्यक्ष सूबेदार सिंह पटेल, समुंदर सिंह पटेल, जीशान वारसी, प्रहलाद सिंह पटेल, डॉ अजमेर पटेल, दिलीप सिंह एडवोकेट, हैदर अली, विधानसभा अध्यक्ष मंझनपुर अश्वनी कुमार सिंह पटेल, लालू राम पटेल, सिराथू अमर सिंह पटेल, चायल आई टी सेल जिला अध्यक्ष शिव भवन सिंह पटेल सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### हथियार की तरह प्रयोग की जा रही कैग रिपोर्ट

दिल्ली सरकार के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के मुद्दे पर कदम खींचने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने संदेह उत्पन्न करने वाला कहा।भाजपा विधायकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि आपको विधानसभा अध्यक्ष को तुरंत रिपोर्ट भेजनी थी। सदन पर इसकी चर्चा करनी थी। विधानसभाध्यक्ष का विशेषाधिकार है विधानसभा सत्र बुलाना। यह सवाल भी किया कि क्या अदालत विधानसभाध्यक्ष को ऐसा करने का निर्देश दे सकती है, जबकि चुनाव नजदीक हैं।हालांकि दिल्ली सरकार के वकील ने आरोप लगाया कि याचिका राजनीति से प्रेरित है, और उपराज्यपाल कार्यालय के रिपोर्ट को सार्वजनिक और समाचार-पत्रों से साझा करने की बात भी उठाई। कैग की रिपोर्ट के अनुसार शराब नीति की वजह से दिल्ली के राजस्व को दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कैग ऑडिट निकाय है, जिसे संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। अनुच्छेद 148 के मुताबिक कैग की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है।यह भारत सरकार तथा राज्य सरकारों के विभागों और मंत्रालयों की पड़ताल करता है। इसकी रिपोर्ट विधानसभा और संसद में रखी जाती है। इसकी रिपोर्ट का असर इतना होता है कि इसके आधार पर 1989 में कांग्रेस सरकार को संयुक्त मोर्चा ने उखाड़ फेंका था। 2010 में स्पैक्ट्रम को लेकर कैग की रिपोर्ट पर 2जी आवंटन में धांधली के चलते सरकार को पौने दो लाख करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ था जिस पर मनमोहन सरकार को सीबीआई जांच का आदेश देना पड़ा था।शराब घोटाले को लेकर आप के वरिष्ठ नेताओं को जेल की सलाखों के पीछे भी रहना पड़ा। हालांकि आम आदमी पार्टी रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए भाजपा पर इसे चुनावी मुद्दा बनाने का आरोप लगा रही है। लेकिन भाजपा ने इसे सुनहरा अवसर मान लपक लिया। हालांकि खुद मोदी सरकार कैग रिपोर्ट को लेकर कभी गंभीर नजर नहीं आई। दूसरे, उसने अन्य संवैधानिक संस्थाओं को कभी उस तरह तवज्जो नहीं दी जैसी परंपरा रही है।उन्हें जानबूझ कर पंगु ही नहीं बनाया जाता रहा है, बल्कि विपक्ष भी उन्हें मुद्दों की तरह प्रयोग करने में विफल नजर आया है परंतु जैसा कि अपने यहां चुवानी दंगल में सब जायज बताया जाता है। कैग की यह रिपोर्ट हथियार की तरह प्रयोग की जा रही है। चुनाव संपन्न होने तक यह मुद्दा गरमाया रहने वाला है।

### सुविचार

जीवन सौन्दर्य से भरपूर है।
इसे देखें, महसूस करें, इसे पूरी तरह से जीएं, और अपने सपनों की पूर्ति के लिए पूरी कोशिश करें।

# कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा की तरह यक्ष प्रश्न है कांग्रेस की इस हालत के जिम्मेदार कौन



अशोक भाटिया

1977 के चुनावों के बाद, कांग्रेस विभाजित हो गई और दो कांग्रेस दल थे, इंदिरा कांग्रेस और रेड्डी कांग्रेस। मूल कांग्रेस रेड्डी कांग्रेस थी। बाद में, रेड्डी कांग्रेस का इंदिरा कांग्रेस में विलय हो गया। इसलिए यहां यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि आज राहुल और सोनिया की कांग्रेस इंदिरा कांग्रेस है। यह पार्टी उनकी निजी संपत्ति नहीं है। केवल गुलामों के लिए अवसर है। सरदार वल्लभभाई, राजेंद्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री, मोरारजी, नरसिम्हा राव, प्रणव दा का इस जगह में कोई स्थान नहीं है। जो चाटुकार हैं वही आज की कांग्रेस की वास्तविकता हैं। तो इस नई इमारत में एकमात्र जगह मनमोहन सिंह थे, वह भी एक कोने में। दूसरी ओर, राहुल बाबा, इस कांग्रेस नामक निजी संपत्ति के एकमात्र ट्रस्टी, किसी भी भारत विरोधी ताकतों के एजेंडे को चलाने में सक्षम हैं। और उन्होंने बांग्लादेश की तर्ज पर तख्तापलट के बाद अराजकता पैदा करने और खुद को प्रधानमंत्री बनाने का वादा किया है। वह इन दिवास्वप्नों को आगे बढ़ाने के लिए डीप स्टेट के प्रवक्ता बन गए हैं।इस एजेंडे में पहला है यहां विभिन्न जातियों को विभाजित करना, यानी हिंदुओं को विभाजित करना और मुसलमानों और ईसाइयों को खलनायक बनाना। नंबर दो भारत के विकास का विरोध करना है। तीसरा राष्ट्र-विरोधी ताकतों को प्रोत्साहित करना है, चाहे वह खालिस्तान हो, नक्सलवाद हो या शहरी माओवादी हों। चौथा, अदालतें, पुलिस, सेना उन सभी के लिए एक नैतिक अहित है और उनके बारे में लोगों में अविश्वास पैदा करती है। यह उतना दुर्भाग्यपूर्ण नहीं है कि कांग्रेस और राहुल गांधी जैसा नेता देश में अराजकता का प्रतीक बन गया है। इंदिरा भवन में अपने भाषण में उन्होंने जो सितारे तोड़े हैं, वे एक माओवादी या अब प्रचलित डीप स्टेट प्रवक्ता के लिए उपयुक्त हैं। जब आरएसएस और भाजपा के साथ लड़ने की बात आती है, तो सबसे पहले यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि यह जॉर्ज सोरस और माओवादियों द्वारा प्रशिक्षित एक अत्यधिक जहरीले वैचारिक बच्चे पप्पू नहीं हैं।इन सितारों के टूटने का अवसर इंदौर में मोहनजी भागवत का बयान था। वास्तव में, सरसंघचालक ने जो कहा वह एक निर्विवाद सत्य है। उनके भाषण में कहीं भी स्वतंत्रता या स्वतंत्रता सेनानियों के अपमान का कोई सवाल ही नहीं था। देश को आजादी मिली, यह किसी राजनीतिक दल की विरासत नहीं है। वह गुलामी का शिकार था। इस प्रकार इस तथ्य को मुखर करने में कोई गलती नहीं थी कि विदेशी गुलामी के कई प्रतीक एक स्वतंत्र देश में खड़े थे जिसने खून, पसीना और आँसू खो दिए थे, उनमें से एक बाबरी मस्जिद थी, जिसे राम मंदिर को नष्ट करके बनाया गया था। इसके लिए बहुत अधिक नैतिक अधिकार की आवश्यकता होती है। आपको निस्वार्थ होने का जीवन जीना होगा और इसे स्थापित करने के लिए अदम्य साहस चाहिए।सोने का एक चम्मच लेकर पैदा हुए और हर दो महीने में विदेश यात्रा करके उपभोक्तावादी संस्कृति में रहते हुए, राहुल गांधी को संघ और संघ के नेतृत्व को समझने के लिए कुछ और जन्म लेने होंगे। अडानी के बहाने भारतीय अर्थव्यवस्था को धमकाने के लिए हिंडनबर्ग की झूठी रिपोर्ट का उपयोग करना देशद्रोह है। सरसंघ संचलाक मोहनजी भागवत जैसे देशभक्त इस देश के ज्योतिषी हैं। आप सरसंघचालक की बात कर सकते हैं क्योंकि स्वयंसेवक धैर्यवान होते हैं और संविधान के अनुसार व्यवहार करते हैं। लेकिन अगर आप ऐसी बात करते रहेंगे तो आपको राजनीति छोड़कर अदालत जाना पड़ेगा। राहुल गांधी को मोहन भागवत जी के भाषण में देशद्रोह दिखाई दिया। वह सरसंघचालक की गिरफ्तारी की बात करने लगे। टीम नेतृत्व को गिरफ्तार करने के लिए कहा गया है। उन्होंने टीम को खत्म करने की शपथ ली है। लेकिन दुर्भाग्य से उसके लिए, टीम समाप्त नहीं हुई है, यह बढ़ी है, यह बढ़ रही है और आज टीम के विचार का प्रभाव हर जगह है, टीम सामाजिक रूप से विविध हो रही है।एक जिम्मेदार विपक्षी दल या सत्ता के लिए बेताब एक राजनीतिक समूह के रूप में, कांग्रेस के नेता वास्तव में खुद को क्या होते देखना चाहते हैं? लेकिन देश ने, देश की जनता ने आत्मनिर्भर भारत को विश्वगुरु के पद पर ले जाने का फैसला कर लिया है। समाज में अपनी विदेशी गुलामी के सभी निशान मिटा देने की आत्म-चेतना है। इसके लिए वो एक ऐसा लीडर ढूंढेगा या तैयार करेगा जो इन आकांक्षाओं को पूरा करे। एक जिम्मेदार विपक्ष और नेता होगा या फिर समाज में प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता को चुनने की क्षमता है। राहुल गांधी को विदेशी शक्तियों का प्रवक्ता बनना बंद कर देना चाहिए।कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा , यह सवाल कांग्रेस के लिए भी बार ङ्क बार उभर कर सामने आता है कि आखिर देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस की दुर्गति का जिम्मेदार कौन है? कई जानकारों के अलावा अब पार्टी के भीतर भी इसके लिए गांधी परिवार को जिम्मेदार माना जा रहा है। यह निष्कर्ष सच तो है, किंतु यही पूरी सच्चाई नहीं। क्या इस संदर्भ में केवल गांधी परिवार को ही दोषारोपित करना उचित होगा? पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में हार के बाद सोनिया गांधी पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष बनी हुई हैं। राहुल गांधी परोक्ष रूप से पार्टी के निर्णायक फैसले ले रहे हैं। तमाम कोशिश के बावजूद प्रियंका गांधी वाड्रा उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति में कोई सुधार नहीं कर पाई। वस्तुत: परिवारवाद कांग्रेस की समस्याओं की जड़ है तो उसके बीज भी पार्टी ने ही बोए थे। इसकी शुरुआत जवाहरलाल नेहरू के दौर में हो गई थी। परिणामस्वरूप विगत साढ़े सात दशकों में एकाध अपवाद को छोड़ दिया जाए तो कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर गांधी परिवार ही काबिज रहा है। इसमें पिछले ढाई दशकों के दौरान पार्टी की राजनीतिक जमीन खिसकती ही गई। ऐसे में प्रश्न उठता है कि क्या नेतृत्व परिवर्तन से ही पार्टी का कायाकल्प संभव है? हाल के वर्षों का राजनीतिक रुझान दर्शाता है कि जहां भी कांग्रेस तीसरे स्थान पर पहुंची, वहां वह दोबारा नहीं उभर पाई। दिल्ली इसका सबसे ताजा उदाहरण है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ ही अब दो ऐसे राज्य हैं, जहां कांग्रेस की अपने दम पर सरकार बची है। राज्यसभा में उसके सदस्यों की संख्या सिमटकर 33 रह गई है। अपने आरंभिक काल में कांग्रेस में विविध विचारधारा वालों के लिए स्थान था। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, महामना मदनमोहन मालवीय, लाला लाजपत राय और गांधीजी, ये सभी भारत की सनातन संस्कृति से प्रेरणा पाते थे। गांधीजी की नृशंस हत्या के बाद जब कांग्रेस पर नेहरू का एकाधिकार हुआ, तो पार्टी के मूल सनातनी और बहुलतावादी चरित्र को धीरे-धीरे हाशिये पर धकेल दिया गया। इसमें रही-सही कसर इंदिरा गांधी ने पूरी कर दी। 1969 में जब कांग्रेस दो फाड़ हुई और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार अल्पमत में आई, तब संसद में उन्हें अपनी सरकार बचाने हेतु 41 सांसदों की आवश्यकता थी। इस कमी को वामपंथियों ने बाहरी समर्थन देकर पूरा किया। इंदिरा ने उन कम्युनिस्टों के सहारे अपनी सरकार बचाई, जिनका अपने उद्भव काल से एकमात्र एजेंडा भारत की सनातन संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली पर प्रहार करना रहा। अपने इसी दर्शन के कारण वामपंथियों ने 1942 के %भारत छोड़ो आंदोलन% में अंग्रेजों के लिए मुखबिरी की। गांधीजी, नेताजी आदि देशभक्तों को अपशब्द कहे। पाकिस्तान के जन्म में मुस्लिम लीग और अंग्रेजों के साथ मिलकर महती भूमिका निभाई। भारतीय स्वतंत्रता को अस्वीकार करके उसे 17 देशों का समूह माना। 1948 में भारतीय सेना के खिलाफ हैदराबाद के जिहादी रजाकरों के साथ, तो 1962 के भारत-चीन युद्ध में वैचारिक समानता के कारण चीन के पक्ष में खड़े रहे। इसके अतिरिक्त, 1967 में लोकतंत्र विरोधी नक्सलवाद को जन्म दिया।जब 1971 के लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी ने प्रचंड बहुमत हासिल किया, तब तमाम वामपंथी न केवल कांग्रेस में शामिल हुए, बल्कि उन्हें शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग सौंपे गए। इसी दौर में कांग्रेस ने अपनी मूल गांधीवादी विचारधारा को वामपंथियों को %आउटसोर्स% कर दिया, जो अब भी उससे केंचुली की भांति चिपकी हुई है। कांग्रेस का सार्वजनिक-व्यवहार उस घिसे-पिटे वामपंथी व्याकरण से निर्धारित हो रहा है, जिसमें उसका भी कोई दृढ़ विश्वास नहीं है। कांग्रेस ऐसा केवल इसलिए करने को विवश है, क्योंकि विचारधारा के मामले में वह पहले ही शून्य हो चुकी है। मैकाले चश्मा पहनी कांग्रेस जाने-अनजाने में तभी से वामपंथियों के साथ मुस्लिम लीग के अधूरे एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। वह चाहे देश पर आपातकाल थोपना हो या शाहबानो मामले में मुस्लिम समाज में सुधार के प्रयासों को रोकना हो, परमाणु परीक्षण का विरोध करना हो या भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताना हो, उनमें कांग्रेस की हिंदू विरोधी और मुस्लिम तुष्टीकरण की मानसिकता प्रत्यक्ष होती है। मानो इतना ही काफी नहीं। 2005-2011 के बीच केवल हिंदुओं को लक्षित करता %सांप्रदायिक एवं लक्ष्य केंद्रित हिंसा निवारण अधिनियम% लाया गया। जेएनयू परिसर में भारत विरोधी नारों का समर्थन करने से लेकर सेना की सर्जिकल स्ट्राइक पर संदेह किया गया। ऐसे अंतहीन उदाहरणों की सूची लंबी है।यदि कांग्रेस के सिकुड़ते जनाधार के लिए केवल गांधी परिवार ही जिम्मेदार है, तो क्या यह सत्य नहीं कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम और सुशील कुमार शिंदे आदि ने %हिंदू/भगवा आतंकवाद% का हौवा खड़ाकर वामपंथी एजेंडे के अनुरूप विमर्श नहीं गढ़ा था? क्या सर्वोच्च न्यायालय में राम मंदिर के खिलाफ पैरवी करने वालों में कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल नहीं थे? क्या स्वदेशी कोविड-19 रोधी टीके की दक्षता पर सवाल उठाने वालों में शशि थरूर जैसे कांग्रेस नेता अग्रणी नहीं थे? %द कश्मीर फाइल्स% का विरोध करते हुए कश्मीरी हिंदुओं के नरसंहार को %प्रोपेगंडा% और हत्याओं के आंकड़ों को %फर्जी% बताने की शुरुआत क्या कांग्रेस की केरल इकाई ने नहीं की? मई 2014 में मिली करारी हार की पड़ताल के लिए गठित एके एंटनी समिति ने भी माना था कि पार्टी की छवि हिंदू विरोधी हो गई है।

## सरोकार

# दलितों को लुभाने के लिए कांग्रेस का नया अभियान- जय बापू, जय भीम



अजय कुमार,लखनऊ

कांग्रेस इन दिनों अपनी खोई हुई सियासी जमीन को दोबारा पाने के लिए जी-जान से जुटी हुई है। वर्षों से सत्ता के केंद्र में रही यह पार्टी, अब देश के हर हिस्से में अपने लिए जगह बनाने की कोशिश कर रही है। इसी क्रम में कांग्रेस ने 'जय बापू, जय भीम और जय संविधान' नामक अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान देशभर में कांग्रेस के लिए एक नई ऊर्जा का माध्यम बन रहा है, जिसका उद्देश्य दलित समाज के बीच अपनी पुरानी पहचान को फिर से स्थापित करना है। इस अभियान का आगाज दिल्ली के सीलमपुर से हुआ, फिर कर्नाटक के बेलगाम में इसकी गूंज सुनाई दी और अब अगला पड़ाव डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू है, जहां 28 जनवरी को एक विशाल जनसभा होने वाली है।

इस अभियान के जरिए कांग्रेस ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं कि वह दलित समाज के दिल और दिमाग में एक बार फिर जगह बनाना चाहती है। आजादी के शुरुआती वर्षों में कांग्रेस दलितों के लिए सबसे बड़ा सियासी मंच हुआ करती थी, लेकिन अस्सी के दशक में बसपा के उदय के बाद यह समीकरण पूरी तरह बदल गया। उत्तर भारत के कई राज्यों में दलित वोट कांग्रेस से खिसककर बसपा की झोली में चले गए। वहीं, पिछले कुछ दशकों में बीजेपी ने भी दलितों के एक बड़े हिस्से को अपने साथ जोड़ने में सफलता हासिल की। 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने आरक्षण और संविधान जैसे मुद्दों के जरिए दलित समाज के बीच नई उम्मीदें जगाई थीं, और अब वह इस विश्वास को और मजबूत करने के लिए मैदान में उतर आई है।कांग्रेस का यह कदम बसपा की राजनीति से प्रेरित नजर आता है। जिस तरह से बसपा ने नीला झंडा, हाथी का निशान




और 'जय भीम' के नारों से अपनी पहचान बनाई थी, उसी राह पर अब कांग्रेस भी चलती दिख रही है। कांग्रेस नेता, जिनमें राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हैं, नीला अंगवस्त्र धारण कर मंच साझा कर रहे हैं और डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीरें मंच की शोभा बढ़ा रही हैं। जय भीम का नारा, जो कभी बसपा की पहचान हुआ करता था, अब कांग्रेस की सभाओं में गूंज रहा है।

डॉ. आंबेडकर की राजनीतिक और सामाजिक विरासत आज केवल दलितों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारत की राजनीति का केंद्र बन चुकी है। दलित समाज के लिए आंबेडकर एक प्रेरणा हैं, एक मसीहा हैं, और कांग्रेस इसे भलीभांति समझती है। यही वजह है कि आंबेडकर के नाम को लेकर कांग्रेस ने एक ठोस रणनीति बनाई है। बीजेपी नेता अमित शाह द्वारा आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाकर बीजेपी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने इस मामले को लेकर न केवल बीजेपी पर निशाना साधा, बल्कि दलित समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की।कांग्रेस का यह अभियान केवल एक राजनीतिक योजना नहीं है, बल्कि एक विचारधारा को फिर से जीवित करने की कोशिश है। यह अभियान उन दलितों तक पहुंचने का प्रयास है, जो मायावती के नेतृत्व में बसपा से निराश होकर अब सपा या बीजेपी के साथ जुड़ गए हैं। कांग्रेस का मानना है कि बसपा की कमजोर होती पकड़ के बाद दलित वोटर्स स्थायी रूप से किसी एक पार्टी से नहीं जुड़े हैं। ऐसे में कांग्रेस के पास मौका है कि वह अपने पुराने कोर वोट बैंक को वापस हासिल कर सके।2024 के लोकसभा चुनावों ने कांग्रेस के इस विश्वास को और मजबूत किया है। इन चुनावों में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने दलित बहुल क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। बीजेपी, जिसने 2014 और 2019 में दलित वोटों पर बड़ा कब्जा जमाया था, इस बार कमजोर पड़ी। सीएसडीएस के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में बीजेपी को केवल 31त्न दलित वोट मिले, जो 2019 के मुकाबले 3त्न कम थे। वहीं, कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने दलित वोटों में बड़ा हिस्सा पाया। इन चुनावों में दलित बहुल 156 लोकसभा सीटों में से 93 सीटें विपक्षी गठबंधन के खाते में गई।देश में दलित समाज की जनसंख्या का महत्व किसी से छिपा नहीं है। 2011 की जनगणना के अनुसार, दलितों की आबादी 17त्न है, जो 20 करोड़ से ज्यादा है। 543 लोकसभा सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं, लेकिन दलितों का सियासी प्रभाव 150 से अधिक सीटों पर देखा जाता है। ऐसे में दलित वोट किसी भी पार्टी के लिए सत्ता तक पहुंचने की कुंजी हो सकते हैं।कांग्रेस के लिए यह समय निर्णायक है। दलित समाज के बीच अपनी खोई हुई जगह को पाने के लिए उसने पूरी ताकत झोंक दी है। इस अभियान के तहत न केवल बड़ी रैलियां और जनसभाएं आयोजित की जा रही हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। 28 जनवरी को महू में होने वाला कार्यक्रम इस अभियान का अहम हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे।

यह साफ है कि कांग्रेस दलितों को लुभाने के लिए पूरी तरह से बसपा की शैली को अपना रही है। इसके तहत पार्टी ने डॉ. आंबेडकर को अपने एजेंडे का केंद्र बनाया है और उनके नाम पर दलित समाज से संवाद स्थापित करने का प्रयास कर रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस का यह प्रयास कितना सफल होता है। लेकिन एक बात तय है, देश के बदलते सियासी परिदृश्य में दलित समाज के लिए कांग्रेस की यह कवायद एक नई सियासी दिशा तय कर सकती है।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### प्रेम बाँटने से बढ़ता है

जिस गुण से आजीविका का निर्वाह
होता हो और जिसकी सभी एक स्वर
से प्रशंसा करते हों, स्वीकार करते हों,
वह निश्चित ही एक सद्गुण ही होगा।
उस गुण को हमें अपने स्वयं के
व सभी के विकास के लिये हर
समय बचाना भी और बढ़ावा भी
देना ही सर्वथा उचित होता है।
अगर हम कोई ऐसी वस्तु या गुण
प्राप्त करना चाहते हैं जो हमारे पास
अभी तक नहीं है तो हमें खुद उसके
लायक़ कार्य भी करना होता है ।
जीवन के छोटे छोटे कदम, छोटे
छोटे विचार व छोटे छोटे कार्य जो
उचित दिशा में लिये या किये जाते हैं
वह बड़ा प्रतिफल देने वाले होते हैं।
हम न हर एक को ख़ुश रख सकते हैं
और न ही जीवन का यह उद्देश्य ही है
पर यह आवश्यक है और यह ध्येय
भी हो कि किसी को दुःखी न करें।
यह निश्चित है कि जब पूरा साहस
किया जाता है तब ताक़त बढ़ती है,
एक साथ ख़ुशी होने से परिवार,
एवं समाज की एकता बढ़ती है।
प्रेम आपस में बाँटने से ही बढ़ता है
और रिश्ते दुरुस्त रहते हैं, जब एक
दूसरे की हृदय से परवाह की जाती है
आदित्य जीवन की गति ही न्यारी है।



कर्नल आदि शंकर मिश्र
आदित्य
लखनऊ

### मन उपवन

मेरे मन उपवन में खिलते हैं
नित नूतन भावों के-कुछ सुरभित फूल,
तो कुछ चुभते शूल।
मैं साक्षी हूँ उन प्रत्येक प्रकाशित
ओ अप्रकाशित भाव सुमन ओ कंटकों की
कभी उदास,कभी निराश
तो कभी भाव विभोर हो जाते हैं
कभी दबी आवाज में प्रकट,
तो कभी मुखर हो जाते हैं।
प्रायः खिल उठते हैं
खट्टे-मीठे एहसासों के फूल
कुछ हँसा- रुला जाते हैं,
तो कुछ सबक सिखा जाते हैं
ज्ञान के फूलों के साथ
कभी-कभार उभर आते हैं अहंकार के शूल
कुम्हलाने लगते हैं तीव्रता से
तब ज्ञान के प्रखर-प्रबुद्ध फूल।
यदा-कदा सिर उठाते हैं कुछ
नन्हे-नन्हे विषय-विकारों के शूल
मुरझाकर धराशायी हो जाते हैं
तब जीवन मूल्यों के कान्त कुसुम।
सभ्य-सुसंस्कृत हूँ, इन कंटकों को
फूलों की भाँति उदभाषित नहीं कर पाती
तब अपने बचाव के लिए चलती हूँ
लेकर आत्म-प्रवंचना की बैसाखी
विलीन नहीं होते इतनी आसानी से,
बस छिपे होते हैं सुंदर फूलों के पीछे
चैतन्य होती हूँ तब चुभते हैं, भेदते हैं,
आत्मग्लानि के शूल।
नित्य अंतस में प्रस्फुटित होते हैं
उसकी वन्दगी के निर्मल सुमन
करती हूँ प्रभु तुझे समर्पित
गुण-अवगुणों से युक्त मेरा यह मन उपवन।



कविता कोठारी
लखनऊ

इन्सान तब तक
सहन करता है जब तक
उसकी सहन करने की क्षमता होती है,
उसके बाद वो ना तो रिश्तों को जरुरी
समझता है और ना तो अपनों को !!

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपका कला और साहित्य में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे। |
| वृष | आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाए अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब होंगे। आज के दिन आप अपनी उर्जा को सही काम में लगायेंगे । जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें किसी संस्था से जुड़कर नाम कमाने का मौका मिलेगा। |
| कर्क | आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। आज कार्यों में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित भी होगा। |
| सिंह | आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं |
| कन्या | आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी को पैसे उधार दिया है, तो वह आज आपको वापस मिल सकता है। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज आप मित्रों के साथ निवेश संबंधी योजना बनाएंगे, जिसमें आपको बहुत ही सोच विचार कर आगे बढ़ना होगा । |
| तुला | आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना है। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। |
| वश्चिक | आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। |
| धनु | आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें । किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा। |
| मकर | आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा।आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको ख़ुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे । |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे । आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें । विद्यार्थियों को आज किसी उलझन से छुटकारा मिलेगा । प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। |
| मीन | आज का दिन खुशियाँ लाने वाला है। समाज में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द ही सफलता मिलेगी। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रूचि बढ़ेगी। |

# लालगंज में एसीजेएम कोर्ट के संचालन का आदेश निर्गत होने पर वकीलों में दिखा जश्न का माहौल

## ▶▶ अधिवक्ताओं तथा विभिन्न संगठनों ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के सकारात्मक प्रयासों को लेकर जताया आभार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सिविल न्यायालय में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेउट की कोर्ट के संचालन को लेकर हाईकोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को यहां वकीलों में खुशी का माहौल दिखा। वहीं जानकारी होने पर बाजार समेत लालगंज अंचल में भी लोगों के चेहरे खिले दिखे। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर तथा दीवानी कैम्पस में एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर न्यायिक एक और सौगात को लेकर खुशी जतायी। लालगंज क्षेत्र में न्यायिक व्यवस्था के सुदृढ़ होने में अधिवक्ताओं तथा विभिन्न संगठनो के लोगों ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के भी लगातार मजबूत प्रयासों को सराहा। अधिवक्ताओं ने राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी का लालगंज क्षेत्र के संसाधनविहीन तथा गरीब तबके के वादकारियों के लिए सुगम न्यायिक व्यवस्था की मजबूती के प्रयासो को लेकर आभार भी जताया। तहसील परिसर में संयुक्त अधिवक्ता संघ की हुई आम सभा में अधिवक्ताओ ने न्यायिक मिशन को मजबूत बनाने के लिए अधिकाधिक कामकाज को लेकर सामूहिक संकल्प भी जताया। अधिवक्ताओं द्वारा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर भी अपनी खुशी का इजहार किया। वही दीवानी परिसर में संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल की अगुवाई में भी वकीलों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर न्यायिक उपलब्धि को लेकर खुशी जतायी। बतादें हाईकोर्ट के हालिया आदेश के तहत अब लालगंज वाहय न्यायालय जूनियर डिवीजन में एसीजेएम कोर्ट का भी जल्द संचालन दिखेगा। इसके लिए न्यायिक मजिस्टेउट की भी तैनाती का आदेश निर्गत हुआ है। अधिवक्ताओं की आम सभा में उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत निराला, अनिल त्रिपाठी, शहजाद अंसारी, संतोष पाण्डेय, देवी प्रसाद मिश्र, रमेश पाण्डेय, पवन पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र मिश्र, कमलेश तिवारी, टीपी यादव, केबी सिंह, रामकिंकर शुक्ल, शिवप्रसाद यादव, कालिका प्रसाद पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

## विधायक ने विद्युतीकरण कार्य का किया निरीक्षक


**लालगंज, प्रतापगढ़।** विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक जीत लाल पटेल ने शुक्रवार को क्षेत्र में चल रहे विद्युतीकरण कार्यो का जायजा लिया। विधायक ने क्षेत्र के चमरूपुर शुक्लान, सिंधौर, शमसेरगंज में चल रहे विद्युतीकरण कार्यो को परखा। उन्होनें कार्यदायी संस्था से गुणवत्तापरक कार्य करने को लेकर सचेत भी किया। इस मौके पर निर्भय प्रताप यादव, तौकीर खान, सलमान, सुभाष जायसवाल, बाल मुकुन्द वर्मा, राबिन पटेल आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार अनियंत्रित होकर गड्ढें में पलटा, जख्मी

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के भरोखन गांव निवासी कुनाल पुत्र स्व लल्ला शुक्रवार को दिन में ९रू०० बजे के आसपास कुछ कार्य से पट्टी आ रहा था। अभी वह भरोखन नहर पुलिया पर पहुंचा था कि अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढें में पलट गई। इससे बाइक चालक को गंभीर चोट आ गई। आनन फानन में आसपास मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचना दिया और घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पट्टी भिजवाया। सीएचसी पट्टी में घायल का इलाज चल रहा है।

# भक्ति धाम मनगढ़ के अलौकिक दृश्य को देख,मंत्रमुग्ध हुए विद्यार्थी

## ● प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नवोदय विद्यालय रायबरेली के छात्र, छात्राओं ने लहराया परचम





**लोकमित्र ब्यूरो**

**घुइसरनाथधाम प्रतापगढ**-पी एम श्री हेरिटेज कार्यक्रम के तहत पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली के नौवीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने भक्ति धाम मनगढ़ पहुंच कर दिव्य और अलौकिक धाम का दर्शन पूजन कर गदगद हो गये।बीते दिवस मंदिर प्रशासन द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन कराया गया था जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली के नौवीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा के बल पर मंदिर प्रशासन का दिल जीत लिया।इस दौरान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।प्रथम स्थान बेबी यादव, आयुषी चौधरी, सृष्टि त्रिपाठी,शिवांश द्विवेदी, द्वितीय स्थान आंचल यादव,योगिता सिंह,आयुष यादव, आयुषी गौतम,अनिमेष, कुमार,तृतीय स्थान भानु प्रताप,रौनक मौर्य,अनुष्का गुप्ता ने प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के शिक्षक हेरिटेज कार्यक्रम के प्रभारी श्री धीरज प्रताप सिंह,मनोज कुमार पांडेय,विनीत कुमार पाठक,पूनम जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के बाद छात्र, छात्राओं ने भक्ति धाम मनगढ का दर्शन पूजन करने के साथ ही वहां के अलौकिक नजारे को देख मंत्रमुग्ध हो गये।यह जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली के प्रवक्ता मनोज कुमार पाण्डेय ने दी।

# विद्युत कर्मियों को सुरक्षा किट व आईडी कार्ड वितरित

## जिम इन्फोटेक कंपनी ने सभी विद्युत उपकेंद्रों पर वितरण किया सामान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रखहा प्रतापगढ़।** विद्युत कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिम इन्फोटेक कंपनी द्वारा सेफ्टी किट व आई कार्ड दिया गया। सुरक्षा किट व आई कार्ड मिलने पर कर्मचारियों ने खुशी जताई है ।शुक्रवार को कंपनी के मैनेजर अमित सिंह विद्युत उपकेंद्र पट्टी नगर व ग्रामीण के अलावा उडैयाडीह आसपुर देवसरा, हरीपुर बरदैता,सदहा,आमापुर, सैदाबाद,करैला, मंगरौरा, तथा ढखवा में कार्यरत विद्युत कर्मचारियों को सेप्टी किट वितरण किया। इसमें, जैकेट,बूट, हेलमेट,टेस्टर,प्लास सहित अन्य सामग्री है। इसके अलावा उन्हें आई कार्ड भी दिया गया।

इस मौके पर पट्टी विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ एसबी प्रसाद,अवर अभियंता जयराज राजपूत ,शैलेश कुमार यादव के अलावा विद्युत कर्मी,रोहित सिंह,गंगा यादव,चंदन शर्मा,राम अभिलाष मौर्य, महेंद्र उपाध्याय, गोविंद पाल आदि मौजूद रहे।

## एडीएम अमित भट्ट के पिता के निधन पर शोक-संवेदना

**प्रतापगढ़।** मूल रूप से जनपद के रहने वाले अलीगढ़ में तैनात एडीएम प्रशासन अमित भट्ट के पिता गोविंद प्रसाद भट्ट का गुरुवार को निधन हो गया। गोविन्द प्रसाद भट्ट शेषपुर, धानापुर कालाकांकर ब्लाक कुंडा तहसील के रहने वाले थे। उनके निधन की खबर से उनके पैतृक जनपद में शोक की लहर फैल गई। 75 वर्षीय गोविंद प्रसाद भट्ट का पार्थिव शरीर प्रयागराज लाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। ,शोक संवेदना व्यक्त करने वाले में पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ,संघ के विभाग कार्यवाह हरीश जी, वरिष्ठ भाजपा नेता के के सिंह,वरिष्ठ अधिवक्ता रवि प्रताप सिंह,राघवेंद्र प्रताप सिंह शासकीय अधिवक्ता,नीरज श्रीवास्तव,कालाकांकर रियासत के मैनेजर डॉ घनश्याम यादव,ग्राम प्रधान कालाकांकर कुंवर मनीष सिंह,अनूप सिंह, मुना सिंह, प्रभात शर्मा,वरिष्ठ पत्रकार अमितेंद्र श्रीवास्तव,डॉ क्षितिज श्रीवास्तव आदि लोगों ने शोक प्रकट करते हुए परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया।

# क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियो को समारोहपूर्वक सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। भागवत समग्र विकास समिति अझारा एवं तारा देवी एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल अझारा में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें तारा देवी क्रिकेट एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आधा दर्जन खिलाड़ियों को मेडल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि रामलोचन त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र ने आयोजन समिति की ओर से खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका हौसला आफजाई किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक सुनीता मिश्रा ने किया। तारा देवी क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक समाजसेवी एवं रिटायर्ड आईएएस रमेशचन्द्र मिश्र तथा गौरव मिश्र एवं रीमा मिश्रा ने कहा कि एकेडमी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को निशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण के साथ ही विशेष छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने किया। क्रिकेट एकेडमी के कोच नारायण मुकेश, हर्ष पाल एवं राज सोनकर ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूनम त्रिपाठी, तारा देवी इंस्टीटयूट एण्ड एजुकेशनल के प्राचार्य डॉ. राहुल सिंह, मौलवी फरजन्द अली कालेज ऑफ लॉ के प्राचार्य शारदा प्रसाद विश्वकर्मा आदि ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## वांछित धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लीलापुर थाने के दरोगा गिरीशधर दुबे शुक्रवार की सुबह पुलिस बल के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिरी सूचना पर वांछित रामअधार वर्मा पुत्र नंदू वर्मा निवासी गोसांई का पुरवा दादू पूरन सिंह को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। एसओ अरूण कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

# पुरस्कार विजेता सुंदरम तिवारी को लोकपाल ने किया सम्मानित




**प्रतापगढ़।** लोकपाल मनरेगा समाज शेखर ने विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार विजेता सुंदरम तिवारी को आज विकास भवन में सम्मानित किया। सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने युवा सामाजिक कार्यकर्ता सुंदरम को बधाई देते हुए अनवरत देश व समाज में उत्रोत्तर प्रगति हेतु एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने की अपील की। ज्ञातव्य हो की गत 12 जनवरी को राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सुंदरम सहित समस्त जनपदो के चयनित युवाओ को विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित किया था। इस अवसर पर युवा अधिवक्ता रवि सिंह व योगी सेना के जिलाध्यक्ष दुर्गेश तिवारी ने भागीदारी करके सुंदरम को बधाई व शुभकामना दी।

## दुष्कर्म व अपहरण के आरोपी को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

**रखहा प्रतापगढ़।** नौ महीने से फरार चल रहे दुष्कर्म, पास्को एवं अपहरण के आरोपी को कधंई पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।कधंई थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी का अपहरण करके दुष्कर्म करने के बाद आरोपी फरार हो गया थाध। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल कर रही थी। शुक्रवार को उप निरीक्षक मिथिलेश चौरसिया ने आरोपी निरंजन कुशवाहा निवासी सरैया बाबू थाना खामपार जनपद देवरिया को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश करके जेल भेज दिया।

# कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत किया गया भारत रत्न से सम्मानित सपाइयों ने मुलायम सिंह यादव पर अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर आज महान समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। बिहार से दो बार मुख्यमंत्री रहे। वह जननायक के नाम से लोकप्रिय थे। भारत सरकार द्वारा उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया गया। कर्पूरी ठाकुर जी नाई समाज से थे। भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद कर्पूरी ठाकुर जी ने अपने गांव के स्कूल में शिक्षक के रूप में काम किया। इस अवसर पर रोहित पाल एडवोकेट व सिद्धार्थ पाल ने समाजवादी पार्टी ज्वाइन करके सदस्यता ग्रहण की।



मुलायम सिंह यादव नेताजी के ऊपर सोशल मीडिया पर राजूदास महंत हनुमानगढ़ी द्वारा अमर्यादित टिप्पणी करके समाज में विद्रोह जैसा माहौल खड़ा करने का कुत्सित प्रयास किया गया। उनके द्वारा अभद्र टिप्पणी करने से नेताजी के करोड़ों-करोड़ों समर्थकों के दिलों को आघात पहुंचा है, जिसकी उपस्थित सभी लोगों ने घोर निंदा की।तत्पश्चात् जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय की अगुवाई में जिलाधिकारीध्पुलिस अधीक्षक महोदय को राजूदास महंत के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके आवश्यक कार्यवाही हेतु सभी समर्थकों के साथ जिला कलेक्ट्रेट में द्वारा प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अनिल यादव, जिला उपाध्यक्ष वासिक खान, राजकुमार यादव, जावेद अख्तर, रमेश पाठक, संदीप यादव, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष मनीष पाल, यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष साजिद अली, महिला सभा अध्यक्ष शान्ति सिंह, छात्र सभा अध्यक्ष सचिन मौर्या, प्रदेश सचिव अधिवक्ता वकार अहमद, लो.वा. महासचिव अनाम अहमद, इमरान खान सभासद, मानवेन्द्र पटेल, सचिन शर्मा, अब्दुल हई, मो.लईक, विकास यादव, सद्दाम अली, रियाजउद्दीन, फैजान अहमद, गौरव मिश्रा, उमेश यादव, चंद्रपाल, आदर्श शुक्ला, हरिश्चंद्र शर्मा, अमित यादव, अजीत यादव, मनराजी पटेल, अंजू सिंह, राजकुमारी सरोज, महेश मौर्या, जुनैद खान, अतुल विश्वकर्मा, तौफीक, प्रदीप यादव, जलाल अहमद अयोध्या प्रसाद यादव सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

## तमंचा संग वांछित धराया, भेजा गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान लूट के मुकदमें में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने मे कामयाबी हासिल की है। कोतवाली के दरोगा राजेन्द्रराम व सुमित कुमार वर्मा पुलिसबल के साथ शुक्रवार को सुबह गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर राजेन्द्र नगर मोड़ के पास से एक वांछित को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ धर दबोचा। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित प्रदीप सिंह पुत्र धारा सिंह निवासी मादामई लालगंज के खिलाफ महेशगंज व लालगंज थानों में लूट समेत अन्य धाराओं मे दो मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

# दशरथ गौतम ब्लाक अध्यक्ष एवं रामसजीवन वर्मा ब्लाक मंत्री निर्वाचित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** गौरा ब्लाक के सैकड़ों सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति में पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार जिला अध्यक्ष बीएल पटेल और जिला मंत्री अनिल कुमार गौतम की उपस्थिति में संवैधानिक तरीके से चुनावध् अधिवेशन कराया गया। जिसमें एडीओ पंचायत पूर्व हरिशंकर पटेल और एडीओ पंचायत वर्तमान प्यारेलाल सरोज की उपस्थिति सराहनीय रही। बीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह का भी पदाधिकारियों को आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

जिला अध्यक्ष बीएल पटेल ने नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ गौतम को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। नव निर्वाचित पदाधिकारीगण द्वारा एडीओ पंचायत को भी माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान बढ़ाया। अंत समय में ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ गौतम ने उपस्थित सैकड़ों सफाई कर्मचारियों को जलपान कराकर स्वागत किया। इस दौरान नवनिर्वाचित कमेटी में दशरथ गौतम ब्लॉक अध्यक्ष, राम सजीवन वर्मा ब्लॉक मंत्री, शंकर लाल गौतम संरक्षक, राम प्रताप गौतम ब्लॉक प्रभारी, राजेंद्र प्रसाद पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेश चंद्र यादव ब्लॉक संगठन मंत्री, गुलाब चंद्र गौतम कोषाध्यक्ष, विजय कुमार सरोज ऑडीटर, केशव प्रसाद गौतम व छोटे लाल गौतम ब्लॉक उपाध्यक्ष, राकेश कुमार यादव मीडिया प्रभारी, विनोद कुमार पटेल प्रचार मंत्री, गुलाब चंद्र विश्वकर्मा संयुक्त मंत्री और शंभू नाथ बिन्द ब्लॉक सलाहकार निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रथम चुनाव अधिकारी के रूप में नागेराव मधुकर जिला प्रभारी एवं द्वितीय चुनाव अधिकारी के रूप में नीलेश कुमार गौतम जिला उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। चुनाव में विद्या देवी, रेखा देवी, सीमा गौतम, मंजू गौतम, सुशीला देवी, विद्या सरोज, किरन देवी, सुशीला देवी,गीता देवी के साथ ही साथ सैकड़ों सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवा कल्याण एवम प्रांतीय रक्षक दल की यू पी एस आर एल प्रतियोगिता आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर विकास खण्ड के ग्रामसभा भोगापुर गजराही में युवा कल्याण एवम प्रांतीय रक्षक दल के संयुक्त तत्त्ववधान में वालीवाल ऊँची कूद लंबी कूद सौ मीटर व दो सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुमित सिंह के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में वालीवाल में नेवादा की टीम प्रथम स्थान पर रही।

सौ मीटर दौड़ सीनियर में दिलशाद ने व सौ मीटर दौड़ जूनियर में स्नेह पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।दो सौ मीटर दौड़ सीनियर में प्रियांशु शुक्ला ने तथा दो सौ मीटर दौड़ जूनियर में प्रथम पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद सीनियर प्रतियोगिता में शिवांश शुक्ला व लम्बी कूद जूनियर प्रतियोगिता में अनिरुद्ध मिश्रा प्रथम स्थान पर रहे। ऊँची कूद सीनियर प्रतियोगिता में आदित्य व ऊँची कूद जूनियर प्रतियोगिता में गोलू शुक्ल प्रथम स्थान पर रहे।

# सही गुणवत्ता और नाप का हकदार है ग्राहक - विनोद सरोज

**● विधायक ने मां गायत्री देवी फिलिंग स्टेशन का किया उद्घाटन**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** पेट्रोल पंप पर सही माप और सही गुणवत्ता की गारंटी देना जहां पंप संचालक की जिम्मेदारी होती है, वहीं ग्राहक भी इसका असली हकदार होता है। उक्त बातें जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने मां गायत्री देवी फिलिंग स्टेशन के उदघाटन अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कही। शुक्रवार को बाबागंज विकाश खंड के झींगुर (शिवाला) में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष कुलदीप पटेल ने नव निर्मित पंप का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद पंप मालिक अरुण मिश्रा और वरुण मिश्रा को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप के व्यवसाय को लोग सम्मान के दृष्टि से देखते है लेकिन इस सम्मान को बचाए रखने में पंप मालिक का विशेष योगदान होता है। नाप तौल और गुणवत्ता अगर ठीक रहती है तो ग्राहक की विश्वशनीयता बनी रहती है जिसकी जिम्मेदारी पंप संचालक की होती है। विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने झींगुर सहित सभी क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए पंप संचालन में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन प्रधान आनंद देव पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल , कांग्रेस नेता करूण पांडेय,छात्र नेता प्रांजल त्रिपाठी, जनसत्ता दल प्रधान महासचिव ब्लाक बाबागंज राजू तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह नरियावां, प्रधान राजापुर सुमित प्रताप सिंह,पप्पू दुबे प्रधान, पूर्व प्रधान राजापुर बबलू यादव,ओमानंद द्विवेदी प्रधान संघ अध्यक्ष बाबागंज, जनसत्ता दल ब्लॉक अध्यक्ष विहार प्रदीप शुक्ला, मानवेन्द्र गुरुजी बाघराय,प्रधान रमेश तिवारी, प्रधान झींगुर प्रतिनिधि दीपक तिवारी, ठेकेदार बबलू पाण्डेय, नूर आलम फारूकी, दीपक शुक्ला कोटेदार, अखिलेश पाण्डेय कोटेदार , ओम प्रकाश मिश्रा, लल्लू तिवारी , दिनेश मिश्र, प्रभात मिश्रा, मयंक तिवारी,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# बेटियों को पढ़ाओ, समाज को जगाओ- हकीम अंसारी

## ● शिक्षा है हर बेटी का अधिकार, बेटियों के हक के लिए एक हो अब संसार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी प्रतापगढ़।** तरुण चेतना द्वारा संचालित बाल अधिकार परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस की पूर्व संध्या पर आजाद बाल विकास केंद्र बहुता में बालिकाओं के साथ जेंडर भेदभाव और बाल विवाह तथा सुरक्षा, सम्मान पर संवाद आयोजित किया गया। इसमें बेटियों ने भी खुल कर अपने विचार रखे। इस अवसर पर हकीम अंसारी ने कहा कि बाल विवाह हमारे समाज के लिए अभिशाप है।

बाल विवाह जैसे को प्रथा को खत्म करने के लिए जागरूक होना आवश्यक है। बेटियों को खूब पढ़ाओ और समाज को जगाओ क्योंकि शिक्षा हर बेटी का अधिकार, बेटियों के हकघ् के लिए एक हो अब संसार,शिक्षा ही जागरुकता की कुंजी है। इससे हमारी बेटियां हर सफ्लता को हासिल कर सकती हैं, यहाँ तक कि जमाने की सोच भी बदल सकती हैं।बाल अधिकार परियोजना के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर अच्छेलाल बिंद ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में नाम कर रही हैं. बेटियों को अपनी आजादी और स्वावलंबन के लिए पढ़ना चाहिए।श्री बिंद ने जोर देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब लिंग आधारित भेदभाव और असमानता का विरोध करें, ताकि बेटियों और महिलाओं को भी जीने का सामान अवसर व वातावरण मिल सके।कार्यक्रम मे श्रीमती शकुंतला ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को अपने अंदर का हिचक दूर करना चाहिए, इससे बेटियां मानसिक रूप से मजबूत होंगी। उन्होंने 1090, 1098,112,1076,1930 हेल्प लाईन के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर माही गुप्ता, गरिमा प्रजापति,पल्लवी,शिवानी गौतम, सुधा, ज्योती, मोनिका,दिक्षा, रिचा,शांती,आर्या पांडेय, सेजल, निधी, लक्ष्मी सोनी,त्रिशा सोनी, प्रिया, प्रियंका, सुप्रिया, सैकड़ों की संख्या में बेटियां उपस्थित रही।

# जनवरी माह आंवले के पौधों के लिये बेहत महत्वपूर्ण, रखे इसका ध्यान

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने कृषक भाईयों से कहा कि जनवरी का महीना आंवले के पौधों के लिये बहुत महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में कृषक बन्धु देर से पकने वाली किस्मों में फ्लों की तुड़ाई एवं विपणन का कार्य पूर्ण कर लें। नवीन बागों में थालों की निराई, गुड़ाई तथा आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। फ्लत वाले पौधों में फ्ल तुड़ाई के उपरान्त 500 ग्राम नत्रजन, 500 ग्राम सिंगल सुपर फास्फेट तथा म्यूरेट आफ पोटाश 475 ग्राम तथा सड़ी गोबर की खाद 20 किग्रा0 पौधों की जड़ से 1 से 1.5 मीटर दूरी पर रिंग बनाकर देना चाहिये। यदि उसरीली मिट्टी है तो 200 से 250 ग्राम जिंक सल्फेट प्रति पौध की दर से देना चाहिये, पौधों के लिये लाभदायक होता है। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी कटरा रोड में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# जलवायु परिवर्तन मानवता के लिए खतरा - निरंजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकप्रिय जनहित सेवा संस्थान और पानी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में लालगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत मादी पुर और अमावां में जलवायु परिवर्तन विषय पर जागरूकता ह बैठक का आयोजन किया गया. जिसमे जलवायु परिवर्तन के कारण और इसके संकट से उबरने के लिए तरीकों पर चर्चा हुई जिसके उपरांत ग्राम पंचायत में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। सचिव निरंजन प्रकाश तिवारी ने लोगों को जागरूक करते हुए जलवायु परिवर्तन से होने वाली हानियों से अवगत कराया और मानवता के लिए खतरा बताया साथ ही जलवायु परिवर्तन के कारणों की पहचान करके उसके विरुद्ध काम करने की जानकारी दी। लोगों से अनावश्यक रूप से पानी को बहाने और जल को बचाने के बाबत आव्हान किया गया, संस्थान की कार्यकर्ता सुनीता और सरिता ने बताया कि तालाबों का सुंदरीकरण और ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर हम पर्यावरण के संतुलन को ठीक कर सकते हैं

उन्होंने मौसम के अनुरूप कृषि प्रणाली अपनाकर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को काम करने के लिए कहा है। इस मौके पर दोनों ग्राम पंचायत की पंचायत सचिव नारी संघ की महिलाये महिला किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।

# माँ कुन्ती देवी महिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान सराय सुल्तानी में 28 जनवरी को लगेगा रोजगार मेला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के द्वारा दिनांक 28 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से माँ कुन्ती देवी महिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान सराय सुल्तानी रानीगंज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की 07 कम्पनियों द्वारा टेक्नीशियन, सेल्स एग्जीक्यूटिव, आफिस असिस्टेंट/टेलीकॉलर, इन्श्योरेन्स एडवाइजर, एफ एंड बी सर्विस असिस्टेंट, एरिया आफिसर व आपरेटर टेऊनी के विभिन्न पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ आई0डी0, मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। आनलाइन पंजीयन के लिये सबसे पहले रोजगार संगम पोर्टल को अपने ब्राउजर में खोले। इसके बाद साइन अप/लागिन मेन्यू में जाकर जॉबसीकर आप्शन का चयन करें। जॉब सीकर आप्शन पर क्लिक करने के उपरान्त साइन अप पेज दिखाई देगा। इस पेज पर समस्त वांछित सूचनायें भरनी है। रजिस्टर फॅार में दो ऑपशंस मिलेगें, पहला कैम्पस स्टूडेन्ट और दूसरा जनरल जॉब सीकर का है, अगर वर्तमान समय में किसी कैम्पस, इन्स्टीट्यूट या यूनिवर्सिटी के अंतिम वर्ष के छात्र है तो कैम्पस स्टूडेन्ट ऑप्शन सेलेक्ट करना है। यदि पास आउट है तो जनरल जॉब सीकर आप्शन सेलेक्ट करना है। यहां से अपनी समस्त सूचनायें जैसे पर्सनल डिटेल, परमानेन्ट एड्रेस, फिजिकल डीटेल्स, करियर प्रोफाइल, एजुकेशनल क्वालीफिकेशन, एक्सपीरियंस, लैंग्वेज और स्किल आदि भरेगें। एक्सपीरियंस भरने के लिये न्यू एक्सपीरियंस बटन पर क्लिक करना होगा। समस्त डॉक्यूमेन्ट अपलोड करने है। प्रिन्ट रजिस्टेऊशन कार्ड बटन पर क्लिक करके आप अपना जॉब कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर रिज्यूम बनाने की सुविधा भी दी गई है। अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल तवरहंतेंदहंउण्नचण्हवअण्पद पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है।

# दादी-भतीजे को पीटने में चार नामजद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** कुंडा कोतवाली के टिकरिया बुजुर्ग गांव निवासी शांति देवी पत्नी राधेश्याम ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 19 जनवरी को शाम करीब चार बजे विवादित जमीन पर परिवार के ही कुछ लोग जबरिया निर्माण करा रहे थे। मना करने पर वह लोग गालियां देते हुए लात-घूंसों लोहे की रॉड से पीटने लगे। शोर सुनकर उसको बचाने दौड़े भतीजे संदीप पर भी जानलेवा हमला कर दिया। आसपास के लोग भी पहुंचे तो वे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता शांति देवी की तहरीर पर पुलिस ने राम नरेश उसके बेटे सत्यम वर्मा, शिवम वर्मा, सुन्दरम वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# शासन के निर्देश पर मानिकपुर पीएचसी का होगा उच्चीकरण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** नगर पंचायत मानिकपुर में चार दशक पहले बनाए गए जर्जर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के दिन बहुरने वाले हैं। शासन ने मामले को संज्ञान लेकर उच्चीकृत करने का निर्णय लिया है। शासन के निर्देश पर सीएमओ ने सीएचसी अधीक्षक से बिन्दुवार रिपोर्ट मांगी है, जिससे शासन को भेजकर स्वीकृति कराई जा सके। वर्ष 1885 की स्थापित नगर पंचायत मानिकपुर स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर महज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना चार दशक पहले हुई थी। स्वास्थ्य सेवाएं भी यहां की राम भरोसे ही हैं। चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल ने पीएचसी को सीएचसी बनाए जाने का प्रस्ताव बनाकर भाजपा नेताओं के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजा। मामले को संज्ञान में लेकर 12 दिसम्बर को निदेशक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने सीएमओ को पत्र लिखकर रिपोर्ट मांगी। सीएमओ ने 22 जनवरी को सीएचसी अधीक्षक कालाकांकर को पत्र भेजकर 11 बिन्दुओं पर रिपोर्ट मांगी है।

जिसमें आदर्श नगर पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जनसंख्या कितनी है। कितनी जनसंख्या को स्वास्थ्य केंद्र का लाभ मिलेगा। मानिकपुर पीएचसी के निकट कितनी दूरी पर पीएचसी, सीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटर संचालित है। ऐसी ही 11 बिन्दुओं की जानकारी मांगी गई है। नगरवासियों को उम्मीद है कि इस रिपोर्ट के बाद जल्द ही पीएचसी का उच्चीकरण कराया जाएगा और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

## भूमिधरी जमीन से एसडीएम रानीगंज ने हटवाया अवैध कब्जा



**बीरापुर प्रतापगढ।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के बीरापुर निवासी राजेंद्र प्रसाद चतुर्वेदी ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया था कि उनकी भूमिधरी जमीन गांव के ही मौसिम अली ने जबरन कब्जा कर रखा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम के आदेश पर राजस्व निरीक्षक सुरेश पांडे लेखपाल ओमप्रकाश गुप्ता पुलिस बल के साथ अस्थाई सामान, खूंटा हौदा,उपली,लकड़ी, ईट आदि को हटवाया। जमीन में बह रही नाली को भी बंद करवाया। चौकी प्रभारी प्रभांशु राय,एस आई विशाल निषाद हेड कांस्टेबल राजेश यादव सहित गांव के अनेक लोग मौजूद रहे!

# बालिका दिवस पर नवजात बच्चियों को बांटे उपहार



**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला महिला अस्पताल में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर रीना प्रसाद और एंटी रोमियो प्रभारी प्रीति कटियार ने नवजात बच्चियों को गुब्बारे और खिलौने बांटे। उपहार पाने वाली माताएं खुश नजर आई।

# कर्पूरी ठाकुर ने अपना जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया- राजेन्द्र पाल जयंती पर उनके कृत्यों की हुई चर्चा, किया गया याद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**अपना दल एस के तत्वाधान में आज सामाजिक न्याय के पुरोधा भारत रत्न जननायक पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती संस्कार गार्डन में मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक जिला अध्यक्ष महिला मंच संगीता पटेल एवं मुख्य अतिथि राजेंद्र पाल राष्ट्रीय सलाहकार अपना दल एस जी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि राजेंद्र पाल जी ने कर्पूरी ठाकुर जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज बड़े गर्व का दिन है। भारत के इतिहास में कर्पूरी ठाकुर जी का योगदान स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। वह ऐसे जननायक थे जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के उत्थान में समर्पित कर दिया। आज की युवा पीढ़ी को कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व से शिक्षा लेनी चाहिए जिला अध्यक्ष महिला मंचसंगीता पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि कर्पूरी ठाकुर समाज के सच्चे पुरोधा थे। उनके योगदान और समर्पण को निरंतर याद किया जाएगा। उनका योगदान समाज के प्रति अतुलनीय था। उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर हम सभी को चलना चाहिए। कार्यक्रम के पश्चात अपना दल एस जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल के बड़े भाई के आकस्मिक निधन और श्रवण पटेल जी के माता जी के निधन पर 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।इस मौके पर मुस्ताक अहमद, विजय सिंह , ज्ञानेन्द्र पटेल जीत लाल पटेल, शिव मौर्य ,कमलेश पटेल, अनारकली ,रामखेलावन ,सुदामासिंह ,विनीता सिंह ,पिंकी पटेल, आलोक त्रिपाठी, केशव राज, विजय , रामू , श्रीराम ,भैया राम पटेल ,रामचंद्र पटेल ,प्रमोद पटेल ज्ञान प्रकाश विश्वकर्मा ,कृष्ण कुमार ,राम प्यारे ,आदि लोग मौजूद रहे।

# व्यवसायिक प्रतिष्ठान से क्षेत्रवासियों को मिलेगी सुविधा - जीतलाल पटेल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़।** क्षेत्र के रामपुर भेडियानी मे नवनिर्मित एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने कहा कि कोई भी कार्य ईमानदारी से किया जाए तो सेवा का रूप ले लेता है। हम सब का परम कर्तव्य है कि व्यवसाय के साथ ग्राहको की संतुष्टि भी आवश्यक है और इस जगह पर निश्चित रूप से इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। भाजपा नेता स्वामीनाथ शुक्ल ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण व्यवसाय ही सबके हित मे होता है। विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल ने कहा कि इस प्रतिष्ठान क्षेत्र के लोगो के लिए सुविधाजनक व सरल होगा । भाजपा नेता डा आशुतोष त्रिपाठी ने सभी उपस्थित जनो से प्रतिष्ठान को सहयोग देने की अपील की। इसके पूर्व सुन्दर कांड का पाठ तथा सत्य नारायण की कथा के साथ प्रसाद वितरण किया गया। संचालन सतीश चंद्र पाण्डेय बलराम ने किया, और सभी अतिथियों का आभार भाजपा नेता पं श्याम शंकर पाण्डेय ने किया । कार्यक्रम मे प्रमोद सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष, जय भगवान पाण्डेय ,अरुण शुक्ल अजय मिश्रा %प्रचारक कुण्डा जिला %हौसला प्रसाद ओझा,सोमनाथ मिश्र शिवनारायण पाण्डेय, कृष्ण देव शुक्ल ,रामबदन तिवारी, विनोद कुमार मिश्र ,ओम प्रकाश तिवारी , शिव मूरत तिवारी ,शिव त्रिपुरारी पाण्डेय, उमेश पाण्डेय ,अनिल कुमार शुक्ल, अनिल मिश्र, रवि पांडेय, बड़े लाल शुक्ल, नन्हे उपाध्याय आदि भारी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी (ए0एस0डी0ओ0 प्रथम) महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 टी201902570301477
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन केशवराम आदि बनाम धीरेन्द्र कुमार आदि
बनाम
1/1. शशि उम्र 65 वर्ष विधवा धीरेन्द्र कुमार 1/2. पीयूष कुमार उर्फ रवि कुमार उम्र 40 वर्ष 1/3. प्रतीक कुमार उम्र 38 वर्ष 1/4. आशीष कुमार उर्फ आदर्श उम्र 31 वर्ष सुतगण धीरेन्द्र कुमार समस्त निवासीगण ग्राम पूरे भैया पो0 पूरे माधव सिंह पर0तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 27.01.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 27.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 17 महोदय प्रतापगढ़
न0मु0 157/2021
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन लक्ष्मीनारायन आदि बनाम रामकुमार आदि
बनाम
1. रामकुमार 2. राम नरेश सुतगण रामगरीब 3. हरिकेश 4. बिकेश 5. सतीश सुतगण राम गनेश 6. गुड्डा देवी विधवा राम गनेश 7. श्यामलाल 8. रामलाल सुतगण खेलारी 9. सोना देवी विधवा खलाही समस्त निवासीगण ग्राम सण्डवा चन्द्रिका (जूड़ापुर) पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 03.03.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 03.03.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
प्रतापगढ़ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, प्रतापगढ़
ई–निविदा सूचना
पत्रांकः–88 / 95सी / ईटेण्डरिंग / प्र0फ0वृ0 / 2024 दिनांकः– 09.01.2025
महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से, अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़ वृत्त, लो.नि.वि., प्रतापगढ़, द्वारा उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्रम सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य +जी0एस0टी0 + स्टेशनरी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | फतेहपुर | हुसेनगंज असनी मार्ग (अ0जि0मा0) के किमी0–1 में हुसेनगंज आबादी भाग में विशेष मरम्मत का कार्य। | 108.45 | 7.42 | कुल रू0 2714.00 | 5 माह |
| 2 | फतेहपुर | थरियांव असोथर मार्ग घासीपुर निर्मल नगर सम्पर्क मार्ग में विशेष मरम्मत का कार्य। | 50.50 | 4.53 | कुल रू0 2714.00 | 2 माह |
| 3 | फतेहपुर | कठेरवां से बैरमपुर मानपुर बदले का पुरवा महोई मार्ग में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 41.00 | 4.05 | कुल रू0 2714.00 | 2 माह |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा दिनांक–27.01.2025 से 07.02.2025 तक उपलब्ध है, जो दिनांक–07.02.2025 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक–07.02.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।
निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है एवं तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।
(अनिल कुमार शील)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
फतेहपुर
(एस0के0 गौतम)
अधीक्षण अभियन्ता
प्रतापगढ़ वृत्त, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़
वास्ते महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0
www.upgov.nic,in
R.O.No.-227033 Date-23/01/2025

माननीय सिविल जज (वरीय कोटि) द्वितीय न्यायालय, धनबाद
मुल वाद संख्या 338/2023
अजय सिंह... वादी
बनाम
कामिनी सिंह एवं अन्य .. प्रतिवादीगण
कोर्ट नोटिस
सेवा में,
घनश्याम गिरी, गर्ल्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन, चकवार, प्रतापगढ़, निवासी कटरा गुलाब सिंह परगनातहसील सदर, जिला प्रतापगढ़ यूपी 176 061
एतद द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी ने उपरोक्त वाद मेरे न्यायालय में दाखिल किया है तथा न्यायालय के प्यादा द्वारा एवं डाक द्वारा आपलोगों की उपस्थिति हेतु सम्मन भेजा जा चूका है परन्तु इसके बावजूद आप मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए है।
अतः इस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक को 28.02.2025 अपराह्न 10.30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित जवाब दाखिल करे अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध उपरोक्त वाद की कार्यवाही एकपक्षीय की जाएगी। इसे ताकीद जानें।
आज दिनांक .......... को न्यायालय के ह0 तथा मुहर से निर्गत किया गया।
सिविल जज वरीय कोटि, द्वितीय, धनबाद

सूचना
मैं सशपथ बयान करती हूँ कि आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम गुप्ता विटोला श्याम लाल उर्फ विजय भारती है जबकि सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया लक्ष्मणपुर के खाते में मेरा नाम विजय भारती पुत्री श्याम लाल हो गया है जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम गुप्ता विटोला श्यामलाल उर्फ विजय भारती ही है। मुझे इसी नाम से जाना जाय।
गुप्ता विटोला श्यामलाल उर्फ
विजय भारती
निवासी -ग्राम-डीहमेंहदी,पोश्र-बाबूगंज,
जिला- प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र आकाश कुमार सरोज मेरे कहने सुनने में नहीं है उसने चोरी छिपे प्रिया सरोज पुत्री राजेन्द्र सरोज से प्रेम विवाह कर लिया और उसी के साथ कहीं बाहर रहने लगा । घर आने पर वह मुझे मेरे माता और पिता को गाली देता है मार पीट करता है उसकी आदत खराब हो गई है । उसके अनुचित कृत्य से मेरी सामाजिक छवि खराब होती है ऐसी दशा में मैंने अपने पुत्र आकाश कुमार सरोज और उसकी पत्नी प्रिया सरोज पुत्री राजेन्द्र सरोज को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके किसी भी वैध अवैध कार्य व्यवहार आचरण लेन देन के प्रति मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
दिनेश कुमार सरोज
पुत्र राम सुन्दर सरोज
निवासी ग्राम सूबेदार का पुरवा
बझान थाना अंतू तहसील सदर
जिला प्रतापगढ़।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# मंडलायुक्त ने मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए दिए आवश्यक निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में मौनी अमावस्या एवं महाकुंभ मेले की तैयारी के संबंध में बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें मंडलायुक्त ने सभी विभागों को सतर्कता से कार्य करते हुए मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।बैठक में मंडलायुक्त ने गत बैठक की कार्यवृतियों पर चर्चा करते हुए अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराए। परिक्रमा मार्ग में रैम्प की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए फिसलन नहीं होनी चाहिए तथा सड़कों व परिक्रमा मार्ग पर छुट्टा पशु नहीं रहने चाहिए। कहा कि संबंधित अधिकारी व उप जिलाधिकारी संयुक्त रूप से निरीक्षण करें। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि थानों, रेलवे स्टेशनों, होर्डिंग एरिया एवं कंट्रोल रूम में मेडिकल टीम के साथ पर्याप्त मात्रा में दवाई भी उपलब्ध है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि पंचायत भवन जो आन रोड बनाए गए हैं, उनमें प्रकाश व सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निर्देशित किया कि शिवरामपुर, कर्वी स्टेशनों पर टैंकरों के माध्यम से भी पानी की व्यवस्था करें। एआरटीओ यातायात से कहा कि ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए तथा भीड़-भाड़ को देखते हुए डायवर्जन भी सुनिश्चित करें। पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बादा अजय कुमार सिंह ने सभी को निर्देशित किया कि मौनी अमावस्या व महाकुंभ मेले को सभी सकुशल सम्पन्न कराए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सड़कों पर साईनेज ब्लिंकर बोर्ड चिन्हित स्थलों पर लगाए, जो कोहरे जैसे मौसम की खराब स्थिति में काम आते है। होल्डिंग एरिया में फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था होनी चाहिए तथा कोई भी दुर्घटना नहीं होनी चाहिए।पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जो पोस्ट बनाए गए हैं, वहां पर सीसीटीवी कैमरे एवं ड्युटिया भी लगाई गई है। सात यूपी 112 गाड़ी निर्धारित स्थलों पर लगाई गई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अगरहुंडा ने पुरवां तरौहां को हराकर जीता मैच

**चित्रकूट ब्यूरो-**सदर तहसील अंतर्गत पुरवा तरौहां गांव में चल रहे मां कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें संस्करण का अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबला शुक्रवार को अगरहुंडा और पुरवा तरौहां टीम के बीच खेला गया। जिसमें अगरहुंडा ने छह विकेट से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पुरवा तरौहां टीम को अगरहुंडा की टीम ने मात्र 59 रन के स्कोर में ऑल आउट कर दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अगरहुंडा की टीम ने आसानी से सातवें ओवर में छह विकेट से इस मुकाबले को जीत लिया। इस मौके पर कल्लू वर्मा, राम अवस्थी, मेराज सिद्दीकी, पुष्पेंद्र यादव, मुलायम वर्मा, शिवम निषाद, ओमशंकर, अभिषेक द्विवेदी, अंकुर त्रिवेदी, अजय यादव, ललित त्रिपाठी, पवन मिश्रा, शरीफ खान, गौरव मिश्रा, फूलचंद्र, रामप्रकाश यादव, अनिल वर्मा, सत्यनाराण, इब्रान हसन, जानकीशरण पांडेय, पवन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जनपद के प्रभारी मंत्री ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर वितरित किए प्रमाण पत्र



**चित्रकूट ब्यूरो-** प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री व प्रदेश के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी का वितरण किया गया। साथ ही अन्य विभागों के लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्रों व चेक का वितरण किया गया।कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश दिवस का 75वां दिवस मनाया जा रहा है, 1950 में उत्तर प्रदेश नाम रखा गया था। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है, हवाई अड्डे, ब्रिज आदि का कार्य किया जा रहा है, जो बीते 65 वर्षों में नहीं हो पाए। प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी की सरकार में सभी सुरक्षित हैं, गुंडो को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 2024-25 में आवास प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को चाबी वितरण किया गया। दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन सूकरू, बिहारी, जौहरी, परदेसी, कामता, कृषि यंत्र के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर चयनित कृषक रविंद्र कुमार, आध्यात्मिक फार्मर प्रोड्यूसर (एफपीओ), भूमि संरक्षण विभाग द्वारा खेत तालाब योजना में चयनित कृषक रामविलास देवराज, संत गोपाल, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह सावित्री देवी, रेणु देवी, शिव देवी, रामादेवी, ममता देवी, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लाभान्वित स्वयं सहायता समूह को 15,25,00,000 रुपये फंड का वितरण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में सीता देवी, मंजू देवी आदि को किया गया। मनरेगा द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों दशरथ प्रसाद, लवलेश कुमार, उद्यान विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषक बदलू प्रसाद, शिवसहाय, बिंदेश्वरी, सीता शरण आदि को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। इस मौके पर पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष ललितपुर कैलाश नारायण निरंजन, सुरेश अनुरागी, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# स्वावलम्बी बनने के लिए छात्राओं को किया प्रेरित

**चित्रकूट ब्यूरो-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा के निर्देशन में ''राष्ट्रीय बालिका दिवस'' के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिवरामपुर एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर की बेसिक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट की छात्राओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शिवरामपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की छात्राओं को सशक्त बनाने व उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने व समाज में अपनी भूमिका से बदलाव लाने के उ द्देश्य से प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विभिन्न कार्यक्रम कराए गए। इन कार्यक्रमों में विजेता छात्राओं को डायट प्राचार्य डॉ आदर्श त्रिपाठी ने मेडल व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया।

# मंदाकिनी पुनर्जीवन अभियान के तहत जल प्रहरियों ने की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-**मंदाकिनी नदी पुनर्जीवन अभियान के तत्वावधान में चित्रकूटधाम के जल प्रहरियों ने कर्वी से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित बंधोइन चेक डैम पर बैठक कर नहर विभाग के अधिशासी अभियंता एवं अवर अभियंता को स्थलीय निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया।बैठक में मंदाकिनी की अविरल धारा को बरकरार रखने के लिए बंधोइन चेक डैम के स्थान से 50 फुट आगे पर नदी की तलहटी से फाटक युक्त नया बैराज बनाने की चर्चा हुई।

साथ ही बरसात के मौसम में बाढ़ के समय दो या तीन बार बैराज के फाटक खोलने और शेष दिनों में गेट का कुछ हिस्सा खुला रहने की बात हुई। अधिशाषी अभियंता ने उपस्थित जल प्रहरियों डॉ एसपी त्रिपाठी, वैज्ञानिक अश्विनी श्रीवास्तव, अभिमन्यु भाई, डॉ मनोज द्विवेदी, स्थानीय सभासद विनोद कुमार गुप्ता, डॉ. नामदेव, बलबीर सिंह के समक्ष पुराने चेकडैम का अवलोकन कर सभी के विचारों को बारीकी से सुना और सहमति जताई कि मंदाकिनी की सफाई अति आवश्यक है। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल प्रहरी जिलाधिकारी से मिलकर मंदाकिनी की वेदना को समझाने का प्रयास करेंगे।

# कार्य न करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सेवा से करें बाहर- डीएम



**चित्रकूट ब्यूरो-** जिला स्वास्थ्य समिति साशी निकाय की बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी से शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य सम्बन्धी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कार्य न करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के ऊपर कार्यवाही करने व सेवा से निकालने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड डाटा को देखा एवं निर्देशित किया कि जहां पर जनसंख्या ज्यादा है, वहां पर प्राथमिकता के साथ कार्ड बनाएं। साथ ही वृद्धाश्रम, रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर रहने वाले 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के भी प्राथमिकता के आधार पर कार्ड बनाएं।

सिजेरियन के संबंध में कहा कि सिजेरियन जिला अस्पताल, सीएससी व पीएचसी में होनी चाहिए, रेफर न करें। उन्होंने जिला कार्यक्रम को निर्देशित किया कि नियमित रूप से सैम-मैम बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी में भर्ती कराए, अन्यथा सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी का वेतन रोक दिया जाएगा। सीएमओ को निर्देशित किया कि जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखे की ग्राम प्रधानों से वार्ता कर जो कार्य है, उसे कराए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी में दवाओ की उपलब्धता रहनी चाहिए। कहा कि जिन उप केन्द्र पर विद्युत की व्यवस्था नहीं है, वहां पर अधिशासी अभियंता विद्युत से समन्वय बनाकर निस्तारण कराए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक मऊ ने बताया कि कुछ आशाएं महिलाओं को सरकारी अस्पताल में न भेजकर प्राइवेट अस्पताल में भेजती है। जिस पर डीएम ने कहा कि काम न करने वाली आशाओं को चिन्हित कर सूची बनाकर उन्हें सेवा से निकालने की प्रक्रिया प्रारंभ करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रसव लाभार्थियों का समय से भुगतान कराएं। एसएनसीयू आउटकम स्थिति के बारे में नवंबर-दिसंबर में हुई बच्चों की मृत्यु के संबंध में कहा कि गलत रिपोर्ट पाए जाने पर संबंधित डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने एनसीपीएस की कार्यप्रगति ठीक न पाए जाने पर सीएमओ को निर्देशित किया कि मैटरनिटी कंसलटेंट अरुण कुमार को कारण बताओं नोटिस जारी करें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर पात्रों को वितरित किए गए उपहार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन राजकीय इन्टर कालेज के परिसर में किया गया जिसमें जनपद के लगभग सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे तथा कंबल, प्रशंसा पत्र, स्वीकृति पत्र सहित लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ दिए गए तथा नवजात बेटियों के लिए केक काटकर उनको उपहार दिए गए।

उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उर्वरक श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि सामाजिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण राज्य है। उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश जिसने देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री दिए तो वहीं लोकसभा में 80 सांसद का योगदान देता है। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन हमारे लिए गौरवशाली और समृद्धि का प्रतीक है। 76 वर्ष पूर्व 24 जनवरी 1950 को संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश किया गया था। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश भारत का हृदय है जो अपनी प्राचीन धरोहरों और प्रभावशाली संस्कृति के कारण दुनिया भर में प्रसिद्ध है। उन्होंने सूरदास, तुलसीदास, मलिक मोहम्मद जायसी, विष्णु शर्मा, प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, भारतेंदु हरिश्चंद्र, महादेवी वर्मा, हरिवंश राय बच्चन, भगवती चरण वर्मा जैसे उल्लेखनीय कवियों और साहित्यकारों की जन्मस्थली है जिनकी अमर कृतियों ने हिंदी साहित्य को फलने फूलने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्तमान में प्रयागराज में चल रहे हैं महाकुंभ मेले में देश-विदेश के करोड़ो श्रद्धालुओं का आगमन इस राज्य देश की आर्थिक और सामाजिक संस्कृति की प्रगति महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस अवसर पर विधायकगण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन राजेन्द्र तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, संयुक्त आयुक्त उद्योग विरेन्द्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपा ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की जयंती



**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में समाजवादी नेता भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने से हुआ। इस अवसर पर कर्पूरी ठाकुर के राजनीतिक और सामाजिक जीवन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सादगी एवं उच्च विचार के प्रतिमूर्ति थे। वक्ताओं ने आगे कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में समाजवादी विचारधारा के साथ ब्रिटिश हुकूमत को छात्र जीवन से ही चुनौती देना प्रारंभ कर दिया था। वक्ताओं ने ये भी कहा कि देश की आजादी के बाद आचार्य नरेंद्र देव, जयप्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया जैसे समाजवादी नेताओं के सान्निध्य में रहकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया। बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़ी जाति के आरक्षण को सरकारी नौकरियों में लागू करा ने में बड़ी भूमिका निभाई। कर्पूरी ठाकुर के संघर्ष की चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गरीब परिवार में पैदा होकर समाज के विघटनकारी एवं सामंतवादी ताकतों से आजीवन लड़ते हुए मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे। गोष्ठी में पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, प्रदेश सचिव दामोदर प्रसाद मौर्या, आशीष यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, कीर्ति कोल, मुन्नी यादव, राजेश भारती, रोहित शुक्ला लल्लू, संतोष गोयल, झल्लू यादव, सतीश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# नवागंतुक जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने संभाला कार्यभार

**चित्रकूट ब्यूरो-** नवागंतुक जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर जिले के निवासी एचजेएस राकेश कुमार त्रिपाठी ने न्यायिक सेवा की शुरूआत वर्ष 2013 में देवरिया जिले से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने बरेली और सुल्तानपुर में न्यायिक सेवाएं दी। सुल्तानपुर और मथुरा में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी के रूप में सेवाएं देने के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उन्हें चित्रकूट का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाकर भेजा है। शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय रखते हुए वादकारियों को कम समय में न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**पत्रांक :–** **दिनांक :–**

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज द्वारा द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. में क्लास 'ए', 'बी', 'सी' में पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका **"टी–2"** का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2

| क्र.स. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कौशाम्बी | मनौरी सराय अकिल कौशाम्बी से धरमपुर वाया कनैली मार्ग पर 6.00 मीटर स्पान की आर0सी0सी0 सेतु का निर्माण कार्य | 49.00 | 4.45 | Tender cost 300+ 2000/- stationery charge+GST= 2714.00 | 06 माह | ए.बी,सी |

3 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम–7 में दर्शायी गयी है।

4 वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है।

5 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक **27.01.2025 से 10.02.2025** को **मध्यान्ह 12:00** बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। आन लाइन बिड दिनांक **10.02.2025 को दोपहर 12:00 बजे** या इससे पूर्व ई–निविदा **http://etender.up.nic.in** पर शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस–7–2020–176 (सा0) /06 दिनांक 25.08.2020 के अनुपालन में प्रहरी एप http://wms.uppwd.gov.in/Prahari के माध्यम से अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाय एवं आनलाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक **10.02.2025 को दोपहर 12:30 बजे** खोली जायेगी।

6 इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट **(DSC)** नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव्ड एजेंसी से प्राप्त कर सकते है।

(दयाशंकर)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
कौशाम्बी

अधीक्षण अभियन्ता
प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0
प्रयागराज

**www.upgov.nic,in**
**R.O.No.-227132 Date-23/01/2025**



## कार्यालय ग्राम पंचायत भगवतपुर विकास खण्ड चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

**पंत्राक : मेमो/निविदा/2024–25** **दिनांक 24.01.2025**

**निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत भगवतपुर द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 28.01.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 24.01.2025 से 28.01.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रक्कलन की धनराशि (लाख में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जगदेव के दरवाजे से कारीडांडी सम्पर्क मार्ग तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य। | 7.32 लाख | 14640 | 500 |

निविदा शर्तेः–
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत भगवतपुर**
**वि0ख0–कर्वी, चित्रकूट**

**ग्रा0पं0अधि0/ग्रा0वि0अधि0**
**ग्राम पंचायत भगवतपुर**
**वि0ख0–कर्वी, चित्रकूट**


# विशेष स्नान तिथियों के लिए निजी अस्पताल का किया गया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** महाकुंभ को दृष्टि में रखते हुए राजकीय चिकित्सालयों के साथ ही निजी चिकित्सालयों को तैयार रखने के क्रम में उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चंद ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय के निकट स्थित कृष्णा हास्पिटल का निरीक्षण किया। ब्लड बैंक सहित उपलब्ध अन्य सुविधाओं को देखा तथा विशेषज्ञों के सुझाव के अनुसार अन्य आवश्यक सुविधाओं और जीवन रक्षक अन्य दवाओं की व्यवस्था के निर्देश दिए।

# मंडलीय चिकित्सालय में 24 घंटे पैथोलॉजी सुविधा प्रारम्भ



**मीरजापुर।** केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने मंडलीय चिकित्सालय में नया पैथोलॉजी केंद्र, रैन बसेरा और 45 शैय्या के स्पेशल वार्ड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नए पैथोलॉजी केंद्र से मरीजों को चौबीसों घंटे सेवायें मिल सकेंगी जबकि पहले ये सुविधा मात्र आठ घंटे ही उपलब्ध थी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार कृतसंकल्पित है कि मरीजों को उत्तम से उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। इसी क्रम में मेडिकल कालेज की स्थापना हुई, मण्डलीय चिकित्सालय को मेडिकल कालेज के अधीन किया गया और अब लक्ष्य है कि मेडिकल कालेज स्तर की स्वास्थ्य सुविधा मिले और वो कार्य निरंतर चल रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि सरकार की ओर से पूरा प्रयास है हर विशेषज्ञ डाक्टर यहां हों किन्तु डाक्टरों की कमी के कारण डाक्टर यहां के लिए मिल नहीं रहे हैं जबकि अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. संजीव सिंह ने बताया कि पैथोलॉजी केंद्र के साथ ही रैन बसेरे की स्थापना रोगियों के तीमारदारों के लिए की गयी हैं तथा 45 शैय्या का एक वार्ड कुम्भ मेला को देखते हुए किया गया है। उक्त अवसर पर अधीक्षक डा. सुनील सिंह, डा. एस एस श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत रायबरेली में ''संकल्प नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सेवा केंद्र'' का किया गया उद्घाटन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एनटीपीसी लिमिटेड ने अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत समाज के उत्थान और स्वास्थ्य सुधार के प्रति अपने समर्पण को आगे बढ़ाते हुए रायबरेली में ''संकल्प नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सेवा केंद्र'' का शुभारंभ किया। यह केंद्र एनटीपीसी लिमिटेड और सोसाइटी फॉर वॉलंटरी एक्शन एंड रिसर्च (स्वर) के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।इस नशा मुक्ति केंद्र का उद्घाटन रायबरेली के अपर जिलाधिकारी विशाल कुमार यादव ने किया। इस विशेष अवसर पर एनटीपीसी ऊंचाहार की मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा, जीवन ज्योति अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मधु सिंह, और स्वर के अध्यक्ष मनोज शुक्ला समेत कई गणमान्य अतिथि और संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।15 बिस्तरों वाले



इस नशा मुक्ति केंद्र का मुख्य उद्देश्य नशा पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क इलाज प्रदान करना और उन्हें एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। यह परियोजना बारह महीनों की अवधि में संचालित की जाएगी और इसका फोकस रायबरेली जिले के लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और उनकी जीवन गुणवत्ता को उन्नत करना है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विशाल कुमार यादव ने कहा, ''एनटीपीसी का यह प्रयास समाज के लिए एक अनुकरणीय कदम है। नशा मुक्ति के क्षेत्र में यह केंद्र जरूरतमंदों को मदद देकर उनका जीवन बेहतर बनाएगा।''एनटीपीसी की मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, ''हमारा लक्ष्य सिर्फ बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि हम समाज के कल्याण के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

यह केंद्र नशा पीड़ित व्यक्तियों को एक नई राह दिखाने में सहायक होगा।''केंद्र में विशेष रूप से प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी और परामर्शदाता नशा पीड़ितों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त, समुदाय में जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे, ताकि नशा मुक्ति के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाया जा सके। यह पहल एनटीपीसी की उस व्यापक दृष्टि का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी समाज के हर वर्ग के कल्याण और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देती है।

# सामाजिक बदलाव के प्रणेता थे जननायक कर्पूरी ठाकुर-इं0 वीरेन्द्र यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी चिन्तक, स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन कर उनके जीवन दर्शन, व्यक्तित्व पर वक्ताओं द्वारा चर्चाकर मनायी गयी। जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होनें किसानों को राहत देते हुए मालगुजारी टैक्स बंद करवा दिया, मैट्रिक स्तर पर पढ़ाई मुफ्त, युवाओं को रोजगार देने की प्रतिबद्धता के तहत कैंप लगाकर एक साथ हजारों युवाओं को बड़े पैमाने पर नौकरी दिया। कर्पूरी ठाकुर बेहद ईमानदार, दृढ़निश्चयी, सामाजिक बदलाव के प्रणेता, लोकप्रिय जननायक थे। उन्होनें डा0 लोहिया जय प्रकाश नारायण की अगुवाई में राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया। कर्पूरी ठाकुर आजीवन अन्याय, असमानता के विरूद्ध संघर्षरत रहे। उन्होनें राजनैतिक



जीवन में शिष्टाचार एवं मर्यादा का पालन किया। वरिष्ठ नेता डा0 शशिकांत शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर ने शिक्षा को आमजनों तक पहुंचाया एवं हिन्दी की अनिवार्यता सरकारी कार्यों में किया। उन्होनें पिछड़ों, दलितों, शोषितों एवं वंचितों के अधिकार एवं न्याय के लिए कुशलता पूर्वक आवाज उठाई।उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर के कार्यों, विचारों एवं नीतियों पर चलकर ही समता मूलक समाज की स्थापना की जा सकती है उनके सिद्धांत सदैव प्रेरणादायी रहेंगे।विचार गोष्ठी का संचालन महासचिव मो0 अरशद खान ने किया। इस अवसर पर संदीप शुक्ला, दिनेश यादव, डा0 जावेद, सुरजीत सिंह, मो0 हसनैन, आलोक यादव, रज्जू खान, शिव बरन यादव, मो0 मुशीर, राजेश मौर्या, पुत्तन सिंह यादव, जगदेव यादव, राकेश कुमार, राम खेलावन प्रजापति, अरविन्द संजय, अखिलेश बब्लू आदि ने भी कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन पर चर्चा किया।इस अवसर पर विनोद यादव, नरेन्द्र प्रधान, शिव बहादुर लोधी, राजेन्द्र बहादुर, जसवन्त प्रधान, बलराम राना, अवतार सिंह मोंगा, शिवम एडवोकेट, राज कुमार पाण्डेय, देवतादीन आदि अनेको लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेसी नेता अतुल सिंह द्वारा किया गया पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** विधानसभा ऊंचाहार के ऊंचाहार नगर में कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमेठी सांसद के.एल शर्मा ने पत्रकार बंधुओ को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया व समाचार पत्र वितरकों को कम्बल वितरित किया। मुख्य अतिथि ने कहा आज पत्रकारों का सम्मान करते हुए बड़े गर्व की अनुभूति हो रही है,पत्रकार भाइयों का देश के विकास में बड़ा योगदान है। गांव की छोटी-छोटी जनसमस्याएं पत्रकार उठाते रहते हैं। इसके बाद कांग्रेस पिछड़ा वर्ग द्वारा आयोजित जय बापू-जय भीम,जय मंडल-जय



संविधान कार्यक्रम को श्री शर्मा जी ने सम्बोधित किया। श्री शर्मा ने कहा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाये गए संविधान को बचाने के लिए राहुल गाँधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं,हम सभी को राहुल गाँधी के हांथों को मजबूत करना है। पत्रकार सम्मान समारोह के आयोजक अतुल सिंह ने कहा कि पत्रकार बंधु समाज का आइना होते है,पत्रकार बन्धु निडर व निर्भीक होकर समाज की सेवा कर रहे हैं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी,जिला उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री,जिला उपाध्यक्ष निर्मल शुक्ल,समन्वयक रोहित सिंह,विधानसभा प्रभारी महेश प्रसाद शर्मा,राम कुमार सिंह,शम्भू पाल,शैलेन्द्र सिंह,अनिरुद्ध दीक्षित,ओम प्रकाश पाल,रामदत्त पांडेय,आनंद तिवारी,विनोद मौर्या,सतेन्द्र सिंह,देवनाथ पाल,रामदेव पाल,मनीष गौतम,महानंद पांडेय,फूलचंद्र जायसवाल,रामखेलावन पासी,सदाशिव लोधी आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल ने विद्यालय की बालिकाओं को इस दिन के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें उपहार दिये। इसी क्रम में विद्यालय के शिक्षक रमाशंकर पाठक ने बच्चों को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की जरूरत कब और क्यों महसूस की गई। इसके संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन की शुरुआत भारत सरकार ने 2008 में की। इसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया।



बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य लड़कियों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है।कार्यक्रम के इसी क्रम में प्रधानाचार्य जी ने अपने संबोधन में कहा कि 24 जनवरी 1966 को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। एक बेटी के देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होने पर इस खास दिन को बेटियों के नाम समर्पित करते हुए हर साल 24 जनवरी का दिन राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने इसके मनाए जाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं की प्रगति हेतु प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाए जा रहे 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसे अभियानों का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिन बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ लड़कियों के प्रति समाज में समानता लाने के उद्देश्य की भी पूर्ति करता है।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर उ0प्र0 दिवस-2025 का आयोजन प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित किया गया, राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अवध शिल्पग्राम, शहीदपथ, लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मा0 उपराष्ट्रपति भारत गणराज्य जगदीप धनकड़ व विशिष्ट अतिथि के रूप में मा0 राज्यपाल उ0प्र0 आनंदीबेन पटेल एवं मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रतिभाग कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जनपद में जीआईसी ग्राउंड में उ0प्र0 दिवस-2025 के जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ''विकास एवं विरासत पथ पर उत्तर प्रदेश'' थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मा0 राज्यमंत्री (कारागार) उ0प्र0 सरकार सुरेश राही, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, अपर



जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) अमृता सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया, इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई तथा जनपद रायबरेली पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें रायबरेली के ऐतिहासिक, पौराणिक व सांस्कृतिक विरासत को दिखाया गया।इसके पश्चात लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा मा0 अतिथिगणों के उद्बोधन को सुना गया। कार्यक्रम में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, धनराशि के डमी चेक एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये तथा यूपी बोर्ड कक्षा 10 व 12 की जनपद की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हैं, उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का उद्देश्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत करना कि उत्तर प्रदेश ने विगत एक वर्षों में क्या उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा आज उत्तर प्रदेश विकास व विरासत के पथ पर आगे बढ़ रहा है। ''उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश'' बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज के आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में जो भी प्रस्तुति दी गयी वह संदेश देने वाली थी कि कैसे उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनेगा। बच्चों के अन्दर की प्रतिभा को निखारने के लिये मंच प्रदान किया जा रहा है, जिसमें उनकी प्रतिभा को निखारा जा सके। आज स्कूलों में अच्छा माहौल है, मूलभूत सुविधाएं बेहतर है जिसमें बच्चों को गुत्ता पूर्ण शिक्षा मिल रही है। आइये हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में अपना योगदान दें।इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अरविन्द कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश चन्द्र मिश्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शीवेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी सहित संबंधित अधिकारीगण, विभिन्न विभागों के योजनाओं के लाभार्थीगण व जनसामान्य उपस्थित रहें।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, रायबरेली।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज में प्रार्थना सभा के पश्चात् 'राष्ट्रीय बालिका दिवस'के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस भारत में हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत महिला एवं बाल विकास, भारत सरकार ने 2008 में की थी। इस दिन विद्यालय , एन जी ओ, अस्पतालों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें सेव द गर्ल चाइल्ड, चाइल्ड सेक्स रेशियो, और बालिकाओ के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण बनाने सहित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है हर साल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय राष्ट्रीय बालिका





दिवस की थीम तय करती है। साल 2024 बालिका दिवस की थीम 'भविष्य के लिए लड़कियों का दृष्टिकोण' थी । वहीं राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है, 'सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तीकरण'जिसके तहत बच्चियों को खूब पढ़ना है और उन बुलंदियों को छूना है जहां कोई नहीं पहुंच सका। साथ ही अपने माता - पिता अपने स्कूल अपने शिक्षकों का सिर फक्र से ऊंचा रखना है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक नाट्य का मंचन किया जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि देश की लड़कियां भी आज लड़कों से कम नहीं है। इसी कड़ी में विद्यालय की छात्राओं को बालिका दिवस के अवसर पर डिजिटल बोर्ड के माध्यम से जागरूक करने के लिए विभिन्न महिला शख्सियतों की उपलब्धियों को दिखाकर जागरूक किया गया और महिला सशक्तिकरण की उपयोगिता को बताया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर विद्यालय की बच्चियों ने पोस्टर स्लोगन व कोटेशन के माध्यम से सभी को जागरूक करने का संदेश दिया।

# पिता की पुण्यतिथि पर बच्चों को दिया पाठ्य सामग्री, पुण्यतिथि पर लोगों ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज नगर के समाजसेवी और वरिष्ठ पत्रकार रहे प्रेम त्रिपाठी की पुण्यतिथि शुक्रवार को बड़े ही श्रद्धा के साथमनाई गई। लालगंज क्षेत्र के जूनियर विद्यालय उगाभाद के बच्चों को स्वर्गीय प्रेम त्रिपाठी के पुत्र अतुल त्रिपाठी और शिक्षिका आकांक्षा ने पाठ्य सामग्री का वितरण किया। पाठ्य सामग्री और उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।वरिष्ठ पत्रकार स्व.प्रेमचंद्र त्रिपाठी की तृतीय पुण्य तिथि पर बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करते हुए अतुल त्रिपाठी ने कहा कि उनके पिता शिक्षा को बहुत महत्व देते थे। वह



जरूरतमंदो की सदैव मदद करते थे। उनकी समाजसेवाओं को लोग आज भी याद करते हैं। वह सदैव दूसरों की मदद के लिए तैयार रहते थे। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयो में पढ़ने वाले बच्चों मे प्रतिभा की कोई कमी नही है। सही दिशा मिलने पर वह मनचाही सफलता प्राप्त कर सकते हैं।पाठ्य सामग्री मिलने पर बच्चे चहक उठे। इस मौके पर शिक्षक अमरनाथ, जितेंद्र साहू, हरिओम, शरीफ मुकेश, रंजना मिश्रा आदि मौजूद रहे। वही श्रद्धेय प्रेम त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर पत्रकार संघ अध्यक्ष सुशील शुक्ला, अशोक शुक्ला, अनंत विजय सिंह, मोहम्मद याकूब ,चंदन त्रिवेदी, उमेश सिंह, विकास तिवारी ,रामबाबू गुप्ता, शीतला गुप्ता, शशि राज पटेल,रणविजय सिंह, शिवम गुप्ता,यशपाल सिंह, सहित व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ,रोहित सोनी, मृत्युंजय बाजपेई, अप्पू शर्मा, पुष्कर गुप्ता आदि ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मीना मंच बेसिक शिक्षा द्वारा जनपद मुख्यालय पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

**रायबरेली।** 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मीना मंच के बैनर तले जनपद मुख्यालय पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय किला बालिका के सभागार में बालिकाओं के बीच राष्ट्रीय बालिका दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बालिका शिक्षा रिसोर्स पर्सन प्रभारी मीना मंच एस.एस पाण्डेय ने बताया कि जनपद के सभी पूर्व माध्यमिक एवं कंपोजिट तथा केजीबीवी में बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह के दिशा निर्देश पर मीना मंच का गठन किया गया है। उन्होंने





कहा कि आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के सशक्तिकरण उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं जागरूक बनाने के साथ-साथ बाल विवाह एवं दहेज प्रथा तथा कन्या भ्रूण हत्या रोकने , सभी हेल्पलाइन नंबर और सेल्फ एस्टीम के अलावा उनके जीवन कौशल विकास शिक्षा के बारे में श्री पांडेय द्वारा विधिवत जानकारी दी गई। जनपद मुख्यालय पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय किला बालिका में डॉ शांति अकेला प्रधानाध्यापिका के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बालिकाओं का उत्साह बढ़ाया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ आशीष तिवारी, सपना द्विवेदी, ज्योत्सना गुप्ता, प्रियंका श्रीवास्तव, जागृति नेहा और कन्हैयालाल उपस्थित रहे। अंत में प्रतियोगिता की प्रतिभागी बालिकाओं बेबी लक्ष्मी ,सुनैना , इकरा बानो तथा खान फलक को पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पावर एंजेल इकरा बानो द्वारा किया गया।

# कांग्रेस पार्टी अपने संविधान, सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है:केएल शर्मा





**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** ऊंचाहार ब्लाक के आइमा जहानिया में ''जय बापू-जय भीम-जय संविधान'' अभियान के तहत पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद अमेठी के.एल.शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने संविधान, सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। वर्ष 2014 से संविधान पर लगातार मोदी सरकार द्वारा हमला किया जा रहा है, आरक्षण नीतियों को कमजोर कर दलित, पिछड़े वर्ग और जनजातियों को निशाना बनाया जा रहा है, हाथरस और रोहित वेमुला की मौत ने मोदी सरकार द्वारा किये गये जातीय उत्पीड़न को उजागर किया है। माननीय सांसद ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के हत्यारे का महिमा-मंडित किया जा रहा है, गांधीवादी आदर्शो और संस्थानों को व्यवस्थित रुप से कमजोर किया जा रहा है।कार्यक्रम के आयोजक ओम प्रकाश पाल चेयरमैन जिला पिछड़ा वर्ग विभाग ने उपस्थित कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त करते हुए संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।कार्यवाहक कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि बीजेपी सरकार द्वारा चुनावी नियमों में हेरफेर के लिए बदलाव किए जा रहे है, विपक्षी दलों के नेतृत्व वाले राज्यों के लिए धन रोक दिया गया है, देश की जनता का पैसा राज्य सरकारों को गिराने के लिए उपयोग किया जा रहा है।कांग्रेस कार्यवाहक जिला प्रवक्ता महताब आलम ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी जी की विरासत और संविधान की रक्षा को ध्यान में रखते हुए 26 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2026 के बीच पूरे एक वर्ष आन्दोलन चलाएगी। संविधान बचाओं-राष्ट्रीय पदयात्रा गांव-गांव और कस्बे-कस्बे में रिले प्रारूप में आयोजित की जाएगी।''जय बापू-जय भीम-जय संविधान'' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई, जिसमें प्रमुख रुप से फिरोज खान, अतुल सिंह, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, शिवकरन तिवारी, महेश प्रसाद शर्मा, कुसुमलता रावत, अनुरूद्ध दीक्षित, शम्भूशरण पाल, साजू नकवी, ज्योति प्रसाद पासी, दल बहादुर सिंह, केदारनाथ सिंह, महावीर प्रसाद, कृष्णमूर्ति शुक्ला, सदाशिव वर्मा, तेज बहादुर सिंह, चन्द्र प्रकाश, श्रीमती नूरूल निशा, आनंद पाण्डेय, मनीष कुमार, फूलचन्द्र वर्मा, सुशील कुमार मौर्य, राधेश्याम यादव, जयकरन पाल, बुधई पाल, दीपक यादव, सर्वेश कुमार यादव, रामरतन, यशोदा, डी.एन.पाल सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता रहे स्व दिलीप गुप्ता की तेरहवीं में लोगों ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय दिलीप गुप्ता की तेरहवीं में उनके पैत्रक आवास सेवनपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह, शिव कैलाश तिवारी, सुशील शुक्ला, सरकारी बैंक के डायरेक्टर अनुभव कक्कड़, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी, अशोक सिंह, रामकुमार मिश्र , शिवराज वर्मा,रामबाबू गुप्ता आदि लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि जहां भारतीय जनता पार्टी ने एक कर्मठ कार्यकर्ता



खो दिया है वहीं समाज ने भी एक उत्कृष्ट किस्म के समाजसेवी को खो दिया है। उनके निधन से समाज को गहरी क्षति पहुंची है।

# नालियाँ गंदगी से पटीं, जिम्मेदार मौन

## लेड़ियारी बाजार से नीबी, गोड़ा मार्ग पर बनाई गई नाली ध्वस्त



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** लेड़ियारी बाजार नीबी गोड़ा मार्ग आरसीसी सड़क के किनारे नाली तो बनाई गई लेकिन पूरी तरह से न बनने से निकले वाला घरों का गंदा पानी राजमार्ग पर बहने से आने - जाने वाले छात्र - छात्राओं और राहगीरों को दिक्कत उठानी पड़ रही है । शिकायत के बावजूद जिम्मेदार मौन होने से लोगों को परेशानी हो रही है ।

सात वर्ष पूर्व ग्राम प्रधान के द्वारा लेड़ियारी के नीबी गोड़ा मार्ग में एक तरफ नाली का निर्माण कार्य कराया गया था । लेकिन उसमें मानक के अनुरूप कार्य नहीं होने से जगह-जगह ध्वस्त हो गया । जिससे घरों का निकलने वाला कूड़ा करकट से पट जाने पर घरों से निकलने वाला गंदा पानी मार्ग पर बह रहा है । वहीं जिम्मेदार ढक्कन लगाना भूल गए । नहीं तो यह समस्या नहीं उठानी पड़ती । भरे हुए गंदा पानी से लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। इस दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप से पीड़ित हैं।लेड़ियारी बाजार से चार दशक वर्ष बीत जाने के बाद भी यह समस्या बनी हुई है । राजमार्ग पर समूचे बस्ती के पास एक तरफ नाली बनाई गई थी । जिससे अक्सर गिरकर चोटहिल हो जाते है । वहीं घर से निकले वाला गंदा पानी पूरे बाजार मे बदबू आती है । राहगीर आने जाने वाले मुंह ढ़क से किसी तरह निकल जाते है । लेकिन वहीं रहने वाले का जीना दूभर हो गया है । जबकि नाली में ढक्कन नहीं होने से बाइक सवार इसमें गिरने से गंभीर अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है । वहीं कई जगहों पर लोग कूड़ा कचरा डालकर पाट दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है ।आरसीसी तो पीडब्ल्यूडी के तहत बनाई गई है ।

और नाली ग्राम पंचायत लेड़ियारी के पूर्व प्रधान नाली का निर्माण कार्य कराया गया था। जगह-जगह अधूरा छोड़ कर कराया गया था । जिससे बरसात व घरों का गंदा पानी भरा हुआ है। नाली में ढक्कन न होने के कारण जहां एक तरफ दुकानदार व ग्राहकों को दुकान में आने में समस्या हो रही है । वहीं दुर्घटना का शिकार लोग हो रहे हैं । नाली खुली होने के कारण उसमें बह रहे गंदा पानी की दुर्गंध से भी लोग परेशान हैं । स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही हैं । लेड़ियारी के चंद्रिका प्रसाद केशरवानी, अंगूरा देवी, कमलेश गुप्ता, संगीता देवी रवि सिंह ग्राम प्रधान लेड़ियारी ने बताया कि लेड़ियारी में सड़क के किनारे बनाई गई नाली खुली होने से लोगों को परेशानी हो रही है । लेकिन जिम्मेदार पूरी तरह से उदासीन बने हुए हैं । लेड़ियारी बाजार में बने शिव मंदिर के पास गंदा पानी मार्ग पर बह रहा है । जबकि इस मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ों लोग शिव जी के प्रवित्र महिने में दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए आते - आते हैं । लेकिन इस गंदे पानी से गुजरना लोगों को मजबूर होना पड़ रहा है । सड़क की चौड़ाई अन्य स्थानों की अपेक्षा पहले से ही कम कर दी गई । वहीं दूसरी तरफ जहां नाली का निर्माण पूरा हो गया वहां पर स्थानीय लोगों द्वारा नाली में कूड़ा कचरा डालकर पाटकर कब्जा करके अतिक्रमण किया जा रहा है । इससे आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है ।

नाली निर्माण के बाद उसको खुला छोड़ देने से लगातार समस्या हो रही है । लोग गिरकर चोटहिल हो रहे है । जबकि नाली में गंदा पानी भरे होने से दिक्कत उठानी पड़ रही है ।
**चंद्रिका प्रसाद केशरवानी लेड़ियारी**

खुली नाली होने के कारण ग्राहकों को दुकान में आने में बड़ी समस्या हो रही है । जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं । घरों का निकलने वाला गंदा पानी घरों में प्रवेश होने से परेशान हो रही है।
**कमलेश गुप्ता लेड़ियारी**

ढक्कन न लगने के कारण नाली में जमा गंदा पानी बदबू दे रहा है । इससे ग्राहकों को भी समस्या हो रही है । सबसे ज्यादा मुसीबत इस नाली का गंदा भरे होने दिक्क़त हो रही है । घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इसके चलते घर में बच्चे बीमार है।
**अंगूरा देवी लेड़ियारी**

चार वर्ष पूर्व से ज्यादा समय से नाली का निर्माण किया गया है । लेकिन अभी तक समूचे बस्ती में नाली खुली होने से सबसे ज्यादा बाइक सवार व राहगीरों को परेशानी हो रही है । आए दिन लोग चोटहिल होने से समस्या बनी हुई है ।
**ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह**

नीबी गोड़ा मार्ग शिव मंदिर के पास नाली का पानी भरा हुआ है। जिससे सड़क तक बिखरें हुए हैं। इस गंदगी से घरों से बाहर बैठना मुश्किल है। वहीं इस गंदे पानी से मच्छरों के प्रकोप से दिक्कत उठानी पड़ रही है। जबकि कई बार तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र देने के बावजूद किसी ने ध्यान नहीं दिया।
**संगीता देवी लेड़ियारी**

# अस्पताल की दशा बदतर, न डॉक्टर न सुविधा




**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी( प्रयागराज )।** केंद्र व प्रदेश सरकार भले ही स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था वेतन , सफाई और मरम्मत के लिए प्रति माह लाखों रुपये देती है । लेकिन अस्पतालों की दशा बदतर बनी हुई हैं । न दवा न ही कोई डॉक्टर सुविधाओं का भी अभाव है । लेड़ियारी नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 25 दिसंबर 2016 से बिना डाक्टर के चल रहा है । जिसकी कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत के बाद 12 नवंबर 2017 को एक चिकित्साधिकारी नियुक्ति की गई थी । लेकिन आज तक इस केंद्र पर कभी डॉक्टर नहीं आए ।

जिससे स्थानीय लोग चिकित्सा के लिए परेशान हैं । यहां एक सीचएए , फार्मासिस्ट शिव सिंह एक वार्ड ब्वॉय व एक स्वीपर, एक एलए , एक एलडी के पद हैं । लेकिन तैनात न होने से अस्पताल बेकार साबित हो रहा है ।बता दे की इस स्वास्थ्य केंद्र में न तो कोई चहारदीवारी है हैंडपंप तो दो वर्ष पूर्व लगाएं गये है। जबकि आज तक चहरी न बनाएं जाने से चारों ओर पानी का दुर्गंध बना रहता है। जिससे पानी दूषित होने से इस अस्पताल में आते मरीजों को पीने का पानी दूर - दराज जाने से मजबूर होना पड़ता है। जिसकी अस्पताल जानवरों का चारागाह बना हुआ है । लापर क्षेत्र में अधिकांश गरीब तबके के लोग रहते हैं । किंतु डॉक्टर के नहीं आने तथा पानी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है।

फर्मासिस्ट शिव सिंह , वार्ड ब्वॉय प्रदीप कुमार पांडेय और एलडी कृष्ण कुमार कुशवाहा के भरोसे यह तीन बेड का अस्पताल चल रहा है । फार्मासिस्ट आते हैं लेकिन कभी कोरांव तो कभी प्रयागराज ड्यूटी लगा दी जाती है।

आयुर्वैदिक फार्मेसी की नियुक्ति 12 नवंबर 2017 को किया गया था । लेकिन वह भी अस्पताल से नदारद चल रहे हैं । अस्पताल तीन बेड का बना हुआ है । लेकिन बेड पर आज तक गड्डे नहीं दिखाई दिए` । वर्ष 2003 में लाखों रुपए की लागत से पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह ने बनवाई थी। बने अस्पताल में डॉक्टर के होने के कारण मरीजों को नीम हकीमों को सहारा लेना पड़ता है । अस्पताल की फर्श में भी कई जगह उखड़ गई है । ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए बेकार पड़े लेड़ियारी नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य की मरम्मत करने के साथ डॉक्टर की नियुक्ति करने की मांग की है । अस्पताल के बगल में बने एएनएम सेंटर में साथ कमरे हैं । जिसमें से एक में बीएचडब्लू लालती मौर्या रहती है । लेकिन वह भी कभी कोरांव तो कभी प्रशिक्षण में रहती है । सात कमरे खाली पड़े हैं । जिसमे पड़ोस के लोगों ने ऊपरी , लकड़ी , भूसा , और अन्य सामान रख लिया है । सेटर में न तो बाउंड्री है और न ही और हैंडपंप कूड़े का ढेर लगा है ।

# मिट्टी ने बिगाड़ा काम, वरना मिल रहे अच्छे दाम

## सीजन देखकर बदलती रहती है कुम्हार के चाक की गति



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** कुम्हार के चाक की गति हमेशा सीजन देखकर बदलती रहती है। कभी धीमी चलने वाली चाक कभी इस कदर रफ्तार पकड़ती है कि एक दिन में एक से दो हजार के कुल्हड़, मटका या फिर दिवाली बन जाती है । कुम्हार के लिए सबसे बड़ी समस्या वर्तमान समय में मिट्टी का अभाव है । मिट्टी के काम बिगाड़ दिया है । वरना उन्हें मेहनत की अच्छी कीमत मिल जाती है ।लेड़ियारी के कैथवल ग्राम सभा में प्रजापति की बस्ती स्टेट राजमार्ग से सटकर है । कुछ घर है जो पुश्तैनी काम कर परिवार का जीवन यापन करके आ रहे हैं । काम भी अच्छा चल रहा है । लेकिन मिट्टी के नहीं मिलने के चलते उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है । गांव के ही राम सजीवन प्रजापति का परिवार है जो मिट्टी को कुल्हड़ , दिवाली , मटका गणेश व लक्ष्मी की मूर्ति समेत कुछ न कुछ नए आकार देने में जुटे रहते हैं । रामसजीवन के परिवार में पत्नी दो बेटे वह एक बेटी है । समूचा परिवार मिलकर दीपावली के अवसर पर दिवाली , मटका के परवा लक्ष्मी की मूर्ति के साथ ही दियाली मनाने का काम जोरों पर कर रहे हैं । रामगोपाल प्रजापति कहना है कि पिता जी और वह मिलकर एक दिन में लगभग दो हजार कुल्हड़ बना लेते हैं । एक हजार कुल्हड़ की कीमत छः सौ होती है । जिससे दोनों मिलकर लगभग बारह सौ रूपये कमा लेते हैं । परिवार के अन्य सदस्य इस समय दियाली और कुल्हड़ , परवा बनाने में जुटा है । श्याम बिहारी प्रजापति का कहना है कि कुम्हार की चाक वक्त के साथ गति बदलती रहती है । कभी एक दिन से दो हजार का सामान तैयार हो जाता है । तो कभी एक दिन में पांच सौ रूपये का ही । युवा लवकुश की उम्र भी लगभग 25 साल है । और इस व्यवसाय में कई संभावनाएं देख रहे हैं । उनका कहना कि सरकारी चाक लाभ उन्हें आज तक नहीं मिला । टैक्टर के माध्यम से चाक पर मिट्टी को आकार देने में जुटे रहते हैं । सुदर्शन प्रजापति कहना है कि यह व्यवसाय उनका पुश्तैनी है जिसे वह छोड़ना नहीं चाहते हैं।

# आम जनमानस को दिया स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ का संदेश

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 को दिव्य भव्य के साथ स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ बनाने का संकल्प यूपी की योगी सरकार ने लिया है। सीएम योगी के निर्देश पर बनाये गये स्वच्छ कुम्भ कोष से लगभग 15000 स्वच्छताकर्मी और 1800 से अधिक गंगा सेवा दूत महाकुम्भ में पूरे मेला क्षेत्र को स्वच्छ बना रहे हैं। इसके साथ ही पूरे मेला क्षेत्र में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। इसी क्रम में महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छता का संदेश देने के लिए स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई।

इसमें 200 से अधिक गंगा सेवादूत और स्वच्छता कर्मियों ने भाग लिया। स्वच्छ और स्वस्थ्य महाकुम्भ अभियान को सफल बनाने की दिशा में मेला क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई।

# सामाजिक समरसता के पुरोधा रहे कर्पूरी ठाकुर- राजेश पटेल

## अपना दल (एस) द्वारा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनाई गई जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** करछना विधानसभा के ग्राम सभा महुआरी नैनी के भाई जी गेस्ट हाउस में शुक्रवार को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती अपना दल (एस) यमुनापार प्रयागराज इकाई के तत्वाधान में पूरे उत्साह के साथ मनाई गई है।
मुख्य अतिथि राजेश पटेल ने कहा कि जन नायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक समरसता के पोषक रहे।राष्ट्रवाद की सोच रखने वाले स्व ठाकुर सामाजिक में व्याप्त ऊंच, नीच की खाई और जातिवाद के जहर को मिटाकर स्वस्थ भारत,स्वच्छ समाज के लिए मुखर रहे। वह राजनीति के कट्टरपंथियों के खिलाफ मुखर रहे और राष्ट्रीय राजनीति की दिशा और दशा बदलने के लिए उन्होंने आंदोलन किया।उनकी दूरदर्शिता का देश कायल है। उनकी दूरदर्शी सोच को सरकार ने सम्मान देते हुए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से नवाजा गया। यह फक्र की बात है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष जमुना पार राम मनोहर पटेल ने किया है। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव राजेश पटेल बुलबुल, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी नारायण पटेल, अमरेश चंद्र पांडे, शिव बहादुर पटेल, संचालक जिला मीडिया प्रभारी सम्राट राहुल मौर्य, संयोजक शुभम सिंह पटेल बूथ अध्यक्ष महुआरी रहे। कार्यक्रम में जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के समाज से आने वाले राजू शर्मा को मुख्य अतिथि एवं जिलाध्यक्ष द्वारा मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कन्हैयालाल पटेल, इंद्रजीत पटेल, देवी शंकर पटेल, हैदर अली, चंद्र बहादुर पटेल, विकास कुमार पटेल, शिव प्रसाद पटेल, अनीश पटेल, संदीप पटेल, राकेश पटेल, भानु सिंह पटेल, सागर श्रीवास्तव, अवैश अंसारी, महेंद्र सिंह पटेल, अर्जुन प्रसाद पटेल, कुलदीप पटेल, अजीत पटेल, शिव कुमार पटेल, प्रदीप पटेल, परमानंद पटेल शिव बहादुर पटेल, हर्ष पटेल आईटी सेल उपाध्यक्ष करछना आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पतंग उड़ाते समय छत से गिर कर बालक की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में पतंग उड़ाते समय छत से गिर जाने से एक बालक की मौत। मुबारकपुर निवासी मोहम्मद मुख्तार का पुत्र मो ईयान उम्र लगभग 8 वर्ष बुधवार को स्कूल से वापस आया। चाय नाश्ता करने बाद वह अपने साथियों के साथ खेलने चला गया। इसी बीच वह छत पर चढ़कर पतंग उड़ने लगा। पतंग उड़ाते उड़ाते वह छत से नीचे गिर गया।

जानकारी होने पर परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए शहर ले जाकर एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया।

# महाकुम्भ से दुनिया को देंगे स्वच्छता व पर्यावरण संदेश-अशेष

## सीईओ ने किया मेजा ऊर्जा निगम पवेलियन का उद्घाटन, सेक्टर में स्वच्छता मित्रों में वितरित किए गए कम्बल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** महाकुंभ के ऐतिहासिक और धार्मिक अवसर पर आस्था से जुड़े करोड़ों की संख्या में लोग संगम में डुबकी लगाने के लिए पहुँच रहे हैं। इस विशाल आयोजन में स्वच्छता और पर्यावरण की महत्ता को समझते हुए मेजा ऊर्जा निगम सक्रिय रूप से काम कर रहा है।स्वच्छता मित्रों को कम्बल वितरित किया गया है। मेजा ऊर्जा निगम (एनटीपीसी एवं यूपीआरवीयूएन का संयुक्त उपक्रम) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशेष चट्टोपाध्याय ने महाकुंभ के अरैल घाट पर गुरुवार 23 जनवरी को मेजा ऊर्जा निगम पवेलियन का उद्घाटन किया। यह पवेलियन तीर्थयात्रियों के बीच मेजा ऊर्जा निगम एवं एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा किए गए कार्यो के बारे में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



पवेलियन का उद्घाटन करते मुख्य कार्यकारी अधिकारी।

इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा, श्रीमती कृष्णा चट्टोपाध्याय और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सैक्टर 24 में पवेलियन के आसपास की जगह के 250 स्वच्छता मित्रों को कम्बल वितरित किया है।
इस कार्यक्रम में अविजित चटर्जी,मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ), अनिल बवेजा, महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग), चंदर शेखर, महाप्रबंधक (परियोजना निर्माण), अजीत बसाक, महाप्रबंधक (संचालन एवं अनुरक्षण), पी.के. साबत, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), अमित रौतेला, मुख्य वित्तीय अधिकारी, विवेक चंद्र, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) और साथ ही विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वच्छता ही सेवा है

मेजा ऊर्जा निगम महाकुंभ आयोजन को स्वच्छ और अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाने में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है।
संस्थान द्वारा महाकुंभ-2025 में एकीकृत शौचालयों के निर्माण के लिए अपने नैगम सामाजिक दायित्व फंड से 1 करोड़ रुपये का योगदान भी दिया है।

# जनरल नॉलेज प्रतियोगिता से बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा

## जीनियस बच्चों के साथ अभिभावकों को करेंगे पुरस्कृत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के बभनी हेठार के सत्यम लर्निंग कोचिंग क्लासेस द्वारा जनरल नॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के संयोजक भाजपा नेता नीरज द्विवेदी ने कहा यह ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए एक मंच है। इस प्रतियोगिता से बच्चों में बेहतर करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5 तक के 97 लड़के और कक्षा 6 से 8 तक के 144 बच्चों ने भाग लिया। प्रतिभागी छात्र छात्राएं अन्य ग्राम पंचायत बभनी हेठार, दिघिया, सैबसा, ठेठरा, बरहाकला, टिकरी, मोनाई, टिकरी, उमापुर के रहे। परीक्षा
पुरस्कार वितरण समारोह बसंत पंचमी के दिन, 2 फरवरी दिन रविवार को एक बजे से तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमे बच्चो नकद और पुरस्कार दिया जायेगा। खास बात यह कि स्थान लाने वाले बच्चो के अभिभावक को भी सम्मानित किया जायेगा। इस समारोह में क्षेत्र के, असहाय महिलाओ को कंबल वितरण एवं समाज में कार्यरत महिलाओ व पुरुषो का सम्मान किया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन भी होंगे। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा नेता नीरज कुमार द्विवेदी ने उक्त आशय की जानकारी दी। इस अवसर पर नरेन्द्र दुबे, अशोक अग्रहरि,जुगनू पांडे सत्यम दूबे,संदीप उपाध्याय, पंकज सोनकर, नागेन्द्र शर्मा, शैलेंद्र उपाध्याय, मनीष यादव, शुभम कन्नौजिया, उपस्थित रहे।

# श्री संकीर्तन भवन में आयोजित हुआ विशाल संत सम्मेलन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** परम पूज्य गोलोकवासी संत श्री प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी महाराज द्वारा स्थापित श्री संकीर्तन भवन धार्मिक न्यास ट्रस्ट झूंसी प्रयागराज में चल रहे भागवत चरित सप्ताह ज्ञानयज्ञ के छठवें दिन स्वामी दयानंद जी महाराज द्वारा विशाल संत सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भक्तमाल पीठाधीश्वर जगद्गुरू अवधेशदास जी महाराज अयोध्या ने किया ने किया, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्रदास जी महाराज द्वारा पूज्य संत श्री प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी द्वारा गोरक्षा आंदोलन के विषय में बताया गया, संत समागम में आए हुए स्वामी राजाराम जी महाराज लक्ष्मी नारायण मंदिर जबलपुर, स्वामी अरुण दास जी महाराज जगन्नाथ धाम ट्रस्ट हरिद्वार, जगद्गुरू श्री विजयदास जी महाराज बल्लभगढ़ फरीदाबाद, आदि संतों ने सनातन धर्म की उन्नति पर अपने विचार प्रस्तुत किए।कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्राचार्य डॉ सिया राम त्रिपाठी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ट्रस्ट की मंत्री श्रीमती रजनी मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष अलोक अग्रवाल, संयुक्त मंत्री विभोर अग्रवाल, डॉ विद्याधर द्विवेदी, अनिरुद्ध मिश्र, राम जी त्रिपाठी, राजेंद्र द्विवेदी, व्यास राजेश मिश्र एवं गणेश उपाध्याय, बारु राम शर्मा, राकेश पांडेय आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

# महासंगम यात्रा केवल धार्मिक नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक आंदोलन- दीप सिहाग

## प्रयागराज में आज होगा अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की पवित्र महासंगम यात्रा का शुभारंभ




**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद (आईएमपीसी) द्वारा आयोजित पवित्र महासंगम यात्रा का प्रमुख पड़ाव 25 जनवरी को प्रयागराज में होगा। यह यात्रा भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसमें 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन और हमारे आध्यात्मिक मूल्यों से पुनः जुड़ने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी आईएमपीसी के राष्ट्रीय महामंत्री और महासंगम यात्रा के संयोजक दीप सिहाग सिसाय ने प्रेस वार्ता में दी।
उन्होंने कहा कि महासंगम यात्रा भारतीय धर्म और संस्कृति की महिमा को हर घर तक पहुँचाने का उद्देश्य रखती है, और प्रयागराज में इसका आगमन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह यात्रा महाकुंभ के साथ जुड़ी हुई है। यात्रा के दौरान विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें भजन संध्या, ध्यान, योग और सांस्कृतिक कार्यशालाएं शामिल हैं, जो समाज में एकता और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देंगी। आईएमपीसी के राष्ट्रीय महामंत्री और महासंगम यात्रा के संयोजक दीप सिहाग सिसाय ने अपनी बात रखते हुए कहा कि महासंगम यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक आंदोलन है जो देशभर में भक्ति की एक नई लहर पैदा करेगा। हम चाहते हैं कि लोग इस यात्रा के माध्यम से अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पहचानें और सम्मानित करें। प्रयागराज जैसी पवित्र भूमि पर यह यात्रा हमारे धार्मिक मूल्यों के प्रति सम्मान और श्रद्धा को और भी गहरा करेगी।

# कबिरा खडा बाजार में मांगी सबकी खैर



**प्रयागराज।** संस्कार भारती द्वारा मेला- क्षेत्र में स्थित अपने पंडाल ÷महेश्वर परिसर÷ में सद्गुरु कबीर पर कबीर-वाणी के साथ आख्यान का कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ। संस्कार भारती के केन्द्रीय कार्यालय सचिव अशोक तिवारी ने मुख्य अतिथि ऋषिकेश के स्वामी महामण्डलेश्वर चरणाश्रृत जी महाराज एवं वक्ता श्रीकबीर आश्रम जामनगर गुजरात के साधु प्रेमसागर जगदीश दास का अंगवस्त्र से सम्मान किया।प्रेमसागर ने कबीर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व का आख्यान करते हुए कबीर के अपने राम को आख्यायित किया और समरसता के भी दर्शन कराए।चरणाश्रृतजी ने भारतीय ग्रंथों में छिपे विग्यान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डाज़्योगेन्द्र कुमार मिश्र ने किया।कार्यक्रम में अभिजीत गोखले, विजय कुमार, दीपक शर्मा, सुशील राय, शम्भूनाथ श्रीवास्तव, चन्द्रमणि पाण्डेय, डाज़ मुकेश प्रताप सिंह, कला संयोजक एवं मीडिया प्रभारी रवीन्द्र कुशवाहा, डॉ सचिन सैनी, आशुतोष त्रिपाठी अर्चना पांडेय, राहुल यादव, शीष कुशवाहा पूनम राय, रेखा मिश्रा सुरेश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# कर्तव्य पथ पर तीनों सेनाओं की संयुक्त झांकी में दिखेगा युद्ध क्षेत्र का परिदृश्य

## डीआरडीओ की झांकी में स्वदेशी हथियार प्रणालियों की दिखाई जाएगी झलक




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के दौरान पहली बार तीनों सेनाओं की संयुक्त झांकी सशस्त्र बलों के बीच एकजुटता और एकीकरण की भावना को प्रदर्शित करेगी। 'सशक्त और सुरक्षित भारत' थीम के साथ झांकी में स्वदेशी अर्जुन मुख्य युद्धक टैंक, तेजस लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम और एक रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट के साथ युद्ध क्षेत्र का परिदृश्य दिखाया जाएगा।रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस बार गणतंत्र दिवस परेड के दौरान देशवासियों के समक्ष संयुक्तता और एकीकरण की भावना को प्रदर्शित करने के लिए तीनों सेनाओं की संयुक्त झांकी दिखाई जाएगी। यह झांकी 'सशक्त और सुरक्षित भारत' की विषय-वस्तु के साथ सशस्त्र बलों में संयुक्तता व एकीकरण के वैचारिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करेगी। इस झांकी में तीनों सेनाओं के बीच नेटवर्किंग और संचार को सुविधाजनक बनाने वाले संयुक्त संचालन कक्ष को दर्शाया जाएगा।

इसमें युद्ध क्षेत्र के परिदृश्यों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें जमीन, पानी और हवा में समकालिक ऑपरेशन को दिखाया जाएगा।झांकी में स्वदेशी अर्जुन मुख्य युद्धक टैंक, तेजस मार्क-2 लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस विशाखापत्तनम की झलक देखने को मिलेगी। यह झांकी मुख्य रूप से बहु-डोमेन परिचालनों में तीनों सेनाओं की तालमेल को प्रदर्शित करेगी। ये प्लेटफॉर्म रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के दृष्टिकोण का उदाहरण हैं। रक्षा मंत्रालय ने 2025 को 'परिवर्तन का वर्ष' घोषित किया है। समकालीन और भविष्य के संघर्षों में सशस्त्र बलों की लड़ाकू क्षमता को अधिकतम करने की दिशा में प्रमुख आधारशिला के रूप में पहचाना गया है। एकीकृत रक्षा कार्मिक मुख्यालय ने सुधारों को सही दिशा में ले जाने के लिए तीनों सेनाओं के बीच तालमेल की दिशा में केंद्रित पहल की है।

डीआरडीओ की झांकी गणतंत्र दिवस परेड के दौरान रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की झांकी का विषय %रक्षा कवच- बहु-क्षेत्रीय खतरों के खिलाफ बहु-स्तरीय संरक्षण% होगा, जिसमें त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम, 155 मिमी/52 कैल एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, ड्रोन का पता लगाना, रोकना और नष्ट करना, सैटेलाइट-आधारित निगरानी प्रणाली, मध्यम शक्ति रडार अरुध्रा, उन्नत हल्के वजन के टारपीडो, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली धर्मशक्ति, लेजरआधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, स्वदेशी मानव रहित हवाई प्रणाली, सुरक्षा बलों के लिए वी/यूएचएफ मैनपैक सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो, स्वदेशी सुरक्षित सैटेलाइट फोन और उग्रम असॉल्ट राइफल शामिल होंगे।इसके अलावा डीआरडीओ सतह से सतह पर मार करने वाली सामरिक मिसाइल प्रलय हथियार प्रणाली भी प्रदर्शित करेगा, जिसे अत्याधुनिक तकनीकों के साथ डिजाइन और विकसित किया गया है। परेड के दौरान डीआरडीओ में विकसित नाग मिसाइल सिस्टम, पिनाका, ब्रह्मोस, शॉर्ट स्पैन ब्रिजिंग सिस्टम 10 मीटर और आकाश हथियार प्रणाली प्रदर्शित की जाएंगी। डीआरडीओ की 2024 की प्रमुख उपलब्धियों को भी झांकी के पोस्टरों में प्रदर्शित किया जाएगा, इसमें लंबी दूरी की हाइपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल, हल्के वजन की बुलेट प्रूफ जैकेट %अभेद%, हल्का युद्धक टैंक ज़ोरावर, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो और इलेक्ट्रो ऑप्टिक (श्येन) के साथ डोर्नियर का रडार के साथ मिड-लाइफ अपग्रेड शामिल हैं।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के मसीहा थे -उपराष्ट्रपति




**पटना/समस्तीपुर, (हि.स.)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती के मौके पर आज उनके पैतृक गांव पितोझिया (कर्पूरी ग्राम) में राजकीय कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर %सामाजिक न्याय के मसीहा% थे। उन्होंने अपना सारा जीवन गरीबों और वंचितों की मदद के लिए किया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर एक सच्चे राजनेता थे और उन्होंने बिहार के राजनीतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी। कर्पूरी ठाकुर हमेशा समानता, बंधुत्व और सभी के लिए न्याय में विश्वास की वकालत करते थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सुनिश्चित किया कि शिक्षा उन लोगों के लिए सुलभ हो जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर हैं।उपराष्ट्रपति ने पहले की सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जैसे राजनेताओं को उनका हक देने में विफल रही। मुझे याद है कि जब कर्पूरी ठाकुर और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की गई थी, तब राज्यसभा में कितना उत्साह था। मेरे मन में एक विचार आया, यह सम्मान ठाकुर की मृत्यु के 36 साल बाद मिला, ऐसा पहले क्यों नहीं हुआ ? अब निश्चित रूप से बदलाव आया है। हमारे नायकों (आदर्श) को गुमनामी से बाहर निकाला जा रहा है और उन्हें उनका हक दिया जा रहा है।उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि बीते एक दशक में केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के नेतृत्व में देश में %अद्वितीय% विकास हुआ है। इसकी वजह से देश की जनता की आंकक्षा भी बढ़ी है।धनखड़ ने कहा कि बीते 10 वर्षों में देश पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया हैं। अब आगामी पांच वर्षों में हम देश की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत कोई सपना नहीं है, देश की स्वतंत्रता की 100 वीं वर्षगांठ यानी-2047 तक यह साकार होकर रहेगा। भारत विश्व गुरु बनेगा।धनखड़ ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसी योजनाएं शुरू कीं, जिनसे आम लोगों को गैस कनेक्शन, बिजली और शौचालय उपलब्ध कराकर उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है जो आज तक इससे वचिंत थे। लोगों ने अब विकास का स्वाद चख लिया है। उनकी आकांक्षाएं आसमान छू रही हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया, ÷सरकारी नौकरियों के बारे में सोचकर खुद को सीमित न रखें। आज की सरकार की नीतियां आपकी असीमित क्षमता का दोहन करने के लिए हैं। ऐसे अवसरों का पूरा लाभ उठाएं।÷


# फिल्म अभिनेता सैफ अली खान के हमलावर की पुलिस कस्टडी 29 जनवरी तक बढ़ाई गई



**मुंबई, (हि.स.)।** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान के हमलावर मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद की पुलिस कस्टडी शुक्रवार को बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 29 जनवरी तक बढ़ा दी है। हमलावर आरोपित की पुलिस कस्टडी आज खत्म हो रही थी, इसी वजह बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम ने आज उसे कोर्ट में पेश किया था।पुलिस के अनुसार फिल्म अभिनेता सैफ अली खान के बांद्रा स्थित आवास में चोरी के इरादे से 16 जनवरी की रात को घुसे आरोपित ने सैफ को चाकू घोंप दिया था। इस मामले में पुलिस ने मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को ठाणे से 19 जनवरी को गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उसे 24 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में भेजा था। आज आरोपित की पुलिस कस्टडी खत्म हो रही थी, इसलिए उसे बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपित जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। वह बांग्लादेशी नागरिक है, इसलिए उसके भारत आने में कितने लोगों ने मदद की, उसकी जांच करनी है। साथ ही इस मामले में उसके अन्य साथी कौन-कौन हैं, इसकी भी जांच करनी है, इसलिए आरोपित की पुलिस कस्टडी जरूरी है।आरोपित के वकील ने कोर्ट को बताया कि पुलिस जिसे आरोपित बता रही है, वह असली आरोपित नहीं है। पुलिस की जांच के लिए कुछ नहीं बचा है। इसलिए आरोपित को न्यायिक कस्टडी में भेजा जाना चाहिए, लेकिन कोर्ट ने हमलावर आरोपित की पुलिस कस्टडी 29 जनवरी तक बढ़ा दी।

# कांग्रेस ने डॉलर के मुकाबले रुपये में रिकॉर्ड गिरावट पर सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट को लेकर आज यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। रुपये में निरंतर गिरावट और घटते विदेशी मुद्रा भंडार के लिए उन्होंने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया।उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जब एक डॉलर की कीमत 58 रुपये थी, तब नरेन्द्र मोदी रुपये की कीमत को सरकार की आबरू से जोड़ते थे। वे कहते थे, ÷मुझे सब मालूम है। किसी देश की करेंसी ऐसे गिर नहीं सकती।÷ आज वे खुद प्रधानमंत्री हैं और रुपये की गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। उन्हें देश की जनता को जवाब देना चाहिए।सुप्रिया श्रीनेत ने एक महान अर्थशास्त्री की टिप्पणी को उद्धृत करते हुए कहा कि जैसे-जैसे रुपया गिरता है, प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा भी गिरती है लेकिन सरकार ज्यों-ज्यों दवा कर रही है, मर्ज बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि रुपया अपने सबसे निचले स्तर पर 87 के पार जाने की कोशिश में है। उन्होंने कहा, ÷जब नरेन्द्र मोदी मई 2014 में




प्रधानमंत्री बने थे, तब हमने उन्हें रुपया 58 पर दिया था। यानी उस समय एक डॉलर की कीमत 58 रुपये थी।

अब जनवरी 2025 में 1 डॉलर 87 रुपये के करीब है। अकेले मोदी ने रुपये को 50त्न डुबो दिया है। वे लगातार रुपये को पतला करते जा रहे हैं।उन्होंने विभिन्न प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल में डॉलर के मुकाबले रुपये में हुई गिरावट का विवरण देते हुए कहा कि आज हालात ये हैं कि रुपये को बचाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने पूरी ताकत लगा दी है। 27 सितंबर 2024 को विदेशी मुद्रा भंडार 704 बिलियन था, रुपये को बचाने के लिए उसमें से लगभग 80 बिलियन खर्च कर दिए गए। यानि करीब 6,83,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए, लेकिन रुपया संभाले नहीं संभल रहा है। 10 जनवरी 2025 को विदेशी मुद्रा भंडार 625 बिलियन था।

इस तरह विदेशी मुद्रा भंडार 10 महीने में अपने सबसे निचले स्तर पर आ चुका है।सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि टूटते हुए रुपये का मतलब है कि आपका आयात बढ़ रहा है। जैसे-जैसे वहां उन वस्तुओं का दाम बढ़ेगा, उसी तरह देश में महंगाई बढ़ेगी। केंद्र सरकार लोगों को गुमराह करने के लिए कह रही है कि हम रुपये में अंतरराष्ट्रीय व्यापार करेंगे जबकि वास्तविकता यह है कि आज भी देश का 86 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय व्यापार डॉलर में होता है। अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर ब्रिक्स देश डॉलर के अलावा किसी और मुद्रा में व्यापार करेंगे तो अमेरिका उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा।अगले महीने आने वाले नए केंद्रीय बजट पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि टैक्स की मार देश की आम जनता पर हो रही है, उससे उन्हें बचाया जाना चाहिए। नए बजट में सरकार को उनके लिए कोई न कोई राहत देनी चाहिए, जिससे टैक्स में राहत मिले और निवेश भी बढ़े।वक्फ वोर्ड पर गठित जेपीसी की बैठक में हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों को सस्पेंड किए जाने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि जेपीसी में विपक्ष की बात सुनी जानी चाहिए और सबकी बात सुनकर निर्णय किए जाने चाहिए, अन्यथा जेपीसी के गठन का कोई औचित्य नहीं रहेगा। कंगना की पिक्चर इमरजेंसी की स्क्रीनिंग के दौरान लंदन में खालिस्तान के समर्थन में हुई नारेबाजी पर पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि यह निंदनीय है।

# मोकामा गोलीकांड में बाहुबली अनंत सिंह ने किया सरेंडर,भेजे गये जेल



**पटना, (हि.स.)।** पूर्व विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह ने शुक्रवार को बाढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अनंत सिंह आज दोपहर अपने एक समर्थक के साथ बाढ़ कोर्ट पहुंचे और सरेंडर कर दिया। उन्हें बेऊर जेल भेजा गया है।एसडीपीओ राकेश कुमार ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने के बाद कार्रवाई की जा रही थी। इस घटना में रौशन और सोनू सिंह की गिरफ्तारी हुई है। इसके बाद अनंत सिंह ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। एसडीपीओ ने बताया कि अनंत सिंह फरार थे लेकिन पुलिस के दबाव के कारण उन्होंने बाढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया।उन्होंने बताया कि इस घटना में चार मामले दर्ज हुए हैं। पहली एफआईआर मुंशी मुकेश सिंह ने सोनू-मोनू पर उनके घर में ताला लगाने जाने के आरोप में करायी है। दूसरी एफआईआर सोनू मोनू ने उनके घर पर गोलीबारी कराने के मामले में पूर्व विधायक अनंत सिंह पर करायी है। तीसरी एफआईआर मुखिया उर्मिला देवी ने नौरंगा गांव में हुई गोलीबारी के मामले में करायी है और चौथी एफआईआर अनंत सिंह के घायल समर्थक ने सोनू-मोनू पर करायी है।मोकामा के नौरंगा गांव में बुधवार शाम गोलीबारी में लगभग 10 से 20 राउंड गोलियां चलीं थीं। बताया जा रहा है कि सोनू मोनू ने मुंशी मुकेश सिंह के घर पर ताला लगा दिया था, जिसके बाद मुंशी ने बाहुबली नेता और पूर्व विधायक अनंत सिंह से मदद मांगी थी। अनंत सिंह ने पहले अपने समर्थकों को मुंशी के घर पर ताला खुलवाने भेजा था, इसके बाद वो खुद भी वहां पहुंच गए। इस दौरान दोनों पक्षों में गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में अनंत सिंह के एक समर्थक को गोली भी लगी थी। इसके बाद से ही मोकामा में तनावपूर्ण माहौल है। इस मामले में शुक्रवार सुबह सोनू ने सरेंडर कर दिया। उसके बाद पुलिस के दवाब में अनंत सिंह ने भी आज दोपहर में कोर्ट में सरेंडर कर दिया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# दो मार्ग दुर्घटनाओं में पांच की मौत, आठ घायल




**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार की देर रात को हुए दो मार्ग दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि आठ लोग घायल हुए हैं।बीबीडी थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बताया कि इंदिरानगर स्थित किसान पथ के पास एक ट्रक ने दो कारों में टक्कर मार दी। हादसे में 11 लोग घायल हो गये। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों की पहचान मुजफ्फरनगर निवासी वैन सवार शहजाद, चिनहट निवासी लालता प्रसाद की पत्नी किरन यादव (38), कुंदन और हिमांशु के रूप में की है। वहीं, शाहजहांपुर का रहने वाला राजन, बरेली की तस्लीम व शकील, रामपुर के इंतजार, चिनहट के लाले यादव, अमरोहा के शाहरुख और कन्नौज निवासी सुशील घायल हो गए। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से सभी वाहनों को सड़क हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतकों के परिवार को देते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इसी तरह मलिहाबाद थाना क्षेत्र स्थित आम्रपाली वाटर पार्क के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार रहीमाबाद के औलियाखेड़ा निवासी आकाश रावत (26) की मृत्यु हो गई। वहीं, राजकुमार गंभीर रूप से घायल है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर लड़कियों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को सशक्त बनाए रखने तथा उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ÷आज राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हम बालिकाओं को सशक्त बनाए रखने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत को सभी क्षेत्रों में बालिकाओं की उपलब्धियों पर गर्व है। उनकी उपलब्धियां हम सभी को प्रेरित करती रहती हैं।उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, ÷हमारी सरकार ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल, स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान दिया है।


# मणिपुर में सुरक्षा बलों ने हथियारों और विस्फोटक का जखीरा बरामद किया



**इंफाल, (हि.स.)।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में अभियान चलाकर हथियार और विस्फोटक का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने आज सुबह बताया कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई थाना क्षेत्र के फुंगई चिंग, एनगामुखोंग इलाके से एक सिंगल बोर गन, एक देसी पिस्टल, मैगजीन, एक नाइन एमएम पिस्टल मैगजीन, 10 हाई-एक्सप्लोसिव हैंड ग्रेनेड, एक बाओफेंग रेडियो सेट, एक एंटी-रायट ग्रेनेड, एक स्टन शेल, 50 खाली .303 राउंड, 36 जीवित राउंड और 45 खाली कारतूस बरामद किया है।सुरक्षा बलों ने काकचिंग जिले के वाबगई बफैलो फार्म क्षेत्र के पास से एक एयर गन राइफल, दो बिना डेटोनेटर के हाई-एक्सप्लोसिव ग्रेनेड, दी जीवित 51 एमएम हाई-एक्सप्लोसिव शेल, 10 नग 7.62 एमएम जीवित राउंड, 15 खाली एके राइफल कारतूस, चार स्टन शेल, दो बुलेटप्रूफ प्लेट और एक बुलेटप्रूफ वेस्ट बरामद किए। इनके अलावा, जीरीबाम जिले के जाईरोल और उचाथोल जंगल क्षेत्रों से एक एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक बारह बोर सिंगल बैरल गन, 60 जीवित राउंड, पांच यूबीजीएल राउंड और दो ग्रेनेड बरामद किए।

# गुजरात के खंभात में ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री मिली, 100 करोड़ का नशीला पाउडर जब्त

**दवा बनाने के नाम पर ड्रग्स का काला कारोबार**




**आणंद, (हि.स.)।** आणंद जिले के खंभात के सोखडा जीआईडीसी क्षेत्र में एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की छापेमारी में बड़ा खुलासा हुआ है। छापेमारी में करीब 100 करोड़ रुपये का नशीला पाउडर जब्त किया गया है। स्क्वॉड की 60 से अधिक अधिकारियों के सर्वे के बाद एटीएस टीम ने फैक्ट्री संचालक समेत कुल 6 लोगों को गिरफ्तार कर अहमदाबाद ले गई है।एटीएस सूत्रों के अनुसार सोखडा जीआईडीसी में किराए पर फैक्ट्री लेकर उसका संचालन किया जा रहा था। फैक्ट्री से नींद की दवा अल्प्राइजोलम बनाने के लिए जिस पदार्थ का उपयोग होता है, उसका करीब 100 किलो केमिकल युक्त पाउडर जब्त किया गया है। इसकी कीमत करीब 100 करोड़ रुपये बताई गई है।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार खंभात के सोखडा जीआईडीसी क्षेत्र के ग्रीनलाइफ इंडस्ट्रीज में एटीएस ने गुरुवार को छापेमारी की थी। गुरुवार सुबह से बल्क ड्रग्स और मैनुफैक्चरिंग ग्रीन लाइफ इंडस्ट्रीज में करीब 18 घंटे का सर्वे चला। इसमें कंपनी के मालिक, पार्टनर समेत कर्मचारियों को गुरुवार देर शाम तक पूछताछ की गई। इस सर्च ऑपरेशन में एटीएस की टीम ने आणंद के एसओजी और एफएसएल की टीम को भी साथ रखा था। सूत्रों के अनुसार यह फैक्ट्री देव दिवाली से शुरू की गई थी। इसमें पहले कंपनी संचालक इन्जेक्शन के व्यवसाय से जुड़े थे। बाद में उन्होंने केमिकल का काम शुरू किया था। इसमें केमिकल युक्त पाउडर बनाए जाने की एटीएस को सूचना मिली थी। इसी शंका के आधार पर कार्रवाई की गई।एटीएस की जांच में खुलासा हुआ है कि अहमदाबाद के 2 भागीदारों ने फार्मा कंपनी शुरू की थी। फैक्ट्री में अल्प्राजोलम नामक नींद की दवा बनाई जाती थी। एटीएस की छापेमारी में संदिग्ध केमिकल के 21 बैरल भी जब्त किए गए हैं। भरुच जिले के दहेज से इंजीनियर बुलाकर ड्रग्स बनाया जाता था। इंजीनियर को भी गिरफ्तार किया गया है।

## मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश दिवस पर लोगों को दी शुभकामनाएं



**लखनऊ, (हि. स.)।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत अन्य नेताओं ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह एक्स पर लिखा कि रघुकुलनंदन% प्रभु श्रीराम एवं योगेश्वर श्रीकृष्ण की पावन जन्मस्थली, बाबा श्री विश्वनाथ के आशीर्वाद से अभिसिंचित, सृजन, संस्कृति, संस्कार व शौर्य की गौरवशाली धरा उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई !उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत का %ग्रोथ इंजन% नया उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सुशासन के नित नए मापदंड स्थापित कर रहा है। प्रदेशवासियों से अपील करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आइए, हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश को %विकसित-आत्मनिर्भर प्रदेश% बनाने हेतु संकल्पित हों।उत्तर प्रदेश दिवस के शुभारम्भ कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे। यह समारोह 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलेगा।

# लंदन में कंगना की फिल्म इमरजेंसी पर बवाल, स्क्रीनिंग रुकी, ब्रिटेन की संसद में गूंज

**लंदन, (हि.स.)।** कंजर्वेटिव सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा है कि ब्रिटेन में भारतीय अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म %इमरजेंसी% के प्रदर्शन पर बाधा डालने वाले %आतंकवादी% हैं। उन्होंने गृह सचिव यवेट कूपर से दखल देने का आग्रह किया है। ब्लैकमैन ने हाउस ऑफ कॉमन्स (ब्रिटेन की संसद के निचले सदन) में कहा कि दर्शकों को शांति और सद्भाव के साथ फिल्म देखने के लिए कारगर उपाय किए जाएं।लंदन के समाचार पत्र %द हेराल्ड% ने स्थानीय %पीए न्यूज एजेंसी% की रिपोर्ट को उद्धृत करते हुए यह जानकारी दी। %द हेराल्ड% की खबर के अनुसार, हैरो ईस्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि व्यू सिनेमा श्रृंखला के हैरो स्थित सिनेमा हाल में ÷विवादास्पद÷ बॉलीवुड फिल्म इमरजेंसी की स्क्रीनिंग में बाधा डालने वाले नकाबपोश प्रदर्शनकारी आतंकवादी हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने कुछ दोस्तों के साथ रविवार को टिकट खरीदकर हैरो व्यू सिनेमा में फिल्म इमरजेंसी की स्क्रीनिंग को देखने गए। करीब 30 से 40 मिनट बाद नकाबपोश खालिस्तानी आतंकवादी घुस आए। नकाबपोशों ने




दर्शकों को धमकी दी और फिल्म का प्रदर्शन रोक देने को मजबूर कर दिया।उन्होंने कहा कि ऐसा ही वॉल्वरहैम्प्टन, बर्मिंघम, स्लो, स्टेंस और मैनचेस्टर में हुआ है। इसका नतीजा यह हुआ है कि व्यू सिनेमाज और सिने वर्ल्ड ने इस फिल्म का प्रदर्शन रोक दिया है। कंजर्वेटिव सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि वह फिल्म की गुणवत्ता या सामग्री पर टिप्पणी नहीं करना चाहते। फिल्म देखना दर्शकों का अधिकार है। उनके अधिकार की रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के दर्शकों को फिल्म देखने में दिक्कत न हो, इसके तत्काल उपाय किए जाएं।हाउस ऑफ कॉमन्स नेता लुसी पॉवेल ने कहा,%% बॉब ब्लैकमैन ने महत्वपूर्ण मामला उठाया है। मैं निश्चित रूप से यह सुनिश्चित करूंगा कि उन्हें और पूरे सदन को यह जानकारी मिले कि सरकार ने इस दिशा में क्या कदम उठाए हैं।

इस पर ब्लैकमैन ने सवाल किया कि क्या अगले हफ्ते गृह सचिव का बयान आ सकता है? हाउस ऑफ कॉमन्स में मुद्दा उठने के बाद मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि सिनेमा हाल में घुसे लगभग 30 प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया पर कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।%द हेराल्ड% के अनुसार, %इमरजेंसी% फिल्म 1975 से 1977 के मध्य के भारतीय कालखंड पर केंद्रित है। भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया। प्रेस की स्वतंत्रता पर रोक लगा दी गई। इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी के आदेश पर लगभग 6.2 मिलियन भारतीय पुरुषों की जबरन नसबंदी कर दी गई थी।

# महिला मुखिया के नाम आवंटित होगे ग्रामीण पक्के आवास

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अन्तर्गत दिये जाने वाले पक्के आवास केवल महिला मुखिया के नाम ही स्वीकृति किये जाएं। जनपद स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा करे,जो आवास पुरूष के नाम स्वीकृत हैं, उनके साथ महिला मुखिया का नाम अनिवार्य रूप से आवास सॉफ्ट पर उपलब्ध विकल्प माध्यम से जोड़ा जाए।उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना -ग्रामीण के अन्तर्गत आवासों का आवंटन महिला मुखिया अथवा पति-पत्नी दोनो के संयुक्त नाम से किया जा रहा है। महिला मुखिया के नाम आवास स्वीकृत किये जाने के पीछे उद्देश्य यह है कि उनके भीतर स्वामित्व का भाव आये तथा समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत महिला मुखिया के नाम स्वीकृत आवास 40.14 प्रतिशत है तथा पति-पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृत आवास का प्रतिशत 51.74 है। इस तरह कुल 91.87 प्रतिशत आवास महिला मुखिया अथवा पति-पत्नी दोनो के संयुक्त नाम से स्वीकृत किये गये है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत 29.25 प्रतिशत आवास महिला मुखिया तथा 37.78 प्रतिशत आवास पति-पत्नी दोनों के संयुक्त नाम से स्वीकृत किये गये हैं। कुल 67.03 प्रतिशत आवास महिला मुखिया अथवा पति-पत्नी दोनों के संयुक्त नाम से स्वीकृत किये गये हैं।इस सम्बन्ध में आयुक्त, ग्राम्य विकास द्वारा मुख्य विकास अधिकारियों को कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश निर्गत कर दिये गये है।

# उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की समृद्धि और गौरव का उत्सव हैः सीएम योगी

## आज उत्तर प्रदेश अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रतीक बन गया हैः मुख्यमंत्री



लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों को समर्पित उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य शुभारंभ लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में हुआ। 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई-पोर्टल की लॉन्चिंग की गई और 25,000 युवा उद्यमियों को उनके उद्यम की स्थापना के लिए ऋण और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही प्रदेश छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की समृद्धि और गौरव का उत्सव है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यूपी में महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। बीते 10 दिनों में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पूज्य संतों के सानिध्य में गंगा स्नान कर पुण्य प्राप्त किया। यह श्रद्धालु यहां से देशभर में एकता का संदेश लेकर जा रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि यह वर्ष विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में निर्मित संविधान 26 नवंबर 1950 को संविधान सभा को सौंपा गया था। इस संविधान को लागू करने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। साथ ही 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश की स्थापना हुई थी। यह दिन हमारे लिए गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित करते हुए कहा कि 1775 से 1833 तक यह क्षेत्र फोर्ट विलियम (बंगाल) के अधीन था। 1834 में इसे बंगाल से अलग कर आगरा प्रेसिडेंसी बनाया गया और 1836 में इसका नाम नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज पड़ा। 1902 में इसे नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध और 1937 में यूनाइटेड प्रोविंसेज नाम दिया गया। अंततः 24 जनवरी 1950 को इसे उत्तर प्रदेश के नाम से पहचाना गया। आज यह प्रदेश अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रतीक बन गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2018 में तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक जी के मार्गदर्शन में पहला उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया। आज यह आयोजन अपने 7वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उत्तर प्रदेश ने इस दौरान कई योजनाओं की शुरुआत की। पहले स्थापना दिवस में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना लागू की गई। दूसरे स्थापना दिवस में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रारंभ की गई। अलग-अलग वर्षों में अन्य योजनाओं को भी प्रारंभ किया गया। सीएम योगी ने कहा कि आज के इस अवसर पर महामहिम उपराष्ट्रपति के कर कमलों से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का शुभारंभ हो रहा है। इस योजना के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख युवाओं को उद्यमी बनने का अवसर मिलेगा। 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा।

# मुलायम सिंह की वजह से पैदा हुई पिछड़े वर्ग में जागृतिः ओमप्रकाश राजभर

**महंत राजू दास के बयान पर भड़के योगी के मंत्री**



लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। सपा नेताओं ने हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।इस विवाद में अब योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर की भी एंट्री हो गई है।राजभर ने महंत राजू दास के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि मुलायम सिंह की वजह से ही पिछड़े वर्ग में जागृति पैदा हुई है। उन्होंने महंत राजू दास के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि ष्हम ऐसी टिप्पणी के खिलाफ है। मुलायम सिंह यादव बड़े नेता थे। वो चार बार मुख्यमंत्री, रक्षा मंत्री रहे हैं।मुलायम सिंह यादव पिछड़ों के नेता रहे और उनकी वजह से पिछड़े वर्ग में जागृति पैदा हुई।मुलायम सिंह यादव के विषय में अगर कोई कुछ कह रहा है तो हम उसकी निंदा करते हैं। अगर इससे भी बढ़कर कोई काम करता है तो हम यही सलाह देंगे कि ऐसा न करें कि आप भी चर्चा का पात्र बने।राजभर ने इस दौरान महाकुंभ में हुई कैबिनेट की बैठक को लेकर भी विपक्ष पर तंज कसा और कहा कि हम लोग वहां धार्मिक कार्य के लिए ही गए थे। यह नई व्यवस्था नहीं है, कांग्रेस के समय में भी प्रयागराज में कैबिनेट की बैठक हुई और हम उसी परंपरा को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ा रहे हैं। अगर महाकुंभ में स्नान करने गया है और वहां बैठक कर लिया तो इसमें क्या बुरा हो गया।राजभर ने कहा कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज के साथ-साथ पूर्वांचल को बड़ी सौगात दी गई ।अब दिल्ली की तरह यूपी में भी सड़कें बन रही हैं।विपक्ष मुसलमानों और पिछड़ो कों धोखा दे रहा हैं, इन लोगों की भलाई के लिए विपक्ष ने आज तक क्या किया है।

# बिजली निजीकरण के विरोध में संघर्ष जारी




लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के खिलाफविद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का विरोध अभियान जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान का स्वागत करते हुए समिति ने निजीकरण का निर्णय तुरंत वापस लेने की मांग की है। संघर्ष समिति ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह कहना कि दिल्ली में घरेलू बिजली दरें उत्तर प्रदेश से तीन गुना अधिक हैं। इस बात को स्पष्ट करता है कि निजीकरण के बाद उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि निजीकरण के बाद बिजली व्यापार बन जाएगी जबकि सरकारी क्षेत्र में यह एक सेवा है। प्रदेशभर में बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सभी परियोजना और जिला मुख्यालयों पर कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर भोजन अवकाश के दौरान विरोध सभा की। राजधानी लखनऊ के मध्यांचल मुख्यालय और शक्ति भवन मुख्यालय में भी विरोध प्रदर्शन हुआ। संघर्ष समिति ने कहा कि विरोध अभियान 25 जनवरी को भी जारी रहेगा। इस दिन संघर्ष समिति आगे की रणनीति का ऐलान करेगी। संघर्ष समिति ने मुम्बई, कोलकाता और दिल्ली जैसे शहरों का उदाहरण देते हुए कहा कि इन जगहों पर बिजली निजी क्षेत्र में है। यहां घरेलू बिजली की दरें यूपी की तुलना में कई गुना अधिक हैं। मुंबई में टाटा पावर और अदानी पावर द्वारा दी जाने वाली बिजली का टैरिफ 17-18 रुपए प्रति यूनिट तक है। संघर्ष समिति ने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी के बिजली कर्मचारी एक श्रेष्ठ बिजली व्यवस्था देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही उन्होंने पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन से निजीकरण की प्रक्रिया को तुरंत निरस्त करने की मांग की है।

# बाल विकास में 18 माह से नहीं मिला वेतन, भुखमरी के कगार पर पहुंचे संविदा कर्मचारी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को 18 माह से वेतन न मिलने से उनका जीवनयापन कठिन हो गया है।

विभाग में 80ः कर्मचारी महिलाएं हैं जो अपने परिवार का भरण-पोषण करने में असमर्थ हो चुकी हैं। आर्थिक तंगी के कारण इन कर्मचारियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।प्रचार मंत्री मीनाक्षी (महाराजगंज) जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं वेतन न मिलने के कारण अपना इलाज कराने में असमर्थ हैं। गीता केसरी (भदोही) की बेटी का विवाह दिसंबर माह में तय था लेकिन आर्थिक समस्याओं के चलते विवाह में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। विभाग के बाबू मनोज अस्पताल में भर्ती हैं लेकिन पैसों की कमी के कारण न तो उनके बच्चों की स्कूल फीस जमा हो पा रही है और न ही उनका समुचित इलाज हो रहा है। संगठन मंत्री मीनाक्षी गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता प्रसाद, उपाध्यक्ष निवेदिता सिंह और अल्पना श्रीवास्तव, महामंत्री रीता यादव ने विभाग की उदासीनता की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि 18 महीने से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारी भुखमरी की स्थिति में पहुंच गए हैं। विभाग की संवेदनहीनता ने इन कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ दिया है। संगठन की अध्यक्ष रजनी सिंहओर से सरकार से अपील की गई है कि वे इस गंभीर स्थिति को तुरंत संज्ञान में लें और 18 महीने का बकाया वेतन शीघ्र जारी करें। कर्मचारियों ने कहा कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। यह स्थिति न केवल कर्मचारियों के जीवन पर असर डाल रही है, बल्कि विभाग की कार्यक्षमता पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। सरकार और संबंधित अधिकारियों से यह उम्मीद की जा रही है कि वे इस संकट का शीघ्र समाधान करेंगे।

# यूपी फाउंडेशन डेः भारत को 9 प्रधानमंत्री देने वाला राज्य बना उत्तर प्रदेश

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। यूपी ने आज 24 जनवरी को अपना स्थापना दिवस मनाया। यह दिन पूरे राज्य के लिए उत्साह और गर्व का दिवस है, जो इसके समृद्ध इतिहास और भारत के विकास में जबरदस्त योगदान को दर्शाता है। यूपी स्थापना दिवस का स्मरणोत्सव राज्य की ऐतिहासिक यात्रा, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्र को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को जानने का अवसर प्रदान करता है।

लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में 24 जनवरी से 26 जनवरी तक समारोह आयोजित होंगे, क्योंकि राज्य अपनी स्थापना की 76वीं वर्षगांठ मना रहा है। राज्य का आधिकारिक गठन 24 जनवरी, 1950 को हुआ था, मगर योगी सरकार की घोषणा के बाद 2017 से हर साल यूपी दिवस मनाया जाता है। आधुनिक यूपी की नींव 1902 में पड़ी थी, जब इसे ब्रिटिश शासन के दौरान आगरा और अवध के संयुक्त प्रांत के रूप में स्थापित किया गया था। एक ऐसा नाम जो बाद में संक्षिप्त रूप ष्यूपीष् में बदल गया। आज, यूपी आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से भारत के सबसे प्रमुख राज्यों में से एक है।1902 में अंग्रेजों ने उत्तर-पश्चिमी प्रांत का नाम बदलकर आगरा और अवध का संयुक्त प्रांत कर दिया।

1902 में राजधानी इलाहाबाद से लखनऊ स्थानांतरित हो गई। स्वतंत्रता के बाद 1947 में संयुक्त प्रांत एक प्रशासनिक इकाई बन गया और 1949 तक टिहरी गढ़वाल और रामपुर की रियासतों को इसमें मिला दिया गया। 24 जनवरी 1950 को राज्य का नाम बदलकर यूपी कर दिया गया। यूपी दिवस पहली बार 1989 में मनाया गया था। बाद परंपरा बंद कर दी गई थी। 2017 में पुनर्जीवित किया गया और अब इसे सालाना मनाया जाता है।यूपी को भारत को नौ प्रधानमंत्री देने का गौरव प्राप्त है, जिनमें पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, चौधरी चरण सिंह, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, विश्वनाथ प्रताप सिंह, चंद्रशेखर, अटल बिहारी वाजपेयी लखनऊ निर्वाचन क्षेत्र से और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र से शामिल हैं। यूपी भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी और राज्य की पहली दलित मुख्यमंत्री मायावती जैसे अग्रणी नेताओं का जन्मस्थान है, जिन्होंने 1995 में पदभार संभाला था।यूपी जनसंख्या के हिसाब से भारत का सबसे बड़ा राज्य बना है लेकिन इसमें कभी पहाड़ी क्षेत्र शामिल थे जो अब उत्तराखंड का हिस्सा हैं। 2000 में इन क्षेत्रों को अलग करके एक नया राज्य बनाया गया, जिसका मूल नाम उत्तरांचल था, जिसे बाद में उत्तराखंड नाम दिया गया। यूपी भारत के लोकतंत्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्य में सबसे ज्यादा लोकसभा की 80 सीटें, 403 विधानसभा सीटें और 31 राज्यसभा सीटें हैं।

# कर्पूरी ठाकुर फार्मूला लागू करे सरकार



लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गई।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री आनिस मंसूरी की अध्यक्षता में कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।अनीस मंसूरी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा,भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री थे।लोकप्रियता के कारण उन्हें श्जननायकश् कहा जाता है। 24 जनवरी 2024 को भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरान्त भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित करने की घोषणा की। वे ऐसे थे भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर दो बार सीएम रहे, तीन दशक तक सियासत की, फिर भी वसीयत में सिर्फ झोपड़ी छोड़ गए थे।सामाजिक न्याय के पुरोधा और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की आज 101वीं जन्म जयंती है। कर्पूरी ठाकुर ने अपना सम्पूर्ण जीवन गरीबों, शोषितों, मजलूमों, पिछड़ों, और अति पिछड़ों के उत्थान के लिए समर्पित किया था केंद्र और राज्य सरकारों को चाहिए कि पुरे देश में कर्पूरी ठाकुर को आदर्श मानते हुए कर्पूरी ठाकुर फार्मूला लागू करे।

# महिला परिचालकों की गृह जनपद के डिपो में होगी तैनातीः दयाशंकर

## राज्य परिवहन निगम में होगी 05 हजार संविदा महिला परिचालकों की भर्ती



लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में 05 हजार महिला अभ्यर्थियों को सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जायेगा। महिला अभ्यर्थियों के अनुबंध के लिए उनका उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं कौशल विकास मिशन का सदस्य होना अथवा एनसीसी बी प्रमाण पत्र, एनएसएस एवं स्काउट गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि भर्ती के लिए इण्टरमीडिएट के साथ सीसीसी प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। महिला अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में प्राप्तांकों की मेरिट निर्धारित करते हुए सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जाएगा। एनसीसी बी प्रमाणपत्र, एनएसएस प्रमाणपत्र, भारत स्काउट एवं गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाणपत्र धारक महिला अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में प्राप्तकों पर 05 प्रतिशत का वेटेज भी दिया जाएगा। महिला परिचालकों को संविदा चालकों परिचालकों हेतु अनुमन्य पारिश्रमिक दरों के समान दर से ही भुगतान किया जायेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि महिला अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद के तहत आने वाले डिपो में नियुक्त किया जायेगा। परिचालक पद पर भर्ती के लिए 06 फरवरी, 17 फरवरी, 20 फरवरी, एवं 04 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन भी किया जाएगा। 06 फरवरी को नोएडा, आगरा, मुरादाबाद, लखनऊ, गोरखपुर 17 फरवरी को गाजियाबाद, अलीगढ़, बरेली, अयोध्या, वाराणसी, 20 फरवरी को मेरठ, इटावा, हरदोई, देवीपाटन, आजमगढ़ एवं 04 मार्च को सहारनपुर, झांसी, कानपुर, चित्रकूट धाम-बांदा, प्रयागराज क्षेत्रों में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले के साथ-साथ निगम की बेवसाइट .नचेतजब.बवउ पर ऑनलाइन ऐप्लीकेशन का क्षेत्रवार पृथक-पृथक लिंक भी प्रोवाइड कराया जाएगा। प्रमाणपत्रों का सत्यापन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से किया जाएगा।

# महाकुंभ में भारी अव्यवस्था, 20-20 किलोमीटर पैदल चल कर परेशान हो रहे लोगः अजय राय

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रयागराज से कांग्रेस सांसद उज्जवल रमण सिंह ने महाकुंभ में अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार साधु संतों और श्रद्धालुओं की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार और पूरा अधिकारी तंत्र सिर्फवीआईपी लोगों की मेहमान नवाजी और फोटो खिंचवाने में लगा हुआ है जिस वजह से आम श्रद्धालु भारी असुविधा का सामना कर रहे हैं।

अजय राय ने महाकुंभ के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि महाकुंभ के बाद इसे तथ्यों और आंकड़ों के साथ उजागर किया जायेगा। उन्होंने कहा महाकुंभ के नाम पर बड़े स्तर की तैयारी का दावा करके सरकार सभी को भ्रमित करने का काम कर रही है। आस्था और अध्यात्म के पावन महासंगम स्थल पर कैबिनेट का ड्रामा कर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ को ईवेंट बना दिया है। सरकार ने महाकुंभ की परम्पराओं को बदल दिया है। महाकुंभ में व्यवस्था के नाम पर गुजराती कंपनियों को ठेका देकर सिर्फ भ्रष्टाचार हो रहा है।

अजय राय ने कहा कि महाकुंभ में कैबिनेट मीटिंग कर धार्मिक और आस्था के आयोजन में राजनैतिक संदेश दिया जा रहा है। उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि 2019 के कुंभ में भाजपा सरकार ने कहा था कि महाकुंभ 2025 तक मेट्रो चलने लगेगी लेकिन मेट्रो का अता पता नही है, गंगा नदी पर छह लेन पुल कुम्भ से पहले बनकर तैयार हो जाएगा। यह घोषणा भी अधूरा रह गयी। सड़क निर्माण भी भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गया। हर कुम्भ में मोहल्लों की गली नाली तक बनती थीं इस बार तो मुख्य सड़क व चौराहे को भी नहीं छुआ गया। सरकार की बदइंतजामी की वजह से लोग 20 -20 किलोमीटर पैदल चल कर परेशान हो रहे हैं।

# हमारा प्रदेश कभी भी बीमारू राज्य नहीं थाः शर्मा

लोकमित्र ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा आज जौनपुर पहुंचे। जौनपुर के कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में यूपी दिवस पर सूचना विभाग की लगी प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों के वहां पर लगे स्टालों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसकी भूरी भूरी प्रशंसा भी की। उन्होंने जौनपुर के महिला कल्याण विभाग के मिशन शक्ति फोल्डर का विमोचन भी किया तथा सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली। उन्होंने नवजात बच्चों का अन्नप्राशन कराया और नववधु महिलाओं को शगुन किट दिया।जौनपुर के सर्किट हाउस पहुंचकर नगर विकास मंत्री ने सलामी ली और वही पर सांसद सीमा द्विवेदी, विधायक मणियाहु, विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह श्प्रिंसुश, भाजपा जिला अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मिलकर जिले के विकास कार्यों एवं समस्याओं पर चर्चा की।नगर विकास मंत्री ने जौनपुर के कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में यूपी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का प्राचीन वैभव, संस्कृति और सभ्यता अनमोल रही है, हमारा प्रदेश कभी भी बीमारू राज्य नहीं था, न ही बीमारू राज्य की श्रेणी में आता था, लेकिन पूर्व की सरकारों, उनकी नीतियों और नियत ने इस प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया। विगत 07 से 08 वर्षों में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हुए विकास से उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश का तीव्रगति से चौमुखी विकास हो रहा है, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। प्रदेश के स्थापना दिवस 24 जनवरी पर उन्होंने देश एवं प्रदेश का तीव्र गति से विकास करने के लिए दोनों शीर्ष नेताओं के कार्यों को उपस्थित जनसमुदाय से ताली बजवाकर सम्मान दिलाया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश भगवान राम, कृष्ण, ऋषि, महर्षियों की भूमि है, यहां पर गंगा, जमुना, सरयू जैसी पवित्र नदियां प्रवाहित हैं, जो अपने वैभव और उपजाऊ जमीन के लिए जानी जाती हैं। अवध की राजधानी अयोध्या का वैभव इतना संभ्रांत था कि देवता भी यहां के लिए लालायित होते थे। इसका उल्लेख रामचरितमानस और रामायण में भी मिलता है। जिसमें कहा गया है- दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा।। नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना, नहिं कोउ अबुध न लच्छन हीना।। इसी प्रकार महाभारत काल के हस्तिनापुर भी बहुत ही समृद्धि एवं वैभवशाली था। लेकिन मुगल एवं ब्रिटिश काल के दौरान हमारा कुटीर उद्योग नष्ट कर दिया गया, जिससे हमारे गांव गुरुबे गरीबी में चले गए। जबकि हमारे देश में राम राज्य सुशासन की पराकाष्ठा थी, जिसकी स्थापना उत्तर प्रदेश में हुई थी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती में देव दानवों की लड़ाइयां हुई, जिसके बदौलत अमृत की एक बूंद गिरने से प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया जाता है। प्रयागराज महाकुंभ 2025 इस सदी का भव्यतम महाकुंभ है, जिसको दिव्य और भव्य रूप से प्रदेश की योगी सरकार आयोजित कर रही है। इसमें अब तक लगभग 10 करोड लोग पवित्र स्नान कर चुके हैं। मौनी अमावस्या के दिन 08 से 10 करोड लोगों के स्नान के लिए आने की संभावना है तथा संपूर्ण कुंभ के दौरान 40 से 45 करोड लोगों के कुम्भ में स्नान के लिए पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, प्रशासन सब व्यवस्थित रूप से कार्य कर रहे। देश एवं प्रदेश में अब सुशासन का दौर चल रहा, जिससे उत्तर प्रदेश आज बीमारू स्टेट से बाहर निकल कर देश में अर्थव्यवस्था की दृष्टि से दूसरे नंबर का राज्य बन चुका है।

# राज्यपाल से नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों ने मुलाकात की



लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में बैच 2022 के 116 नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों और न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के अधिकारियों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने न्यायाधीशों के प्रशिक्षण अनुभवों की जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि न्यायपालिका में प्रवेश के साथ उनकी जिम्मेदारी पीड़ितों और परेशान लोगों की समस्याओं को हल करना है। न्यायाधीश गांवों में जाकर समस्याओं को सुनें और समाधान दें ताकि कोर्ट तक जाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने गुजरात में लागू नारी अदालत का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे महिलाएं स्थानीय विवादों को सुलझाकर अदालतों पर भार कम कर सकती हैं।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'तीर्थ ग्राम' जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में झगड़े कम करने में सहायक हैं। उन्होंने बताया कि तीर्थ ग्राम योजना ग्रामीण समुदायों में एकता और समग्र विकास को बढ़ावा देती है, जिससे गांवों में सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सुधार हो सके। उन्होंने न्यायाधीशों को बाल विवाह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और स्कूलों में जाकर बच्चों को छोटे-छोटे कानून सिखाने की जिम्मेदारी सौंपी ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और ड्रॉप आउट कम हो। इस अवसर पर न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के निदेशक दिवेश चन्द्र सामंत ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के निदेशक और अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता वेतन में हो मर्ज

**लखनऊ।** इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र ने प्रधानमंत्री को पत्र भेज कर मांग की है कि नियम है कि महंगाई भत्ता जब वेतन में 50 प्रतिषत से अधिक हो जाता है तो उस वेतन में जोड़ दिया जाता है। ऐसे निर्णय सभी आयोगों के समय से होता आ रहा है। श्री मिश्र ने बताया है कि वर्तमान में 50 प्रतिशत से ज्यादा महंगाई भत्ता हो गया है। प्रेमचन्द्र महासचिव एवं अतुल मिश्रा उप महासचिव ने 8 वें वेतन आयोग की घोषणा करने का स्वागत करते हुये कर्मचारियों को पूर्ण विश्वास है कि 50 प्रतिशत महंगाई भत्ते को वेतन में जोड़ने की भी जल्द घोषणा करेंगे। उन्हें विश्वास यह भी है कि वर्तमान की भीषण महंगाई को देखते हुये 8वें वेतन आयोग में कर्मचारियों को न्याय मिलेगा।इप्सेफ ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों की स्थिति को देखते हुये उनकी सेवा सुरक्षा, न्यूनतम वेतन के लिए नियमावली बनाने का आदेश देने की कृपा करें।

## ट्रेन के आगे कूदा युवक,पास में बछरावां-तेलीबाग का टिकट

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक युवक ने ट्रेन के सामने कूद कर सुसाइड कर लिया। घटना पीजीआई थाना क्षेत्र के उतरेठिया रेलवे स्टेशन के पास हुई, जहां ईसीआर ट्रेन के आगे कूदने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जीआरपी पुलिस को घटनास्थल पर मृतक के पास से एक रोडवेज बस टिकट मिला, जो रायबरेली जनपद के बछरावां से तेलीबाग का है। घटना रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पोल नंबर 1060/ 20 ए डाउन लाइन के पास हुई। लोको पायलट ने पुष्टि की है कि युवक ने ट्रेन के आगे छलांग लगाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान के लिए आस-पास के थानों में सूचना भेजी गई है और सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## एक दिन में 5 मोबाइल लूटने वाले गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ में एक दिन में 5 मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह लोग अपने शौक पूरे करने के लिए लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह लोग फेरीवाला बनकर किराए के मकान में रहते हैं। लूटपाट के लिए इन लोगों ने कुछ दिन पहले ही नई स्कूटी खरीदी थी। पुलिस ने इनके बास से लूट के मोबाइल और स्कूटी जब्त कर विधिक कार्रवाई कर रही है। हजरतगंज पुलिस के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर मो. एहतशाम और सलमान कुरैशी को मोबाइल लूट मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह लोग चौक में किराए के मकान में रह हे थे। कुछ ही दिन पहले नई स्कूटी खरीदी थी। जिससे शहर में घूम-घूमकर मोबाइल लूटते थे। इन लोगों ने हजरतगंज में 2 जनवरी को प्रियंका अपार्टमेंट के पास से युवक से लूटा था। उसके कुछ ही देर बाद बैकुंठ धाम रोड पर ओवरब्रिज के पास युवती का मोबाइल लूटकर भाग गए थे। पूछताछ में इन लोगों ने शहर में पांच मोबाइल लूट की घटनाओं को कबूल किया है।

## पानी के उपयोग का ही पैसा देंगे व्यापारी

**लखनऊ।** शहर के दो दर्जन से ज्यादा बड़े व्यापारियों ने शुक्रवार को जलकल महाप्रबंधक के साथ बैठक की। इसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अपनी बात पर अड़ा रहा कि बिना कनेक्शन व्यापारी पानी का बिल क्यों भरे। महाप्रबंधक कुलदीप सिंह से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि पानी का कनेक्शन रखने वाले व्यापारी का बिल जमा होगा। इसमें उनका संगठन जलकल विभाग की मदद करेगा। जहां पानी का कनेक्शन नहीं है उसका भुगतान व्यापारी समाज नहीं करने वाला। महाप्रबंधक जलकल विभाग के साथ हुई बैठक में लखनऊ के दो दर्जन से अधिक बाजारों के प्रतिनिधि शामिल हुए। व्यापारियों ने कहा कि जलकल विभाग की ओर से जारी किए गए बिलों में भारी अनियमितता है। इन बिलों को संशोधित किए जाने की आवश्यकता है। संदीप बंसल ने कहा की विभाग की ओर से 1975 का बना हुआ कानून इस समय आप्रसांगिक है। इसके अनुसार दुकान की 100 मीटर की परिधि में यदि पाइपलाइन निकल रही है तो उसका भुगतान मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में जल्द ही विभाग के संबंधित मंत्री और मुख्यमंत्री से मिलकर इसका निस्तारण कराया जाएगा। तब तक किसी भी स्तर पर व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कम से कम 3 महीने तक जलकल विभाग व्यापारियों पर कोई दबाव न बनाया। उन्होंने महाप्रबंधक कुलदीप सिंह को सुझाव देते हुए कहा कि सभी जोन में कैंप लगवाएं। जो उद्यमी, व्यापारी, रेस्टोरेंट वाले पानी का इस्तेमाल करते हैं उनका भुगतान करवाने में व्यापार मंडल उनका सहयोग करेगा। बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, महामंत्री अनुज गौतम, उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बंथरा में दो पक्षों में जमकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**सरोजनीनगर लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के गांव में भैंस छुटने को लेकर विवाद हो गया जिसमें जमकर मारपीट की गई दोनों पक्षो ने थाने पर एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अमृतलाल पुत्र कप्तान ग्राम सभा लोनहा थाना बंथरा ने थाने पर रिपोर्ट लिखाई है कि बीते गुरुवार को समय करीब 8/9 बजे के बीच मेरे बाबा केशन की भैंस छुटकर रोड पर घूम रही थी, इसी बीच मेरे पड़ोसी रामप्रसाद पुत्र हनुमान प्रसाद शराब के नशे में गाली गलौज करने लगे और कहा रोज-रोज छुटकर हमारे यहां भैंस आ जाती है, जब मैंने रामप्रसाद से विरोध जताया कि रोज शराब के नशे में गाली गलौज क्यों करते हो तो राम प्रसाद हमसे हाथापाई करने लगे और रामप्रसाद की पत्नी ईटा गुम्मा फेंककर मारने लगी, जो मुझे न लगकर रामप्रसाद के सिर में लग गई, जिससे रामप्रसाद के सिर में चोट आई है। शोर शराबा सुनकर मेरे चाचा रोहित गौतम पुत्र पप्पू गौतम मौके पर आ गए और रामप्रसाद का लड़का सर्वेश गौतम जो हांथ में चाकू लिए हुए था वो भी आ गया, मेरे चाचा रोहित के ऊपर चाकू से वार कर दिया जो अंगूठे में लगी है और अंगूठा कट गया है मुझे भी अंदरुनी छोटे आई हैं। दूसरे पक्ष के राम प्रसाद पुत्र हनुमान प्रसाद ने मुकदमा लिखाया है कि गुरुवार की शाम लगभग 8 बजे रात्रि को मेरे पड़ोसी केशन पुत्र अज्ञात की भैंस छूटकर मेरे घर के पास आ गई तो मैंने केशन से इस बात का विरोध जताया कि तुम्हारी भैंस रोज छूट कर हमारे घर आ जाती है और इसे बंधाकर क्यों नहीं रखते हो तो केशन ने हमसे कुछ नहीं कहां बल्कि मेरे पड़ोसी रोहित पुत्र पप्पू एवं अमृतलाल पुत्र कप्तान मेरे साथ गाली गलौज करने लगे और लाठी डंडों से मुझे मारा-पीटा जिससे मेरे सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस पूरे मामले की तहकीकात करके आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही कर रही हैं।

## कटिया लगाकर सो रहे थे, 35 लोग रंगे हाथ पकड़े गए

**लखनऊ।** बिजली चोरी के खिलाफ शुक्रवार को लेसा ने तड़के सुबह अभियान चलाकर सोते हुए 35 बिजली चोरों को पकड़ा। कई उपभोक्ता रात में सीधे खंभे से कटिया लगाकर सो रहे थे। शुक्रवार को पुराने लखनऊ के कई इलाकों में मॉर्निंग रेड के दौरान कटिया लगाकर बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़े गए। सभी लोगों पर बिजली विभाग की ओर से एफआईआर दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है। लेसा ने शुक्रवार को सुबह पांच बजे से आठ बजे तक बिजली चोरों की धड़पकड़ के लिए चौक, रेजीडेंसी और ठाकुरगंज में अभियान चलाया। इस दौरान मेहताब बाग की रईस मंजिल में 14, पाटानाला में चार, वजीरगंज में चार, छत्तन पार्क में एक, राधाग्राम की छब्बन की बगिया में तीन, चौपाटियां कालोनी में चार और बालाघाट के सरदार नगर, रेल नगर और नारायन गार्डेन में चार बिजली चोर पकड़े गए हैं। सभी बिजली चोरों पर एंटी थेफ्ट थाने पर एफआईआर कराकर कार्रवाई की जा रही है।

## एलयू में पीएचडी के तीन विषयों का परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत तीन विषयों का साक्षात्कार के बाद परिणाम जारी कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थियों के लिए फीस पोर्टल शुक्रवार को खोल दिया गया है। जिससे वह अपनी फीस जमा कर सकेंगे। एलयू की वेबसाइट पर कंप्लीट मेरिट सूची भी जारी कर दी गई है।

# जनेश्वर पार्क की झील में मछलियों को दाना डाला तो लगेगा जुर्माना

### ज्ञनेश्वर मिश्र पार्क की झील में मछलियों के मरने पर एलडीए ने की सख्ती - लोगों को चेतावनी देते हुए लगाया जाएगा बोर्ड, कुछ स्थानों पर लगेंगे कैमरे

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यदि आप ज्ञनेश्वर मिश्र पार्क घूमने जा रहे हैं और वहां की झील में मछलियों को दाना डालने की सोच रहे हैं तो सावधान हो जाइए। ऐसा करने पर आपको जुर्माना देना पड़ सकता है। एलडीए का कहना है कि मछलियों को दाना, बिस्कुट और चिप्स डालने से न केवल झील का पानी प्रदूषित होता है, बल्कि इन्हें खाने से मछलियों की मौत तक हो जाती है। मछलियों और झील को बचाने के लिए सख्ती आवश्यक है।

ज्ञनेश्वर मिश्र पार्क में 32 एकड़ में झील है। यहां पर काफी संख्या में मछलियां भी हैं। गुरुवार को झील के एक किनारे काफी संख्या में मछलियां मरी हुई मिली थीं। एलडीए कर्मचारी जब इसके कारणों की तह में गए तो पता चला कि मछलियों को दाना डाल कर पुण्य कमाने के चक्कर में लोगों ने झील में दाना, बिस्कुट, चिप्स आदि काफी संख्या में डाल रखा है। कुछ ने तो बिस्कुट और चिप्स के रैपर तक झील में फेंक दिए थे, जिससे झील का पानी प्रदूषित हो गया था और अधिक खाने से मछलियों की मौत हुई है। इस घटना के बाद एलडीए झील में मछलियों को किसी भी प्रकार का भोजन न डालने और पानी प्रदूषित न करने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाने जा रहा है। जिन स्थानों पर लोगों कर आवाजाही ज्यादा होती है, वहां पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाने की तैयारी की जा रही है। ताकि चेतावनी के बाद भी यदि झील में कोई खाद्य वस्तु या प्रदूषण के लिए कुछ अन्य सामग्री डालता है तो उस पर जुर्माना लगाया जा सके। इस मामले में एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव का कहना है कि झील में मछलियों के भोजन के लिए प्राकृतिक रूप से पर्याप्त भोजन है। लोगों को जागरुक होना पड़ेगा कि उनकी वजह से मछलियों को परेशानी न हो। लोगों को चेतावनी देते हुए झील किनारे बोर्ड लगाए जाएंगे। उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगेगा।

# सड़क पर उतरी तोप, हेलीकॉप्टर ने बरसाए फूल

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की सड़कों पर हथियारों से लैस एटीएस के जवान, उनके आगे चल रही सेना की तोप, देशभक्ति गीतों पर नाचते-गाते स्टूडेंट और आसमान से फूलों की बारिश करता हेलीकॉप्टर। यह नजारा है 26 जनवरी की परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल का। यह परेड चारबाग से शुरू होकर बर्लिंगटन चौराहा, विधानसभा होते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक जाएगी। परेड में भारतीय सेना के शौर्य को प्रदर्शित किया जा रहा है। एटीएस के जवानों ने विधानसभा के सामने सलामी दी। परेड में सीनियर अधिकारी, सेना के जवान, पुलिस के जवान, स्कूल और कॉलेज के छात्र पूरे जोश के साथ शामिल हुए। गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल की वजह से चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने बाल विद्या मंदिर के आस-पास वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई। हुसैनगंज (बर्लिंग्टन) चौराहा से सिंचाई भवन, सदर की तरफ से हुसैनगंज चौराहे (बर्लिंग्टन) की तरफपरेड अभ्यास के बाद ट्रैफिक खुला है। विधानसभा मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया गया है। हजरतगंज चौराहे से निर्धारित समय के बाद ट्रैफिक मेफेयर, सुभाष परिवर्तन चौक चौराहे की तरफ खोला जाएगा। रिहर्सल परेड में संस्कृति विभाग की ओर से चक दे इंडिया...गीत पर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान लोगों ने कलाकारों का खूब उत्साह बढ़ाया। जय हो, जय हो, आ जा नीले आसमान के तले गीत ने लोगों में जोश भर दिया। नार्थ-ईस्ट की वेशभूषा में कलाकारों ने शानदार डांस किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सिर के ऊपर मटकी और नारियल के साथ सांस्कृतिक वेशभूषा में युवतियों ने डांस पेश किया। प्रथम यज्ञ भूखंड धरा पर, आर्य का आगाज है, है पावन संगम की धरती ये प्रयागराज हैश् गीत पर छात्रों ने शानदार प्रस्तुति दी।

## स्कूल न जाने पर पिता ने डांटा तो बेटे ने लगा ली फांसी

**लखनऊ।** गुड़ंबा में शुक्रवार को कक्षा छह के छात्र पंकज गौतम (13) ने आम के पेड़ के सहारे फांसी लगा ली। स्कूल न जाने पर पिता ने पढ़ाई के लिए डांटा था जिसके कारण वह नाराज था। गुड़ंबा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाराबंकी के देवा नरतला निवासी मजदूर मंशाराम गौतम के मुताबिक बेटा पंकज गौतम (13) गुड़ंबा के पारा गांव स्थित जेएमडी स्कूल में कक्षा छह का छात्र था। मंशाराम के मुताबिक शुक्रवार को पंकज स्कूल नहीं गया था। इस बात को लेकर उन्होंने बेटे को डांट दिया। इसके बाद वह वह घर से बिना बताए कहीं चला गया। कुछ देर बाद पता लगा कि पंकज पारा गांव में आम के पेड़ से दुपट्टे के फंदे के सहारे लटका हुआ है। परिवार में मां सुदामा व तीन भाई और एक बहन हैं। इंस्पेक्टर गुड़ंबा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# केजीएमयू में भटक रही मां का बेटा भर्ती, इलाज शुरू

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** केजीएमयू के डॉक्टरों ने युवक को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। मरीज की जरूरी जांचें भी कराई। इलाज मिलने से मरीज व उनकी मां ने राहत की सांस ली है। सीतापुर स्थित कसरैला गांव निवासी धीरज 28 दिसंबर को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गंभीर अवस्था में परिवारीजन मरीज को लेकर ट्रॉमा सेंटर में पहुंचे थे। यहां भर्ती के बाद मरीज का इलाज किया गया। तबीयत में सुधार के बाद मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। इस दौरान धीरज की तबीयत बिगड़ गई। हादसे के बाद से वह चलने-फिरने में लाचार है। परिवारीजन मरीज को लेकर 20 जनवरी को ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। यहां दंत संकाय के डॉक्टरों ने जबड़े में लगा इम्प्लांट हटाया। उसके बाद न्यूरो में दिखाने की सलाह दी थी। मरीज धीरज का कहना है कि डॉक्टरों ने भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

प्रवक्ता डॉ. केके सिह ने बताया कि मरीज को ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। एमआरआई समेत दूसरी जांच भी करा दी गई हैं। उन्होंने बताया कि केजीएमयू में प्रदेश भर से मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। ट्रॉमा में भर्ती मरीजों को शुरूआती 24 घंटे मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है। मरीजों को दवाएं भी फ्री उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# दम्माम से लखनऊ आने वाली फ्लाइट 6 घंटे लेट

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मौसम खराब होने का असर शुक्रवार को भी विमान सेवाओं पर पड़ रहा है। इसकी वजह से लखनऊ आने जाने वाले कई विमान 1 घंटे से 6 घंटे तक विलंब हो गए। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि गुरुवार देर रात लो विजिबिलिटी होने के कारण मुंबई से रात 1.10 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 5264) करीब 50 मिनट देरी से लखनऊ पहुंची।

जबकि शुक्रवार सुबह दम्माम से 5.30 बजे लखनऊ आने वाली फ्लाइनास की उड़ान (एक्सवाई 896) करीब 5.45 घंटे विलंब, यानी दोपहर 11.15 बजे तक आने की संभावना बताई जा रही है। सुबह 5.55 बजे दम्माम से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 98) लगभग 1 घंटा देरी से 7 बजे लखनऊ पहुंची। कोलकाता से 7.15 बजे आने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 6139) करीब 1 घंटा देरी से पहुंची। सुबह 8 बजे मस्कट से आने वाली ओमान एयर की उड़ान (डब्लयूवाई 265) करीब 2 घंटे से अधिक देरी से 10.11 बजे आने की संभावना है। जेद्दा से सुबह 10.30 बजे लखनऊ आने वाली सउदिया की उड़ान (एसवी 890) एक घंटा देरी से आने की उम्मीद है। लखनऊ से शुक्रवार सुबह 6.30 बजे दम्माम जाने वाली फ्लाइनास की उड़ान (डब्लयूवाई 897) करीब 6 घंटा देरी से उड़ान भरने की संभावना है। लखनऊ से सुबह 7 बजे दिल्ली जाने वाली स्पाइसजेट (एसजी 730) करीब डेढ़ घंटा देरी से उड़ान भरने की संभावना है। लखनऊ से सुबह 9.05 बजे मस्कट जाने वाली ओमान एयर की (डब्लयूवाइ 266) उड़ान करीब 2.15 घंटा देरी से रवाना होने की संभावना है। दोपहर 12.10 बजे लखनऊ से जेद्दा जाने वाली सउदिया की उड़ान (एसवी 891) एक घंटा देरी से उड़ान भर सकती है।

# मकान में लगी आग, बुजुर्ग दंपती ने पड़ोसी की छत पर जाकर बचाई जान

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के उदयगंज में शुक्रवार को दो मंजिला मकान में आग लग गई। घर से आग की लपट और धुआं देख आस-पास के लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। लोगों का शोर सुनकर दूसरी मंजिल पर मौजूद बुजुर्ग दंपती ने पड़ोसी की छत पर जाकर जान बचाई। वहीं सूचना पर पहुंची दो दमकल की गाड़ियों ने एक घंटे में आग को बुझा लिया।

उदयगंज बाडिया टोला बर्फ खाना निवासी सैलून में काम करने वाले मो. तौसीफके घर में आग लग गई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह वह और उनकी बहन काम पर चले गए। घर पर पिता मो. लईक और मां दूसरी मंजिल पर थे। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब एक बजे घर की पहली मंजिल से धुआं निकलते देख आस-पास के लोगों ने शोर मचाया। घर से लपटें और धुआं देखकर मां और पिता शोर मचाते हुए पड़ोसी की छत पर चले गए। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत के मुताबिक घर में आग की सूचना पर दो दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर पानी की बौछार शुरू कर दी। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। जिसे बाद में करीब एक घंटे में बुझा लिया। इस दौरान एक एलपीजी सिलेंडर भी आग लगने वाली जगह पर रखा था। जिसे समय रहते बाहर निकाल लिया गया। सिलेंडर फट जाता तो बड़ा हादसा हो जाता। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

# 45 मेधावियों को ज्ञान को मिला प्रमाणपत्र

### राजकीय पॉलीटेक्निक का चौथा दीक्षांत समारोह

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक का चौथा दीक्षांत समारोह आयोजन हुआ। इस दौरान अलग-अलग विभाग के 45 मेधावी विद्यार्थियों को सर्टिफिक्रेट देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्राविधिक शिक्षा परिषद के महानिदेशक अविनाश कृष्ण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में सम्मानित होने वाले विद्यार्थी बेहद उत्साहित नजर आए। प्राविधिक शिक्षा परिषद के महानिदेशक अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि यहां से उपाधि लेने वाले विद्यार्थियों के कंधों पर अब भविष्य को उज्जवल बनाने की जिम्मेदारी है। इसीलिए जितनी लगन के साथ पढ़ाई किया है, उसी लगन के साथ अपनी कौशल को समाज बदलने में लगा दें। सौभाग्यशाली हैं, वो विद्यार्थी जिसकी शिक्षा और कौशल देश के काम आए। आदर्श नागरिक वही है, जो समाज की तस्वीर बदले। आज के दौर में तकनीकी शिक्षा की मांग बढ़ गई है। एआई ने टेक्नालॉजी के क्षेत्र में आयाम स्थापित कर रहा है। टेक्नोलॉजी समय के साथ बदलती रहती है। समय के साथ चलने के लिए आवश्यक है कि टेक्नोलॉजी के साथ चलें। इसीलिए हर विद्यार्थियों को चाहिए कि वह तकनीकी ज्ञान जरूर हासिल करें। ताकि, किसी भी क्षेत्र में जाएं तो उन्हें रोजगार और नौकरी के लिए भटकना न पड़े। ज्ञान, नौकरी, सेवा और संस्कार इसी के जरिए समाज व देश का भविष्य बदलेगा। संस्थान के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंह ने उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि संस्थान ने आपको शिक्षित बनाकर अपनी जिम्मेदारी निभा दिया। अब विद्यार्थियों की बारी है कि अपनी शिक्षा और कौशल्या से समाज को विकास की नई राह पर ले जाए। अपने साथ समाज की उन्नति पर पूरा ध्यान आकर्षित करें।

## शंकरपुरवा में कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जे का आरोप

**लखनऊ।** शंकरपुरवा वार्ड द्वितीय में पहाड़पुर चौराहा के पास स्थित कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इस संबंध में क्षेत्रीय पार्षद ने नगर आयुक्त से अवैध कब्जा पर नियमानुसार कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। शंकरपुरवा वार्ड द्वितीय से भाजपा पार्षद शिवम उपाध्याय का कहना है कि पहाड़पुर चौराहा के पास ग्राम सिकंदरपुर इनायत अली के खसरा संख्या 269 पर 0.143 हेक्टेयर भूमि सरकारी अभिलेख में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। इस जमीन पर एक अस्पताल संचालक सहित अन्य लोगों ने मिलकर कब्जा कर लिया है। भाजपा पार्षद ने कब्रिस्तान की उक्त जमीन पर हुए अवैध कब्जा के खिलाफ नियमानुसार अतिशीघ्र कार्रवाई करते हुए खाली करवाने का अनुरोध नगर आयुक्त से किया है।

# काकोरी में बन रहा था मिलावटी सोया सॉस, 3700 किलो सीज

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** एफएसडीए की टीम ने शुक्रवार को लखनऊ में सोया सास बनाने वाली दो फैक्ट्री में छापा मारा। इनमें बड़े पैमाने पर मिलावट कर टोमैटो व सोया सास बनाया जा रहा था। एक्सपायरी चीजे भी मिली। टीम ने केवल एक प्रतिष्ठान का 3700 किलो चिली सास, कान्टीनेंटल सास तथा सोया सास सीज किया। एक्सपायर टोमैटो प्यूरी व विनेगर नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को ग्राम बरावन कलां काकोरी तथा सीतापुर रोड अलीगंज के दो प्रतिष्ठानों में छापा मारा। बरावन कला काकोरी में मेसर्स साहू फूड्स पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह की उपस्थिति में छापा मारा गया। प्रतिष्ठान के मालिक संजय साहू यहां विभिन्न प्रकार के सॉस व नूडल्स का निर्माण, भण्डारण व विक्रय करते पाये गये। उक्त खाद्य पदार्थो में मिलावट का संदेह हुआ है। जिसके बाद एफएसडीए की टीम ने कान्टीनेन्टल सॉस, ग्रीन चिली सॉस, कान्टीनेन्टल सॉस (फ्रेशको ब्राण्ड), नूडल्स, सोया सॉस व मैदा सहित कुल 06 नमूने संग्रहित किये गये। मौके पर ही ग्रीन चिली सॉस, कान्टीनेन्टल सॉस, सोया सॉस जिनकी कुल मात्रा लगभग 3700 किग्रा तथा थोक बाजार मूल्य 60 हजार रुपए था को सीज करा दिया। 11000 रुपये की टोमेटो प्यूरी व विनेगर कालातीत मिली। इसे नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा टीम ने सीतापुर रोड अलीगंज लखनऊ स्थित गौरव ट्रेडर्स के यहां छापा मारा। यहां कांटीनेंटल सॉस, चिली सॉस, सोया सॉस का विक्रय व संग्रहण पाया गया। मिलावट के संदेह के आधार पर उक्त खाद्य पदार्थों के 03 नमूने संग्रहित किये गये। शेष कॉन्टिनेंटल सॉस, चिली सॉस तथा सोया सॉस जिनकी कुल मात्रा लगभग 300 किग्रा थी को सीज किया गया।

## बालिकाओं के शिक्षा व अधिकारों पर चर्चा हुई

**लखनऊ।** इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं के शिक्षा, समानता और अधिकारों पर चर्चा हुई। इसके तहत भपटामऊ, बुद्धेश्वर, पारा, मुबारकपुर समेत संस्था की संचालित सभी सेंटर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। बुद्धेश्वर में फाउंडेशन की सदस्य पूजा ने समाज में बालिका शिक्षा के प्रभाव के बारे में बताया। पारा थाने की महिला इंस्पेक्टर प्रतिभा सिंह व मिथिलेश सिंह ने लैंगिक समानता व बालिका अधिकार पर बात की। साथ ही कानूनी जानकारी देते हुए लैंगिक असमानता के खिलाफ बालिकाओं को बराबर अवसर देने पर बल दिया। जागरुकता कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक अमित, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन शुक्ला, संध्या मिश्रा, सुदेवी, मंदाकिनी, आयुषी, गायत्री, पूनम व कल्पना समेत कई अन्य ने हिस्सा लिया।

# ट्रांसपोर्ट नगर के 112 आवंटियों ने जमा नहीं किए कागज

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** ट्रांसपोर्ट नगर के जिन 292 आवंटियों के रिकार्ड एलडीए में नहीं थे, उनमें से अब तक 180 लोगों ने अपनी ओर से आवंटन के रिकार्ड एलडीए में जमा कर दिए हैं। शेष 112 अब तक नहीं जमा कर पाए हैं। ऐसे लोगों को एलडीए की तरफ से 10 फरवरी तक का और समय दिया गया है। आवंटन के रिकार्ड जमा न करने की दशा में उनके आवंटन को रद भी किया जा सकता है। एलडीए की ट्रांसपोर्ट नगर योजना वर्ष 1980 में आई थी। उस दौरान वहां पर लोगों को आवासीय और व्यावसायिक प्लाट आवंटित किए गए थे। अक्तूबर महीने में आवंटित प्लाटों को फ्री होल्ड किए जाने की मांग उठाई जाने लगी। इस दौरान 13 प्लाटों की फर्जी पंजीकरण के मामले सामने आए। इस पर एलडीए ने ट्रांसपोर्ट नगर के आवंटियों के प्रपत्रों के रिकार्डों की जांच करनी शुरू की तो पता चला कि 292 आवंटी ऐसे हैं जिनका कोई रिकार्ड एलडीए के पास नहीं है। उसके बाद एलडीए ने इन प्लाटों पर जिनका कब्जा था, उनसे रिकार्ड मांगे कि किस आधार पर उन्हें प्लाट पर कब्जा मिला हुआ है। इसका रिकार्ड जमा करने के लिए उन्हें नवंबर तक का समय दिया था। इस दौरान 292 में से अधिकतर अपने भूखंडों के आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं कर पाए और एलडीए से और समय दिए जाने का अनुरोध किया। इस पर 13 दिसंबर को एलडीए ने उन्हें एक महीना का और समय दिया। एलडीए के अनुसार इस बीच 292 में से 180 लोगों ने आवंटन के प्रपत्र जमा कर दिए। शेष 112 अब तक नहीं जमा कर पाए हैं। ऐसे में इन लोगों को अब 10 फरवरी तक आवंटन के प्रपत्रों को जमा करने का समय दिया गया है। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा के अनुसार आवंटन के रिकार्ड जमा न करने वालों के आवंटन को रद भी किया जा सकता है।

## 2500 छात्र-छात्राओं ने मानव शृंखला बनाकर दी श्रद्धांजलि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर यूनिवर्सिटी और स्कूलों में मानव श्रृंखला बनाई गई। क्राइस्ट यूनिवर्सिटी के प्रागंण में प्रशासन के कार्यक्रम में लगभग 2500 छात्र-छात्राओं ने मानव-श्रृंखला बनाई और सड़क सुरक्षा के लिए शपथ ली। सामाजिक संगठनों ने भी गोष्ठी और माल्यर्पण कर नेताजी को श्रद्धांजलि दी।क्राइस्ट यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में सीडीओ अभिनव गोपाल ने सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने, हेलमेट का प्रयोग करने और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने की अपील की। एडीएम सिटी और एआरटीओ प्रशासन राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा हम सभी का मूल मंत्र होना चाहिए। इस दौरान सभी अधिकारी मौजूद रहे। विद्यार्थी विकास समिति ने सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती कंपनी बाग में मनाई। इस दौरान उनकी कुर्बानियों और देश की आजादी में उनके योगदान को याद किया गया। संरक्षक नरेंद्र सिंह चौहान, संस्था के अध्यक्ष बाबूराम शर्मा, त्रिलोक सिंह, स्वीटी जैन, अंशिका तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं, पीआरडी जवानों ने नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन के पीछे बने सुभाष चंद्र बोस स्मृति उपवन में बनी उनकी प्रतिमा पर फूल माला अर्पित की।

# मालगोदामः सीईसी रिपोर्ट में रेलवे और बिल्डर की मिलीभगत उजागर

▸▸ सुप्रीम कोर्ट में इसके साथ डालमिया और माथुर फार्म हाउस की भी होगी सुनवाई

**अशोक अग्निहोत्री**



**आगरा।** गधापाड़ा स्थित रेलवे मालगोदाम परिसर से हरे पेड़ काटे जाने के मामले में सच्चाई को बाहर न आने देने के लिए लाख जतन किए गये, लेकिन सेंट्र्ल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) सच को बाहर ले ही आई। सीईसी ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट दाखिल कर दी है, जिस पर आज ही सर्वोच्च अदालत सुनवाई करेगी। सीईसी की रिपोर्ट से रेलवे के अधिकारियों और गणपति बिल्डर की मिलीभगत भी उजागर हो गई है। अब देखना यह है कि सुप्रीम कोर्ट सीईसी की रिपोर्ट पर क्या रुख अपनाता है।

आगरा के दयालबाग स्थित माथुर फर्म हाउस से हरे पेड़ काटने का मामला भी आज ही सुनवाई के लिए नियत है। इन दोनों ही मामलों में उत्तर प्रदेश वन विभाग अपनी अनुपालन आख्या पहले ही सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर चुका है।

ये तीनों ही मामले ताज ट्रिपेजियम जोन के अंतर्गत आते हैं, जहां सर्वोच्च अदालत ने ही हरे पेड़ काटने पर रोक लगा रखी है। इन तीनों ही मामलों को आगरा के पर्यावरणविद ड. शरद गुप्ता सुप्रीम कोर्ट लेकर गए हैं। डालमिया और माथुर फार्म हाउस के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने वन विभाग से तीन महीने के अंदर अनुपालन आख्या मांगी थी, जो वन विभाग प्रस्तुत कर चुका है। सबसे ताजा मामला गधापाड़ा रेलवे मालगोदाम का है, जिसकी जांच सीईसी की दो सदस्यीय टीम ने आगरा आकर की थी। इससे पहले सीईसी इसी मामले को लेकर तीन बैठकें कर चुकी थी। आखिरी बैठक में मालगोदाम की जमीन को लीज पर लेने वाले गणपति बिल्डर को भी बुलाया गया था।

पूछने पर गणपति बिल्डर की ओर से साफ मना कर दिया गया था कि उन्होंने मालगोदाम से पेड़ नहीं काटे हैं। बिल्डर ने आशंका जताई थी कि आसपास के लोगों ने काट लिए होंगे। इस पर सीईसी की बैठक में बिल्डर को जेसीबी से पेड़ उखाड़े जाने का वीडियो दिखाकर कहा गया था कि क्या लोकल लोग जेसीबी लाकर पेड़ उखाड़ेंगे।

अब जबकि सीईसी की रिपोर्ट सामने आ चुकी है, उसमें साफ-साफ कहा गया है कि मालगोदाम परिसर से हरे पेड़ों को नष्ट किए जाने के पीछे बिल्डर ही है। इसके लिए रेलवे के अधिकारियों को बराबर का दोषी बताया गया है।

सीईसी ने माना है कि रेलवे अधिकारियों की शह के बगैर बिल्डर बगैर वैध कब्जे के मालगोदाम में नहीं घुस सकता। सीईसी की रिपोर्ट से एक बात और साफ हुई कि मालगोदाम से 23 नहीं बल्कि 115 हरे पेड़ उजाड़े गए। प्रति पेड़ एक लाख रुपये जुर्माने के हिसाब से 115 पेड़ों के लिए 1.15 करोड़ जुर्माने की सिफारिश भी सीईसी ने की है।

## जूडो स्पर्धा में बालक और बालिकाओं ने आजमाएं दांव-पेंच



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में बृहस्पतिवार को सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर जूनियर वर्ग की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं कराईं गईं। जूडो प्रतियोगिता में जीत के लिए 72 खिलाड़ियों ने दांव-पेच लगाए, जिसमें वंदना ने बाजी मारी।नेटबॉल प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें महामाया स्टेडियम की टीम विजेता बनीं। वहीं पॉवर लिफ्टिंग के बालक और बालिका वर्ग में लगभग 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।बालक 83 किग्रा. भारवर्ग में सचिन, 93 किग्रा. भारवर्ग और 100 प्लस किग्रा. भारवर्ग में युवराज विजेता बनें। 52 किग्रा. भारवर्ग में हैप्पी, 57 किग्रा. भारवर्ग में उदय, 66 किग्रा. भारवर्ग में अनुज, 72 किग्रा. भारवर्ग में अंकित और 77 किग्रा. भारवर्ग में रोहित शर्मा विजेता रहे।जिला उप क्रीड़ाधिकारी और जूडो कोच पूनम विश्नोई ने प्रतियोगिता कराई। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।इस अवसर पर भाजपा शैक्षणिक प्रकोष्ठ प्रिया, पारुल त्यागी, मनीषा शर्मा, एबीवीपी महानगर मंत्री तनिष्क सिसोदिया, कोच विभा आदि मौजूद रहे।

# बटेश्वर में लगेगी अटल की 65 फुट ऊंची भव्य प्रतिमा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**आगरा।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के पैतृक गांव बटेश्वर में उनकी 65 ऊंची विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए लोकसभा में आवाज उठा चुके क्षेत्रीय सांसद और भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार चाहर के प्रयास रंग ला चुके हैं। केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर इसके लिए सहमति बन चुकी है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बटेश्वर धाम प्रसिद्ध तीर्थस्थल तो है ही, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का पैतृक गांव भी है। इसी भूमि पर अटल जी की विशाल भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी जो कि 65 से 70 फुट ऊंची होगी। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को वे पर्यटन अधिकारियों के साथ बटेश्वर का दौरा कर वह स्थान चिह्नित करेंगे जहां अटल जी की प्रतिमा स्थापित हो सके। सांसद चाहर ने कहा कि पिछले वर्ष उन्होंने लोकसभा में शून्यकाल में भी यह मुद्दा उठाकर बटेश्वर में अटल जी की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की मांग की थी। पिछले दिनों जब उन्हें पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय का सदस्य बनाया गया था, तब भी उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से इसी मुद्दे पर बात की थी। प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने भी बटेश्वर में अटल जी की प्रतिमा के लिए सहमति जता दी है। सांसद चाहर ने कहा कि पिछले दिनों बटेश्वर के विकास के लिए उनके प्रस्ताव पर केंद्र सरकार 86 करोड़ रुपये स्वीकृत कर चुका है। सांसद ने कहा है कि उन्होंने जो सपना बटेश्वर को धार्मिक के साथ पर्यटन नगरी बनाने का देखा है, उसके लिए किए जा रहे प्रयास फलीभूत हो रहे हैं। बटेश्वर के सम्पूर्ण विकास के लिये वे दृढ़ संकल्प हैं। केंद्र सरकार ही नहीं, प्रदेश सरकार की वरीयता में भी बटेश्वर है। न केवल समूचे देश में अपितु दुनिया में भी बटेश्वर की पहचान बनेगी।

## अर्बन कोल्ड चैन सफलता पूर्ण एमसीएच विंग में स्थापित की गई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** अर्बन स्वास्थ केंद्रों एवं महिला अस्पताल पी पी सी की शीत श्रृंखला यूनिट (कोल्ड चैन) महिला अस्पताल की एम सी एच विंग में सफलता पूर्वक स्थापित की गई । मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुरेश चंद्रा के निर्देश पर वैक्सीन की शीत श्रृंखला को स्थापित कराया गया। जिला प्रतिरक्षण विभाग के सुयोग्य तकनीकी विशेषज्ञों ने अपनी मौजूदगी में स्थापित कराया। यह कोल्ड चैन अब एम सी एच विंग के प्रथम तल के कक्ष संख्या 14 में स्थापित की गई है। यहां से अब टीकाकरण के लिए वैक्सीन की आपूर्ति की जाएगी। शीत श्रृंखला कक्ष की इंचार्ज रंजना सिंह के साथ अर्बन बेलनेस सेंटर की डा प्रतिभा सिंह हर्षिल पचौरी एवं जिला कोल्ड चैन हैंडलर श्रीकृष्ण ने इस कार्य को सफलता पूर्ण स्थापित कराया। इस अवसर पर इविन मैनेजर ने त्रिवेदी जी ने कोल्ड चैन फ्रीजर आदि टेंपरेचर की जांच की जो सही पाई गई । इस अवसर पर एंबुलेंस स्टाफ ने कोल्ड चैन स्थापना कार्य में अपरिमित सहयोग किया। बताया गया पुराने भवन का ध्वस्तीकरण कर सड़क मार्ग निर्माण किया जाएगा।

## कारोबारी ने नौकर और चालक पर चलवा दी गोली



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** कारोबारी आरिफ की फर्म के चालक निर्देश और नौकर गुलफाम को बुधवार की रात दस बजे गोली मारे जाने की घटना का बड़ा ही चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पुलिस जांच में पता चला कि आरिफ के कहने पर गोली निर्देश के भाई दिनेश ने मारी थी।

तमंचा आरिफ ने लाकर दिया था। पुलिस ने आलू चिप्स के कारोबारी आरिफ, दिनेश, निर्देश और गुलफाम को गिरफ्तार कर लिया। चारों सुदामापुरी के निवासी हैं। पुलिस पूछताछ में आरिफ ने बताया कि वह पिस्टल का लाइसेंस बनवाना चाहता था। इसके लिए अपनी जान को खतरे में साबित करना चाहता था। उसने सुना था कि अगर जान पर खतरा नहीं हो तो लाइसेंस नहीं बनता है।

पुलिस उसी का शस्त्र लाइसेंस बनानी की संस्तुति करती है, जिसे कोई धमकी मिली हो या जिस पर हमला हुआ हो।डीसीपी सिटी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरिफ ने पूरी साजिश तैयार की। उसने बताया है कि साजिश के बारे में निर्देश, गुलफाम और दिनेश को पहले ही बता दिया था। दिनेश ने साजिश के तहत गुलफाम की बांह और निर्देश के पार में गोली मारी। दोनों को गोली छूकर निकल गई। साजिश के तहत ही गोली लगने के बाद दोनों ने पुलिस से कहा कि बाइक पर आए बदमाश उनके मालिक (आरिफ) को मारने आए थे और धमकी देकर गए हैं। भागते हुए बदमाशों ने कहा कि आरिफ को कब तक बचाओगे।

जैसा उन्होंने तहरीर में दिया, पुलिस ने वैसा ही केस दर्ज कर लिया था। पुलिस का माथा यह देखकर ठनक गया कि निर्देश और गुलफाम को गोली छूकर निकली। दोनों ने बताया था कि वह मालवाहक वाहन से फर्म का सामान लेकर जा रहे थे। न्यू लिंक रोड आरओबी पर बाइक पर आए दो बदमाश उन्हें गोली मारकर चले गये ।

## महिला ने पति पर लगाया अप्राकृतिक यौन संबंध एवं मानसिक प्रताड़ना का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**



**गाजियाबाद ।** वेव सिटी क्षेत्रांतर्गत पत्नी ने पति पर लगाया मारपीट व अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पति से अलग अपने छोटे बेटे के साथ महिला रहती है।

पुलिस सहायक आयुक्त वेव सिटी लिपी नगायच ने बताया कि लग्जूरिया अपार्टमेंट, आदित्य वर्ल्ड सिटी, वेव सिटी निवासी ग्लेडिस अब्राहम ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी शादी ऑफिसर सिटी राजनगर एक्सटेंशन निवासी संदीप कुमार के साथ हुई है। उसका पति रोज शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाता है। उसका पति शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है।पीड़िता ने बताया कि 23 दिसंबर 2024 को उसके पति ने उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह अपने छोटे बेटे को लेकर अपनी सहेली के घर रहने लगी तथा अब वह लग्जूरिया अपार्टमेंट में किराये पर रह रही है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति नशे में मारपीट के अलावा जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।पीड़िता का कहना है कि उसके दो बच्चे हैं बड़ा लड़का पति के पास रहता है, जबकि छोटा बेटा उसके पास रहता है। पति उसकी पहले एक नौकरी छुड़वा चुका है।

अब वह दूसरे स्कूल में नौकरी कर रही है, लेकिन उसे डर है कि कहीं स्कूल में आकर वह उत्पात न मचा दे। पीड़िता ग्लेडिस अब्राहम ने कमिश्नरेट के अलावा जिलाधिकारी, डीजीपी तथा मुख्यमंत्री को भी शिकायत पत्र भेजा है।

# मोहल्ले में लोगों को मिली राहत की सांस

▸▸ जिम्मेदारों ने भरे गंदे पानी व कीचड को ट्रेक्टर की सहायता से कराया साफ

▸▸ पाइपलाइन डालने के बाद खुदी छोड़ी गयी थी गली

**लोकमित्र ब्यूरो**



**अलीगंज/एटा।** अलीगंज में जल निगम द्वारा घर घर पेय जल आपूर्ती हेतु पाइप लाइन डाली गयी थी लेकिन जगह जगह पानी की पाईप लाइन के लोगों व दुपहिया वाहनों का निकलना दूभर हो गया था वही जगह जगह खुदी गलियों में जगह जगह गंदा पानी भर रहा था लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मोन बने हुऐ थे. इस संबंध में खबर को प्रमुखता से प्रकासित किया था खबर प्रकाशित होने के बाद अलीगंज नगर पालिका के कर्मचारियों में खलबली मच गयी और जिन मोहल्ले व गलियों में गंदा पानी व कीचड भरी हुई थी शुक्रवार को सुबह से साफ सफाई की मुहिम चला रखी थी जगह जगह सफाई कर्मी लगाकर साफ सफाई कराई गयी. बताते चले कि बीते दिनों अलीगंज में पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कें व गलियां मरम्मत न होने से परेशानी का सबब बनी हुईं हैं आए दिन गलियों में पानी भर जाता है जिसका है आने जाने वालों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है सबसे ज्यादा समस्या स्कूली बच्चों को होती है इसके बावजूद सुधार की दिशा में जिम्मेदार कदम नहीं उठा रहे थे बताते चले कि कस्बे मे हर घर पानी की आपूर्ति के लिए जलजीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके लिए मुख्य सड़क के अलावा गली-मोहल्लों तक सड़क को खोदकर पाइप लाइन बिछाई जा रही है। आमजन की सुविधा का ध्यान रखते हुए शासन की ओर से खोदी गई सड़कों की शीघ्र ही मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए, लेकिन अफसरों की ओर से इसको लेकर गंभीरता नहीं बरती गई। अलीगंज के मोहल्ला काजी वार्ड नंबर 1 में पानी की पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई इंटरलॉकिंग सड़क की अभी तक कोई भी मरम्मत नहीं की गई है करेगी एक माह से स्थानीय लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है सड़क खुद ही होने के चलते घरों से निकलने वाला पानी गली में भर जाता है जिस कारण लोगों के निकलने के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार संबंधित अधिकारियों से वार्ड की गली की मरम्मत करने के लिए कहा गया लेकिन समस्या का कोई भी समाधान नहीं हुआ। पाइप लाइन डालने के लिए सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है। इसका खामियाजा स्थानीय लोगों को झेलना पड़ रहा था।

## लगान लायंस गाजियाबाद ने द फाल्कन स्ट्राइकर्स को हराकर एनसीआर क्रिकेट चैंपियनशिप जीती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** एनसीआर क्रिकेट चैंपियनशिप सीजन वन का फाइनल लगान लायंस गाजियाबाद व द फाल्कन स्ट्राइकर्स के बीच खेला गया। 61 रन की जीत के साथ लगान लायंस गाजियाबाद चैंपियनशिप के सीजन वन का विजेता बन गया। फाइनल राजनगर एक्सटेंशन के ग्रीन पार्क क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया जिसमें टॉस जीतकर लगान लायंस गाजियाबाद ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 164 रन का स्कोर बनाया। राजकुमार ने 62 रन की पारी खेली। उन्होंने 37 गेंद में 7 चौके व 2 छक्के लगाए। सन्नी ने 12 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए। पवन ने 3 व अभिषेक शर्मा ने 2 विकेट लिए। 165 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए द फाल्कन स्ट्राइकर्स करन सिंह व सुशील जैन की घातक गेंदबाजी के आगे 15.3 ओवर में 103 रन पर ही आउट हो गया। विवेक शर्मा ने 36 व अनमोल पोरवाल ने 20 रन बनाए। करन सिंह ने 4 झटके। सुशील जैन ने 2 विकेट लिए। 4 विकेट लेने पर करन सिंह को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## अवैध अतिक्रमण हटाने गई पालिका की टीम का विरोध

**लोकमित्र ब्यूरो**




**मोदीनगर।** रुक्मिणी मोदी मार्केट के सामने से अतिक्रमण हटाने गई नगर पालिका की टीम को व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। व्यापारियों ने हंगामा कर दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम लगा दिया। इसके कारण हाईवे पर करीब तीन किमी लंबा जाम लग गया। हंगामे के चलते पालिका को बिना अतिक्रमण हटाए लौटना पड़ा। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मोदीनगर थाने के पास व रुक्मिणी मोदी मार्केट के सामने तीन फलों की दुकान है। पालिका के अधिकारियों का कहना है कि दुकान नाले पर अतिक्रमण करके अवैध रूप से बनाई गई हैं। दुकानों के चलते रोजाना जाम लगता है।

पालिका की तरफ से दुकानदारों को कई बार नोटिस भी दुकान हटाने के लिए दिया गया। इसके बावजूद दुकानदारों ने अपनी दुकान नहीं हटाई। बृहस्पतिवार दोपहर नगर पालिका की टीम पुलिस फोर्स के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंची। जैसे ही पालिका की टीम ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया दुकानदारों ने हंगामा करना शुरू दिया और पालिका के खिलाफ नारेबाजी की। कई दुकानदार बुलडोजर के सामने लेट गए। दुकानदारों का कहना था कि बुलडोजर हमारे ऊपर से होकर आगे जाएगा।

व्यापारियों का कहना है कि दुकानों से हमारा परिवार का पालन पोषण हो रहा है। दुकान नहीं रहेगी तो हम भूखे मर जाएगे।पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र का कहना है कि रुक्मिणी मार्केट के बाहर अवैध रूप से बनाई गई अस्थायी दुकान को हटाने के लिए दुकानदारों को कई बार नोटिस दिया गया।

बृहस्पतिवार को पालिका टीम अतिक्रमण हटाने गई थी। टीम के अधिकारियों व कर्मचारियों से अभद्रता की गई। अतिक्रमण करके बनाई गई दुकानों को जल्द हटाया जाएगा। 45 मिनट तक जाम में फंसे रहे लोग ─ 45 मिनट तक दिल्ली मेरठ मार्ग पर हंगामा होता रहा।

## सीएचसी अलीगंज पर नसबंदी शिविर का आयोजन 20 महिलाओं ने कराई नसबंदी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** कस्बा अलीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 20 महिलाओं ने नसबंदी कराई। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सर्वेश की देखरेख में 20 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन किए गए। इस दौरान महिलाओं को नसबंदी के बाद बरतने वाले टिप्स दिए गए। महिलाओं को नसबंदी के बाद पोषक तत्वों का सेवन करने के लिए प्रेरित किया गया। ऑपरेशन के बाद महिलाओं को उनके निजी आवास पर एंबुलेंस द्वारा छोड़ा गया। महिलाओं के तीमारदारों से अपील करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर शिवकुमार सिंह ने कहा कि घर और आसपास सफाई रखें। पौष्टिक पदार्थों का सेवन करें कराए। उन्होंने कहा कि जो भी सलाह चिकित्सकों द्वारा दी गई है अथवा दी जा रही है उस पर जरूर अमल करें परहेज बहुत आवश्यक होता है। डॉ राजेश शर्मा सर्जन ने बताया कि दो बच्चों के अंतराल पर आप नसबंदी कर सकते हैं सरकार की तरफ से प्रत्येक महिला को नसबंदी कराने पर दो हजार दिए जा रहे हैं।

## 100 दिवसीय टीबी अभियान की मुहिम शुरू



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ केंद्र टीबी खोज रोगी अभियान के लिये जागरूकता अभियान के लिए जगह जगह अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर शिव कुमार सिंह ने टीवी रोगियों के लिये जाँच की व्यवस्था की है मुफ्त में बलगम की जाँच होगी टीबी के लिए प्रयास हो. यह रोग उन्मूलन के लक्ष्य तक पहुंचे.उन्होंने 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की शुरुआत की और जागरूकता के लिये लोगों को जगह जगह टीम गठित कर खोज बीन की शुरआत की और उन्होंने टीम को शपथ भी ली कि टीबी का उन्मूलन करेंगे. उन्होंने कहा-ओपीडी में खांसी व बुखार के आने वाले मरीजों की भी स्क्रीनिंग व जांच करायें।

डीएम ने कहा, प्रखंड की जनसंख्या के अनुसार वहां के पीएचसी/सीएचसी को स्क्रीनिंग से लेकर ट्रीटमेंट तक का लक्ष्य दिया जाये. इसके अलावा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को हफ्ते में एक टीबी नोटिफिकेशन का टारगेट भी फिक्स हो. अभियान की शुरुआत कमियों को भी आपसी समन्वय से पूरा कर कामों को गति देने को कहा.डॉ ने बताया कि यह माइक्रोप्लान के साथ प्रत्येक प्रखंड की पंचायत स्तर तक लोगों के पास पहुंचेगी.इससे लोगों को टीबी से बचाव व इस अभियान के प्रति जानकारी मिल सकेगी. और इसमें प्राइवेट चकित्सक का भी सहयोग रहेगा उन्होंने लोगों से अपील की ज्यादा से ज्यादा टीवी के होने बाले लोग जोखिम बाले लोग अपनी जाँच कराये निजी एक्सरे केन्द्रो से सहयोग की अपेक्षा की जाती है ताकि गरीब लोगों का भला हो सके।

# जिले में उत्तर प्रदेश दिवस-2025 का हुआ भव्य आयोजन

लोकमित्र संवाद

**अमेठी।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में शुक्रवार को विरासत एवं विकासः प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश थीम पर उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस-2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शासन द्वारा नामित मुख्य अतिथि विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी व जिलाधिकारी निशा अनंत ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत विधायक जगदीशपुर, जिलाधिकारी, जिलाध्यक्ष भाजपा एवं अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टालों/प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर डीपीआरसी के प्रांगण में कृषि, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, बाल विकास, पुलिस विभाग, महिला कल्याण, उद्योग, सेवायोजन, पंचायती राज, खादी ग्राम उद्योग, समाज कल्याण सहित अन्य कई विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई जिसका अधिकारियों एवं भारी संख्या में जन सामान्य ने अवलोकन किया। इसके उपरांत डीपीआरसी के हाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यक्रम के शुभारंभ का सजीव प्रसारण किया गया जिसे उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, व जन सामान्य ने आत्मसात किया। इसके उपरांत कार्यक्रम में विभिन्न विभागों यथा स्वास्थ्य विभाग में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष की आयु से अधिक पांच लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिया गया, सेवायोजन विभाग के तीन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया, इसी प्रकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच समूह को प्रमाण पत्र तथा दो समूह समूहों को रुपए 30000 आरएफ फंड तथा दो समूहों को रुपए डेढ़ लाख का सीआईएफ फंड दिया गया। वही कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 7 ग्राम प्रधानों, एक पंचायत सचिव, एक पंचायत सहायक तथा एक एडीओ पंचायत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को रुपए 5-5 लाख का ऋण वितरित किया गया, इसके साथ ही विभिन्न विभागों व विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 20 महिलाओं/ बालिकाओं को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश दिवस के शुभ अवसर पर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिनमें फलक नाज मिस यूपी- 2024 पत्रकार, अमीषा यादव नायक तहसीलदार तिलोई, अनुश्री त्रिपाठी नायब तहसीलदार गौरीगंज, नम्रता मिश्रा नायब तहसीलदार अमेठी, मीरा मिश्रा लेखपाल मुसाफिरखाना, मुन्नी देवी उद्यमी जायस, अंतिमा पाल एथलेटिक्स चैंपियन पूरे शुक्लन भेंवई, डॉ पुलक यादव चिकित्साधिकारी सीएचसी जगदीशपुर, डॉ रुचिका सेठ चिकित्साधिकारी सीएचसी गौरीगंज, रिचा सिंह सहायक अध्यापिका जीजीआईसी जायस, मिथिलेश सहायक अध्यापिका जीजीआईसी संग्रामपुर, नीतू श्रीवास्तव शिक्षिका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय शुकुल बाजार, शैलजा गौड़ सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय भूसियांवा, एकता मिश्रा ग्राम प्रधान पिछूती, कंचन सिंह निरीक्षक प्रभारी साइबर थाना, शकुंतला आरक्षी महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ, ज्योति सोनकर आरक्षी थाना रामगंज, अंजलि चौरसिया इंटरमीडिएट में जिला टॉपर यूपी बोर्ड राजा विश्वनाथ शरण सिंह इंटर कॉलेज तिलोई, आराधना शुक्ला हाई स्कूल जिला टॉपर यूपी बोर्ड जागृति इंटर कॉलेज कुकहा रामपुर तथा श्यामलली कृषक ग्राम सरवनपुर बहादुरपुर के नाम शामिल हैं, जिन्हें विधायक जगदीशपुर श्री सुरेश पासी, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बीघापुर,उन्नाव।** गैंगस्टर में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को थाना प्रभारी ने गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के ऊपर अचलगंज थाने में 3 से 4 मुकदमे दर्ज हैं। अचलगंज थाना क्षेत्र के गाँव मानपुर निवासी अंकित लोधी व कृष्णा उर्फ विक्की दर्जी के विरुद्ध अचलगंज थाने में गैंगेस्टर अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था ।जिसमें दोनों वांछित चल रहे थे । शुक्रवार को थाना प्रभारी राजपाल ने टीम के साथ दोनों के घरों में दबिश देकर उनकी गिरफ्तारी कर ली ।एसओ राजपाल ने बताया कि अंकित के ऊपर अचलगंज थाने में 3 आपराधिक मुकदमे पूर्व में दर्ज हैं वहीं कृष्णा उर्फ विक्की के ऊपर दो आपराधिक मामले पूर्व में दर्ज हैं ।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

### मार्ग दुर्घटनाओं मे एक वृद्ध सहित दो लोग गम्भीर घायल

**बांगरमऊ,उन्नाव।** नगर एवं क्षेत्र के दो अलग-अलग मार्गों पर दुर्घटनाओं में एक वृद्ध सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला कानपुर देहात के थाना ककवन अंतर्गत ग्राम बागपुर निवासी अवधेश पाण्डेय 60 वर्ष पुत्र मदनलाल बाइक से अपनी रिस्तेदारी जा रहा था। तभी रास्ते आज शुक्रवार की सुबह बिल्हौर मार्ग पर स्थित गंगा नदी पुल और ग्राम भुड्डा के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। इसके अलावा नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी विजय शंकर 40 वर्ष पुत्र रामशंकर आज शुक्रवार की सुबह पैदल ब्लॉक रोड की तरफ जा रहा था। तभी रास्ते में खादी भंडार के सामने अचानक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में विजय शंकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। अस्पताल के चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत नाजुक देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मार्ग दुर्घटना में घायल ने तोड़ा दम

**बीघापुर,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में 9 दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए 15 वर्षीय किशोर की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई । परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है । पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बिनई खेड़ा चमियानी निवासी चांद बाबू पुत्र सुनील उम्र 15 वर्ष 16 जनवरी को बीघापुर पुरवा रोड पर सरसो गांव के पास सड़क के किनारे खड़ा था तभी लोडर वाहन ने गाड़ी बैक करते समय किशोर को टक्कर मार दी । जिससे चांद बाबू गंभीर रूप से घायल हो गया ।परिजन घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था जहां इलाज चल रहा था। बाबूलाल की इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह मौत हो गई ।परिजनों की सूचना पर उप निरीक्षक रामकरन यादव ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर घायल का मामला दर्ज किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट करने के बाद मुकदमा तरमीम कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### कलश यात्रा के साथ गायत्री यज्ञ होगा शुरु

**रामनगर।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर 31 जनवरी को कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय गायत्री महायज्ञ सरस्वती पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। प्रत्येक दिवस प्रातः पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व शाम को श्रीराम कथा होगी। विगत 12 वर्षों की भांति नगर पंचायत रामनगर के रानी-3 मोहल्ला स्थित ग्राम अटौटा में होने वाले गायत्री महायज्ञ व सरस्वती पूजन कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत विशाल कलश यात्रा के साथ होगी। 31 जनवरी को आयोजन स्थल अटौटा से रामनगर बुढ़वल चौराहे , राजा बाजार होते हुए पुनः आयोजन स्थल तक विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के संचालक बबलू वर्मा व आयोजक रामावती ने बताया कि 31 जनवरी को सैकड़ों महिलाएं सर पर कलश के साथ पैदल यात्रा में धूमधाम से सम्मिलित होगी। कलश यात्रा में घोड़ा के साथ गायत्री माता,सरस्वती माता,वैभव लक्ष्मी,छठ पूजा करते हुए शिव पार्वती व रामलला की दिव्य प्रतिमाएं शोभा यात्रा को भव्यता प्रदान करेंगी। प्रत्येक दिन सुबह गायत्री महायज्ञ तथा शाम को शांतिकुंज हरिद्वार की प्रसिद्ध कथावाचिका सुशीला सिंह के द्वारा श्रीराम कथा होगी। जो 7 फरवरी को सायं काल संस्कृततिक कार्यक्रम और विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी।

### मनरेगा कार्यो का अमलोरा में बीडीओ ने किया निरीक्षण



**रामनगर।** ग्राम पंचायत अमलोरा में मनरेगा से हो रही तालाब खुदाई व बन चुकी इंटरलाकिंग कार्य का बीडीओ जितेंद्र कुमार ने निरीक्षण किया।तालाब की गहराई बढ़ाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को सुबह 11 बजे बीडीओ औचक निरीक्षण करने अमलोरा पंहुचे।सबसे पहले वे सेमरा तालाब पंहुचे जंहा मस्टर रोल में दर्ज 33 श्रमिकों में से 31 मजदूर कार्यरत मिले। तालाब ठीक खुद रहा था।इसके बाद उन्होने नरहा तालाब पर हो रही खुदाई देखी ।यन्हा पर मस्टर रोल में दर्ज 73 श्रमिकों में से 45 मजदूर काम करते हुए पाए गए।यंहा इनलेट आउट लेट बनवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होने अभी जल्द ही बनाई गई मोहम्मद हनीफ के घर से तालाब तक 150 मीटर लम्बी इंटरलॉकिंग सड़क का भी निरीक्षण किया जंहा तालाब किनारे साइड में मिट्टी डलवाने को कहा। ।बीडीओ ने कार्यस्थल पर मौजूद मजदूरों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान तकनीकी सहायक अमर सिंह, ग्राम प्रधान सुभाषचंद्र रावत, ग्राम रोजगार सेवक ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा, के सी वर्मा भी मौजूद रहे।

### वॉलीबाल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अमेठी।** जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 जनवरी 2025 को युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा ग्रामीण मिनी स्टेडियम घोरहा, भादर में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विकास खण्ड भेटुआ व अमेठी से 01-01 टीम तथा विकास खण्ड भादर से 05 टीम इस प्रकार कुल 07 टीमों द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी भादर अपूर्वा यादव की देखरेख में एवं रेफरी कार्य विनोद सिंह तथा राम चन्दर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उक्त खेल प्रतियोगिता में जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी काशीनाथ व ग्राम प्रधान इन्द्र बहादुर सिंह द्वारा विजेता विकास खण्ड-भेटुआ की भीमी टीम व उपविजेता विकास खण्ड भादर की घोरहा टीम को पुरस्कार वितरण किया गया।

### डांस क्लास के बहाने बुला, किया नाबालिग के साथ दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**पुखरायां कानपुर देहात।** कस्बे के संजय नगर मंडी में रहने वाले वाले प्रेमपुर के सोनू यादव पुत्र चंद्रकुमार डांस झांकी का कार्यक्रम करता है। झांकी के कार्यक्रम अलग अलग रोल करने वाले लड़के लड़ियां भी साथ में प्रोग्राम करने जाते है। पीड़िता के अनुसार बीती 20 जनवरी को डांस सिखाने के बहाने बुलाकर कमरे में दुष्कर्म किया और धमकी दी घर जा अपनी मम्मी को न बताना। नाबालिग डर जाने के कारण घर पर किसी को बात नहीं बताई। लेकिन जैसे तैसे हिम्मत कर के अपनी ताई रत्ना को सारी घटना की बात बताई। उक्त घटना को रत्ना ने अपनी देवरानी पूनम को जानकारी दी।

## वैवाहिक समारोह से लौट रहे बाइक सवार को डंफर ने मारी टक्कर, एक की मौत



लोकमित्र संवाद

**हसनगंज उन्नाव।** शादी समारोह से वापस आ रहे बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार डंफर ने टक्कर मर दी जिससे बाइक ट्रक में आगे फंस गई, जिसमें बाइक पर बैठे एक युवक की मौके पर मौत हो गई दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है घायलों का लखनऊ में उच्च अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के अजमतगढ़ी निवासी निकेतन पुत्र सूर्यपाल की बहनका शादी समारोह कस्बा हसनगंज के एम.एल.जी. लॉन में था समारोह में शामिल होने आए अजमतगढ़ी निवासी आदित्य सिंह पुत्र लवकुश सिंह उम्र 15 वर्ष, दीपांशु सिंह पुत्र राधे कृष्णा, प्रथम सिंह पुत्र हरदेव सिंह एक बाइक से वापस जा रहे थे तभी हसनगंज कस्बे के चौराहे पर लखनऊ बांगरमऊ रोड पर एक डंफर ने जोर दार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक डंफर में ही फंस कर घिसलती चली गई, घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ,घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डाक्टरों ने आदित्य को मृतक घोषित कर दिया और दोनों घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया,जहां दोनों घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है,कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घायलों का इलाज लखनऊ में उच्च अस्पताल मे चल रहा है।

### लिंग संवेदीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन

**अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अंशुमान सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आज दिनांक 24 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर Empowering Girls for a Bright Future ''उज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना'' थीम/विषय के तहत लिंग चयन/भ्रूण हत्या को रोकने के उद्देश्य से जनजागरूकता के लिये जनपद स्तरीय रैली का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि रैली के उपरान्त जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में लिंग संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जेण्डर सेन्सिटाइजेशन (लिंग संवेदीकरण) विषय पर विचार-विमर्श एवं जनपद में लिंगानुपात में होने वाली गिरावट पर चर्चा की गयी। इस दौरान उक्त आयोजित की गयी संवेदीकरण कार्यशाला में जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी पी0सी0पी0एन0डी0टी0, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला चिकित्साधिकारी, रेडियोलॉजिस्ट, एन0जी0ओ0 सदस्य, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं इण्टर कॉलेज के प्रधानाध्यापक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित बाइक की टक्कर से छात्रा समेत दो घायल



लोक मित्र संवाद

**शुक्लागंज, उन्नाव।** शुक्रवार अपराह्न एक अनियंत्रित बाइक सवार ने स्कूल से घर जा रही एक छात्रा को टक्कर मार दी, जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना आजाद मार्ग पर घटित हुई, जहाँ छात्रा अन्य बच्चों के साथ पैदल जा रही थी। टक्कर के बाद बाइक सवार भी फिसलकर गिर गया और उसे भी चोटें आईं।

जानकारी के अनुसार, भटपुरवा का रहने वाला एक युवक नशे की हालत में आजाद मार्ग से घोंघी गाँव स्थित अपने मामा के घर जा रहा था। तभी आजाद मार्ग पर गजिया खेड़ा गाँव के सामने सड़क किनारे पैदल चल रही बलभद्र खेड़ा निवासी सात वर्षीय छात्रा को उसकी बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्रा सड़क पर दूर तक घिसटती चली गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और उन्होंने छात्रा को उठाकर उसके परिजनों को सूचित किया।

सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे और उसे तत्काल अस्पताल ले गए। वहीं, दुर्घटना में बाइक सवार भी घायल हो गया।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

लोकमित्र ब्यूरो



**औरैया।** बिधूना कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में घायल दूसरे युवक की बीती शाम इलाज के दौरान मौत हो गयी। युवक का शव देर रात गांव लाया गया तो परिजनों में कोहराम मच गया। चचेरे भाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी। उसका भी शव पीएम के बाद बीती शाम को गांव पहुंचा था। जानकारी के अनुसार तहसील के थाना कुदरकोट क्षेत्र के गांव धनवाली निवासी श्यामनाथ (32 वर्ष) पुत्र विद्यानाथ अपने चचेरे भाई विजयनाथ (30 वर्ष) पुत्र बाबूनाथ के साथ बुधवार की सुबह बाइक से अछल्दा क्षेत्र के गांव ग्वारी स्थित अपनी ससुराल गया था। जहां से वह दोनों दोपहर बाद अपने गांव वापस आ रहे थे। बिधूना अछल्दा मार्ग पर बीराऊसर के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गयी थी। जिससे विजयनाथ की मौके पर मौत हो गयी थी, जबकि श्यामनाथ गंभीर रूप घायल हो गया था। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों व एम्बुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना भिजवाया था।

जहां पर डाक्टरों ने विजयनाथ को मृत घोषित कर दिया था। जबकि प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल श्यामनाथ को रिम्स सैंफई के लिए रेफर कर दिया था। गुरुवार को औरैया में पोस्टमार्टम होने के बाद शाम को विजयनाथ का शव गांव लाया गया, तभी कुछ देर बाद सैंफई में इलाज के दौरान श्यामनाथ की भी मौत की खबर आ गयी। श्यामनाथ के शव का इटावा में ही पोस्टमार्टम कराने के बाद देर रात उसे उसे गांव लाया तो दो शवों को एक साथ देख परिजनों में कोहराम मच गया। एक ही परिवार में दो युवकों की मौत से गांव में मातम छाया हुआ है।

दोनों शवों का शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। विजयनाथ की पत्नी रोशनी देवी व श्यामनाथ की पत्नी शीतला देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि दोनों मृतक युवक पुणे की एक प्राइवेट कंपनी में गार्ड की नौकरी करते थे। एक माह पहले ही घर साथ आए थे। दोनों अगले सप्ताह नौकरी पर वापस जाने वाले थे।

## पोर्टेबल एक्स-रे मशीन का विधायक ने किया लोकापर्ण

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ0 दीपक कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर आज 24 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के दौरान मरीजों के गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित जांच हेतु अडानी फाउण्डेशन, ए0सी0सी0 टिकरिया गौरीगंज, जनपद अमेठी के सौजन्य से सी0एस0आर0 मद के अन्तर्गत लागत रूपये 26 लाख की हैण्ड हेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन जनमानस के उपयोग हेतु प्रदान की गयी। जिसका लोकार्पण विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के मा0 विधायक सुरेश पासी द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र, जिलाधिकारी अमेठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी, सी0एस0आर0 हेड जमील खान, अडानी फाउण्डेशन, ए0सी0सी0 टिकरिया, गौरीगंज एवं जिला क्षयरोग अधिकारी अमेठी की उपस्थिति में किया गया। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की उपलब्धता होने से जनपद में चिन्हित उच्च जोखिम वाली जनसंख्या (60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, पुराने टी0बी0 रोगी, टी0बी0 मरीज के साथ रहने वाले व्यक्ति, डायबिटीज के व्यक्ति, नशा (धूम्रपान व शराब) करने वाले व्यक्ति, एच0आई0वी0 से ग्रसित व्यक्ति) की स्क्रीनिंग कराकर तत्काल एक्स-रे की सुविधा निःक्षय शिविर एवं कैम्प में प्रदान की जायेगी।

## सामूहिक विवाह योजना में 49 जोड़ों का हुआ विवाह

लोक मित्र संवाद

**बीघापुर,उन्नाव।** विकासखंड परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में तीन विकास खंड क्षेत्रो के 46 नव दंपतियों का विवाह वैदिक रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ। ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सिकंदरपुर ब्लॉक के 19 सुमेरपुर ब्लॉक के 15 बीघापुर ब्लॉक के 13 व नगर पंचायत बीघापुर के दो जोड़ों का विवाह वैदिक आचार्य के द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ल व जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने नव दंपत्ति युगुलों को शुभाशीष प्रदान करते हुए शासन द्वारा निर्धारित सामान भी प्रदान की।



विधायक ने कहा कि नए जीवन में प्रवेश लेने के साथ नए संकल्प लें कभी घर में विवाद न हो घर को स्वर्ग बनाएं जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने कहा कि विवाह सनातन धर्म की एक सबसे महत्वपूर्ण परंपरा है। हमें सद्भाव के साथ माता-पिता की सेवा करते हुए सुंदर जीवन यापन करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एस डी एम रणवीर सिंह, बी डि यो विनोद मणि त्रिपाठी , प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह, पवन पासवान, भोले सिंह ,बोर्ड के पूर्व सदस्य दिलीप बाजपेई, गोविंद नारायण शुक्ला ,रामू भदौरिया, विनोद लोधी, सुप्रिया पटेल आदि रहे संचालन पवन मौर्य ने किया।

## 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस, विभिन्न कार्यक्रमों का किया जायेगा आयोजन

**अमेठी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता ने बताया कि दिनांक 25 जनवरी 2025 को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त अवसर पर जनपद स्तर पर आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा रंगोली, पोस्टर, पेन्टिंग प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक सहित मोटरसाइकिल रैली व अन्य प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह द्वारा शपथ ग्रहण, 85+ मतदाता को सम्मानित व युवा मतदाताओं को ईपिक तथा बी0एल0ओ0 को प्रशस्ति पत्र वितरित किया जायेगा।

## यूपी के 76वें स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन रायबरेली में शुरू हो गया है। 24 से 26 जनवरी 2025 तक चलने वाले इस तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस वर्ष समारोह की थीम श्विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेशश् रखी गई है। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें जनसहभागिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में राज्य कारागार मंत्री ने वर्तमान सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पूरे देश का ध्यान आकर्षित कर रहा है। उन्होंने बताया कि बड़े निवेशक प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए आगे आ रहे हैं। मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार सृजन की सराहना करते हुए विश्वास जताया।

## पंखिया गैंग के 4 बदमाश गिरफ्तार, 50 लाख की ज्वैलरी चोरी का खुलासा

लोकमित्र ब्यूरो

**हरदोई।** हरदोई पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 50 लाख रुपये की ज्वैलरी चोरी के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने शाहजहांपुर के कुख्यात पंखिया गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के पास से चार किलो चांदी के जेवर और 7.5 ग्राम सोना बरामद हुआ है। घटना 4 जनवरी की है, जब कछौना नगर में विशाल गुप्ता की ज्वैलरी शॉप से करीब 50 लाख रुपये के जेवर चोरी हो गए थे। एसपी नीरज जादौन के निर्देशन में गठित तीन पुलिस टीमों ने शाहजहांपुर के मिलकिया गांव के अमरपाल और हरपाल, बलरामपुर के मंगल तथा सिधौली के राज कपूर को गिरफ्तार किया है।

गिरोह के पांच अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। जांच में पता चला कि चोरों ने एक जनवरी से ही दुकान की रेकी शुरू कर दी थी। वारदात के दौरान आरोपियों ने दुकान का सीसीटीवी डीवीआर भी उखाड़ कर तालाब में फेंक दिया था।

चोरी के जेवर मऊ जनपद के सत्यम वर्मा की सराफा दुकान पर आधे दामों में बेचे गए। पंखिया गिरोह अपनी विशेष कार्यप्रणाली के लिए जाना जाता है। यह गिरोह खेतों, पगडंडियों और बागों के रास्ते अपनी वारदात को अंजाम देता है और वापस भी इन्हीं रास्तों से फरार होता है।

पकड़े जाने से बचने के लिए गिरोह के सदस्य मोबाइल फोन का भी इस्तेमाल नहीं करते हैं।

पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर एक संदिग्ध को पकड़ा, जो रेकी कर रहा था, जिससे पूरे गिरोह का भंडाफोड़ हुआ।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनाई जयंती

**औरैया।** सपा कार्यकर्ताओं ने प्रखर समाजवादी जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती धूमधाम से मनाई।बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती शुक्रवार को मनाई गई। सपाइयों ने उनके संघर्ष को याद किया। समाजवादी पार्टी कार्यालय ककोर में आयोजित कार्यक्रम में कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित किया। यहां आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सादगीपूर्ण जीवन के कारण जननायक के नाम से मशहूर थे। दलितों के उत्थान के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता और उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत के सामाजिक, राजनीतिक ताने-बाने पर अमिट छाप छोड़ी है। पूर्व विधायक प्रमोद गुप्ता (स.ै)ने भारत रत्न के एलान की सराहना की शुक्रवार को समाजवादी कार्यालय में बैठक की गई। इसमें समाजवादी विचारक कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी गई।

## भीख मांगने वाले बुजुर्ग की मौत,सड़क किनारे मिला शव

लोकमित्र ब्यूरो



**हरदोई।** जनपद के टड़ियावां कोतवाली क्षेत्र में बरबटापुर रोड के किनारे गौरव यादव के खेत के पास एक बुजुर्ग का शव मिला। मृतक की पहचान अज्जू बंजारा के रूप में हुई है, जो बंजारा पुरवा का रहने वाला था। स्थानीय लोगों के अनुसार, अज्जू बंजारा आसपास के घरों में भिक्षाटन करके अपना जीवन यापन करता था। वह अक्सर पड़ोस में रहने वाले कल्लू के घर में भी रुका करता था।

सुबह जब लोग खेतों की ओर जा रहे थे, तब उन्होंने शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि कड़ाके की ठंड के कारण उनकी मौत हुई हो सकती है, लेकिन मृत्यु का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। साथ ही मृतक के परिजनों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि घटना की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

## जिला पंचायत की बैठक 27 जनवरी को

**कानपुर देहात।** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, कानपुर देहात सुरेश कुमार ने बताया कि जिला पंचायत, कानपुर देहात की बैठक अध्यक्ष, जिला पंचायत की अध्यक्षता में दिनांक 27-01-2025 दिन सोमवार को समय 12 बजे दिन में जिला पंचायत सभागार में आहूत की गयी है। उन्होंने जनपद के समस्त सांसदगण, विधायकगण, जिला पंचायत सदस्यगण, क्षेत्र पंचायत प्रमुखगण एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण से बैठक में समय से प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय परेड मे विशिष्ट अतिथि होंगी प्रधान निधि कटियार

**कानपुर देहात।** आगामी 26 जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर होने वाली राष्ट्रीय परेड में अतिविशिष्ट कार्य करने वाले कुछ खास ग्राम प्रधानों को विशेष अतिथि के रुप मे वुलाया गया है जिससे जनपद की तहसील सिकंदरा अंतर्गत विकास खंड संदलपुर की मॉडल ग्राम पंचायत ( कौरु ) जलालपुर डेरापुर की यशस्वी ग्राम प्रधान निधि कटियार को भी न्योता मिला है। जिससे पूरे जनपद मे खुशी की लहर दौड़ गई है। वही निधि कटियार का कहना है ये सम्मान सिर्फ मेरा नही है इसके असली हकदार मेरे ग्रामवासी है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत में कराए गए कुछ विशेष कार्यो के लिए पूर्व मे निधि कटियार को राज्यपाल एंव मुख्यमंत्री से सम्मान प्राप्त हुआ है। उनकी ग्राम पंचायत में गॉव में वाटर फाउन्टेन, ग्रीन गैलरी, आक्सीजन पार्क, मॉडल ग्राम संसद, अमृत सरोवर, सीसीटीवी कैमरे, सोलर लाइटें, खाद के गड्ढे, पुस्तकालय,योगा पार्क आदि को डेवलप किया गया है। प्रधान अपने जीवनसाथी साधन सहकारी समिति अध्यक्ष विनोद कटियार के साथ वहां पहुंचेंगी।

## 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बैडमिन्टन एवं दौड़ प्रतियोगिता आज

**कानपुर देहात।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन,उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी, 2025 के उपलक्ष्य में बैडमिन्टन एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 25 जनवरी को किया जाएगा। जिसका नारा-वोट जैसा कुछ नहीं-वोट जरूर डालेंगे हम। इस आयोजन में दौड़ प्रतियोगिता 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर की जिसमें आयु सीमा 18-19 वर्ष के बालक एवं बालिका प्रतिभाग कर सकते है तथा बैडमिन्टन प्रतियोगिता पुरुष एकल, पुरुष युगल, महिला एकल, महिला युगल हेतु, आयु सीमा 18 से 25 वर्ष के बालक एवं बालिका प्रतिभाग कर सकते है। किसी भी खेल के लिये इन्ट्री निःशुल्क है, जिसका प्रतियोगिता स्थल जिला स्पोर्टस स्टेडियम, पुलिस लाइन्स, माती के समस्त प्रतिभागियों को वोटर कार्डध्आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में जनपद का ही प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकता, जिसकी पुष्टि वोटर कार्ड एवं आधार कार्ड से की जायेगी। खेल प्रतियोगिताये आज प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी।

## जीडी गोयनका स्कूल की बस दुर्घटनाग्रस्त, 7 बच्चे और 1 शिक्षक घायल

**कानपुर।** थाना नवाबगंज क्षेत्र में शुक्रवार को जीडी गोयनका स्कूल की एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि बस की कमानी टूट जाने के कारण वह पलट गई। इस हादसे में बस में सवार सात बच्चे और एक शिक्षक घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफ़रा-तफ़री मच गई। दुर्घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को पास के संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, सभी घायलों को मामूली चोटें आई थीं और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। घटना को लेकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, श्री दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि बस की मेंटेनेंस में लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित विभाग से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, कि स्कूल बसों की नियमित जांच और उनकी मेंटेनेंस सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा

# डीएम की पहल मिशन मैदान के तहत सभी परिषदीय विद्यालयों में हुई खेल प्रतियोगितायें

- 3106 परिषदीय स्कूलों के खेल मैदानो में दिखा उत्साह, जोश का संगम खिली धूप, मैदानों में खेलते दिखे नौनिहाल

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** शुक्रवार को खिली धूप और मिशन मैदान के तहत सभी 3106 परिषदीय स्कूलों में इनडोर, आउटडोर खेल प्रतियोगिताएं नौनिहालो के चेहरों पर चहकन लेकर आई, जहां एक ओर सुबह से ही निकली धूप ने मन आनंदित कर दिया। वही जो खेल के मैदान सूने पड़े हुए थे, उनमें खुशमिजाजी के साथ ढेरों बच्चे खेलते हुए दिखाई दिए। यूपी दिवस पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर मिशन मैदान के तहत तैयार आउटडोर खेल मैदान और इंडोर गेम मिंग जोन में एक साथ व्यापक स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

इसी कड़ी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सर्वप्रथम ब्लाक लखीमपुर के परिषदीय विद्यालय खेतासा पहुंचकर मिशन मैदान के तहत रोशन हुए ÷खेल मैदान का प्रमुख, क्षेत्र पंचायत दिव्या सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी संग फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने विभिन्न खेलो के तैयार खेल मैदान देखे।

खो-खो और कबड्डी के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर हाथ मिलाया और परिचय जाना। उन्होंने लूडो, कैरम, चेस सहित छोटे शिशुओं को दुलारते हुए उन्हें खिलाए जा रहे खेलो को देखा। इस दौरान उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट पर बच्चों संग बैडमिंटन खेला और बच्चों में खेल के प्रति उत्साह का संचार किया।

**बच्चों संग खेलकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने याद किया बचपन:** इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्राथमिक विद्यालय पीरपुर पहुंचकर रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन का विद्यालय की नन्ही बालिका नैंसी के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया। गेमिंग जोन की सौगात प्रकार नौनिहाल खुशी से झूम उठे। बच्चों ने दौड़कर अपनी अपनी कुर्सियों पर स्थान लिया और लूडो, कैरम और के जैसे इंडोर गेम खेलते नजर आए। डीएम के साथ बच्चों ने गेमिंग जोन की दीवार पर टंगे बोर्ड पर निशाना भी लगाया। इस दौरान डीएम ने बच्चों को दुलारते हुए संवाद किया। इस गेमिंग जोन में बच्चों संग खेलकर डीएम ने अपने बचपन को भी याद किया। पीरपुर में डीएम ने ब्लॉक प्रमुख संग चखा मिड डे मील, गुणवत्ता मिली आल इज वेल परिषदीय विद्यालय पीरपुर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने रसोईया द्वारा तैयार मिड डे मिल के तहत तैयार तहरी की गुणवत्ता परखी। गुणवत्ता बेहतर मिलने पर उन्होंने रसोइया की सराहना की और उसे प्रशंसा पत्र देने की बात कही। इस दौरान ग्राम प्रधान ने प्राथमिक विद्यालय में कराए गए अपने विकास कार्य भी दिखाएं।

दिव्यांग शौचालय, रसोई घर सहित अन्य व्यवस्थाएं मिलने पर ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापिका की भी सराहना की। बताते चलें कि डीएम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर उप्र के स्थापना दिवस पर मिशन मैदान के तहत जिले के सभी 3106 परिषदीय विद्यालयों में इनडोर, आउटडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन खेल प्रतियोगिताओं में परिषदीय स्कूल के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# कानपुर में स्कूल बस पलटने से कई बच्चे घायल, चीख-पुकार और परिजन बेहाल

- नशेड़ी वाहन चालकों की वजह से कानपुर में पहले भी हो चुके हैं इस तरह के कई हादसे
- वहीं घटना से जहां चीख पुकार मच गई ,वहीं परिजन भी बेहाल नजर आए। वह रोते हुए बस पलटने वाले घटनास्थल पर पहुंचे ,जहां पुलिस ने उन्हें समझा कर शांत कराया

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां नशेड़ी वाहन चालकों की वजह से स्कूली बच्चों की जिंदगी भी खतरे में पड़ने लगी है। इसी कथन की पुष्टि करने वाला एक हादसा नवाबगंज थाना क्षेत्र में हुआ ,जहां एक स्कूली बस के पलटने से कई बच्चे और टीचर भी घायल हो गए । इनमें से गंभीर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना से जहां चीख पुकार मच गई ,वहीं परिजन भी बेहाल नजर आए। वह रोते हुए बस पलटने वाले घटनास्थल पर पहुंचे ,जहां पुलिस ने उन्हें समझा कर शांत कराया। आज शुक्रवार को यह घटना नवाबगंज थानाक्षेत्र में हुई जहां सुबह बड़ा हादसा होने से टल गया। यहां मैनावती मार्ग के पास जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल की बस पलट गई। हादसे के बाद बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उसे समय बस में बच्चों के साथ टीचर भी सवार थे। आसपास के लोगों ने मशक्कत कर बच्चों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। हादसे में एक छात्र के हाथ में फैक्चर हुआ है, जबकि दो शिक्षिकाओं समेत 11 को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद भीषण जाम लग गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची कड़ी मशक्कत कर जाम खुलवाया।अवगत कराते चलें कि कानपुर में यह पहला मामला नहीं है इसके पहले भी नशेड़ी वाहन चालकों की वजह से इस तरह की कई हादसे से पहले भी हो चुके हैं। वहीं घटना के बाद पुलिस ने जांच करके आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

## समाजसेवी दीपक ने दिखाई मानवता, जख्मी गाय का करवाया उपचार

**औरैया।** बेला थाना क्षेत्र के याकूबपुर कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पुर्वा भारा में आज सुबह एक गाय को देखा गया जो,पैर से बुरी तरह घायल थी,उसी गांव के रहने वाले समाजसेवी दीपक कुमार ने जब उसी देखा तो उनसे रहा नही गया,उन्होंने ने तत्काल पशु स्वास्थ्य चिकित्सक डॉक्टर रमाकांत राजौरी से बात कर गाय की दुर्दशा के बारे में जानकारी दी,जिस पर उन्होंने 1962 पर काल की जानकारी दी, सूचना कर्ता ने 1962 पर काल करके जानकारी दी,सूचना मिलते ही मोबाइल वेटेनरी यूनिट टीम डॉक्टर रईश,नीटेश कुमार,अजय कुमार ने पहुँचकर कर घायल गाय का इलाज का उपचार किया ,डाक्टर ने बताया कि गाय के पैर का जख्म, खेतो में लगने वाले कटर तार से हुआ है। जो शासन द्वारा अवैध किया गया है। घायल गाय का उपचार की गाड़ी आते ही गांव के अन्य लोग आदित्य कुमार,धर्मेंद्र कुमार, अनुज कुमार,चंदन सिंह घायल गाय को इलाज के दौरान मदद की।

# सोशल मीडिया पर असलहों का प्रदर्शन, पुलिस की जांच जारी

लोकमित्र ब्यूरो

**कानपुर।** कल्याणपुर क्षेत्र के आवास विकास-3 में रहने वाले एक युवक ने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटो और वीडियो पोस्ट कर सनसनी फैला दी है। इन पोस्ट में युवक पुलिस का लोगो लगी कैप पहनकर और असलहों का खुलेआम प्रदर्शन करता हुआ नजर आ रहा है।

वीडियो और फोटो वायरल होने के बाद कल्याणपुर पुलिस हरकत में आ गई है। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। युवक ने इंस्टाग्राम पर कुल तीन वीडियो और दो फोटो पोस्ट किए हैं।

पहली फोटो में वह पुलिस की लोगो लगी कैप पहने हुए नजर आ रहा है, जबकि दूसरी फोटो में उसके हाथ में बंदूक है। पहला वीडियो 44 सेकंड का है, जिसमें मिर्जापुर वेब सीरीज का डायलॉग सुनाई दे रहा है और युवक पिस्टल दिखा रहा है। दूसरे 26 सेकंड के वीडियो में वह एक अन्य युवक की कार की डिक्की पर सिर रखकर उसकी कनपटी पर पिस्टल तान देता है।

इसमें डायलॉग में कहा जा रहा है, ष्हम वेट कर रहे थे कि कब आप आंख खोलें और कब हम ( बंदूक की आवाज )ष। तीसरा वीडियो 12 सेकंड का है, जिसमें युवक दोनों ओर से पिस्टल का प्रदर्शन करते हुए कहता है, ष्पता है किससे बात कर रहा है, हमीद हूं मैं हमीद।

वीडियो में गाली-गलौज भी सुनी जा सकती है। पुलिस ने इन सभी पोस्ट का संज्ञान लिया है और मामले में जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही दोषियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

# एक दिन की प्रधानाचार्य बनी सौम्या यादव




लोकमित्र ब्यूरो

**निघासन-खीरी।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को सविलियन विद्यालय ढखेरवा घाट में कक्षा-8 की छात्रा सौम्या यादव को विद्यालय का एक दिन का प्रधानाध्यापक बनाया गया। प्रधानाध्यापक का पद संभालने के बाद सौम्या ने सभी बलिकाओं से पढ़ाई और खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने का आवाहन किया और कहा माता-पिता को बेटा-बेटी में भेद न करते हुए दोनों को समान रूप से आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना चाहिए।उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर डीएम दुर्गाशक्ति के निर्देशानुसार विद्यालय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं दौड़, कबड्डी, खो-खो, कैरम,लम्बी कूद, जलेबी दौड़, खेल विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। खेलों का शुभारम्भ एक दिन की प्रधानाध्यापक सौम्या द्वारा माँ सरस्वती की अर्चना कर एवं हरी झण्डी दिखाकर किया गया। विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हरिओम गुप्त, सहायक अध्यापक, रफीक इदरीशी, वैभव पाण्डेय, शिवशंकर, जहीरुल हसन, सर्वेश, अक्षय कुमार, ग्राम विकास अधिकारी पवन द्विवेदी, प्रशांत पाण्डेय, श्रीराम सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।खेलों का संचालन खेल अनुदेशक संदीप चतुर्वेदी एवं कार्यक्रम का संचालन वैभव पाण्डेय द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज, तैयारिया पूरी

- जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट, तहसील मुख्यालयों में भी होगा कार्यक्रम
- डीएम ने की तैयारियो की समीक्षा, दिए निर्देश
- मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को डीएम करेंगी सम्मानित
- नए मतदाताओं को मिलेगा मतदाता पहचान पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** जिले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में शनिवार को आयोजित होने वाले ÷राष्ट्रीय मतदाता दिवस÷ को भव्य बनाने में एडीएम संजय सिंह और उनकी पूरी टीम इसे सफल बनाने में जी जान से जुटी रही। राजधानी लखनऊ में खीरी जिले के तौहीद बेग को बेस्ट बीएलओ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 25 जनवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन वर्ष, 2011 से पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है। पूर्व की भॉति इस वर्ष भी 25 जनवरी, 2025 को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। जनपद के सभी कार्यालयों, तहसीलों में स्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्रों एवं बूथ स्तर पर मतदाता दिवस का आयोजन पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने आये मतदाताओं द्वारा शपथ ग्रहण की जायेगी।

उन्होंने बताया कि पूर्वान्ह 11 बजे बीएलओ द्वारा बूथ पर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा वीआरसी पर, ईएलसी पर, समस्त महाविद्यालय कालेज/ शिक्षण संस्थानों में तथा जिला मुख्यालय एवं समस्त विभागों कार्यालयों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा। राजधानी में खीरी जिले के तौहीद बेग को मिलेगा बेस्ट बीएलओ अवॉर्ड डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 के अवसर पर इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में राज्य स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में जनपद लखीमपुर खीरीमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले 139 - गोला के बूथ नं0-387 के बूथ लेबिल ऑफिसर (BLO)उच्च प्रा0 विद्यालय अमीरनगर शिक्षामित्र तौहीद बेग को Best BLO Awards से सम्मानित किया जाएगा।

**आज जिले भर में ली जाएगी मतदाता शपथ:** एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि पूरे जिले भर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर शपथ ली जाएगी कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।

# नशे की गिरफ्त में कसमसा रहा कस्बा सिंगाही

- नशे के संलिप्त से लड़के हो रहे बर्बाद समय से नहीं लगा अंकुश, तो सैकड़ों की जिंदगियां हो जायेगीं तबाह

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** कस्बा सिंगाही इन दिनों नशे की गिरफ्त में कसमसा रहा है। यहां गांजा, भांग, चरस, ताड़ी, और नशे की दवाएं और इंजेक्शन खुलेआम बिकते हैं, जिसपर किसी तरह की कोई रोकटोक नहीं है। कथित तौर पर पुलिस, आबकारी और स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से होने वाला नशे का यह कारोबार करोड़ों में पहुंच गया है। कार्रवाई के नाम पर संबंधित विभागों द्वारा सिर्फ खानापूरी की जाती है, जिसके परिणाम स्वरूप यहां की युवा पीढ़ी बरबाद हो रही है और अभिभावक परेशान हैं।

सूत्रों के मुताबिक रात्रि में घूमने वाले लड़के व पापा बैकरी में काम करने वाले सबसे ज्यादा ड्रग्स एडिक्ट बनते जा रहे हैं। शहर की दवा की दुकानों पर आसानी से उन्हें सस्ते दामों पर विभिन्न तरह की नशीली दवाइयां मिल जा रही है।

इतना ही नहीं दवा दुकानदार अपने मुनाफे के लिए बेखौफ होकर युवाओं के बीच नशा बेच रहे हैं। सबसे चौकाने वाला तथ्य यह है कि सब कुछ जानते हुए भी जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग आंखें मूंदे हुए है। आरोप है कि इस ओर से आंखें मूंदने की एवज में उसे नशे के कारोबारियों की ओर से मोटी रकम दी जाती है। शहर में नशेड़ियों के अड्डे कस्बा के मेला फील्ड, सिंगाही बसड्डा, पापा बैकरी,कस्बा मार्केट आदि जगहों पर ड्रग्स लेते युवाओं को शाम के समय आसानी से देखा जा सकता है। वैसे शहर के अंदर अब कई स्पॉट बन चुके हैं, जहां शाम ढलते ही युवा जमा होते हैं और नशीली दवाइयों का सेवन करते हैं। यह हैं नशीली दवाइयां कोरेक्स कफ सीरप, फोर्टविन व डाइजापाम इंजेक्शन, एटी भान, वेस्प्रेक्स, मेंड्रेक्स, अल्प्रेक्स, लोनाजेप, क्लोना जेपाम टेबलेट आदि नशीली दवाइयां यहां के बाजारों में बिना डॉक्टर के पर्चे के आसानी से उपलब्ध हैं। इन नशीली दवाइयों के अलावा ड्रग्स के रूप में सुलोशन, व्हाइटनर, आयोडेक्स, कोकिन, चरस, ब्राउनशुगर,अफीम आदि का भी यहां आसानी से मिल जाती है।

## सेन्ट मेरीज स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का हुआ आयोजन

**मैनपुरी।** सेन्ट मेरीज स्कूल के कचहरी रोड स्थित के?जी? सैक्शन में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के बारे में बताया गया। विद्यालय अध्यापिका स्वाती श्रीवास्तव ने बच्चों को बताया कि 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' 24 जनवरी को मनाया जाता है। बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करके समाज में उन्हें विकास के लिए समान के अवसर के साथ सम्मान दिलाने के मकसद से यह दिन मनाया जाता है। इस वर्ष 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' की थीम है - 'सुनहरे भविष्य के लिए बच्चियों का सशक्तीकरण'। 24 जनवरी 1966 को इंदिरा गाँधी ने महिला प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी इस लिए 24 जनवरी को भारत में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जाता है। भारत में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाने की शुरूआत 2008 में हुई थी। उन्होंने भारत में अच्छे-अच्छे व महान पदों पर विराजमान महिलाओं के नाम भी बताए। इसी के साथ-साथ बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के बारे में भी बताया गया।

# खीरी में हुआ यूपी दिवस का भव्य आगाज, MLC अनूप गुप्ता ने विधायक संग किया शुभारंभ

- राज्य स्तरीय कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग,सीएम के उद्बोधन पर बजी तालियां
- देश की प्रगति में यूपी का अहम योगदान, प्रदेश ने लिखी प्रगति की एक नई गाथा: अनूप गुप्ता
- डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ रहा यूपी: एमएलसी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में शुक्रवार को राजकीय आईटीआई के ओपन ऑडिटोरियम में यूपी दिवस का भव्य आगाज हुआ, जहां एक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोहा, वही सरकारी योजनाओं के संगम ने लाभार्थियों को कई सौगातें दी। कार्यक्रम का सफल आयोजन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में सीडीओ अभिषेक कुमार व उनकी पूरी टीम पीडी एसएन चौरसिया, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह आदि अफसरों ने किया। शुक्रवार को मुख्य अतिथि सदस्य, विधान परिषद अनूप गुप्ता ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ फीता काटकर, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, दीप जलाकर यूपी दिवस का विधिवत शुभारंभ किया। जीजीआईसी की बालिका ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रंखला हुई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम राजधानी लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन को सुनकर पूरा ऑडिटोरियम तालियो की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि एमएलसी अनूप गुप्ता ने कहा कि यूपी देश की प्रगति में अहम योगदान देने के साथ निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ रहा। उन्होंने सभी जनपदवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। उप्र आज भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र बिंदु बन रहा है। प्रदेश दुनिया में विशेष स्थान बना रहा है। यूपी के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध आध्यात्मिक विरासत और स्थापत्य चमत्कारों ने राज्य को भारत के जीवंत मानचित्र पर गौरव का एक अनूठा स्थान दिया है। उप्र अन्य प्रदेशों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनकर उभरा है। जहां सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखमय और सुरक्षित वातावरण सृजित किया है। संभावनाओं का प्रदेश उप्र आज देश की दशा दिशा को तय करता है। गौरव की बात है कि हम यूपी के नागरिक हैं।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने न केवल सभी की जरूरतें पूरी की बल्कि जीवन जीने की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई। सड़क, आवास, बिजली,पानी, गैस का उचित प्रबंधन किया। आज समृद्धता के क्षेत्र में यूपी का अलग स्थान है। बीते वर्षों में प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। वह विश्वास के साथ यह कह सकते हैं कि यूपी ने प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति की है। यहां के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। आज यूपी में लोग पूंजी निवेश के लिए बड़े पैमाने पर आ रहे हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में है। आज यहां बहुत से स्टाल लगाए गए, जो जिले की प्रगति को दर्शाते है। डीएम के कुशल नेतृत्व में अफसरो ने अच्छा आयोजन किया है। जो लोग आएंगे वह निश्चित रूप से अच्छी प्रेरणा लेकर यूपी के विकास में योगदान करेंगे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मौजूद लोगों को यूपी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आवाहन किया कि यूपी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों का आनंद लें, सरकारी योजनाओं से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी प्राप्त करें, जो नागरिकों के लिए वरदान साबित होगी।कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए मौजूद लोगों को यूपी दिवस की शुभकामनाएं दी।

**एमएलसी ने विधायक संग देखी सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी**

एमएलसी अनूप गुप्ता ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम, सीडीओ के साथ यूपी दिवस पर लगी प्रदर्शनी एवं स्टालों का अवलोकन किया। स्टालों पर मौजूद अफसरों, कर्मचारियों से योजना से जुड़ी जरूरी जानकारी ली। यूपी दिवस के पर ओडीओपी प्रदर्शनी, महिला एवं बाल कल्याण विभाग की मिशन शक्ति पर आधारित प्रदर्शनी, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, दिव्यांगजन, अल्पसंख्यक, कृषि, गन्ना, कृषि रक्षा, उद्यान, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, पर्यटन, खाद एवं रसद, श्रम, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, सहकारिता, ग्राम उद्योग, उद्योग, स्वयं सहायता समूह, मनरेगा सहित करीब 25 स्टाल लगाए गए।

**यूपी दिवस पर एमएलसी ने लाभार्थियों को दी योजनाओं की सौगातें**

सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता के साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के 11 लाभार्थियों को लोन का चेक वितरित किया। आयुष्मान भारत वय वंदन योजना के पांच लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड प्रदान किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की तीन लाभार्थियों को माइक्रो डिवाइस का वितरण किया।

**गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई**

यूपी दिवस के मौके पर सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम, सीडीओ के साथ बड़ी संख्या में दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल वितरित की। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगों का कुशलक्षेम भी जाना। एमएलसी अनूप गुप्ता ने बाल विकास पुष्टाहार विभाग की अगुवाई में 05 में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की गोद भराई संस्कार एवं पांच शिशुओ को गोद में लेकर खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। इस दौरान उन्होंने नन्हे शिशुओं को दुलार भी किया।

**रंगोली में उकेरे उप्र के विविध स्वरूप, रही आकर्षण का केंद्र** लखीमपुर खीरी में उप्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं के दल ने रंगोली में उप्र के विविध विशेषताओं को रेखांकित किया। इसमें महाकुंभ, अयोध्या राम मंदिर, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, निपुण भारत, राष्ट्रीय पुष्प और प्रदेश का लोगो दर्शाया गया है। इस रंगोली को टीचर ज्योति श्रीवास्तव, शैलप्रिया श्रीवास्तव, रुखसार, स्वेता अवस्थी, शिखा सिंह, फराह ने संयुक्त रूप से तैयार किया।

लोकमित्र
प्रतापगढ़, शनिवार, 25 जनवरी 2025



संक्षिप्त खबरें

## विद्युत विभाग के कर्मी पर लगे आरोप, निलंबन की कार्रवाई

**अयोध्या।** विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या के एक कर्मचारी दिनेश कुमार टी0 जी0 2 वि0 को विद्युत मीटर की जांच के दौरान आर्थिक हानि पहुंचाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई अधीक्षण अभियन्ता राम कुमार द्वारा की गई, जिन्होंने उन्हें प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। घटना के अनुसार, उपभोक्ता श्रीमती यशोदा वर्मा की विद्युत खाता संख्या-8159677176 के मीटर संख्या-3390844 की जांच के दौरान दिनेश कुमार द्वारा गंभीर गड़बड़ी की गई। मीटर का डिस्प्ले काम नहीं कर रहा था, और उपभोक्ता से गलत तरीके से मीटर बदलने की कोशिश की गई। आरोप है कि दिनेश कुमार ने मीटर की चिप को बदलने की कोशिश की और पुराने मीटर की प्लेट को खुरच कर साफ किया, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान हुआ।इसके अतिरिक्त, दिनेश कुमार द्वारा 19.12.2024 को एक पुराने मीटर की रीडिंग को अपठनीय दर्शाने का भी आरोप है, जिससे मीटर की वास्तविक स्थिति छिपाने का प्रयास किया गया। जांच में पाया गया कि पुराने मीटर में कोई खराबी नहीं थी, फिर भी उसे खराब दिखाकर उपभोक्ता से नया मीटर बदलवाने की कोशिश की गई।इस संलिप्तता के कारण दिनेश कुमार पर 1,20,607 रुपये की वित्तीय हानि पहुंचाने का आरोप है।निलंबन के दौरान दिनेश कुमार को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा, लेकिन वे इस अवधि में विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या से सम्बद्ध रहेंगे। इस कार्रवाई को लेकर विभाग में हड़कंप मच गया है, और आगे की जांच जारी है।

## लक्ष्य तय करने के बाद एकाग्रता से करें प्रयास, मिलेगी सफलता - डीएम



**बांदा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर शुक्रवार को वृहद जागरूकता रैली निकाली गई। विकास भवन से महाराणा प्रताप चौक, जिला अस्पताल रोड, कचहरी चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट में रैली का समापन हुआ। रैली में आंगनबाडी, आशा कार्यकत्रियों एवं एनआरएलएम की महिलाएं भी शामिल हुई। डीएम जे. रीभा ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए महिलाओं के अधिकारों व महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में जानकारी दी। कहा कि बालिकाओं के ऊपर महत्पूर्ण जिम्मेदारी है, महिलायें देश की आंख हैं। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए एवं पूरा ध्यान उस पर केन्द्रित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य के साथ अपने स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें तथा सन्तुलित एवं प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करें, जिससे मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रह सकें। उन्होंने बालिकाओं को नसीहत देते हुए कहा कि अपने मोबाइल फोन का प्रयोग बहुत सावधानी पर्वूक केवल शिक्षा सम्बन्धी कार्यों में उपयोग करें। सोशल मीडिया से दूरी रखते हुए अपने शिक्षण कार्य में विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित रखें, जिससे वह भविष्य में आगे बढकर अपना नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं पर आधारित महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में भाषण प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों प्रियांशी सिंह प्रथम, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, वैष्णवी गुप्ता द्वितीय तथा कशिश को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय बालिका जनजागरूकता रैली में पैरामेडिकल स्टाफ, आंगनबाडी, आशा, एनआरएलएम एवं विभिन्न विद्यालयों सरस्वती बालिका इण्टर कॉलेज, आर्यकन्या इण्टर कॉलेज, फातिमा इण्टर कॉलेज आदि की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में विद्यालयों के द्वारा बालिकाओं को बेहतर जानकारी प्रदान की गयी है, जो इस गोष्ठी में बालिकाओं द्वारा दिये गये विचारों से व्यक्त होती है। गोष्ठी में डॉ. प्रज्ञा प्रकाश ने महिला व पुरूष के जेण्डर रेशियो में असमानता को समाप्त किये जाने पर जोर देते हुए पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट का प्रभावी रूप से जागरूकता कराते हुए कन्या भ्रूण हत्या व दहेज जैसी कुरीतियों को समाप्त किये जाने, बालिकाओं को बालकों के समान समान शिक्षा दिलाये जाने के लिए जोर दिया। कार्यक्रम में सबीहा रहमानी ने कहा कि बालिकायें हर क्षेत्र के साथ सैन्य सेवा में भी आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं का सम्मान, सुरक्षा व शिक्षा अत्यन्त आवश्यक है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

## जसपुरा के नए बीडीओ धनराज ने संभाला कार्यभार

**जसपुरा।** भदोही जनपद में प्रशासनिक फेरबदल के तहत धनराज कुटार ने शुक्रवार को जसपुरा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी का कार्यभार संभाल लिया। खंड विकास अधिकारी ने कार्यभार संभालते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना और क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा देना होगा। इस मौके पर एडीओ आईएसबी प्रदीप कुमार अनुरागी, एडीओ पंचायत गुरुप्रसाद समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। दो सप्ताह के भीतर किए गए इस प्रशासनिक बदलाव से क्षेत्र में नई ऊर्जा और उम्मीद की लहर दिखाई दे रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और निवासी खंड विकास अधिकारी कुटार के नेतृत्व में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद कर रहे हैं।

## दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांवपेच, विजेता हुए पुरस्कृत



**बबेरू।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बबेरू के ग्राम अहार में विराट इनामी दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अरूण सिंह पटेल सदस्य जिला पंचायत बांदा, विशिष्ट अतिथि प्रेम नारायण पटेल जिलाध्यक्ष पिछडा वर्ग मोर्चा भाजपा प्रभाकर पटेल अध्यक्ष पटेल धर्मशाला कामतानाथ चित्रकूट ने पहलवानो का हाथ मिलवा कुश्ती प्रारंभ कराई। रेफरी की भूमिका में स्वयंबर पहलवान रहें। कन्हैया पहलवान बुढौली ने विवेक पहलवान को हराया,बुद्धराज मर्का ने राजू पहलवान गुलरिया को हराया। जिसमें दंगल आयोजक व नरेन्द्र पटेल रहे।इस मौके पर अरूण सिंह पटेल सदस्य जिला पंचायत डा.धेनुपाल सिंह उपस्थित रहें।

## अनियमितता पर डायग्नोस्टिक सेंटर को किया सील

**बबेरू।** एसडीएम, सीओ और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर में छापा मारा। वहां डाक्टर अनुपस्थित मिले। टेक्नीशियन अल्ट्रासाउंड करते हुए मिला। कोई कागजात न दिखाने व अनियमितता बरते जाने पर सेन्टर सील कर दिया गया। डीएम के निर्देश पर उपजिलाधिकरी नमन मेहता डा. अभय सिह सयुक्त निर्देशक चिकित्सा स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण चित्रकूट घाम मण्डल सीओ सौरभ सिह नायब तहसीलदार मनोहर सिह व अधीक्षक डॉ. त्रषिकेश पटेल कोतवाली प्रभारी बलराम सिह भारी फोर्स के साथ कोतवाली रोड बाला जी डायग्नोस्टिक सेन्टर पहुंचे। वहां जांच की। डाक्टर, रेडियोलोजिस्ट अनुपस्थित मिले। उनकी जगह अल्ट्रासाउन्ट करते हुये टेक्नीशियन मिला। इसी बीच सयुक्त टीम पहुंचकर स्टाप से जॉच पड़ताल की। सन्तोष जनक जवाब न मिलने और अनियमितता पाये जाने पर अग्रिम आदेशो तक बाला जी डायग्नोस्टिक सेन्टर को सील कर दिया गया।

# मोईद खान के भक्तों को नहीं, मिल्कीपुर से राष्ट्रवादियों को चुनाव जिताना है: सीएम योगी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर व अन्य महापुरुषों का विरोध करती है, लेकिन माफिया से प्यार करती है। यह लोग माफिया के मरने पर आंसू बहाते हैं और मर्शिया पढ़ने जाते हैं। उन्होंने कहा कि देख सपाई, बिटिया घबराई। दलित बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाला मोईद खान सपा का हीरो होता है। बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करना ही सपा का वास्तविक चरित्र है। दुर्भाग्य से अयोध्या से बने सपा के सांसद मोईद खान को सिर पर लेकर ढोते हैं। उसकी पैरवी करते हैं, फोटो खिंचवाने में उन्हें गौरव होता है। सीएम ने अपील की कि मोईद खान के भक्तों को चुनाव नहीं जिताना है। इसे सिर आंखों पर बैठाने वाले लोग बेटियों की सुरक्षा में खतरा है। भदरसा का चेयरमैन दलितों की जमीन पर कब्जा करके बैठा था, लेकिन उसे बताया गया कि जबर्दस्ती यहां नहीं चलती है। यहां दलित-गरीब की सुनवाई होगी, माफिया-अपराधी की नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा को आड़े हाथ लेते हुए भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हाल में हुए उपचुनाव में 9 में से 7 पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। मिल्कीपुर को रिकॉर्ड तोड़ना है और राष्ट्रवादियों को चुनाव जिताना है।

### हम सौभाग्यशाली कि देश-विदेश के श्रद्धालुओं की सेवा का प्राप्त हो रहा अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी पूरी कैबिनेट ने परसो (22 जनवरी) को प्रयागराज में मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी पर डुबकी लगाई। हम सौभाग्यशाली हैं कि देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है। 10 दिन में प्रयागराज में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। 45 करोड़ से अधिक आबादी सिर्फ भारत और चीन की है, लेकिन प्रयागराज महाकुम्भ में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यहां बिना जाति, भेदभाव कार्य होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ का एक ही संदेश- एकता से ही अखंड से रहेगा यह देश, लेकिन जातिवाद-परिवारवाद एकता के मार्ग में सबसे बड़ी चुनौती और विकास में बाधा है। जातिवाद-परिवारवाद की राजनीति वे लोग कर रहे हैं, जिन्होंने केवल परिवार की चिंता की। जनता-जनार्दन, दलित-वंचित, पिछड़ी जाति के व्यक्ति का उत्थान नहीं किया। डॉ. लोहिया ने कहा था कि जो संपत्ति व संतति के चक्कर में जो पड़े, वह समाजवादी नहीं, लेकिन आज के समाजवादी संपत्ति के चक्कर में ही पड़े हैं। खाली प्लॉट पर कब्जा कर इनके झंडे लग जाते थे। सपा का झंडा



अपराधियों व माफिया को बचाने के लिए था। इनकी सहानुभूति कभी गरीब, कमजोर के प्रति नहीं होती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री महाकुम्भ के बारे में रोज दुष्प्रचार कर भारत की आस्था से खिलवाड़ करते हैं। 22 जनवरी 2024 को जब प्रभु रामलला अयोध्या में विराजमान हुए, समाजवादी पार्टी ने तब भी विरोध किया था। यह वही समाजवादी पार्टी है, जिसके हाथ कारसेवकों के खून से सने हैं। इन लोगों ने कारसेवकों के खून से सरयू मैया को लाल किया था। अयोध्या में राम मंदिर, एयरपोर्ट का नाम वाल्मीकि जी के नाम पर रखने, प्रयागराज महाकुम्भ, संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन, महर्षि वाल्मीकि की साधना स्थली लालापुर, संत तुलसीदास के राजापुर, लखनऊ के बिजली पासी के किले के सुंदरीकरण, बहराइच में महाराज सुहेलदेव के विजय स्मारक को भव्य रूप दिया गया, पीएसी की तीन महिला बटालियन वीरांगना उदा देवी, झलकारी बाई व अवंती बाई के नाम पर गठन की कार्रवाई को बढ़ाया गया तो सपा ने इसका विरोध किया। सपा ने दंगाइयों की काल यूपीपीएसी की 54 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। सपा ने कन्नौज के मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम बदल दिया, लेकिन हमारी सरकार ने फिर से उसका नाम बाबा साहेब के नाम पर रखा।

### हैरिंग्टनगंज का नाम भी स्वामी वामदेव व विष्णु नगर के नाम पर होना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमारगंज का कृषि विश्वविद्यालय आचार्य नरेंद्र देव के नाम पर है। इसका उन्नयन किसी से छिपा नहीं है। हैरिंग्टनगंज का नाम भी स्वामी वामदेव व विष्णु नगर के नाम पर होना चाहिए। सपाई गुलामी की मानसिकता को लेकर चलें, लेकिन हम राम-कृष्ण, बाबा विश्वनाथ व सरयू मैया पर विश्वास करने वाले लोग हैं। आज दुनिया वाले अयोध्या के लोगों को गले लगाते हैं। पीएम मोदी के विजन के कारण यह सम्मान प्राप्त हो रहा है। सपा का बस चलता तो अयोध्या से आपका नाम भी हटा देती। सपा ने पूरी ताकत लगाई थी कि गुलामी के ढांचे को कोई टस से मस न कर सके, लेकिन हम लोग कहते थे कि यह हटेगा जरूर। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र का निरंतर विकास किया। भाजपा में परिवारवाद व जातिवाद नहीं, सिर्फ राष्ट्रवाद है। भाजपा कार्यकर्ता का सब कुछ देश के लिए है।

### जो जितना बड़ा डकैत व माफिया, सपा में उसे मिलता था उतना बड़ा ओहदा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी-बहन, व्यापारी, नागरिक, दलित, वंचित, किसान की सुरक्षा में खतरा बने सपा के शागिर्द माफिया को जहन्नुम की यात्रा पर भेज दिया गया। पूरे देश में लोग कहते हैं कि यूपी की पुलिस बहुत अच्छा काम कर रही है। यूपी पुलिस के एक इंस्पेक्टर मुठभेड़ में अभी शहीद हुए हैं। हर किसी को सुरक्षा प्रदान करना हमारी सरकार का दायित्व है। सपा सरकार के समय पर्व पर दंगा शुरू हो जाता था। बेटी सड़क पर नहीं निकल सकती थी। गाय और भैंस भी चोरी हो जाती थी। दरअसल जो जितना बड़ा डकैत व माफिया होता था, सपा में उसे उतना बड़ा ओहदा मिलता था।

सीएम ने कहा कि आज यूपी दिवस है। 1950 में यूपी के नाम से आज ही के दिन नोटिफिकेशन निकला था। उस समय वाराणसी व रामपुर यूपी से जुड़े थे। यूपी ने आज 75 वर्ष पूरे किए, 76वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। यूपी का नागरिक सिर उठाकर दुनिया में जाएगा तो उसे सम्मान मिलेगा। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनी है।

सपा के समय राम की पैड़ी में जल सड़ता था, आज हरिद्वार की तर्ज पर राम की पैड़ी का जल पुण्य का भागीदार बनाता है। दीपोत्सव नई पहचान दे रहा है, इसलिए मिल्कीपुर को भी अयोध्या की तरह विकास की बुलंदियों पर पहुंचाना है।

जनसभा में योगी सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, जेपीएस राठौर, दयाशंकर मिश्र %दयालु%, गिरीश चंद्र यादव, मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश शर्मा, अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचंद्र यादव, वेदप्रकाश गुप्त, अमित सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, रामू प्रियदर्शी, इंद्र प्रताप तिवारी %खब्बू%, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, अवनीश पटेल आदि मौजूद रहे।

## मिल्कीपुर का उपचुनाव तय करेगा 2027 का सफर - महर्षि राम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मिल्कीपुर में हो रहे उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है ।तमाम स्टार प्रचारकों ने अयोध्या में आकर अपने पांव जमा दिए हैं, इसी क्रम में गोसाईगंज विधानसभा के नेता एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव लाल जी वर्मा के बेहद करीबी महर्षि राम द्विवेदी लाल जी वर्मा के प्रतिनिधि के रूप में मिल्कीपुर में डोर टू डोर जनसंपर्क कर रहे हैं। मिल्कीपुर के अंतर्गत पिठला गांव में महिलाओं को समाजवादी पार्टी सरकार में हुए कामों को गिनाते हुए उपचुनाव में प्रत्याशी अजीत प्रसाद के पक्ष में मतदान करने की अपील किया ।महर्षि राम द्विवेदी लगातार समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। महर्षि राम के क्षेत्र में लग जाने से समाजवादी पार्टी को काफी मजबूती मिली है।

## शव बरामद होने के चार दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

**▸▸ हत्या का मामला-कुमारगंज पुलिस के ठंडे बस्ते में**

**कुमारगंज -अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित तेन्धा गांव के पास सुल्तानपुर फैजाबाद यूनिट ब्रांच नहर के दक्षिणी नहर में 50 वर्षीय अधेड़ का बोरे में भरा शव पानी में मिलने के प्रकरण में कुमारगंज पुलिस के जांच की रफ्तार चार दिन बाद भी सुस्त पड़ी है। कुमारगंज पुलिस को अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का ही इंतजार है। हालांकि गांव सहित क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार पूरी तरह से गर्म हो गया है। बताते चलें कि तेन्धा गांव निवासी जगदम्बा प्रसाद कोरी जो कि प्राइवेट लाइनमैन का काम करता था बीते रविवार की देर रात अपने घर से लापता हो गया था और उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया था। लापता होने के दूसरे दिन बीते सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। 1 सप्ताह बाद बीते मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे जगदंबा प्रसाद कोरी का शव ग्रामीणों ने नहर के पानी में किनारे की तरफ औंधे मुंह पड़ा देखा था और पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने अधेड़ का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। ग्रामीणों ने दबी जुबान से बताया था कि अधेड़ की पत्नी का गांव के ही एक युवक से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसके चलते वह अपनी पत्नी से अलग भी रहता था। यही नहीं उसकी पत्नी उसे आए दिन मारती पीटती भी थी। वह पूरी तरह से अपनी पत्नी के कारनामों से परेशान हैरान था। मामले में प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह का कहना है कि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। चुनाव की वजह से काफी व्यस्तता है। फिलहाल मामले को गंभीरता से लिया गया है। इस प्रकार से पुलिसिया कार्यवाही को लेकर अब क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार भी पूरी तरह से गर्म है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऐसे हत्या जैसे मामले में भी पुलिस उदासीन रही तो अपराध पर अंकुश कैसे लग सकेगा। मामले में पुलिसिया कार्यवाही एवं जांच पड़ताल की गति धीमी होने के चलते अब पुलिसिया कार्य शैली पर भी लोगों की उंगली उठने लगी है। हालांकि अधेड़ की हत्या को लेकर ग्रामीणों के शक की सुई उसकी पत्नी सहित उसके प्रेमी के इर्द-गिर्द ही घूम रही है और पुलिस खाली हाथ है।

## बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 101 में जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई

**अयोध्या।** भारत रत्न से सम्मानित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 101 में जयंती पूरे देश में हर्ष उल्लास के साथ मनाई जा रही है इसी कड़ी में रामनगरी अयोध्या मे सविता समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में आज बीजेपी कार्यालय सिविल लाइन में बड़ी धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेंद्र नायक विशिष्ट अतिथि महेश शर्मा व मोहम्मद तुफैल सलमानी अध्यक्ष अवध सैलून एसोसिएशन, रामनाथ शर्मा व्यवस्थापक राम मूर्ति शर्मा व अध्यक्षता एडवोकेट रामनाथ शर्मा ने किया। समिति के अध्यक्ष रामनाथ शर्मा एडवोकेट ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से नवाजे जाने के लिए एक बार फिर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कर्पूरी फार्मूले को लागू किए जाने की मांग किया है जिससे दलित शोषित व पीड़ित समाज को लाभ मिल सके अध्यक्ष ने सविता समाज के लोगों को बताया है की प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय के प्रयासों से लिम्का फैक्ट्री के पास स्थित गांव को कर्पूरी वार्ड तथा साकेत पुरी कॉलोनी स्थित पार्क को कर्पूरी प्रतिमा के लिए पार्क घोषित कराया है इस प्रतिमा को लगाने व पार्क चिन्हित करने के लिए वर्तमान महापौर गिरीश पति त्रिपाठी को सविता समाज कल्याण समिति की तरफ से हाल ही में ज्ञापन सोपा गया है ।

## जवानों ने पुलिस लाइन में किया परेड का रिहर्सल

### फुल ड्रेस में नजर आए पुलिस जवान, एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस लाइन में परेड के साथ ही विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जलशक्जि राज्यमंत्री रामकेश निषाद ध्वजारोहण करेंगे। शुक्रवार को जवानों ने पुलिस लाइन में रैतिक परेड का फुल ड्रेस रिहार्सल किया। एसपी ने परेड का निरीक्षण किया और जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।



76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस लाइन में परेड के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को पुलिस लाइन में जवानों ने रैतिक परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें जवान फुल ड्रेस में नजर आए और रिहर्सल किया। एसपी ने परेड की तैयारियों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्कूली बच्चों के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी पुलिस लाइन ग्राउंड में किया जाएगा। सुबह साढ़े आठ बजे से कार्यक्रम शुरू होंगे।

साढ़े नौ बजे मुख्य अतिथि सूबे के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ध्वजारोहण करेंगे।, इधर, पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी करने के निर्देश मातहतों को दिए हैं। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में राजनीतिक दलों के लोगों के साथ ही आमजन भी पहुंचेंगे।

## छात्रों ने किया थाना भ्रमण, पुलिस कार्यो की हासिल की जानकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** मिशन शक्ति अभियान 5.ह के तहत राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर थाना कमासिन पुलिस ने शुक्रवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज कमासिन की छात्राओं को थाना भ्रमण कराकर पुलिस के कार्यों के बारे में जानकारी दी। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.ह अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर थाना कमासिन पुलिस द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत थाना भ्रमण कराकर पुलिस के कार्यो के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं को थाना परिसर भ्रमण कराकर थाने पर महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष, एफआईआर पंजीकरण कक्ष, थाने के अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, मिशन शक्ति, एन्टीरोमियो रजिस्टर सहित थाने के अन्य रजिस्टरों के बारे में जानकारी देकर उनके महत्व को बताया गया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत शासन द्वारा उनकी सुरक्षा व सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों व हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में बताया गया। साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान में साइबर अपराध के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में इन अपराधों के तरीकों के बारे में जागरुकता व बचाव सबसे महत्वपूर्ण है। छात्रों को बताया गया कि सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, साथ ही किसी अनजान वीडियो कॉल को न रिसीव करें। सोशल मीडिया एकाउंट्स पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन अवश्य ऑन रखें। किसी भी प्रकार की साइबर अपराध होने पर अपने नजदीकी थाने के साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत करें या साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें। इसके अलावा अन्य जानकारियों से भी छात्राओं को अवगत कराया गया।



### चीफ ऑफिस में निजीकरण का विरोध करते विद्युत कर्मी

**अयोध्या।** बिजली निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मियों का बीते दो सप्ताह चल रहा प्रदर्शन प्रति दिन की भांति शुक्रवार को भी जारी रहा । शाम 5 बजे सभी विद्युत कर्मी मुख्य अभियंता विद्युत के कार्यालय में एकत्र होकर विरोध दर्ज कराया। विद्युत वितरण खंड द्वितीय में तैनात कार्यकारी सहायक अजय सोनकर ने बताया कि विरोध सभा में प्रमुख रूप से रघुवंश मिश्रा, जय गोविंद सिंह उर्फ बबलू सिंह, संजय सिंह ,मोहम्मद ऐहतेसाम, सुशील मौर्य, शुभम मौर्य, विजय प्रताप सिंह, अरशद जमील, दिनेश कुमार, आदित्य गुप्ता मौजूद रहे।

## जेडीयू ने मनाई कर्पूरी ठाकुर जयंती, 50 लोगों ने ग्रहण की सदस्यता



**बांदा।** ग्राम पवैया में जदूय की ओर से कर्पूरी ठाकुर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने उनके कृतित्व और व्यक्तिव पर प्रकाश डाला। इस दौरान आधा सैकड़ा लोगों ने जेडीयू की सदस्यता ग्रहण की। अतिथियों ने अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि जेडीयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल रहीं। उनके साथ जिलाध्यक्ष उमाकांत सविता और जेडीयू नगर विकास के जिलाध्यक्ष काशी प्रसाद याज्ञिक मौजूद रहे। अध्यक्षता बबेरू विधानसभा के जेडीयू उपाध्यक्ष चुन्नीलाल वर्मा ने की। इस दौरान 50 लोगों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। बैठक के बाद ग्रामीण क्षेत्र में समस्याओं को भी पदाधिकारियों ने देखा। गांव के विकास में कमी होने पर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान सोनू वर्मा, शमशेर सिंह (तहसील अध्यक्ष बबेरू, जेडीयू नगर विकास प्रकोष्ठ), चुन्नू वर्मा (जेडीयू ग्राम पंचायत अध्यक्ष तराया), राममिलन (जेडीयू ग्राम पंचायत अध्यक्ष पवैया) और जेडीयू ग्राम पंचायत अध्यक्ष कदोहर ने आयोजन में भाग लिया। इसके अलावा, कमसिन, राजेश कुमार, चुनकी, हरिओम, चंद्रपाल, मुन्ना, जयकरण, रणधीर समेत कई अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों पर चलने की बात कही गई।

## सीसी रोड निर्माण से ग्रामीणों में खुशी की लहर

**बांदा।** जिले की ग्राम पंचायत बड़ोखर खुर्द में सीसी रोड निर्माण कार्य पूरा होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। लंबे समय से इस सड़क की दुर्दशा से परेशान गांव के लोगों को राहत मिली है। ग्राम प्रधान लक्ष्मी गणेश विश्वकर्मा और ग्राम पंचायत सचिव पंकज कुमार कुशवाहा ने सीसी रोड निर्माण कराकर ग्रामीणों को परेशानियों से निजात दिलाई।

मालूम हो कि गांव के महेश आरख के घर से रज्जू कुशवाहा के घर तक और मनसुख कुशवाहा के घर से बृजलाल आरख के घर तक सीसी रोड निर्माण हुआ है। सड़क ग्रामीणों के लिए आवागमन का मुख्य मार्ग है।



ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क निर्माण उनकी लंबे समय से मांग की जा रही थी। ग्राम प्रधान लक्ष्मी गणेश विश्वकर्मा ने कहा कि यह सड़क निर्माण गांव के विकास और ग्रामीणों की सुविधा के लिए बेहद जरूरी था। सीसी रोड निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन की सराहना की।

# केंद्रीय विद्यालय के प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में फातिमा विद्यालय के छात्र रहे अव्वल

## देवाधिदेव प्रथम ,श्री राय द्वितीय एवं मयंक को मिला तीसरा स्थान





### प्रतियोगिता में 10 सीबीएसई इंटर कॉलेज के छात्र हुए शामिल

**बलरामपुर।** पराक्रम दिवस पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा 2025 के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में जिले के आठ विद्यालयों के नवी से इंटर तक के100 छात्र शामिल हुए हैं। प्रतियोगिता में देवाधिदेव आचार्य प्रथम, श्री राय द्वितीय एवं मयंक कुमार शुक्ला तीसरे स्थान पर रहे हैं। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा 2025 के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यह प्रतियोगिता विद्यालयके प्रधानाचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह की निगरानी में आयोजित की गई प्रतियोगिता में जिले के आठ विद्यालय के बच्चे शामिल हुए हैं इनमें मुख्य रूप से जवाहर नवोदय विद्यालय, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आश्रम पद्धति विद्यालय, सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एम जे एक्टिविटी स्कूल उतरौला फातिमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल एमपीपी इंटर कॉलेज आदि विद्यालय के बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है। इस प्रतियोगिता में 100 छात्र शामिल हुए हैं। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आने वाले तीनों छात्र फातिमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के हैं। इनमें प्रथम देवाधिदेव आचार्य द्वितीय स्थान पर श्री राय एवं तीसरे स्थान पर मयंक कुमार शुक्ला शामिल है सभी विजेता फातिमा विद्यालय केहैं। केंद्रीय विद्यालय प्रधानाचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा है।

# बच्चों के गले में फंसे बैटरी को निकाल डाक्टर ने दिया जीवन दान

**सुल्तानपुर।** जनपद के सुप्रसिद्ध हेड नेक एवं कैंसर सर्जन डॉ अमित कौशल ने बच्चे के गले में फंसी खिलौने की बैटरी को निकाल कर छोटे बच्चे  को नया जीवन दान दिया। डॉक्टर को धरती पर भगवान का दर्जा दिया हुआ है वह कहीं और नहीं ऐसे ही देखने को मिलता है। डॉ अमित कौशल सुप्रसिद्ध नाक कान गला रोग सर्जन है आप अभी तक सैकड़ो बच्चों का इस तरह का सफल ऑपरेशन कर उन्हें जीवनदान दे चुके हैं, बच्चों के सभी अभिभावक कृपया ध्यान दे, गले में फसने वाली चीज सिक्का नहीं खिलौने में लगने वाली सेल होती है  और यह एक इमरजेंसी होती है क्योंकि सेल से एसिड लीक होने लगता है। ऐसे ही एक बच्चे के गले में फंसी हुई सेल को कल देर रात दूरबीन से बिना किसी बाहरी कट के सफलतापूर्वक निकल गया। बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है और खतरे से बाहर है, बच्चों के पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल था लेकिन जैसे ही गले से बैटरी बाहर आई पारिवारिक जनों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

# पर्यावरण को हरा भरा एवं स्वच्छ रखना जरूरी- शुभम शुक्ला

## डायट में पर्यावरण एवं स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**बलरामपुर।**  शुक्रवार को जिला विज्ञान क्लब से आयोजित विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम में %पर्यावरण एवं स्वच्छता% विषय पर वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सभागार में आयोजित किया गया

मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन  में जिला विज्ञान क्लब सचिव जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ है। इस कार्यक्रम का संयोजन समन्वयक जिला विज्ञान क्लब त्रिपुरारी पूजन ने किया। विभिन्न विद्यालयों के विज्ञान शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने किया। बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा अंजलि ने एक गीत व राजकीय इंटर कॉलेज गैंसड़ी के छात्र अमन् ने भाषण प्रस्तुत किया।

आमंत्रित विषय विशेषज्ञों में डायट प्रवक्ता विजय कुमार एवं का. सु. साकेत पी जी कॉलेज अयोध्या के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉश अविनाश तिवारी ने पर्यवारण एवं स्वच्छता विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिए। विजय कुमार ने बताया कि पर्यावरण के संरक्षण हेतु स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा। अविनाश तिवारी ने बताया कि स्वच्छ समाज में ही पर्यावरण सुरक्षित रहेगा ।द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक एवं माध्यमिक) ने विद्यार्थियों से वार्ता की उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ सामजिक स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने का आह्वान करते हुए सभी को इसकी शपथ भी दिलाई। राजकीय इंटर कॉलेज दारी चौरा, राजकीय इंटर कॉलेज गैंसड़ी, राजकीय हाई स्कूल देवरिया मुबारकपुर, एम.पी.पी इंटर कॉलेज , डी ए वी इंटर कॉलेज, भगवती आदर्श् इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिला विद्यालय् निरीक्षक ने ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता आज समय की मांग है। कार्यक्रम का संचालन जिला विज्ञान क्लब के सह- समन्वयक आशीष कुमार वर्मा ने किया। समन्वयक त्रिपुरारी पूजन् जिला विज्ञान क्लब ने सभी अतिथियों का आभार जताया है।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में नेत्र सर्जन ने मरीजों का किया उपचार

## गुगौली खुर्द गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**बलरामपुर।**  राज्य सरकार की सहयोगी संस्था द हंस फाउंडेशन के तत्वाधान में विकासखंड हरैया सतघरवा के गुगोली खुर्द में निशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 130 मरीज आंख एवं 60 मरीज दांत के इलाज कराया है। 24 मरीज के आंखों में मोतियाबिंद मिला है जिसका निशुल्क ऑपरेशन देवीपाटन नेत्र चिकित्सालय के वरिष्ठ नेत्र सर्जन विट्रो रेटिना विशेषज्ञ डॉक्टर के ए द्विवेदी ने किया है।



कैंप में मरीज को निशुल्क चश्मा एवं मेडिसिन वितरण किया गया है दांत के मरीजों को दंत चिकित्सक शंकर सिंह ने मंजन एवं अन्य दवाइयां दी है। इस अवसर पर सोशल प्रोटक्शन ऑफीसर पाटेश्वरी वर्मा ने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य गांव के जरूरतमंद की सहायता करते हुए उनके सेहत एवं स्वास्थ्य की सुरक्षा करना है। शिविर में ग्राम प्रधान प्रहलाद श्रीवास्तव ,मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रदीप जायसवाल, फार्मासिस्ट अजय वीर, लैब टेक्नीशियन कौशलेंद्र मिश्रा ,शैलेश मिश्रा एवं हंस फाउंडेशन के विलेज हेल्थ वॉलिंटियर आदि लोगों का विशेष योगदान रहा है।

# अंकुरण के सहयोग से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

**सुल्तानपुर।** जिले की अग्रणी समाजसेवी संस्था अंकुरण फाउंडेशन आज एक विशेष स्वास्थ शिविर मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से आयोजित कर रहा है। जिसमें मेदांता हॉस्पिटल के लखनऊ के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ जांच एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुझाव दिया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष डॉ आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर का आयोजन एमजीएस चौराहे स्थित पन्ना मेडिकल हॉल के पास किया जायेगा। शिविर में ईसीजी मशीन द्वारा हृदय की जांच, बीएमडी मशीन द्वारा हड्डियों की जांच, फिजियोथैरेपी, शुगर, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन लेवल आदि जांचों की सुविधा निशुल्क उपलब्ध रहेगी, कैंप प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

# सत्यम को मिला नेशनल यूथ इंस्पिरेशन अवॉर्ड



**सुल्तानपुर।** नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सत्यम चौरसिया को दिल्ली के एलटीजी ऑडिटोरियम में भारतीय युवा वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम में नेशनल यूथ इंस्पिरेशन अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें देश सेवा और राष्ट्र प्रेम की भावना से अपने कार्यक्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने के लिए दिया गया। सत्यम चौरसिया ने कोरोना काल के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जिनमें भोजन वितरण, असहायों की मदद, यातायात, मतदान जागरूकता, नशा मुक्ति,और पर्यावरण संरक्षण परिषद् की पाठशाला शामिल हैं। उन्होंने ÷मेरी माटी मेरा देश÷ के राष्ट्रीय कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व किया है और वर्तमान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता के रूप में छात्र हित और युवा उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट  सेवा कार्य कर रहे समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित नारायण, विनय चौधरी राष्ट्रीय सह प्रभारी अनुसंधान नीति ओबीसी मोर्चा, पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश चंद्र द्विवेदी ,स्वामी संदीपानी श्री महंत पंचदशनाम जूना अखाड़ा, श्री श्याम जाजू पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा के हाथों से सम्मान प्राप्त हुआ।भारत के कई दिग्गज हस्तियां शामिल रही।

# दुष्कर्म व अपहरण के आरोपी को पुलिस ने दबोचा भेजा जेल

**रखहा प्रतापगढ़।** नौ महीने से फरार चल रहे दुष्कर्म, पास्को एवं अपहरण के आरोपी को कधंई पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

कधंई थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी का अपहरण करके दुष्कर्म करने के बाद आरोपी फरार हो गया थो । मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल कर रही थी। शुक्रवार को उप निरीक्षक मिथिलेश चौरसिया ने आरोपी निरंजन कुशवाहा निवासी सरैया बाबू थाना खामपार जनपद देवरिया को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश करके जेल भेज दिया।

# टीबी मरीजो को शासन की सुविधाओ का लाभ मिल रहा है-डा.रमेश

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय के तत्वावधान में टीवी विभाग की टीम द्वारा आवासीय कस्तूरबा विद्यालय बल्दीराय में बृहस्पतिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बच्चों व स्टाफके बीच एक गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ रमेश यादव ने कहा कि भारत को टीवी मुक्त कराने के लिए शासन द्वारा बहुत सारी सुविधाए उपलब्ध कराई गई है मरीजो को सुविधाओ का लाभ मिल भी रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय के टी.वी पर्यवेक्षक आशीष शुक्ला ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और टी.वी.विभाग द्वारा प्रत्येक टीबी मरीजो को उन्हे पोषक तत्व मिले इसके लिए शासन द्वारा निश्चय पोषण सहायता योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह एक हजार रुपये प्रति मरीजो के खाते में भेजी जा रही है। टी.वी विभाग की टीम ने अभियान को सफल बनाने के लिए विधालय के बच्चों व आम जनता से सक्रिय व सहयोग की अपील की। टी.वी. उन्मूलन और जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया उन्होंने विद्यालय के बच्चों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में टीवी मुक्त भारत बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर रमेश यादव, एस.टी.एस. आशीष शुक्ला, वार्डन तारा देवी, नंदलाल यादव, डॉ आकांक्षा, डॉ गरिमा, प्रगति सिंह, सरिता श्रीवास्तव, राम मूर्ति यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक एमएलसी की तरह व्यापारिक एमएलसी चुने जाने हेतु दिया ज्ञापन

**सुलतानपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल भारत का एक मात्र ऐसा संगठन है जो सदैव व्यापारी हितों हेतु सदैव आवाज उठाता है। विगत वर्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कई वर्षो के अथक प्रयास से 29 जून भामाशाह शाह जयंती की घोषणां करवाने में सफलता हिसिल की, इसी क्रम में आज राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष विजय प्रधान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जिला प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर व सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह के माध्यम से 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में मुख्य रूप से शिक्षक एमएलसी की तरह व्यापारी एमएलसी का चुनाव कराने, व्यापारीयों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ने, व्यापारियों को भामाशाह जयंती पर प्रशाशन द्वारा सम्मानित किये जाने का प्रावधान आदि व्यापारियों के हितों हेतु 16 सूत्रीय ज्ञापन दिया। प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर से प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय व जिलाध्यक्ष विजय प्रधान की एक सूक्षम मुलाकात पीडब्लूडी गेस्ट हाऊस पर हुई, जिसमें मुख्य रूप से व्यापारियों की समस्याओं एंव हितों हेतु सार्थक चर्चा व परिचर्चा हुई। इस मौके पर जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोटिया, जिला वरिष्ठ महामंत्री अम्बरीश मिश्रा, जिला मंत्री चंद्रदेव मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष विनय सिंह,जिला सरंक्षक गिरधर गोपाल अग्रवाल, संजय कसौंधन,जिला संगठन महामंत्री राकेश अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष गोपाल सोनी,नगर महामंत्री दीपक जायसवाल, नगर युवा अध्यक्ष आशुतोष झा, नगर युवा महामंत्री विनोद जायसवाल, नगर युवा उपाध्याय विक्रांत दूबे,आदि कई पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# ग्रामीण की शिकायत को जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान

**सुल्तानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के वि0खं0 धनपतगंज की ग्राम पंचायत रामनगर द्वितीय में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीण की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच टीम गठित करते हुए एक माह के अन्दर जांच आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश मातहतो को दिया है।

मामला ग्राम पंचायत रामनगर द्वितीय का है जहाँ ग्रामीण ने ग्राम पंचायत के विकासकार्यों में हुई व्यापक धांधली का आरोप लगाया है। ग्रामपंचायत के निवासी हरिशंकर सिंह पुत्र बम बहादुर सिंह ने विगत दिवस जिलाधिकारी से जरिए प्रार्थना पत्र ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों में व्यापक धांधली का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता हरिशंकर सिंह ने ग्रामप्रधान पर कुल चार बिंदुओं में किए गए बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीण की शिकायतपत्र को जिलाधिकारी ने त्वरित संज्ञान में लेकर जांच करने के आदेश दिए है। आरोप है कि प्रधान के मानदेय के अतिरिक्त, श्रमिकों के खाते के रुपये निजी खाते में भी मंगाए गए हैं।

एक कार्य को दो बार दिखाकर पांच लाख उनचास हजार पच्चीस रुपये इंटरलॉकिंग पर, तथा मात्र 20 मीटर लगभग के इंटरलॉकिंग पर चौदह लाख का भुगतान कराया गया है। जिलाधिकारी ने शिकायती प्रकरण पर जांच अधिकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0अधिकारी को नामित करते हुए जांच कर, स्पष्ट जांच आख्या साक्ष्यों एवम संस्तुतियों सहित 30 दिवस के अंदर उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

# संपत्ति हड़पने की मंशा हुई फेल चाचा ने मुंह की खाई

**सुलतानपुर।** वरासत की प्रक्रिया में प्रॉपर्टी डीलरों ने भी धमक बढ़ा ली है। ताजा मामला कुड़वार विकासखंड के नेवरा गांव से जुड़ा है। जहां के रहने वाले जग प्रसाद ने अपने मृत भाई का हिस्सा हड़पने के लिए अपने भतीजे को संपत्ति से बेदखल करने के लिए साम-दाम-दंड-भेद अपनाया जा रहा है। इस पूरे मामले में चाचा जग प्रसाद ने वरासत का विरोध करते हुए जमीन हथियाने की साजिश चल दी है। भाई की संपत्ति हथियाना के लिए तमाम हाथकंडो को अपनाना शुरू कर दिया है, लेकिन दर्जनों अभिलेखों के पड़ताल के बाद तकरीबन ढाई दशक बाद लेखपाल ने मृतक के बेटे अमरजीत को पिता की संपत्ति का वारिस मान लिया गया है। मामले में न्यायिक प्रक्रिया चल रही है लेकिन इसके अलावा दबाव बनाने के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र भी दे दिया गया है। बताते चलें कि अमरजीत नामक युवक जिसकी मां तकरीबन ढाई दशक पहले लेकर उसे दूर के गांव कनक सिंहपुर लेकर चली गई थी। सामाजिक मान्यता के बाद वह अमरजीत अपना गुजर बसर मां के साथ दूसरे के घर में रहने लगा। मां ने दूसरा विवाह किया तो गांव में सामूहिक भोज भी कनक सिंहपुर गांव में आयोजित हुआ। तभी बेटे अमरजीत को पता चला कि उसके पिता की मृत्यु बीते वर्ष 21 नवंबर 2024 को हो गई।

उसने आसपास के लोगों के सहयोग से विरासत की प्रक्रिया अपनाई और ऑनलाइन प्रक्रिया में उसने आधार कार्ड, पैन कार्ड बैंक पासबुक यहां तक की प्राइवेट कंपनी में कार्य करने का आईडी प्रूफ और पीएफ जॉइनिंग का भी पत्र दिया। इसी बीच अमरजीत प्राइवेट नौकरी में कार्य करते-करते पल्स कंपनी में भी अपनी एक बचत खाता खुला रखा था। इसके अलावा पूर्व की कनक सिंहपुर( अमेठी) की खतौनी में भी अमरजीत पुत्र अंगद दर्ज है। मेडिकल रिपोर्ट भी है।

उपरोक्त सभी अभिलेखों में अमरजीत ने अंगद को अपना पिता वर्णित किया है। इतना ही नहीं अमरजीत ने हाल पता और मूल पता के लोगों की भी गवाही के साथ शपथ पत्र दिया। वह अपने पिता के जीवित रहते गांव आता जाता भी रहा। इसकी पुष्टि तमाम अभिलेखों में करते हुए उसने संपत्ति में अपनी विरासत कर ली। यह खबर सुनते ही आरोपित चाचा और प्रॉपर्टी डीलरों का मंसूबा बेनक़ाब हो गया। अब प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा यह बताने की कोशिश की जा रही है कि अमरजीत दूसरे पिता की औलाद है। इस मामले को लेकर विपक्षियों ने तमाम साजिश भी रचना शुरू कर दिया है। विपक्षियों को जब नियमों से मात मिल गयी तो वह उच्चधिकारियों के चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक़ विपक्षी तहसील के एक बड़े आला अधिकारी को हम वार करके संपत्ति हथियाने का मंसूबा पाल रखे हैं। प्रार्थनापत्र पर आलाधिकारी ने गांव में जाकर जांच के नाम पर एक ही पक्ष के लोगों के साथ वार्ता कर जांच की खानापूर्ति करते दिखे। अब देखना यह है कि आलाधिकारी महोदय वरासत के पक्ष में लिए गए साक्षी को भी देखते हैं या सिर्फ एक तरफ लोगों के मौखिक मिले-जुले बयान को देता है।

# बेटियों को पढ़ाओ, समाज को जगाओ- हकीम अंसारी

**पट्टी प्रतापगढ़।** तरुण चेतना द्वारा संचालित बाल अधिकार परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस की पूर्व संध्या पर आजाद बाल विकास केंद्र बहुता में बालिकाओं के साथ जेंडर भेदभाव और बाल विवाह तथा सुरक्षा, सम्मान पर संवाद आयोजित किया गया। इसमें बेटियों  ने भी खुल कर अपने विचार रखे। इस अवसर पर हकीम अंसारी ने कहा कि बाल विवाह हमारे समाज के लिए अभिशाप है। बाल विवाह जैसे को प्रथा को खत्म करने के लिए जागरूक होना आवश्यक है। बेटियों को खूब पढ़ाओ और समाज को जगाओ क्योंकि शिक्षा हर बेटी का अधिकार, बेटियों के हक़ के लिए एक हो अब संसार,शिक्षा ही जागरुकता की कुंजी है।

# आईडीबीआई बैंक के सहयोग से डेस्क बेंच पाकर बच्चे हुए प्रफुल्लित



**सुलतानपुर।**  आज प्राथमिक विद्यालय रामदासपुर कूरेभार में बच्चों के बैठने के लिए अनिल पंचवाल प्रबंधक आईडीबीआई बैंक पखनपुर के सहयोग से 23 डेस्क बेंच का प्रबंध किया गया। आज बच्चों को डेस्क बेंच समर्पित करते हुए आईडीबीआई बैंक मुख्य शाखा सुल्तानपुर के प्रबंधक शेखर कुमार ने बच्चों और विद्यालय परिवार को डेस्क बेंच समर्पित किया। आपने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी बैंक द्वारा शिक्षण व्यवस्था संवर्धन में सहयोग होता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण् में आप दोनों सम्मानित प्रबंधकों द्वारा दो आम के पौधे धरती माता की गोंद में समर्पित किए गए। मनोज प्रभाकर सिंह प्रधान अध्यापक ने अनिल पंचवाल, शेखर कुमार और आईडीबीआई बैंक परिवार का विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक धन्यवाद किया और हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बच्चों की खुशी परिलक्षित हो रही थी और लग रहा था जैसे बहुत दिनों बाद ही सही लेकिन सम्मानित हो गए।

इस अवसर पर विद्यालय के सहयोगी शिक्षक परिवार के साथ अनिल सिंह ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, अनिल श्रीवास्तव प्र अ बेलग़रा, रश्मि बाला सिंह प्र अ सरवन, आलोक सिंह प्र अ कसमऊ, रवि सौरभ स अ सरवन भी उपस्थित रहे और बैंक परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किए।

# न्यायिक अधिकारियों ने "एक पेड़ माँ के नाम" किया रोपण

**सुल्तानपुर।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान ने जोर पकड़ा। इसी कड़ी में आज जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जनपद न्यायधीश लक्ष्मीकांत शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मोहम्मद अशरफ अंसारी तथा अपर प्रधान न्यायाधीशगढ़ एवं अपर जनपद न्यायाधीशगण संतोष कुमार, राकेश पांडे ए,शैला, एकता वर्मा,जलाल मोहम्मद अकबर, नीरज कुमार श्रीवास्तव एवं विजय कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह, सिविल जज शुभम वर्मा ,अपर सिविल जज अविनाश चंद्र गौतम, अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट शालिनी मिश्रा, एडीजे विजय कुमार गुप्ता, पोमीला श्रीवास्तव, अमित सिंह, अंकित सिंह एवं अपर सिविल जज अनुज कृष्णा, मनाली चंद्र, बुशरा नाज अंसारी,सुश्री प्रगति, सोनाली सोनी, प्रतीक, सुश्री प्रियंका दिवाकर और अन्य न्यायिक अधिकारी का उपस्थित रहे।

**'परिसर में रोपे गए फलदार पौधे'**

(सुल्तानपुर) आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का अवसर पर पहुंचे न्यायिक कार्यो से जुड़े कर्मचारियों की उपस्थिति जनपद के न्यायाधीशों ने पौधारोपण किया ।एक पेड़ मां के नाम की मुहिम को पर लगाते हुए आम, जामुन, अमरूद इत्यादि के फलदार पौधों का रोपण किया गया। तथा हरित क्रांति का संदेश दिया गया।

# प्रधान की गिरफ्तारी को लेकर घेरा कलेक्ट्रेट, किया प्रदर्शन

**सुल्तानपुर।** प्रधानमंत्री आवास प्लस के लाभार्थियों का सर्वे 2024 करने गए कर्मचारियों को द्वारा दौड़ा दौड़ाकर मारपीट करने वाले ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगो की गिरफ्तारी को लेकर अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश की जिला इकाई कर्मचारियों ने जिला कलेक्ट्रेट में इकट्ठा होकर कामकाज बन्द कर नारेबाजी शुरू कर दिया। उक्त प्रधान की गिरफ्तारी को लेकर जिला अधिकारी संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को सौपा। ग्राम प्रधान विपिन कुमार व उनके सहयोगियों की तत्काल गिरफ्तारी के साथ कृषि विभाग के कर्मचारियों को विकास विभाग के कार्य एवं फैमिली आईडी के कार्य से मुक्त करते हुए साय 7:00 बजे के बाद उन्हें गांव में ना भेजा जाए जिससे आए दिन घटनाएं होती रहेगी। इस दौरान संजय यादव, पवन यादव, प्रगति मौर्य, हरिकेश सिंह, इम्तियाज अहमद, अशोक मौर्य, आलोक वर्मा सहित दर्जनों कृषि कर्मचारी मौजूद रहे।



# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती

**सुल्तानपुर।** आजाद समाज सेवा समिति द्वारा अदम्य साहस के प्रतीक आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वी जयंती पर संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाल कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस सहित नगर में स्थित समस्त शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया तथा मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक में संस्था के 26 पदाधिकारियों द्वारा रक्तदान महादान कर नेता जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदान शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी रक्त कोष डॉ आरके मिश्रा, विभाग अध्यक्ष पैथोलॉजी प्रोफेसर डॉक्टर सुपर्णा दुबे ने किया। वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर सुपर्णा दुबे ने समिति के रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि जहां लोग रक्तदान करने से कतराते हैं वहीं आज के युवा रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं, यह बड़े गौरव की बात है।

# बेस्ट रिप्रेजेंटेटिव का पुरस्कार बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पलक को

## जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का समापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज में आज वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के चौथे एवं आखिरी दिन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया।

आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर असीम मुखर्जी एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अर्चना चहल इलाहाबाद विश्वविद्यालय रही। प्राचार्या प्रोफेसर आशिमा घोष ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया।

संस्था के पचासवें वर्षगांठ के अवसर पर प्रोफेसर असीम मुखर्जी ने विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अर्चना चहल को महाविद्यालय की तरफ से मोमेंटो प्रदान किया। प्राचार्या ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। क्रीड़ा प्रभारी डॉ अंजलि शिवहरे ने वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता की रिपोर्ट प्रस्तुत किया।



प्रोफेसर मुखर्जी ने अपने संबोधन मैं कहा कि संस्था अपनी पचासवीं वर्षगांठ मना रहा है

उन्होंने सभी छात्राओं को अपना आशिर्वाद दिया। प्रोफेसर अर्चना चहल ने अपने वक्तव्य मैं बताया कि लड़कियों मैं एक विशिष्ट प्रकार की क्षमता होती है और लड़कियां सभी क्षेत्रों मे आगे बढ़ रही है। इसके बाद 21 जनवरी से 24 जनवरी तक चले विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के परिणाम के आधार पर सभी विजित खिलाडियों को प्राचार्या प्रोफेसर आशिमा घोष, मुख्य अतिथि प्रोफेसर असीम मुखर्जी एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अर्चना चहल के द्वारा मोमेंटो, प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए। बेस्ट रिप्रेजेंटेटिव का पुरस्कार बी ए ढ्ढढ्ढढ्ढ की छात्रा पलक को दिया गया।इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के बीच लूडो एवं म्यूजिकल चेयर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया लूडो मैं डॉ प्रमा द्विवेदी व डॉ प्रीति राय, म्यूजिकल चेयर में डॉ माधुरी राठौर एवं प्रांशु मिश्रा विजेता रहे। धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी डॉ अंजलि शिवहरे ने किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ फातिमा नूरी ने किया। वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में खेल कूद क्रियाकलाप समिति के सभी सदस्य एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में महाकुंभ-2025 के अवसर पर मौनी अमावस्या- दिनांक 29 जनवरी, 2025 के दृष्टिगत प्रयागराज से अयोध्या व अन्य मार्गों पर आवागमन करने वाले तीर्थयात्रियों हेतु की गयी विभिन्न तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में रूट डायवर्जन, यात्रियों के रुकने हेतु चयनित स्थलों पर समस्त मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के तहत एम्बुलेन्स की व्यवस्था, वाहनों पर रिफ्लेक्टर, ट्रैक्टर व ट्राली जैसे खुले वाहनों में यात्रा न करने, फायर स्टेशन की व्यवस्था करने, यातायात के दृष्टिगत रूट डायवर्जन, ढाबों/होटलों, पेट्रोल पम्पों पर टायलेट, साफ-सफाई आदि ।

# काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों ने संगम में लगाई डुबकी

## क्षेत्रीय अध्यक्ष साहित 16 जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने किया संगम स्नान

**प्रयागराज।** शुक्रवार को भाजपा काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल के नेतृत्व में संगम में डुबकी लगाकर दिव्य भव्य कुंभ के दृश्य को जी भरकर निहारा। स्नान में भाजपा के संगठनात्मक दृष्टि से गठित काशी क्षेत्र के बनारस, गाजीपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही, प्रतापगढ़, प्रयागराज महानगर, गंगापार, यमुनापार सहित 16 जिलों के जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष व काशी क्षेत्र के पदाधिकारी सम्मिलित रहे। महाकुंभ क्षेत्र के सेंटर 6 नागवासुकी थाना के पास स्थित पार्टी के राष्ट्रीय शिविर में एकत्र होने के बाद सभी पदाधिकारी संगम नोज पहुंचे जहां प्रफुल्लित होकर सभी ने स्नान किया और चंदन लगवाया। इस दौरान सभी पदाधिकारी प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ का संदेश देते हुए वस्त्र इत्यादि रखने के लिए अपने साथ कागज व कपड़े से बने थैले भी ले गए थे। क्षेत्रीय



अध्यक्ष काशी क्षेत्र दिलीप पटेल ने कहा कि संगम स्नान के बाद एक दिव्य अनुभूति होती है। दिव्य भव्य अलौकिक सुंदर स्वच्छ महाकुंभ का दृश्य चारों तरफ दिखाई पड़ता है। श्रद्धालुओं से अपील है कि वे प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ में अपना सहयोग दें। भाजपा कार्यकर्ता पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सेवा सहायता में लगे हैं। आने वाले दिनों में संगठन के प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारियों का भी आगमन होगा पार्टी के राष्ट्रीय शिविर में। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को भी श्रद्धालुओं तक पहुंचाएं। शिविर व्यवस्था में लगे कार्यकर्ता अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाएं।

इस दौरान काशी क्षेत्र महामंत्री सुशील त्रिपाठी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, गंगापार अध्यक्ष कविता पटेल, यमुनापार अध्यक्ष विनोद प्रजापति, कमलेश गौतम, उत्तर मौर्य, शैलेन्द्र मौर्य, राकेश भारती, विवेक मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, निमिष खत्री आदि उपस्थित रहे।

# ममता कुलकर्णी बनीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर

## मिली श्री यामिनी ममता नन्द गिरी नाम, महाकुंभ में किया अपना पिंडदान



**प्रयागराज।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर बन गई हैं। 24 जनवरी की शाम ममता संगम पर अपना पिंडदान किया। इसके बाद किन्नर अखाड़े में उनका पट्टाभिषेक हुआ। ममता ने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज, जूना अखाड़े की महामंडलेश्वर स्वामी जय अम्बानंद गिरी के साथ मुलाकात भी की। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी त्रिपाठी ने ममता कुलकर्णी के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि पिछले 2 सालों से ममता हमारे सम्पर्क में थीं। वह सनातन से जुड़ना चाहती थीं। वह पहले जूना अखाड़े में शिष्या थीं। फिर हमारे सम्पर्क में आई। फिर उन्होंने पद की मांग की। उन्होंने कहा कि उन्हें महामंडलेश्वर बनना है. फिर हमने बताया कि यह सब करना होता है।

संगम में ममता कुलकर्णी ने अपना पिंडदान किया। इसमें उन्होंने फूलों से सजी एक थाल में दीया रखकर उनसे गंगा में प्रवाहित किया। इसके बाद एक्ट्रेस ने उन्होंने पवित्र जल में डुबकी लगाई। मीडिया से बातचीत में ममता कुलकर्णी ने कहा कि महादेव, मां काली और मेरे गुरु का ये आदेश था. ये सब उन्होंने डिसाइड किया था। आज का दिन भी उन्होंने डिसाइड किया था। मैंने कुछ नहीं किया है।


ममता कुलकर्णी को नया नाम दे दिया गया है। उनका नाम श्री यामिनी ममता नन्द गिरी घोषित किया गया है। ममता कुलकर्णी की चोटी काटी जाएगी। फिर पिंडदान होगा। जैसे किन्नर अखाड़े का कानून होता है वैसे ही होगा।

# संगीत, नृत्य और सांस्कृति के संगम से बही सांस्कृतिक बयार



**प्रयागराज।** शुक्रवार को कलाग्राम में आयोजित लोकगीत, लोकनृत्य और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम ने श्रद्धालुओं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुजरात का डांडिया, रास-गरबा, राजस्थान का चरी, घूमर और पंजाब का भांगड़ा नृत्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नई ऊंचाइयों को छुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पंजाब से आए कलाकारों ने डफली, ढोल और तुनकार जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों पर भांगड़ा की प्रस्तुति देकर दर्शकों में ऊर्जा का संचार किया। इसके राजस्थान से आए हिदेश एवं साथी कलाकारों ने गरबा, डांडिया नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को खूब झुमाया। नेहा वैष्णव एवं दल ने चरी, घूमर नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद गोवा से आए दत्ता राम सावट द्वारा घोडे मोरनी तथा समई-देखड़ी नृत्य की प्रस्तुति देकर अपने सांस्कृतिक धरोहर का परिचय कराया। इसके बाद कोलकाता से आए विश्वदेव महतो एवं दल ने नटुआ नृत्य, पंजाभरी ने असम का डोमाही किकन नृत्य तथा उदय कुमार ने केरल का थेय्यम नृत्य की प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ से आए कलाकारों ने गेंडी नृत्य तथा सुरेश भाई ने गुजरात का डांग नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को रोमांचित कर खूब तालियां बटोरी। संगीत आहूजा ने अवधी लोकगीत %अवध में जनमे प्रभु श्री राम बधावा लेकर आयी सखिया%, %कुंभ मेलवा का हमको घुमाओ पिया%, %आनंद मंगल गायो, आयोध्या में श्री राम जी पधारे% जैसे गीत पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और भारतीय संगीत की उत्कृष्टता का परिचय दिया। शनिवार को प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यक रीला होता अपनी प्रस्तुति देंगी।

# धार्मिक स्थल प्रार्थना के लिए, लाउडस्पीकर का उपयोग अधिकार नहीं, हाईकोर्ट की टिप्पणी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि धार्मिक स्थल मुख्यतः ईश्वर की प्रार्थना के लिए होते हैं इसलिए लाउडस्पीकरों के प्रयोग को अधिकार नहीं कहा जा सकता। विशेषकर तब, जब ऐसा प्रयोग अक्सर निवासियों के लिए परेशानी का कारण बनता हो। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र एवं न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने पीलीभीत के मुख्तियार अहमद की याचिका को खारिज करते हुए की।याचिका में राज्य के प्राधिकारियों को एक मस्जिद पर लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की गई थी। सरकारी वकील ने इस आधार पर याचिका का विरोध किया कि याची न तो मुतवल्ली है और न ही उसकी मस्जिद है। सरकार की आपत्ति में तथ्य पाते हुए खंडपीठ ने कहा कि याची के पास रिट याचिका करने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि धार्मिक स्थल ईश्वर की पूजा-अर्चना के लिए होते हैं इसलिए लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को अधिकार नहीं माना जा सकता। गौरतलब है कि मई 2022 में हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा था कि अब कानून में यह प्रावधान हो गया है कि मस्जिदों से लाउडस्पीकर बजाना मौलिक अधिकार नहीं है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस लाइन में परेड का हुआ पूर्वाभ्यास

**सीतापुर।** पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस को लेकर शुक्रवार को फुड ड्रेस के साथ रिहर्सल परेड की गई। एसपी ने पूर्वाभ्यास परेड का निरीक्षण किया। शामिल टुकड़ियों ने दमखम दिखाया। पूर्वाभ्यास परेड का नेतृत्व सीओ सिधौली कपूर कुमार ने किया। पुलिस लाइन में पूर्वाभ्यास परेड कपूर कुमार के नेतृत्व में परेड हुई। पुलिस कर्मियों की टोलियों सहित आपात सेवा 112 की दो पहिया व चार पहिया पुरुष व महिला पीआरवी वाहन, स्वान दल , दंगा नियंत्रण वाहन, फायर सर्विस, महिला सुरक्षा दल आदि तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। एसपी चक्रेश मिश्र ने परेड का निरीक्षण कर प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों व अन्य कार्यक्रमों का अवलोकन किया। सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाने एवं समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने के साथ नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन रखने हेतु निर्देशित किया गया।। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उत्तरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एवं क्षेत्राधिकारीगण व प्रतिसार निरीक्षक के साथ आदि उपस्थित रहे।



# यूपी दिवस पर लालबाग शहीद पार्क में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश दिवस पर लालबाग स्थित शहीद पार्क में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारियों ने शहीद स्तम्भ पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, जिला नगरीय विकास अभिकरण, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग आदि विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लाभार्थियों को विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं को जानकारी दी गयी। सभी अतिथियों ने स्टालों का निरीक्षण भी किया। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर योजना अंतर्गत जिले में कुल 147 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत किया गया। 33 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये एमएलसी पवन सिंह चौहान ने भव्य कार्यक्रम आयोजित करने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अत्यन्त उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसके लिये वह प्रशंसा के पात्र हैं। डीएम अभिषेक आनंद ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। लखनऊ में इसका मुख्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने के साथ जनपद सीतापुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा बेहतर प्रस्तुतियां दी गयी हैं। विभागों द्वारा स्टाल लगाकर पात्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के अवसर पर सभी जनपदवासियों को शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एडीएम नीतीश कुमार सिंह, प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीतापुर मुनीन्द्र अवस्थी, डीडीओ हरिश्चन्द्र प्रजापति, सीडीओ निधि बसंल सहित आदि मौजूद रहे।

# महाकुम्भ मेला क्षेत्र में निकाली गई स्वच्छता जागरूकता रैली

## आम जनमानस को दिया स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ का संदेश



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 को दिव्य भव्य के साथ स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ बनाने का संकल्प यूपी की योगी सरकार ने लिया है। सीएम योगी के निर्देश पर बनाये गये स्वच्छ कुम्भ कोष से लगभग 15000 स्वच्छताकर्मी और 1800 से अधिक गंगा सेवा दूत महाकुम्भ में पूरे मेला क्षेत्र को स्वच्छ बना रहे हैं। इसके साथ ही पूरे मेला क्षेत्र में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। इसी क्रम में महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छता का संदेश देने के लिए स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें 200 से अधिक गंगा सेवादूत और स्वच्छता कर्मियों ने भाग लिया।

स्वच्छ और स्वस्थ्य महाकुम्भ अभियान को सफल बनाने की दिशा में मेला क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली मेला प्राधिकरण की सैनिटेशन टीम ने निकाली, जिसमें 200 से अधिक गंगा सेवादूतों और स्वच्छता मित्रों ने भाग लिया। %स्वच्छता जागरुकता रैली% का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाना और मेला क्षेत्र को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाना था द्य रैली मेला क्षेत्र सेक्टर 1 के काली मार्ग ङ्क जवाहर लाल नेहरू मार्ग तिराहे से शुरू होकर लाल मार्ग ,त्रिवेणी मार्ग, संगम वापसी मार्ग ,अक्षय वट मार्ग होते हुए सेक्टर 3 के संगम नोज पर समाप्त हुई

# जवाहर लाल नेहरू पॉलीटेक्निक के दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**सीतापुर।** जवाहर लाल नेहरू पॉलीटेक्निक महमूदाबाद का दीक्षांत समारोह शुक्रवार को आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक आशा मौर्य व कार्यक्रमाध्यक्ष के रूप में पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिज़वी मौजूद रहे। कॉलेज के प्रधानाचार्य सीपी त्रिपाठी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक आशा मौर्या ने कहा कि हमारे लिए यह बड़ी खुशी की बात है कि हमारे विधान सभा में पालिटेक्निक है जोकि डॉ. अम्मार रिज़वी की देन है। यहां दूर-दूर से छात्र पढ़ने के लिए आते है। हमारी सरकार भी शिक्षा क्षेत्र में अनेको प्रयास कर रही पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने कहा की सभी विद्यार्थी मेहनत से पढ़े और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस



दिक्षान्त समारोह में वर्ष 2024 के अंतिम वर्ष के उत्तीर्ण छात्रा छात्राओं को मुखूय अतिथि आशा मौर्या व डा अम्मार रिजवी द्वारा डिप्लोमा अंक पत्र वितरित किये गये जिसमे कृषि इंजीनियर के निधि यादव, पिंशु राज, राखी वर्मा, सिविल इंजीनियर सौम्या कश्यप, अनुष्का सिंह, प्रियांचल गुप्ता, कम्पियूटर साइंस कुदुसिया नूर, गौरव सिंह, मो सुहेल, डेरी इंजीनियर अजीत कुमार, विमल कुमार, प्रमोद कुमार, इलेक्ट्रा मो आफताब, सौरभ मिश्रा, आकांक्षा वर्मा, सूचना प्रद्योगिक नित्यांश शुक्ला, नमन चित्रांश, ब्रजपाल, मेकेनिकल इंजीनियर सौरभ सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, शिवम वर्मा, एम ओ एम नेंसी देवी, आशीर्वाद मिश्रा, सृष्टि मिश्रा आदि।

# 25 जनवरी को बृहद् रूप से मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**जौनपुर।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे जनपद में 25 जनवरी को 15वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में टी. डी. इन्टर कालेज परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित है। नगर के सभी इन्टर व डिग्री कालेज से छात्र छात्राएं अपने कालेज से मतदाता जागरूकता रैली लेकर बैनर के साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल टी डी इन्टर कालेज पहुंचेगे, जहाँ पर मतदाता जागरूकता विषय पर रंगोली, मेहंदी व पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित होगी, तथा विजेताओं व उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। नये युवा मतदाता को मतदाता पहचान पत्र प्रदान किया जायेगा।

# अन्न-जल की शुद्धि की गारण्टी दे सरकार- शङ्कराचार्य जी महाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** तैत्तिरीयोपनिषद् में ÷अन्नं ब्रह्मेति व्यजनात÷ वाक्य कहकर सनातन वैदिक हिन्दू आर्य परमधर्म में अन्न को देवता अथवा भगवान् ही नहीं, अपितु ब्रह्म के रूप में स्वीकार कर अन्न की आराधना करने का उपदेश किया गया है। इस अन्न के उत्पादन और खाए गये अन्न को पचाने के लिए जल की भी अपरिहार्य भूमिका है। यादृशं भक्षयेदन्नं तादृशी जायते मतिः। दीपो भक्षयते ध्वान्तं कज्जलं च प्रसूयते।।

जैसा अन्न खाते हैं वैसी ही शुद्धि होती है। दीपक अन्धकार का भक्षण करता है। अतः काजल उगलता है। लोक में भी ÷जैसा खाएं अन्न वैसा हो तन-मन÷ कहा जाता है। इस आलोक में हर सनातनी को अन्न-जल का न केवल सम्मान करना चाहिए अपितु शुद्ध अन्न-जल का आग्रह रखना चाहिए। भारत की सरकार का यह कर्तव्य है कि अपनी हर गारण्टी से पहले वह देश के नागरिकों को खाने के लिए शुद्ध अन्न और पीने के लिए शुद्ध जल की गारण्टी दे।



उक्त बातें ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती 1008 ने आज अन्न-जल की शुद्धि विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि देश के किसानों से भी हम कहना चाहेंगे कि वे हम सनातन धर्मानुयायियों के उपयोग के लिए ÷धर्मान्न÷ का उत्पादन आरम्भ करें और इसके लिए धर्मान्न उत्पादक कम्पनी बनाकर परमधर्मसंसद् 1008 द्वारा बताई गई विधि से धर्मान्न उगाएं और उसे अपनी स्वयं की निर्धारित कीमत पर हम परमधार्मिकों को उपलब्ध कराएं। हमारा मानना है कि अन्न देवता हैं और किसान उसका आवाहक पुजारी। इन्हीं किसान पुजारी के माध्यम से हम अन्न देवता का आराधन कर सकते हैं।

शङ्कराचार्य जी ने कहा कि अतः किसानों को उनके उत्पाद पर उनकी निर्धारित क़ीमत देना आवश्यक भी है और उचित भी। अन्न-जल में अशुद्धि आ ही इसलिए रही है क्योंकि हमने किसानों को उसके उत्पाद की सही क़ीमत देना बन्द कर दिया। सोने-चाँदी के बिना हमारा जीवन चल सकता है तब भी उनकी क़ीमत बढ़ रही है और जिस अन्न-जल के बिना हम जीवित भी नहीं रह सकते उस अन्न-जल की निरन्तर अनदेखी हो रही है।

उक्त जानकारी शंकराचार्य जी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने दी है।

# संतों ने जन्मदर बढ़ाने के लिए किया हिंदू समाज का आह्वान

**महाकुम्भ नगर।** विश्व हिंदू परिषद के ओल्ड जीटी रोड सेक्टर 18 घूंसी स्थित शिविर में शुक्रवार को केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक हुई। बैठक में देश के प्रमुख संतों ने दुनियाभर के हिंदू समाज की धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आवश्यकताओं, चुनौतियों और संकटों के संदर्भ में विचार किया। बैठक के बाद जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, अध्यक्षता कर रहे आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद, विहिप के केंद्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने प्रेस वार्ता में कहा कि संतों का मानना है कि हिंदू जनसंख्या में हो रहे असंतुलन का प्रमुख कारण हिंदू समाज की घटती जन्मदर है। हिंदू समाज के अस्तित्व की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण दायित्व के रूप में हर हिंदू परिवार में कम से कम तीन बच्चों का जन्म होना चाहिए। मार्गदर्शक मंडल के संतों ने आह्वान किया है कि हिंदू समाज की जनसंख्या को संतुलित बनाए रखने के लिए जन्मदर को बढ़ाने की आवश्यकता है।संतों ने साफ किया है 1984 की धर्म संसद से लेकर अयोध्या, मथुरा और काशी तीनों मंदिरों की प्राप्ति के लिए संत समाज, हिंदू समाज, विहिप तथा संघ संकल्पबद्ध था, है और भविष्य में भी रहेगा। वक्फ बोर्ड के निरंकुश व असीमित अधिकारों को नियंत्रित करने के लिए कानून सुधार अधिनियम लाने के केंद्र सरकार की पहल का केंद्रय मार्गदर्शक मंडल ने स्वागत किया। आह्वान किया कि यह कानून पारित होना चाहिए तथा सभी दलों के सांसदों को इसमें सहयोग करना चाहिए।देशभर में हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने का जागरण अभियान प्रारम्भ हुआ है। आन्ध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में हुई बड़ी सभा से इस अभियान का शंखनाद हो चुका है। संतों ने आग्रह किया है कि सभी मंदिर सरकारी नियंत्रण से मुक्त किए जाएं, सरकारी नियंत्रण स्थापित करने वाले कानून हटाए जाएं और मंदिरों का प्रबंधन आस्था रखने वाले भक्तों को सौंपा जाए।भारत के उत्थान के लिए सामाजिक समरसता, पर्यावरण की रक्षा, कुटुम्ब प्रबोधन से हिंदू संस्कारों का सिंचन तथा सामाजिक कुप्रथाओं

# मुख्यमंत्री योगी आज फिर प्रयागराज में विहिप के संत सम्मेलन में होंगे शामिल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को तकरीबन पांच घंटे तक महाकुम्भ क्षेत्र में रहेंगे। लखनऊ से हेलीकॉप्टर से वह 11—30 बजे डीपीएस अरैल स्थित हेलीपैड पर उतरेंगे। वहां से चक्रमाधव पीपा पुल से होते हुए सीधे सेक्टर 19 संगम लोअर मार्ग स्थित अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ-योगी महासभा के शिविर में 12 बजे पहुंचेंगे। सीएम वहां सवा घंटे रहेंगे और उसके बाद 1—25 बजे कल्याण सेवा आश्रम के शिविर में पहुंचेंगे जहां कल्याणदास अमरकंटक से भेंट के लिए 20 मिनट आरक्षित है। वहां से दो बजे अरैल घाट लौटेंगे जहां 45 मिनट एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उसके बाद तीन बजे सेक्टर 18 स्थित विश्व हिन्दू परिषद के शिविर में संत सम्मेलन में पहुंचेंगे। सम्मेलन में एक घंटे प्रतिभाग करने के बाद वापस डीपीएस हेलीपैड पहुंचेंगे और 4—25 बजे हेलीकॉप्टर से लखनऊ रवाना होंगे। एक सप्ताह में यह तीसरा अवसर होगा जब मुख्यमंत्री महाकुम्भ क्षेत्र में आएंगे। इससे पहले रविवार और बुधवार को उनका आगमन हुआ था। बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल होने के बाद सीएम ने सहयोगी मंत्रियों के साथ संगम स्नान भी किया था।